RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 273
लखनऊ, सोमवार, 26 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



महिला खिलाड़ियों ने जगाई उम्मीद
स्पोर्ट्स-10

# आज भारत जोड़ो आंदोलन की जरूरत

## ● मन की बात में बोले प्रधानमंत्री, राष्ट्र सर्वप्रथम, हमेशा सर्वप्रथम के मंत्र के साथ ही हमें आगे बढ़ना है

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्र** सर्वप्रथम, हमेशा सर्वप्रथम के मंत्र पर बल देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आह्वान किया कि ऐसे समय में जब देश आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है, हर भारतीय को महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए भारत छोड़ो आंदोलन की तर्ज पर भारत जोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करना है। उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाया जा रहा अमृत महोत्सव कार्यक्रम ना तो किसी सरकार का या फिर किसी राजनीतिक दल का है बल्कि देश की जनता का है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 79वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आह्वान किया कि जिस प्रकार देश की आजादी के लिए सभी लोग एकजुट हो गए थे उसी प्रकार सभी को देश के विकास के लिए भी एकजुट होना है। उन्होंने कहा कि इस साल 15 अगस्त को देश आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है और जिस आजादी के लिए देश ने सदियों का इंतजार किया, उसके 75 वर्ष होने की आज की पीढ़ी साक्षी बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर देश अमृत महोत्सव मना रहा है जिसकी मूल भावना अपने स्वाधीनता सेनानियों के मार्ग पर चलना और उनके सपनों का देश बनाना है। उन्होंने कहा, अमृत महोत्सव किसी सरकार का कार्यक्रम नहीं, किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं, यह कोटि-कोटि भारतवासियों का कार्यक्रम है। जैसे, देश की आजादी के मतवाले, स्वतंत्रता के लिए एकजुट हो गए थे, वैसे ही हमें देश के विकास के लिए एकजुट होना है। उन्होंने कहा, बापू के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन चला था, वैसे ही आज हर देशवासी को भारत जोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करना है। ए हमारा कर्तव्य है कि हम अपना काम ऐसे करें जो विविधताओं से हमारे भारत को जोड़ने में मददगार हो। उन्होंने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा, तो आइए, हम अमृत महोत्सव को यह अमृत संकल्प लें कि देश ही हमारी सबसे बड़ी आस्था, सबसे बड़ी प्राथमिकता बना रहेगा। राष्ट्र सर्वप्रथम, हमेशा सर्वप्रथम के मंत्र के साथ ही हमें आगे बढ़ना है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर



पर देश भर में मनाए जा रहे कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा ही एक आयोजन 15 अगस्त को राष्ट्रगान को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मंत्रालय की कोशिश है कि इस दिन ज्यादा-से-ज्यादा भारतवासी मिलकर राष्ट्रगान गाएं और इसके लिए राष्ट्रगानडॉटइन नामक एक वेबसाइट भी बनाई गई है। उन्होंने देशवासियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील भी की और कहा कि इसी तरह के बहुत सारे अभियान तथा बहुत सारे प्रयास आने वाले दिनों में और देखने को मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने तोक्यो ओलंपिक का उल्लेख करते हुए कहा कि जब हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय दल को वहां उन्होंने चलते देखा तो पूरा देश गौरवान्वित हो गया। पिछले दिनों खिलाड़ियों से अपने संवाद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने कई चुनौतियों और संकट का सामना करने के बाद ओलंपिक दल में अपनी जगह बनाई। उन्होंने देशवासियों से ओलंपिक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से देश के लिए काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि इसमें छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े नतीजे ला देते हैं। वोकल फॉर लोकल यानी स्थानीय उत्पादों को बढ़ाना देने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करने के लिए, उन्होंने कहा, रोज के काम काज करते हुए भी हम राष्ट्र निर्माण कर सकते हैं। हमारे देश के स्थानीय उद्यमियों, कलाकारों, शिल्पकारों, बुनकरों को सहयोग करना हमारे सहज स्वभाव में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर प्रयासपूर्वक भी यह काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के साथ बहुत ऐतिहासिक पृष्ठभूमि जुड़ी हुई है। इसी दिन 1905 में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर खादी का भी उल्लेख किया और कहा कि खादी खरीदना एक तरह से जन-सेवा और देश-सेवा भी है। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ के मद्देनजर देशवासियों से कारगिल की रोमांचक कहानी पढ़ने की अपील करते हुए कहा कि यह युद्ध हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और अनुशासन का ऐसा प्रतीक है जिसे पूरी दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा, इस बार यह गौरवशाली दिवस भी अमृत महोत्सव के बीच में मनाया जाएगा। इसलिए यह और भी खास हो जाता है। मैं चाहूंगा कि आप कारगिल की रोमांचित कर देने वाली गाथा जरुर पढ़ें, कारगिल के वीरों को हम सब नमन करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में संदेश व सुझाव भेजने वालों में 75 प्रतिशत तादाद ऐसे युवाओं की है जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है और यह एक ऐसा माध्यम है जहां सकारात्मकता एवं संवेदनशीलता है तथा जिसका चरित्र सामूहिक है। उन्होंने कहा कि मन की बात के श्रोताओं को लेकर एक अध्ययन किया गया जिसमें यह बात सामने आई कि संदेश व सुझाव भेजने वालों में करीब 75 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है। उन्होंने कहा, यानी, भारत की युवा शक्ति के सुझाव मन की बात को दिशा दे रहे हैं। मैं इसे बहुत अच्छे संकेत के रूप में देखता हूं। मोदी ने कहा, मन की बात एक ऐसा माध्यम है, जहां सकारात्मकता है...संवेदनशीलता है। इसमें हम सकारात्मक बातें करते हैं। इसका चरित्र सामूहिक है। सकारात्मक विचारों और सुझावों के लिए भारत के युवाओं की यह सक्रियता मुझे आनंदित करती है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि मन की बात के माध्यम से मुझे युवाओं के मन को भी जानने का अवसर मिलता है।

# पर्यटन के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का भी केंद्र बनेगी अयोध्या

## ● अयोध्या पहुंचे योगी ने कहा-देश में सबसे ज्यादा मेडिकल कॉलेज यूपी में, हमारा प्रदेश हेल्थ सेंटर में नंबर वन

**कमलेश श्रीवास्तव।** अयोध्या



अयोध्या में मेडिकल कालेज में भर्ती मरीजों का हालचाल लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**श्रीरामनगरी** अयोध्या में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में वैश्विक टूरिज्म हब के साथ एजुकेशन व स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बने। इसके लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आज राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर के प्रशासनिक एवं ओपीडी भवन के निरीक्षण के समय यह बात कही गयी।

देश में सबसे ज्यादा मेडिकल कालेज यूपी के पास में हैं। इस आधार पर हम हेल्थ सेक्टर में नम्बर वन है। 1947 में आजादी के बाद अब तक 69 वर्षो में 12 मेडिकल कालेज यूपी में थे। वर्तमान सरकार के चार से साढ़े चार साल की कार्यकाल के दौरान 32 नये मेडिकल कालेज बनने की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत 2019 में अयोध्या मेडिकल कालेज में 100 छात्रों के साथ यहां प्रवेश हुआ था। प्रदेश सरकार ने 2019-20 में 8 नये मेडिकल कालेज को एमसीआई से अनुमति के बाद प्रारम्भ किया था। जिसमें अयोध्या भी था। मार्च 2020 में जब कोरोना आया तो यह मेडिकल कालेज डेडिकेटेड कोविड हास्पिटल के रूप में प्रयोग किया गया। इस नये मेडिकल कालेज में 3 हजार आरटीपीसीआर टेस्ट करने की क्षमता है। मार्च 2020 में जब कोरोना की आहट हुई थी तो यूपी के पास एक भी टेस्ट करने के लिए लैब नहीं थी। आज हमारे पास तीन लाख से अधिक टेस्ट करने की क्षमता है। जब यूपी में पहला कोविड का मरीज आया तो उसका सैम्पल टेस्ट करने के लिए बाहर भेजना पड़ा था। पेशेन्ट को उपचार के लिए भी बाहर भेजना पड़ा था। तीसरे बेब की तैयारी पूरी हो चुकी है। आज मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया।

आठ नये मेडिकल कालेज बनने के साथ 9 नये मेडिकल कालेज एनएचसी के पास एप्रूवल की प्रक्रिया में है। अयोध्या मेडिकल कालेज दो बैच में 100 छात्र है। नये बैच में 100 छात्रों की तैयारी की जा रही है। जिसकी अक्टूबर में काउंसिलिंग होगी। इस सत्र में 14 नये मेडिकल कालेज भारत सरकार के सहयोग से बनाये जा रहे हैं। 16 जिले ऐसे है जहां एक भी मेडिकल कालेज नहीं है। उनके लिए हम पालिसी लेकर आ रहे है। दिसम्बर तक इसके लिए अपनी स्वीकृति प्रदान कर देगें।

# कर्नाटक में नए सीएम की ताजपोशी तय

## ● मुख्यमंत्री येदियुरप्पा नए उत्तराधिकारी के लिए रास्ता छोड़ने को तैयार, आज हो सकता है फैसला

## ● भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने तय की नामों की सूची

**दीपक कुमार उप्रेती।** नई दिल्ली

**सबसे** लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे और कद्दावर लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा नए उत्तराधिकारी के लिए रास्ता छोड़ने को तैयार है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने रविवार को इस शीर्ष पद के लिए उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया, जो राज्य में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव का नेतृत्व कर सके।

कर्नाटक को दक्षिण भारत में भाजपा का प्रवेश द्वार माना जाता है। 78 वर्षीय येदियुरप्पा ने रविवार को इस बात के पुख्ता संकेत दे दिए कि 26 जुलाई (सोमवार) को अपने चौथे कार्यकाल का दो साल पूरा करने के



कर्नाटक के मुख्यमंत्री वीएस येदियुरप्पा

बाद पद से हट जाएंगे। शीर्ष स्तर पर बदलाव का समय करीब आने के साथ ही कर्नाटक के केंद्रीय नेताओं समेत कई नामों को लेकर चर्चाएं गरम हैं।

लिंगायत संतों की इस मांग को ध्यान में रखते हुए कि नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होगा, भाजपा बीएसवाई के संग पूरी नरमी के साथ पेश आ रही है। रविवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पंजिम में कहा कि येदियुरप्पा अच्छा काम कर रहे हैं और कर्नाटक में कोई नेतृत्व संकट नहीं है। बहरहाल, नेतृत्व परिवर्तन के आसार साफ दिख रहे हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुख्यमंत्री पद के लिए नामों की सूची तय कर ली है। इसमें बसवराज बोम्मई (लिंगायत), जो राज्य के गृह मंत्री और येदियुरप्पा के बेहद करीबी है, कर्नाटक सरकार के खान मंत्री मुरुगेश निरानी (लिंगायत), केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करीबी, दो बार के विधायक अरविंद बेल्लाड (लिंगायत), आरएसएस का समर्थन हासिल है, भाजपा के महासचिव (संगठन) बीएल संतोष (ब्राह्मण), केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी (ब्राह्मण) तथा भाजपा महासचिव सीटी रवि (वोक्कालिगा) का नाम शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शाह और आरएसएस महासचिव दतात्रेय होसबाले लेंगे। संभावित उम्मीदवारों में संतोष राज्य में येदियुरप्पा के कट्टर विरोधी गुट से हैं। बेंगलुरू में येदियुरप्पा ने कहा कि वे भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं और एक बार वह आ गया तो वे उचित फैसला करेंगे। वे इस सवाल का जवाब दे रहे थे उन्ही दिल्ली से पार्टी हाईकमान द्वारा कब निर्देश दिए जाने की उम्मीद है। यह पूछे जाने पर कि संत उनके समर्थन में बेंगलुरू में बड़ा सम्मेलन कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि संतों को कोई बैठक करने की जरूरत नहीं है। मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा ( शेष पेज 9 )

# अक्षय त्रिपाठी बने एलडीए के नए वीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने रविवार देर रात एक दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसमें कई जिलों के डीएम हटाए गए हैं। एलडीए के वीसी अभिषेक प्रकाश से वीसी एलडीए का चार्ज हटा लिया गया है अब अभिषेक सिर्फ जिलाधिकारी लखनऊ ही रहेंगे। नगर आयुक्त कानपुर अक्षय त्रिपाठी को एलडीए वीसी बनाया गया है। अभिषेक प्रकाश के पास कई माह से वीसी एलडीए का चार्ज था। इसके अलावा विजय किरण आनंद को जिलाधिकारी गोरखपुर बनाया गया है। सीडीओ लखीमपुर खीरी अरविंद सिंह को वीसी कानपुर विकास प्राधिकरण के पद पर भेजा गया है। सीडीओ वाराणसी मधुसूदन नागराज को वीसी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त वाराणसी गौरांग राठी को वीसी अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, डीएम मुजफ्फरनगर सेल्वा कुमारी को डीएम अलीगढ़, डीएम अलीगढ़ चंद्र भूषण सिंह को डीएम मुजफ्फरनगर, सीडीओ देवरिया शिवशरंप्पा जीएन को नगर आयुक्त कानपुर के पद पर भेजा गया है। सहारनपुर के मंडलायुक्त राजामौली को हटा दिया गया है।

# हिमाचल में भूस्खलन से नौ पर्यटकों की मौत

## ● सांगला घाटी में पुल टूटा, दिल दहला देने वाला वीडियो हुआ वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के किन्नौर जिले में बस्तेरी के निकट रविवार को पर्यटकों को लेकर जा रहे एक वाहन पर भूस्खलन के बाद भारी चट्टान गिरने से उसमें सवार नौ लोगों की मौत हो गई। सांगला-छितकुल मार्ग पर बस्तेरी के निकट हाल में हुई भारी बारिश की वजह से अपराह्न एक बजकर 25 मिनट पर भूस्खलन की कई घटनाएं हुईं और इसकी वजह से एक पुल ढह गया और कुछ गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। बस्तेरी में पुल ढहने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो रहा है। वीडियो में चट्टानों को नीचे की तरफ गिरते देखा जा सकता है, जिससे पुल ढह गया। पुलिस ने बताया कि वाहन पर भारी चट्टानों के गिरने की वजह से उसमें सवार 11 लोगों में से नौ की मौत हो गई और दो घायल हो गए। यात्री छितकुल से सांगला जा रहे थे। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिले में



हिमाचल प्रदेश की सांगला घाटी में भूस्खलन से टूटा पुल

भूस्खलन की एक अन्य घटना में एक पैदल यात्री घायल हो गया। मृतकों की पहचान राजस्थान के माया देवी बियानी (55) उनके बेटे अनुराग बियानी (31) और बेटी रिचा बियानी (25), महाराष्ट्र की प्रतीक्षा सुनील पाटिल (27), जयपुर की दीपा शर्मा (34), छत्तीसगढ़ के अमोघ बापट (27), सतीश कटाकबर (34), पश्चिम बंगाल के चालक उमराब सिंह (42) और कुमार उल्हास वेदपाठक के तौर पर हुई है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किन्नौर में भूस्खलन के कारण लोगों की जान जाने पर दुख जताया है। मोदी ने कहा कि घायलों के इलाज के लिए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं और प्रत्एक मृतक के परिजन के लिए 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि तथा घायलों के लिए 50 हजार रुपए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी हादसे में लोगों की जान जाने पर दुख व्यक्त किया और जिला प्रशासन से तत्काल राहत व बचाव अभियान शुरू करने को कहा। पुलिस ने कहा कि हादसे में मरने वाले सभी लोग देश के विभिन्न हिस्सों से आए पर्यटक थे।

# सीमाओं पर सुरक्षा की दूसरी पंक्ति बनेगा बॉर्डर बेल्ट

**राकेश सिंह।** नई दिल्ली

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की अति सक्रियता के बीच केंद्र सरकार देश की विभिन्न सीमाओं से सटे सभी पुलिस थानों को शामिल कर एक सीमा पट्टी (बार्डर बेल्ट) बना रही है, जो सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के बाद सुरक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में काम करेगी। आमतौर पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों बीएसएफ और आईटीबीपी को सीमा सुरक्षा बलों के रूप में भी जाना जाता है जो रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य करते हैं। इनको विभिन्न सीमा सुरक्षा भूमिकाओं के लिए तैनात किया जाता है। सीमा सुरक्षा बलों को उनके संबंधित परिचालन सीमा पर प्रमुख खुफिया एजेंसी के रूप में भी नामित किया गया है। जहां आईटीबीपी चीन से लगी सीमा को सुरक्षित करती है, वहीं बीएसएफ को पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर तैनात किया जाता है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) नेपाल और भूटान से लगी सीमाओं को सुरक्षित करता है। असम राइफल्स को म्यांमार से लगी सीमा पर तैनात किया जाता है। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बॉर्डर बेल्ट के अंतर्गत आने वाले पुलिस स्टेशनों की मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। इससे पुलिस थानों, जिलों, क्षेत्र, उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली सीमा की लंबाई और सीमा पट्टी की आबादी की पहचान करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुखों के साथ समन्वय कर सीमा पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई शुरू करेगा। सीमा पर स्थित पुलिस थानों के बुनियादी ढांचे के विकास करने के लिए केंद्र द्वारा वित्त पोषित सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। विकास कार्यक्रमों की निरंतरता बनाए रखने और जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाने के लिए सीमावर्ती पुलिस थानों के थाना प्रभारियों को भी दो साल का निश्चित कार्यकाल प्रस्तावित है। ऐसे पुलिस थानों के एसएचओ को भी लीड खुफिया एजेंसी की बैठकों में शामिल करने का प्रस्ताव है। अपराध जांच विभाग (सीआईडी)/राज्य खुफिया विभाग के अधिकारियों ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,837 | |
| निफ्टी | 15,824 | |
| सोना | 46,452 | /10g |
| चांदी | 65,484 | /kg |

## क्विक न्यूज

### देश में कोरोना के 39,472 नए मामले, 535 मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन मे 39,742 नए मामले सामने आने के बाद कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 3,13,71,901 हो गए है जबकि 535 और मरीजो की मौत से मृतक संख्या 4,20,551 हो गई है। मृतकों में से सर्वाधिक 224 महाराष्ट्र से और 98 केरल से थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 4,08,212 रह गई है और कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 97.36 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 765 घटी है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

# केले के कचरे से निकाला रोजगार का रास्ता

## ● लखीमपुर-खीरी की महिलाओं के प्रयासों को प्रधानमंत्री ने सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखीमपुर** जिले में केले के बेकार तनों से फाइबर बनाने के महिलाओं के प्रयास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहा है। रविवार को प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लखीमपुर की महिलाओं की आत्मनिर्भरता की कोशिशों की चर्चा की। उन्होंने कहा मुझे उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किए गए एक प्रयास के बारे में भी पता चला है।

कोविड के दौरान ही लखीमपुर खीरी में एक अनोखी पहल हुई है। वहां महिलाओं को केले के बेकार तनों से फाइबर बनाने का प्रशिक्षण देने का काम शुरू किया गया। केले के तने को काटकर मशीन की मदद से बनाना फाइबर तैयार किया जाता है, जो जूट या सन की तरह होता है। इस फाइबर से हैंडबैग, चटाई, दरी कितनी ही चीजें बनाई जाती हैं। इससे एक तो फसल के कचरे का इस्तेमाल शुरू हो गया, वहीं दूसरी तरफ गांव में रहने वाली हमारी बहनों-बेटियों को आय का एक और साधन मिल गया। मन की बात में मोदी से प्रशंसा पाने के बाद महिलाओं के हौसले बुलंद हैं।

जिले के मुख्य विकास अधिकारी अरविंद सिंह बताते हैं कि बनाना फाइबर बनाने का प्रयास एक जिला एक उत्पाद से प्रेरणा लेते हुए एक ब्लाक एक उत्पाद की दिशा में एक कदम है। दरअसल विकास खंड ईसानगर में केले की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। ऐसे में केले से सम्बन्धित उत्पाद से यदि स्वयं सहायता समूह को जोड़ा जाए तो बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकता है। केले का तना किसान काट कर फेंक



प्रतीकात्मक चित्र

देता था, जिससे दोहरा नुकसान हो रहा था। पहला, तने में दीमक लगना तथा दूसरे तने को कटवाने का आर्थिक बोझ। अत: किसानों से जब सम्पर्क किया गया तो वह सहर्ष केले का तना देने को तैयार हो गए। इस सोच के साथ स्वयं सहायता समूह की महिला के साथ कई चरणों (सितम्बर-अक्टूबर 2020) में चर्चा हुई। स्वयं सहायता समूह की 25-30 महिलाओं का चयन करते हुए उनको ट्रेनिंग दी गई। सीडीओ के मुताबिक समूह की महिलाओं को बनाना फाइबर के उत्पादन के लिए प्रेरित तो कर दिया गया लेकिन अब उनके सम्मुख मुख्य चुनौती थी उत्पादन हेतु मशीनरी एवं अन्य सुविधाओ को जुटाने की। अत: स्वयं सहायता समूह-ग्राम संगठन को सीएलएफ से ऋण दिलाया गया तथा विभिन्न विक्रेताओं से बात करने के बाद रिद्धि इंटरप्राइजेज सूरत, गुजरात से मशीनों को मंगवाया गया। मशीन आने से दिसम्बर 2020 में उत्पादन तो शुरू हो गया लेकिन अब चुनौती थी बाजार ढूंढने की। चूंकि बनाना फाइबर का उपयोग अधिकतर कागज व कपड़ा उद्योग में हो रहा है।

अत: इसी क्रम में सूरत, अहमदाबाद, कानपुर इत्यादि क्षेत्रो में विक्रय हेतु संपर्क किया गया। इससे सार्थक परिणाम मिले तथा सर्वप्रथम अहमदाबाद की कम्पनी एल्टमट प्रा. लिमिटेड द्वारा ग्राम संगठन को टेस्टिंग हेतु 20 किग्रा बनाना फाइबर का आर्डर दिया गया। कंपनी द्वारा टेस्टिंग में इसे उच्च गुणवत्ता का बताया गया तथा कंपनी द्वारा ग्राम संगठन से प्रति माह 400 किग्रा बनाना फाइबर लेने की तैयारी की जा रही है, जिसकी शुरूआत अगस्त 2021 में की जाएगी। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य कंपनियों द्वारा बनाना फाइबर का क्रय करते हुए 21,000 टोकन मनी के रूप में दिया जा चुका है। यही नहीं, उत्पाद को बेचने के लिए इंडिया मार्ट पर भी पंजीकरण किया ( शेष पेज 9 )

### क्या है बनाना फाइबर

**बनाना** फाइबर केले के पौधे से छील कर निकाला गया रेशा है जो जूट या सन की तरह होता है। इसका उपयोग पर्यावरण अनुकूल उत्पादों जैसे हैण्डबैग, चटाई, बेल्ट, कपड़े, साड़ी, सोफाकवर, दरी, फैन्सी कोटी इत्यादि बनाने हेतु कच्चे माल की तरह होता है। केले के तने को मशीन द्वारा चार भागों में काट कर अलग-अलग कर लिया जाता है। इसके बाद मशीन में डालकर बनाना फाइबर तैयार किया जाता है तथा इसे धुल कर एवं सुखाकर संरक्षित कर लिया जाता है।

# टेस्टिंग की रफ्तार ने थामे कोरोना के कदम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश में** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर को योगी सरकार ने तेजी से नियंत्रित किया है। 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में कम होते संक्रमण के मामलों के बीच टेस्टिंग की रफ्तार को थमने नहीं दिया गया। यूपी के गांवों से लेकर शहरों में जांच की प्रक्रिया तेजी से जारी है। जिसका परिणाम है कि सर्वाधिक आबादी वाले प्रदेश ने सबसे ज्यादा टेस्ट करने का खिताब कम समय में हासिल किया है। अब तक प्रदेश में कुल 6,40,50,235 टेस्ट किए जा चुके हैं वहीं रोजाना 2 लाख 50 हजार से अधिक टेस्ट किए जा रहे हैं।

तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखकर प्रदेश में टीकाकरण की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। अब तक यूपी में चार करोड़ 45 लाख से अधिक टीकाकरण किया जा चुका है। प्रदेश में अलीगढ़, बलरामपुर, बस्ती, एटा, फतेहपुर, हाथरस, महोबा, श्रावस्ती में आज एक भी कोरोना मरीज नहीं है। ये जनपद आज कोरोना मुक्त हैं। प्रदेश के 43 जिलों में इकाई अंकों में कोविड मरीज की संख्या दर्ज की गई है तो वहीं किसी भी जिले में संक्रमण के मामले दहाई अंकों में दर्ज नहीं किए गए। पिछले 24 घंटे में 2,50,406 सैंपल की जांच हुई जिसमें महज 43 सैम्पल में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई।

एक ओर जहां उत्तर प्रदेश में हर दिन के साथ हालात में बेहतरी के संकेत मिल रहे हैं वहीं महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, केरल, आंध्र प्रदेश और दिल्ली जैसे अपेक्षाकृत कम आबादी वाले राज्यों में संक्रमण का कहर अब भी जारी है। पॉजिटिविटी रेट कम नहीं हो रहा। तीस अप्रैल को 03 लाख 10 हजार 783 कोरोना मरीज के साथ प्रदेश का रिकवरी रेट 74.1 फीसद था। कोरोना काल के इस पीक अवधि से अगर ताजा स्थिति की तुलना करें तो महज ढाई माह में रिकवरी रेट 98.6 प्रतिशत हो गया है। आंकड़ों को देखें तो 30 अप्रैल को हर 100 सैम्पल में से 14.1 प्रतिशत सैम्पल पॉजिटिव पाए गए थे लेकिन अद्यतन स्थिति के मुताबिक पॉजिटिविटी रेट महज 0.02 फीसद रह गई है। पॉजिटिविटी रेट यानी जांच किए गए लोगों में मिले पॉजिटिव लोगों की संख्या यह दिखाने के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक है कि कोरोना लहर की दूसरी लहर अब यूपी में नियंत्रित है।

## प्रदेश में बीते 24 घंटे में मिले मात्र 43 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर मुख्य** सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में संक्रमण कम होने के बावजूद, टेस्टिंग कम नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टें में कोविड के 43 नए केस मिले, जबकि 66 लोग कोविड संक्रमण मुक्त हुए हैं। प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री की अग्रेसिव रणनीति से प्रदेश में कोरोना काबू में है। प्रदेश में महज 868 एक्टिव केस हैं। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक टेस्ट और टीकाकरण करने वाला प्रदेश है। देश में सबसे अधिक छह करोड़ 40 लाख से अधिक नमूनों की जांच करने वाला इकलौता राज्य, उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश, देश में सर्वाधिक 4 करोड़ 43 लाख से अधिक कोविड डोज लगाने वाला पहला राज्य है। 76 प्रतिशत से अधिक हेल्थ केयर वर्कर और 61 प्रतिशत से अधिक फ्रंट लाइन वर्कर को टीके के दोनों डोज लगी है। पिछले 24 घंटे में 2 लाख 50 हजार से अधिक नमूनों की जांच हुई।

## शहीद मेजर के परिवार को 50 लाख और नौकरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हरदोई निवासी सेना के मेजर पंकज कुमार पाण्डेय के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद पंकज कुमार पाण्डेय के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद पंकज कुमार पाण्डेय के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

# चुनावी एजेंडे की डगर पर चल पड़ी सरकार

- वित्त विभाग ने बैठक करके सभी विभागों को समझाया आगे के काम का ब्लूप्रिन्ट
- सरकार की प्राथमिकताओं की योजनाओं को दिसंबर से पहले पूरा करने के निर्देश

कमल दुबे। लखनऊ

**योगी सरकार** पूरी तरह चुनावी मोड पर उतर आयी है। सरकार का संकेत पाकर सरकारी मशीनरी ने रातों-रात अपनी प्राथमिकताओं को बदल लिया है। वित्त विभाग की तरफ से सभी विभागों को निर्देश दे दिये गये हैं कि आगे उन्हीं योजनाओं पर पूरा फोकस किया जाये जो सरकार की प्राथमिकता पर हैं। इन्हें किसी भी दशा में दिसम्बर माह से पहले पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

वित्त विभाग ने पिछले दिनों सभी विभागों की बैठक करके उन्हें सरकार के निर्देशों से अवगत करा दिया है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि विभागीय बजट की धनराशि का उपयोग उन्हीं योजनाओं पर करना है जो सरकार की प्राथमिकता वाली हैं। इनसे कहा गया है कि धन के अभाव में इन योजनाओं का काम नहीं रुकना चाहिए। जिन विभागों के पास बजट में पैसा नहीं है या फिर कम है उनसे प्रस्ताव मांगे गये हैं। दरअसल सीएम योगी आदित्यनाथ अपने धार्मिक एजेंडा के साथ-साथ विभाग के एजेंडा को आगे रखकर विधानसभा चुनाव में जाना चाहते हैं। सरकार चाहती है कि जनता पर सीधा असर डालने और सीएम योगी के एजेंडा में शामिल योजनाओं को चुनाव में जाने से पहले धरातल पर उतारा जाये। अपनी इस मंशा से सीएम ने सरकार के अफसरों को अवगत करा दिया है। जिसके बाद से सरकारी मशीनरी इस काम में जुट गयी है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि सीएम योगी चाहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू होने के साथ ही प्रस्तावित नयी अयोध्या सिटी का चुनाव से पहले शिलान्यास हो। इसके लिये जो भी जरूरी हो किया जाये। सरकार की मंशा को देखते हुये अयोध्या को लेकर मुख्यसचिव की अध्यक्षता में बनी टीम अलग से काम कर रही है। काशी विश्वनाथ मंदिर में चल रहे नये मंदिर के निर्माण कार्य का भी लोकार्पण योगी सरकार चुनाव से पहले कराना चाहती है। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण तथा डिफेन्स कारीडोर बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास कराया जाना भी सरकार के एजेडा में हैं। जिसे लेकर सरकारी मशीनरी रात दिन कवायद कर रही है और सीएम योगी को लगातार ताजा स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। कानपुर मेट्रो रेल की शुरूआत योगी सरकार चुनाव से पहले करना चाहती है। इन प्रमुख योजनाओं के अलावा अनेक विभागों की भी अलग-अलग तमाम योजनाएं हैं जिन्हें चुनाव से पहले पूरा किया जाना है। सरकार की प्राथमिकता वाली उक्त योजनाओं पर फोकस करके आगे का कामकाज करने के निर्देश वित्त विभाग की तरफ से विभागों को दिये गये हैं। अधिकतर योजनाओं को पूरा करने की टाइम लाइन अक्टूबर माह रखी गई है जबकि बची अन्य योजनाओं को दिसम्बर से पहले पूरा किया जाना है। योगी सरकार चुनाव से पहले पूंजी निवेश को लेकर मेगा शो कराना चाहती है लेकिन यह कोरोना संक्रमण की स्थिति पर निर्भर करेगा। विदित हो कि अगले साल मार्च माह से पहले विधानसभा के चुनाव होने हैं। दिसम्बर माह के अंत अथवा जनवरी माह में चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना है। ऐसे में सरकार की कोशिश अपनी प्राथमिकता वाली ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को पूरा करने की हैं।

## क्विक न्यूज

### यूपी में बिजली की नई दरें लागू करने पर हो रहा विचार

- कंपनियों की ओर से दाखिल प्रस्ताव पर आयोग इसी सप्ताह ले सकता है फैसला

**लखनऊ।** बिजली कंपनियों द्वारा दरों को लेकर दाखिल प्रस्ताव पर नियामक आयोग इसी सप्ताह फैसला सुना सकता है। उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों को कम कराने के लिए एक बार फिर से लामबंदी शुरू कर दी है। उपभोक्ता परिषद ने कहा है कि राज्य सरकार घरेलू, ग्रामीण, शहरी व किसानों सहित छोटे वाणिज्यिक संस्थानों की बिजली दरों में कमी के लिए विद्युत नियामक आयोग को जनहित में निर्देश दे जिससे कोरोना संकट में आम जनता को राहत मिल सके। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एक बार फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि आयोग बिजली दरें कभी भी घोषित कर सकता है। सरकार कोरोना संकट में उपभोक्ताओं व किसानों की बिजली दरों में कमी करना चाहती है तो नियामक आयोग को विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 108 के तहत निर्देश देकर कोविड राहत टैरिफ लागू कराए। प्रदेश का उपभोक्ता बिजली दरों में कमी को लेकर काफी उम्मीद लगाए है। सरकार उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर निकल रहे 19537 करोड़ रुपये के एवज में इस बार उपभोक्ताओं को राहत का तोहफा दिलाए। उपभोक्ता परिषद ने कहा है कि पिछले वर्षों पर नजर डालें, तो प्रदेश में घरेलू, ग्रामीण व किसानों की बिजली दरें काफी बढ़ी हैं। महंगी बिजली देने वाले टॉप फाइव प्रदेशों में यूपी भी शामिल है।

### आजमगढ़ के शराब माफिया को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने आजमगढ़ का शराब माफिया, गैंगस्टर तथा पुरस्कार घोषित अपराधी प्रदीप यादव को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार यूपी के रास्ते अन्य राज्यों से अवैध शराब की तस्करी करने वाले शराब माफियाओं के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ ने अभिसूचना सूचना एकत्रित की इस दौरान ज्ञात हुआ कि डी-15 श्रेणी का पंजीकृत गैंगस्टर, 15 हजार का पुरस्कार घोषित अपराधी और विभिन्न मामलों में वांछित प्रदीप यादव लखनऊ से अपने घर आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ एवं स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहुँचकर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए अभियुक्त प्रदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि आजमगढ़ के थाना क्षेत्र बिलरियागंज मे कई वर्षो से वह स्प्रिट से शराब बनाने का कार्य धमेन्द्र मौर्या के साथ मिलकर करता रहा है। इस वजह से कई बार जेल भी जा चुका है। कुछ माह पूर्व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले जेल से रिहा हुआ है। इसकी मॉ विगत दो पंचवर्षी से प्रधान रही है। इसी क्रम में अपनी मॉ के पक्ष मे चुनाव प्रचार करने के दौरान गांव मे अवैध शराब वितरण करने के दौरान स्थानीय पुलिस से विवादए पथराव एवं मारपीट की घटना हुई थी। अधिक पुलिस बल आ जाने के कारण वह अपने सहयोगियों के साथ फरार हो गया था परन्तु इसकी फर्जी नम्बर की स्कार्पियों व फिएट कार जिसमे शराब की पेटियां थी। पुलिस द्वारा सीज कर इनके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया था। पथराव के दौरान फायरिंग की भी घटना हुई थी तभी से पुलिस से बचता हुआ इधर उधर फरारी काट रहा था। अवैध शराब के पैसे से धनार्जन कर कुछ वर्ष पूर्व इसने एक ईट भट्ठा साझे मे आजमगढ़ मे खरीदा है ओर इसी भट्ठे पर अब शराब का अवैध निर्माण करने की फिराक मे था परन्तु स्प्रिट की उपलब्धता न होने के कारण काम शुरू नही हो पाया था। प्रदीप के ऊपर आजमगढ़ में विभिन्न थानो में करीब 31 मामले दर्ज हैं।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे मेरी सरकार पोर्टल को लांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कल 26 जुलाई को यहां मेरी सरकार पोर्टल को लान्च करेंगे। इस कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित होंगे। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि पोर्टल का उद्देश्य राज्य सरकार के साथ आम नागरिक के जुड़ाव को और बढ़ाना है। यह शासन की योजनाओं को प्रसारित करने और उन पर आम नागरिकों की राय जानने के लिए एक प्रमुख मंच होगा।

प्रवक्ता ने बताया कि 26 जुलाई 2014 को प्रधानमंत्री ने पोर्टल का लोकार्पण किया था। प्रधानमंत्री की पहल से प्रेरणा लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने मेरी सरकार पोर्टल लान्च करने निर्णय लिया है।

## प्रदेश में सभी पार्टियों ने प्रजापति समाज के लोगों को उनके हक से वंचित रखा: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के तत्वाधान में रविवार को प्रजापति, कुम्हार, चित्रवंशी सम्मेलन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी पार्टियों ने प्रजापति समाज के लोगों को उनके हक से वंचित रखा है। उनका वोट लेकर सपा बसपा और भाजपा ने सरकार तो जरूर बनायी लेकिन उनको सरकार में भागीदारी और उनकी समस्याओं के निदान में कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। प्रजापति समाज एक आत्मनिर्भर समाज था लेकिन पूंजीवाद और सरकारों की उपेक्षा के कारण आज वह अपने लिए रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए जूझ रहा है। अगर प्रजापति समाज कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ा हो जाए तो कांग्रेस पार्टी वादा करती है कि प्रजापति समाज को संगठन, टिकट और उनके सामाजिक पुनरुत्थान के लिए हर स्तर पर काम करेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो गायत्री प्रजापति के माध्यम से समाजवादी पार्टी में खनन के ठेकों में अपने लोगों को खूब लाभ कमाया लेकिन प्रजापति समाज का बेटा आज जेल में है। मुलायम सिंह यादव के परिवार का एक भी व्यक्ति उनसे मिलने नहीं गया और न ही प्रजापति की रिहाई के लिए कोई आंदोलन किया। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में बहुत से काम अति पिछड़े वर्गों के लिए किये थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने उनके आरक्षण, उनके मुद्दों और उनके संसाधनों को खत्म करने का काम किया है। सम्मेलन को मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री वंशमणि प्रसाद वर्मा और राजस्थान के वरिष्ठ नेता और प्रजापति समाज के लिए लड़ने वाले डूंगर गेदर ने भी संबोधित किया।

## सरकारी लापरवाही से चौपट हो रहा है मूक-बधिर बच्चों का भविष्य :रालोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना महामारी** से देश के 7 राज्यों के 90 हजार से अधिक मूक .बधिर बच्चों की पढ़ाई के बाधित होने के संबंध में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुपम मिश्रा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कोरोना महामारी से जूझते यह बच्चे पिछले 16 महीनों से पढ़ाई से पूर्णता वंचित हैं। इनके शैक्षणिक संस्थान व छात्रावासों में भी ताले पड़े हैं। सामान्य बच्चों के लिए तो देश भर में ऑनलाइन अध्ययन-अध्यापन का कार्य चल रहा है। किंतु इन मूक बधिर बच्चों के पास ना तो ऐसी कोई सुविधा है और ना ही सरकारों द्वारा ऐसा कोई विकल्प उपलब्ध कराया गया है। ऐसी मुसीबत के समय में मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता ना मिलने के कारण कई राज्यों के मूक-बधिर बच्चों के छात्रावास भी बंद पड़े हैं। अनुपम मिश्रा ने बताया कि पूरे देश में लगभग 2.68 करोड़ मूक बधिर बच्चे हैं। जिनमें से 1.21 करोड़ बच्चे निरक्षर हैं अर्थात 45 प्रतिशत बच्चे निरक्षर हैं। अत: यदि केंद्र सरकार द्वारा समय रहते सभी राज्यों को इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश के साथ ही आर्थिक सहायता व संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कराई गई तो ना केवल इन बच्चों का जीवन अंधकारमय होने का डर है बल्कि इनकी निरक्षरता भी 75 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। मिश्रा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बड़ा ही परेशान करने वाला विषय है क्योंकि सरकारें अपने झूठे प्रचार तंत्र पर हज़ारों करोड़ों रुपये को पानी की तरह बहाती हैं। लेकिन जब बात भारत के भविष्य, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों से जुड़ी हो तो धरातल पर घोर लापरवाही के साम्राज्य के अतिरिक्त कुछ नहीं दिखता। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था की सर्वाधिक नाज़ुक हालत उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में है ।

## बाढ़ को देखते हुए समुचित कदम उठाए सरकार



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश के अलग अलग हिस्सों खासकर महाराष्ट्र और गोवा में बाढ़ की वजह से हुई जान माल व सम्पत्ति की हानि को लेकर दुख जताया है। साथ ही पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की है। मायावती ने उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में रह रहे लोगों के लिए भी चिंता जाहिर करते हुए सरकार से मांग की है अभी से सजग होकर सावधानी के सभी कदम उठाना चाहिए, लोगों को विपदा से बचाया जा सके। रविवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश के विभिन्न भागों व खासकर महाराष्ट्र व गोवा आदि में बाढ़ की विभीषिका से जान माल व सम्पत्ति की भारी हुई हानि अति.दु:खद। पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। राज्य सरकारों व केन्द्र को भी आपदा के ऐसे मामलों में पूरी संवेदनशीलता से सक्रियता के साथ काम करना जरूरी।

## यूपी में बढ़ा संस्कृत भाषा सीखने का शौक

- जुलाई में 8533 छात्रों व इच्छुक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और नियमित कक्षाएं कर रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी में** संस्कृत भाषा सीखने में युवाओं में तेजी से दिलचस्पी बढ़ी है। संस्कृत संस्थानम की शुरू की गई संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण के जरिए संस्कृत सीखाने की मुहिम काफी कारगर साबित हो रही है। महज एक महीने में 8 हजार से अधिक लोगों ने संस्कृत की वर्चुअल कक्षाओं में अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। संस्थान की ओर से रोजाना एक घंटा संस्कृत की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत बोलने, पढ़ने और सीखने के इच्छुक लोगों के लिए संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण की सुविधा शुरू की है। सबसे खास बात यह है कि छात्र व संस्कृत सीखने के इच्छुक लोग मोबाइल फोन नंबर 9522340003 पर एक मिस काल एलर्ट के जरिए वर्चुअल कक्षा में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस सुविधा से संस्थान को काफी फायदा भी मिला है। बड़ी संख्या में युवा व छात्रों ने मिस काल के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन वर्चुअल कक्षाओं के लिए कराया। जुलाई महीने में 8533 छात्रो व संस्कृत सीखने के इच्छुक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और नियमित कक्षाएं कर रहे हैं।

संस्थान के मुताबिक वर्चुअल माध्यम से संस्कृत सीखने के इच्छुक लोगों के लिए 47 कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसमें शिक्षक ऑनलाइन संस्कृत की पाठशाला लगा रहे हैं। संस्थान के मुताबिक संस्कृत सीखने वालों में युवा वर्ग की संख्या अधिक है। शिक्षक रोजाना 1 घंटे की वर्चुअल कक्षाओं ले रहे हैं, जो पूरी तरह से निशुल्क है। सरकार लगातार देव भाषा संस्कृत के प्रति लगाव पैदा करने और संस्कृत सीखने के इच्छुक लोगों को मौका देने में जुटी है। इसमें उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान बड़ी भूमिका निभा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. वाचस्पति मिश्र के अनुसार बहुत से लोग संस्कृत भाषा को सीखना चाहते हैं। खासकर नौकरी पेशा, डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापारी वर्ग को समय के अभाव के चलते संस्कृत सीखने का समय नहीं मिल पाता है। उनके लिए यह सेवा एक वरदान है। पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों का बस एक गूगल फार्म भरना होगा। फार्म में उनको अपने व्यवसाय, नौकरी व पढ़ाई की जानकारी देना होगी। इसके बाद व्यवसाय के अनुरूप ग्रुपवार इसमें संस्कृत की पढ़ाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्कृत पढने् के इच्छुक छात्रों को संस्कृत के ज्ञान के साथ ही नैतिक संस्कारों के बारे में जानकारी दी जाएगी। हिन्दी और अंग्रेजी के साथ छात्रों को संस्कृत में बोलना भी सिखाया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 43.50 लाख को लाभान्वित करने का लक्ष्य

- करीब 40.60 लाख गर्भवती व धात्री को योजना का मिल चुका है लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गर्भवती महिलाओं** के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और सही पोषण के लिए शुरू की गयी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत इस माह तक सूबे की करीब 43.50 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लाकडाउन के बाद भी मध्य जुलाई तक करीब 93.34 फीसद लक्ष्य पूरा करते हुए करीब 40.60 लाख को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। जबकि इस माह मध्य जुलाई तक करीब 25 हजार महिलाओं का योजना के तहत रजिस्ट्रेशन किया गया है। योजना के राज्य नोडल अधिकारी राजेश बांगिया का कहना है कि विभाग का पूरा प्रयास है कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए गर्भवती व धात्री महिलाओं के बैंक खाते में राशि का अंतरण कर दिया जाए। यही कारण है कि कोरोना काल में जहाँ बहुत सी योजनाएं प्रभावित हुईं थीं वहीं इस योजना के तहत महिलाओं का बराबर पंजीकरण हो रहा था और उनके खाते में बराबर धनराशि भी पहुँच रही थी। बांगिया का कहना है कि इस कार्य में प्रदेश के लगभग सभी जिलों ने पूरी दिलचस्पी दिखाई, जिससे यह कार्य संभव हो पाया। आशा कार्यकर्ताओं की भी इसमें अहम् भूमिका रही, समुदाय तक योजना के प्रचार प्रसार और लाभार्थी को चिन्हित कर योजना के तहत पंजीकरण कराने में उन्होंने भरपूर प्रयास किया। इस तरह सभी के सम्मिलित प्रयास से वह इस लक्ष्य को भी पूरा कर लेंगे। उनका कहना है कि वर्ष 2017 से 2021 के मध्य जुलाई तक प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत करीब 1.07 करोड़ रजिस्ट्रेशन किये जा चुके हैं।

**तीन किश्तों में मिलते हैं 5000 रुपये:** पहली बार गर्भवती होने पर योजना के तहत पंजीकरण के लिए गर्भवती और उसके पति का कोई पहचान पत्र या आधार कार्ड, मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकापी जरूरी है। बैंक अकाउंट ज्वाइंट नहीं होना चाहिए, निजी अकाउंट ही मान्य होगा । पंजीकरण कराने के साथ ही गर्भवती को प्रथम किश्त के रूप में 1000 रुपये दिए जाते हैं। प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने और गर्भावस्था के छह माह बाद दूसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर तीसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये दिए जाते हैं। यह सभी भुगतान गर्भवती के बैंक खाते में ही किये जाते हैं।

# ब्राह्मण वोट बैंक को रिझाने में सपा भी जुटी

- पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के ब्राह्मण नेताओं के साथ बैठक कर तैयार की रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** में 2022 में होने वाले विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ब्राह्मण वोट बैंक को लेकर फ्रंटफुट पर आ गई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के ब्राह्मण नेताओं की कमेटी बनाकर कार्यक्रमों के आयोजन व आंदोलन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख द्वारा गठित इस कमेटी में प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय व सनातन पाण्डेय के साथ विधायक तेज नारायण पाण्डेय उर्फपवन पाण्डेय को रखा गया है।

विधानसभा 2022 के चुनाव को लेकर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरम हो गया है। राजनीतिक दलों ने जातिगत वोट को रिझाने के लिए अपनी अपनी गोट बिछाने शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को सपा मुख्यालय में सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी के पांच वरिष्ठ ब्राह्मण नेताओं के साथ बैठक हुई। बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। फिलहाल उक्त बैठक के उपरांत सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बैठक की फोटो ट्वीट कर राजनीतिक गलियारों में ब्राह्मण वोट की राजनीति को लेकर हलचल मचा दी। पिछले दिनों ही बहुजन समाज पार्टी ने ब्राह्मणों को फोकस में रखकर अयोध्या में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया। बसपा सम्मेलन के बाद सपा का ब्राह्मण वोटों को लेकर हरकत में आना स्वभाविक था। समाजवादी पार्टी ने इस मामले में तेजी दिखाते हुए ब्राह्मण नेताओं के साथ बैठक कर राजनीतिक गलियारों में यह संदेश भेज दिया कि समाजवादी पार्टी भी ब्राह्मण वोट पर काफी गंभीर है। अब समाजवादी पार्टी 15 अगस्त को बलिया में ब्राह्मण सम्मेलन करेगी। वैसे भी समाजवादी पार्टी पूर्व में ब्राह्मण वोट को लेकर प्रबुद्ध सम्मेलन के नाम से कार्यक्रम करती आई है। समाजवादी पार्टी के कार्यालय में पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के साथ पूर्व मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय व अभिषेक मिश्रा और पूर्व विधायक संतोष कुमार पाण्डेय तथा बलिया से पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सनातन पाण्डेय ने गहन मंथन के बाद ब्राह्मण सम्मेलन की रूप रेखा तैयार की।

## भाजपा सरकार की गिनाने लायक एक भी उपलब्धि नहीं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा खेल तमाशों वाली अजीब पार्टी है। साढ़े चार वर्ष भाजपा सरकार ने समाजवादी विकासकार्यों के सहारे ही बिता दिए। कोई काम न धाम बस सत्ता की मदहोशी में पड़े रहे। अब जनता में अपनी कारगुजारियों के प्रति व्यापक आक्रोश को देखते हुए भाजपा सरकार बदहवाशी में ऊटपटांग घोषणाएं करके जनता को भ्रमित करने का तानाबाना बुन रही है लेकिन भाजपा को इस सबसे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि सच तो यह है कि प्रदेश में भाजपा सरकार की गिनाने लायक एक भी उपलब्धि नहीं है। विकास अवरुद्ध है पर समाजवादी सरकार के कामों को ही अपना बताकर भाजपा सरकार झांसा दर झांसा जारी है।

भाजपा की यह धोखेबाजी भारतीय राजनीति को शर्मिन्दा करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के चलते कोरोना महामारी के दौरान हजारों जाने चली गई। लोगों को न बेड मिले, न ऑक्सीजन, दवाओं की कालाबाजारी होती रही। प्रशासन पंगु बना रहा। समाजवादी सरकार में रायबरेली और गोरखपुर में एम्स की स्थापना के लिए मुफ्त जमीन दी गई थी, जिसे भाजपा सरकार ढंग से चालू नहीं कर सकी। लखनऊ में कैंसर अस्पताल समाजवादी पार्टी ने बनवाया, भाजपा राज में उसकी उपेक्षा हुई। समाजवादी सरकार के समय एक दर्जन से ज्यादा मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हुई थी।


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कारगिल शहीदों के आश्रितों को जल, सीवर, गृहकर से छूट

## ● स्ट्रीट लाइट पर ईईएसएल कंपनी की लापरवाही पर विपक्षी पार्षदों ने किया हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महापौर संयुक्ता** भाटिया की अध्यक्षता में रविवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में त्रिलोकनाथ हॉल में नगर निगम सामान्य सदन की बैठक हुई। बैठक में कारगिल शहीदों के आश्रितों को नगर निगम के वाटर, गृहकर सहित हर प्रकार के टैक्स में छूट के प्रस्ताव को पास किया। वहीं बैठक में शहर की स्ट्रीट लाइट पर ईईएसएल की लापरवाही पर विपक्षी पार्षदों ने हंगामा किया। कंपनी की शहर में लाइटिंग की बदतर स्थित से नाराज सपा के यावर हुसैन रेशू, कांग्रेस की ममता चौधरी ने कड़ा विरोध किया। सदन द्वारा ईईएसएल, इकोग्रीन के कार्यों और भुगतान का परीक्षण करने और व्यवस्था सुधार के लिए सुझाव देने के लिए समिति बनाने पर महापौर को अधिकृत किया गया। ईईएसएल द्वारा लगाई गयी लाइटों को भी सत्यापित किया जाएगा। ईईएसएल और इकोग्रीन के अनुबंधन की कॉपी सभी पार्षदों को उपलब्ध कराई जाएगी। सदन में कारगिल शहीदों के आश्रितों को नगर निगम के हर प्रकार से टैक्स में छूट के प्रस्ताव को पास किया। कारगिल विजय दिवस से पूर्व महापौर ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सेनानियों के आश्रितों को गृहकर, जलकर और सीवर कर से छूट प्रदान करने का प्रस्ताव स्वयं प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

महापौर ने विगत वर्ष कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम के दौरान शहीदों के आश्रितों को जलकर, गृहकर और सीवर कर मुक्त करने की घोषणा की थी, जिसे आज कोरोना माहमारी के बाद हुए सदन में महापौर में प्रस्ताव पारित कराया। वहीं अन्य प्रस्तावों में सदन में त्रिलोकनाथ हॉल का पुनर्निर्माण कार्य विधानसभा सदन के अनुरूप किया जाएगा, जिसके लिए 1 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई। नगर निगम सदन और कार्यकारिणी में पूर्व में लिए गए सभी निर्णयों के अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके लिए महापौर ने निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग स्थलों, स्टैंडों की पार्किंग उपविधि 2021 के प्रारूप पर आपत्ति मांगने का निर्णय लिया गया और आपत्तियों के निस्तारण और उपविधि में सुधार के लिए सदन के सदस्यों की समिति बनाने के लिए महापौर को अधिकृत किया गया।



### परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू होगा

**अटल** बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज में परास्नातक कोर्सेज शुरू करने के महापौर के प्रस्ताव पर सदन की मोहर लग गयी। नगर निगम के अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में परास्नातक पाठ्यक्रम को शुरू करने के प्रस्ताव पर महापौर के निर्देश पर प्रस्तुत किये गए प्रस्ताव को सदन ने पास करते हुए मोहर लगा दी। वहीं नगर निगम के नए विस्तारित क्षेत्रों में 88 गांवों में पहले गृहकर में कोई म्युटेशन चार्ज नहीं लिया गया। इसका प्रचार प्रसार भी 88 गांवों में किया जाएगा ताकि जनता को गुमराह न किया जा सके।

### ये प्रस्ताव हुए पास

- इंदिरा नगर के इस्माइलगंज में प्राचीन शिव मंदिर मार्ग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया गया।
- नरपत खेड़ा में भव्यापुरम कॉलोनी के मुख्य द्वार गेट 1 से अंदर की 250 मीटर लंबी सड़क के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तगत किया गया।
- लखनऊ पश्चिम विधानसभा की 9 सड़कों को लोक निर्माण विभाग को हस्तगत किया गया।
- कल्याण मण्डप सेक्टर 1 विकास नगर एवं सामुदायिक केंद्र सेक्टर 4 का किराया बढ़ा।
- नगर निगम द्वारा संचालित अमीनाबाद इंटर कॉलेज में तीन दुकानें बनेंगी

### धन्यवाद का साइन बोर्ड लगाया जाएगा

लखनऊ में आने जाने वालों के लिए नगर निगम सीमा पर स्थित मार्गों में ओवरहेड स्ट्रक्चर, गैंट्री लगाकर नगर निगम आपका हार्दिक स्वागत करता है का बोर्ड के प्रस्ताव को पास किया। आगमन के लिए धन्यवाद का साइन बोर्ड लगाया जाएगा।

## सदन में पास हुए नामकरण के प्रस्ताव

- वरिष्ठ इतिहासकार रहे योगेश प्रवीण के नाम मौलवीगंज वार्ड के रकाबगंज चौराहे का नामकरण करते हुए योगेश प्रवीन रकाबगंज चौराहा किया। साथ ही योगेश प्रवीण की स्मृति में एक द्वार का निर्माण भी किया जायेगा।
- आचार्य नरेंद्र देव वार्ड स्थित नैपियर रोड पार्क-1 का नाम महापौर संयुक्ता भाटिया ने अपनी घोषणा को पूर्ण करते हुए लालजी टण्डन पार्क किया।
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और वरिष्ठ व्यापारी नेता पण्डित श्याम बिहारी मिश्रा के नाम पर तालकटोरा रोड का नामकरण पण्डित श्याम बिहारी मिश्रा मार्ग व पास के एक चौराहे का नामकरण पण्डित श्याम बिहारी मिश्रा चौक किया गया।
- अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के निवेदन पर पुरानी जेल रोड का नामकरण पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बिस्मिल मार्ग किये जाने एवं पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल की मूर्ति लगाने का प्रस्ताव पास हुआ।
- नजरबाग बड़ी पार्क का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित स्वर्गीय रामपाल त्रिवेदी के नाम करते हुए पंडित स्वर्गीय रामपाल त्रिवेदी उद्यान किया गया।
- आपातकाल और राम जन्मभूमि जैसे आन्दोलनो में जेल गए वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय विजय अग्रवाल के नाम पर टेढ़ी पुलिया चौराहे का नामकरण विजय अग्रवाल चौक किया।
- श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला के अनुरोध पर चारबाग स्थित नत्था चौराहे के नामकरण शहीद भगत सिंह चौक किया।
- गुरुनानक वार्ड के अंतर्गत गुरुनानक नगर मोहल्ले में स्थित पार्क का नामकरण गुरुनानक वाटिका किया गया।
- महानगर के रहीम नगर चौराहे के नाम सरदार गुरुमुख सिंह आनंद चौराहा एवं रहीम नगर चौराहे से कुकरैल बंधे तक की सड़क का नामकरण सरदार गुरुमुख सिंह आनंद मार्ग किया गया।
- निराला नगर में 8 नंबी चौराहे से पटेल पार्क के सामने होते हुए शरणदास मंदिर तक का मार्ग का नामकरण सरदार गुरुबख्श सिंह तलवार मार्ग किया गया।
- कानपुर रोड स्थित सेक्टर जी एलडीए कॉलोनी में सचदेवा स्टोर के सामने चौराहे के नाम गुरु तेग बहादुर चौक नामकरण किया गया।
- सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य विकास समिति के अनुरोध पर नवनिर्मित सरीपुरा आलमनगर में निर्मित द्वार का नामकरण सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य द्वार किया।
- विरामखंड में अटल क्रीड़ा स्थल में नवनिर्मित बहुउद्देश्यीय हाल का नामकरण लालजी टण्डन बहुउद्देश्यीय हॉल किया गया।
- विनय खंड गोमतीनगर में मिनी स्टेडियम का नामकरण लालजी टण्डन मिनी स्टेडियम किया गया।
- वीवी बख्सी के आवास के सामने व टेलीफोन एक्सचेंज के पीछेवाली रोड का नामकरण ठाकुर इंद्रदेव सिंह किया गया।
- विकास नगर स्थित सामुदायिक केंद्र सेक्टर 4 का नामकरण महापौर द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी कल्याण मण्डप किया गया।
- दौलतगंज वार्ड में स्नानघाट चतुरिया घाट गऊघाट का नामकरण ओम गंगे स्नान घाट, गऊघाट किया गया।
- विनय खण्ड में मकान संख्या 1-16 के सामने पार्क लखन पार्क एवं इसके सामने की सड़क लखन मार्ग किया गया।
- जेजे बेकरी से आठ नंबर चौराहा तक का सड़क का नामकरण स्वर्गीय देवी प्रसाद वाल्मीकि मार्ग करते हुए जेजे बेकरी के सामने मूर्ति स्थापित करने हेतु प्रस्ताव पर महापौर को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया।

# लविवि के व्हाट्सएप ग्रुप पर अश्लील वीडियो डालने वाला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलयू में** हिन्द साहित्य की ऑनलाइन क्लास के दौरान अश्लील वीडियो ग्रुप में डालने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी एलयू का ही बीए तृतीय वर्ष का छात्र है। आरोपी ने एक नहीं बल्कि दो बार व्हाट्सअप ग्रुप में ऑनलाइन क्लास के दौरान अश्लील वीडियो भेजा था। प्राक्टर ने इस मामले में हसनगंज थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था और पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी थी। हसनगंज पुलिस व साइबर सेल की मदद से आरोपी मूलरुप से प्रतापगढ़ मानधाता निवासी आदित्य सिंह को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल फोन व सिम भी बरामद किया हैं। एडीसीपी उत्तरी ने बताया कि लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने 18 जुलाई को थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि एलयू के व्हाट्सअप ग्रुप में चलने वाली ऑनलाइन क्लास में एक मोबाइल नंबर से कुछ अश्लील वीडियो पोस्ट किए गए हैं।

# मानव फेफड़ों में संक्रमण पर विदेश में शोध करेंगे बीबीएयू के शिक्षक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मानव लंग्स** में संक्रमण माइक्रोबियल रोगजनन के क्षेत्र में शोध करने के लिए बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण माइक्रोबायोलॉजी विभाग के शिक्षक डॉ हरीश चंद्रा यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी, डिपार्टमेंट ऑफ मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स, बायोकैमिस्ट्री, और माइक्रोबायोलॉजी कॉलेज ऑफ मेडिसिन, ओहायो, यूएसएए जा रहे हैं। विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह ने उनका अवकाश स्वीकृत कर लिया है।

डॉ. हरीश चंद्रा ने बताया कि उनके शोध का लक्ष्य बायोफिल्म संक्रमणों में दवा प्रतिरोध के तंत्र और इन रोगजनकों के खिलाफएक प्रभावी दवा विकसित करना है। डॉ चंद्रा वर्ष 2017 से बीबीएयू के पर्यावरण माइक्रोबायोलॉजी विभाग में अध्यापन का कार्य कर रहे हैं और साथ ही वे माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस



के टी-सेल एंटीजन के विकास पर भी शोध कर रहे हैं। बीबीएयू में जुड़ने से पूर्व उन्हें सिनसिनाटी यूनिवर्सिटी, ओहायो का लगभग 6 वर्षों का कार्य अनुभव है। अपनी पीएचडी और पोस्ट डॉक्टरल के दौरान उन्होंने माइक्रोबायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी पर शोध कार्य किया है। इसके अलावा वे छोटे बाह्य कोशिकीय पुटिकाओं (एक्सोसोम) में एमआई आरएनए हस्ताक्षरों की खोज भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य हमारी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने वाले नॉवेल एमआइ-आरएनए लक्ष्य जीन को खोजना है।

# जरदोजी कारीगर को मारी गोली, घायल

## ● पीड़ित की पत्नी ने लगाया पुरानी रंजिश में गोली मारने का आरोप

## ● लिखित तहरीर दिये जाने के बाद भी पुलिस ने नही दर्ज की रिपोर्ट

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में शनिवार की देरशाम होटल पर चाय पीने गये एक जरदोजी कारीगर को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारी दी। गोली लगने के बाद घायल ने पुलिस को सूचना दी और घर पहुंच गया। लेकिन जब काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची तो पीड़ित के परिजनों ने घायल जरदोजी कारीगर को एक निजी अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया। पीड़ित की पत्नी द्वारा लिखित तहरीर दिये जाने के बाद भी सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बजाए छानबीन करने की बात कह रही है। इस संबंध में जानकारी के लिए सरोजनीनगर के प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया।

थाना क्षेत्र के बिजनौर के कटरा में रहने वाला अयाज पेशे से जरदोजी कारीगर है। अयाज की पत्नी सन्नो के मुताबिक उसका पति शनिवार की देरशाम करीब साढ़े दस बजे यहीं स्थित एक होटल पर चाय पीने गया था। इसी दौरान वहां पहुंचे अज्ञात बदमाशों ने अयाज पर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली अयाज के बाएं कंधे में लगी जिससे वह लहूलुहान हो गया। अयाज ने तुरन्त पुलिस को फोन किया। जिससे बदमाश मौके से भाग गये। सन्नो ने बताया कि घायलावस्था में उसके पति घर पहुंचे और काफी देर तक पुलिस के आने का इंतजार करते रहे। लेकिन जब पुलिस नहीं पहुंची तो उसने परिजनों के साथ अपनी पति को एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया। रविवार की सुबह सन्नो घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंची तो पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट लाने की बात कह कर वापस लौटा दिया। पीड़ित अयाज की पत्नी सन्नों के मुताबिक रात तकरीबन डेढ बजे पुलिस का फोन आया और उन्हें घटना स्थल पर बुलाया। लेकिन वह अस्पताल में होने के कारण घटना स्थल पर नही पहुंच सकी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सपा सरकार में बिजनौर गांव के निवासी एक मोबाइल दुकानदार की अयाज से रंजिश थी। उसी दौरान मोबाइल दुकानदार की अज्ञात बदमाशों ने दुकान से घर जाने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक दुकानदार के परिजनों ने अयाज को हत्याकांड में आरोपी बनाया था।

# विवाहिता ने पंखे से लटक कर दी जान, ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गाजीपुर** के इंदिरा नगर में विवाहिता ने पंखे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने चार दिन बाद रविवार को ससुरालियों के खिलाफदहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। साथ ही पुलिस की ओर से मामले की गहनता से जांच पड़ताल के दावे किए जा रहे हैं।

प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार के मुताबिक पीड़िता अंशु दीक्षित पति शशांक दीक्षित के साथ स्थानीय थाना इलाके के इंदिरा नगर में रहती हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में बड़ी बेटी श्रुति दीक्षित की शादी ओम नगर आलमबाग निवासी अंकित शुक्ला के साथ की थी। कुछ दिनों के बाद पति अंकित बेटी पर दहेज लाने का दबाव बनाने लगा तो उसने अपने पति अंकित का विरोध करना शुरू कर दिया। ऐसे में आरोपी पति अंकित मारपीट करता था। इतना ही नहीं सास-ससुर भी प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि 20 जुलाई को आरोपी पति अंकित शुक्ला ने बेटी श्रुति पर कांच की बोतल से हमला कर दिया। इसमें वह पूरी तरह घायल हो गई। किसी तरह जान बचाकर मायके इंदिरा नगर पहुंची तो दुपट्टे के सहारे पंखे से लटककर जान दे दी। आनन-फानन में परिजन लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने चार दिन बाद पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# कल्याण सिंह की हालत नाजुक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश के** पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उनके स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं पर विशेषज्ञ भी बारीकी से नजर रख रहे हैं। पीजीआई निदेशक डॉ. आर के धीमान के अनुसार कल्याण सिंह की स्थिति पूर्ववत है। उन्हें जीवन रक्षक संयंत्र (वेंटीलेटर) पर रखा गया है। वह क्रिटिकल केयर मेडिसिन, नेफ्रोलाजी, न्यूरोलाजी, एन्डोक्रिनालाजी एवं कार्डियालाजी विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में हैं। उनके स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं पर बारीकी से नज़र रखी जा रही हैं।

## घर से जेवर व नकदी गायब, नौकरानी पर आरोप

**लखनऊ।** घर में संदिग्ध परिस्थितियों में ड्रेसिंग टेबल से जेवर व 25 हजार रुपये चोरी हो गये। पीड़ित ने अपनी नौकरानी पर शक जताते हुए आशियाना कोतवाली में केस दर्ज कराया है। आशियाना के बिजनौर रोड स्थित हिमालयन सिटी में रहने वाले संदीप सिंह के मुताबिक उनकी पत्नी संदीपा ने ड्रेसिंग टेबल में रुपये व जेवरात रखे थे। कुछ देर बाद चेक करने पर रुपये व जेवरात गायब मिले। उसने अपनी नौकरानी से पूछा तो वह सकपका गई। इस आधार पर ही संदीप ने आशियाना पुलिस को तहरीर दी और शक नौकरानी पर किया। आशियाना इंस्पेक्टर ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# दूसरे की प्रॉपर्टी दिखाकर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिनहट** इलाके में दूसरे की प्रॉपर्टी दिखाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले शातिर जालसाज को पुलिस ने शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी समेत कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम मणि त्रिपाठी ने बताया कि गत 27 जनवरी को सुलतानपुर जनपद निवासी प्रवीण कुमार ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। साथ ही दूसरे की प्रॉपर्टी दिखाकर लाखों रुपए ऐंठने की जानकारी दी थी। इसके बाद से पुलिस गाजीपुर इंदिरानगर निवासी आरोपी संदीप कनौजिया की तलाश कर रही थी। लेकिन आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। ऐसे में उपनिरीक्षक सुदर्शन सिंह के नेतृत्व वाली टीम को आरोपी की लोकेशन स्थानीय थाना इलाके के देवा रोड के आसपास मिली तो पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी। इस दौरान आरोपी पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा तो उसे दौड़ाकर दबोच लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने गुनाह कबूल कर लिया है।

## नौकरी के नाम पर हजारों रुपये हड़पे

**लखनऊ।** नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने 50 हजार रुपये हड़प लिये। नौकरी न मिलने पर रुपये मांगे तो उसने धमकाना शुरू कर दिया। पीड़ित ने चौक कोतवाली में एफआईआर दर्ज करायी है। हसनगंज डालीगंज स्थित मोहन मीकिंग कालोनी के पास रहने वाले राजकुमार बाल्मीकि के मुताबिक कुछ समय पहले उनकी मुलाकात एक परिचित के जरिये मनीष चौधरी से हुई थी। मनीष ने नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके लिये उसने सिर्फ 50 हजार रुपये खर्च होने की बात कही।

# बेकाबू कार ने बाइक सवार छात्र का रौंदा, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी के** हरदोई रोड पर रविवार सुबह लखनऊ जा रहे बीएससी के छात्र की बाइक में पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्र ने दम तोड़ दिया। वहीं अफरा-तफरी के बीच ही कार सवार मौके से भाग निकले। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

रहीमाबाद के ग्राम सभा जिन्दौर निवासी किसान अफजाल का बेटा शमसुल 20 वर्ष बाइक से रविवार सुबह लखनऊ जा रहा था। हरदोई रोड पर भतोईया गांव के पास एक कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इससे उसके सिर में काफी चोट आयीं। आनन-फानन उसे ट्रॉमा सेन्टर में पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार काफी तेज रफ्तार में थी। अफजाल के तीन बेटे जफर, शमसुल, हफीज और दो बेटियां सबा व मुबीना हैं। मां राबिया ने बताया कि शमसुल ने लखनऊ में जरूरी काम बताया था। उसने कहा था कि वह जल्द ही लौट आयेगा।

# आईएएस बन कर परिवार का मान बढ़ाना चाहते हैं शक्ति सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सेठ एमआर** जयपुरिया स्कल के छात्र शक्ति सिंह ने आईएससी बोर्ड की इंटर परीक्षा में 97.25 प्रतिशत अंक हासिल करके अपने परिवार का सम्मान बढ़ाया है। आईएएस बनने का सपना देख रहे शक्ति सिंह के पिता शिशिर सिंह आईएएस हैं और मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश सरकार में सूचना निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। शक्ति सिंह की मां गरिमा सिंह गृहिणी हैं। 12वीं की परीक्षा में उच्चतम अंक हासिल करके परिवार का मान बढ़ाने वाले छात्र शक्ति सिंह खेल में भी बहुत अच्छी रुचि रखते हैं। इंटर के बाद शक्ति सिंह बीए ऑनर्स करके सिविल परीक्षा की तैयारी करने का मन बना चुके हैं। शक्ति सिंह आईएएस बन कर माता पिता के सपनों को पूरा करने की इच्छा रखते हैं।

# मशरूम उत्पादन के जरिए सैकड़ों महिलाओं की तकदीर बदल रहीं कुशमा

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**मशरुम** उत्पादन के जरिए अच्छी कमाई कर मदापुर टिकरा की कुशमा खुद के साथ ही मोहनलालगंज की सैकड़ो महिलाओं की तकदीर बदल रही हैं। घरेलू जिम्मेदारियों से थोड़ा सा वक्त निकालकर बिना भागदौड़ गांव की महिलाएं घरों में ही मशरूम उत्पादन कर प्रतिदिन दो हजार रुपये तक आसानी से कमा लेती हैं। इस आमदनी के जरिए परिवार की जरुरतें और बच्चों को तालीम दिलाने का सपना साकार होता देख पुरुष भी जीवन संगिनी के संकल्प में हिस्सेदारी निभाने लगे हैं।

मोहनलालगंज के मदापुर टिकरा गांव की कुशमा की जिन्दगी भी गांव की दूसरी महिलाओं की तरह चूल्हे चौके तक ही सीमित होकर रह गई थी। दो साल पहले गांव पहुंची राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लाक



मिशन मैनेजर दिवाकर की टीम के साथ पहली बैठक में ही कुशमा ने कुछ कर गुजरने का जज्बा जाहिर किया लेकिन सीमित आमदनी की चिन्ता उनकी सबसे बड़ी परेशानी बनकर सामने आई। मिशन की टीम ने स्वयं सहायता समूह से जोड़कर कुशमा को स्वरोजगार के जरिए किस्मत बदलने की राह दिखलाई। समूह से आर्थिक मदद मिलने के बाद कुशमा ने मशरूम उत्पादन की बारीकियां सीखीं और घर की कोठरी में बांस बल्ली लगाकर पुआल के थैले भरकर नमी बरकरार रखते हुए बीज डाल दिए। दो सप्ताह में ही कुशमा के परिवार की मेहनत रंग लाने लगी। फंगस ने पनप कर मशरूम उगा दिए फिर थैले में छेदकर मशरूम को बाहर आने दिया गया। पहली कोशिश में ही कुशमा ने महज दो हजार रुपये खर्च करके तकरीबन बारह हजार रुपये की कमाई की। सितम्बर से मई माह तक चलने वाली इस फसल के जरिए कुशमा का परिवार अब तकरीबन पचास किलोग्राम तक प्रतिदिन मशरूम का उत्पादन करता है। जिसे बाजार में 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक का भाव मिल जाता है। कुशमा के मुताबिक मशरूम प्रमुख रुप से दवाएं बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त लोग सब्जी बनाने के लिए भी इसकी खरीदारी करते हैं। अब तो कई खरीदार घर से आकर भी मशरूम ले जाते हैं। उन्होंने बताया सुखाने के बाद मशरूम को एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक का बाजार भाव भी मिल जाता है।

## सैकड़ों महिलाओं की बनीं रोल मॉडल

**मशरुम** उत्पादन के जरिए अच्छी आमदनी कर कुशमा ने गांव की कई अन्य महिलाओं को भी घर में रहकर भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है। कुशमा से मशरूम उत्पादन की बारीकियां सीखकर गांव की तकरीबन दर्जनभर दूसरी महिलाएं भी मशरूम उगाकर अच्छी कमाई कर रही हैं। यही नहीं एनआरएलएम टीम की पहल पर कुशमा मोहनलालगंज के रघुनाथ खेड़ा, गौरा, शाह मोहमदपुर अपैया, फत्तेखेड़ा और भसण्डा समेत तकरीबन दर्जनभर गांव जाकर समूह से जुड़ी वहां की महिलाओं को भी मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण देकर तकदीर बदलने की राह दिखा चुकी हैं। यही नहीं कुशमा ने अब मशरूम बिक्री के लिए पैकिंग को शानदार बनाने की तैयारी शुरु कर दी है। वहीं मशरूम उत्पादन के जरिए किस्मत चमका रही कुशमा से मिलने शनिवार को एसडीएम डॉ. शुभी सिंह भी बीडीओ अजीत कुमार सिंह के साथ उनके गांव पहुंची। कुशमा की काबिलियत देखकर एसडीएम भी काफी इम्प्रेस हुई। मशरूम उत्पादन की बारीकियों की जानकारी लेकर एसडीएम ने आने वाली फसल में कम लागत में होने वाले इस स्वरोजगार को बढ़ावा देने की ठानी है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (सिंचाई विभाग) उत्तराखण्ड
जमरानी बाँध निर्माण खण्ड-2, हल्द्वानी
दमुवाढुंगा, हल्द्वानी, नैनीताल 263139 ई-मेल: eejdcd3@gmail.com

पत्रांक : 590/जमरानी-2/कार्य प्रभारित अधिष्ठान/ दिनांक : 24/07/2021

विज्ञप्ति/अन्तिम सूचना का प्रकाशन

निम्नलिखित कर्मचारी जो पूर्व में कार्यप्रभारित अधिष्ठान में कार्यरत रहे हैं को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि एस०एल०पी० संख्या 4371/2011 प्रेम सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित निर्णय दिनांक 02.09.2019 के अनुपालन में उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग के शासनादेश संख्या 182/II(1)/2020-06(47)/2016 सिंचाई अनुभाग-1 देहरादून दिनांक 04.02.2020 द्वारा सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड के अन्तर्गत कार्यरत/सेवानिवृत्त वर्कचार्ज कर्मचारियों की वर्कचार्ज सेवा अवधि को सम्मलित करते हुए पेंशन आदि का लाभ अनुमन्य किये जाने सम्बन्धी आदेश निर्गत किये गये है। उक्त के क्रम में निम्न कार्मिकों से पत्राचार के बावजूद अभी तक सम्पर्क नहीं हो पाया है। अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से अन्तिम बार निम्नलिखित कार्मिको/उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि आवश्यक अभिलेखों सहित जहां कहीं भी हो 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में उपस्थित होने का कष्ट करें जिससे अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सके। अन्यथा विपरीत परिस्थितियों हेतु कार्मिक स्वयं उत्तरदायी होंगें।

01. श्री मानबहादुर कार्यप्रभारित चौकीदार ग्राम व पो० लक्ष्मीपुर जिला सलियन, नेपाल।
02. श्री नत्थू लाल कार्यप्रभारित चौकीदार ग्राम नरखेड़ा पो० इमलिया गंगी जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश।
03. श्री दृगपाल कार्यप्रभारित रनर ग्राम नकरोड़ा पो० बालावाला देहरादून।
04. श्री उम्मेद सिंह कार्यप्रभारित बेलदार थाना मठेना, अल्मोडा।
05. श्री चन्द्रमान कार्यप्रभारित स्टोर कीपर, रवासगुसाई पो०आ० थान्हारवास, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश।
06. श्री इन्डल कार्यप्रभारित हैल्पर, मोहल्ला शेर मोहम्मद डाकखाना व्यास, पीलीभीत उत्तरप्रदेश।
07. श्री गंगा राम कार्यप्रभारित चौकीदार ग्राम अहमद नगर पो० ढकिया जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश।
08. श्री नारायण सिंह कार्यप्रभारित मास्टर आपरेटर ग्राम औरछी 370 सिसिरका जिला बदायूँ, उत्तर प्रदेश।
09. श्री बिशन सिंह चालक पुत्र श्री उत्तम सिंह ग्राम सेनोली पो0 रज्यूड़ा, पट्टी तल्ली सालूक जिला अल्मोड़ा।
10. श्री गंगा दत्त कार्यप्रभारित हैल्पर ग्राम धूरा संगरोली पटवारी क्षेत्र कनरा चौखुटिया तहसील व जिला अल्मोड़ा।
11. श्री रामसमुझ पुत्र श्री मुनेश्वर सेवानिवृत्त चालक ग्राम व पोस्ट सूरजभान पट्टी जिला सुल्तानपुर, उत्तरप्रदेश।
12. श्री गंगा राम पुत्र श्री जोगा राम सेवानिवृत्त चालक ग्राम गेठिया पो० गेठिया जिला नैनीताल।
13. श्री मोती राम पुत्र स्व0 नरी राम ग्रा0- मोहरपाली पो0- बैजनाथ जिला -अल्मोडा।

उक्त के सम्बन्ध में किसी जानकारी प्राप्त करने हेतु निम्न दूरभाष पर सम्पर्क करें।
कार्यालय दूरभाष नं0 -05946-298698, प्रशासनिक अधिकारी -9411317062, सम्बन्धित सहायक -7409766177

अधिशासी अभियन्ता

# पॉक्सो वादों में सजा दिलाने के प्रयास और तेज हों: जस्टिस अली

## प्रभावी पैरवी के लिए विशेष लोक अभियोजकों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान गोमती नगर द्वारा रविवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो पुलिस एवं अभियोजन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा पॉक्सों वादो में पैरवी के लिए विशेष लोक अभियोजकगण के लिये आन लाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन न्याय एवं गृह विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पॉक्सों वादो की पैरवी के लिए नियुक्त विशेष लोक अभियोजकगणों को विधिक व्यवस्थाओं से अवगत कराना, व्यावहारिक कठिनाइयों का निराकरण एवं उनको ऐसे मामलों के प्रति और संवेदनशील बनाना था ताकि इस अधिनियम के अन्तर्गत संस्थित मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके और अपराधियों को अधिकतम दण्ड दिलाया जा सके। संस्थान के अध्यक्ष न्यायमूर्ति महबूब अली ने कार्यक्रम में भाग ले रहे अधिकारियों का अवाहन करते हुए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के महत्पवूर्ण प्रविधानों पर प्रकाश डाला तथा उनका संवेदनशीलता के साथ विधि सम्मत क्रियान्वयन करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पॉक्सों एक्ट के तहत दर्ज अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियो को अधिकतम सजा दिलाने के प्रयास अभियोजन अधिकारियों द्वारा किये जाए। प्रदेश के एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने प्रतिभागी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बालक राष्ट्र के धरोहर है, जिनका संवर्धन, संरक्षण एवं विकास हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि लैंगिक अपराधों से बालको के संरक्षण अधिनियम में इसके अन्तर्गत आने वाले सभी पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। यह अपने आप में परिपूर्ण अधिनियम है। उन्होंने बालकों के संरक्षण एवं विकास के सम्बन्ध में शासन की स्पष्ट मंशा पर भी बल दिया और पॉक्सों वादों की पैरवी के लिए नियुक्त विशेष लोक अभियोजकगणों से पूर्ण निष्ठा, योग्यता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही किये जाने का अवाहन किया। लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 विषयक इस एक दिवसीय आन लाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में प्रदेश शासन के निर्देश पर किया गया। इस एक दिवसीय आन लाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के संकाय अधिकारियों एवं अतिथि वक्ताओं द्वारा मनोविज्ञान, चिकित्सकीय विधि विज्ञान एवं अन्य लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। संस्थान के निदेशक राम मनोहर नारायण मिश्रा द्वारा अपने विचार रखे गये। इस अवसर पर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव प्रमुख सचिव न्याय, आशुतोष पाण्डेय अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन आदि ने भी प्रशिक्षणार्थी अधिकारीगणों को भी संबोधित किया।

# जल्द ही एक्सप्रेस-वे के मेन कैरिजवे को यातायात के लिए खोला जाएगा

### ● अवनीश अवस्थी ने किया पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का स्थलीय निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप्र** सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने को है शीघ्र ही इस एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है जिसके बाद एक्सप्रेसवे के मेन कैरिजवे को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का स्थलीय निरीक्षण कर पैकेजवार समीक्षा की गयी। सबसे पहले श्री अवस्थी ने लखनऊ में पैकेज 1 के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने पैकेज 1 में निर्माणाधीन आरओबी 1 व आरओबी 2 के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद श्री अवस्थी ने पैकेज 2 में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। यहीं पर उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करने की बात कही तथा निर्माणकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधियों को शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण कर एक्सप्रेसवे के मेन कैरिजवे को शीघ्र ही यातायात के लिए खोलने के निर्देश दिए। इसके साथ ही श्री अवस्थी नें यात्रियों की सुविधा के लिए वे-साइड अमेनिटीज व टायलेट ब्लाक्स के निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिये। इसके बाद श्री अवस्थी ने पैकेज 3 में निर्माणाधीन आरओबी का भी निरीक्षण कर शीघ्र ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। पैकेज 4 में हवाइ पट्टी का निरीक्षण कर श्री अवस्थी ने बताया कि शीघ्र ही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर मेन कैरिजवे को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

## तस्कर गिरफ्तार, 17 किलो गांजा बरामद

**लखनऊ ।** बाराबंकी के मशहूर कस्बा जैदपुर से लाकर लखनऊ के विभिन्न इलाकों में गांजे की तस्करी करने में लिप्त एक व्यक्ति को नगराम पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ के मुताबिक पकड़े गये तस्कर की पहचान दलपतखेड़ा निवासी प्रदीप कुमार वर्मा के रूप में हुई। उसको रविवार सुबह देवीखेड़ा पुलिया के पास पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 17 किलो 500 ग्राम गांजा, तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक व एक मोबाइल बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बाराबंकी से गांजा लाकर लखनऊ के अलग अलग स्थानों पर सप्लाई करता था। यह काम वो काफी समय से कर रहा है। बाराबंकी से एक बार वह जेल भी भेजा जा चुका है। फिलहाल आरोपी ने पुलिस को अपनी गैंग में शामिल अन्य तस्करों के बारे में भी बताया है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई है। उधर कैंट पुलिस ने ऊंचाहार जनपद रायबरेली निवासी शानू उर्फ रिजवान को 9 किलो 700 ग्राम गांजे के साथ धर दबोचा। आरोपी एक प्लास्टिक की बोरी में गांजा भरकर सप्लाई करने जा रहा था।

## ऑल इंडिया इंडियन बैंक ऑफीसर्स एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने राम नाथ शुक्ला



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** के प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंक इंडियन बैंक के अधिकारी संगठन ऑल इंडिया इंडियन बैंक ऑफीसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम नाथ शुक्ला को बनाया गया है। उप्र मध्य राज्य इकाई के अध्यक्ष एवं मंडल सचिव सीतापुर अंजनी कुमार पांडे ने बताया कि इलाहाबाद बैंक एवं इंडियन बैंक के सम्मेलन के बाद दोनों बैंकों के अधिकारी संगठनों के एकीकरण के पश्चात राम नाथ शुक्ला को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। श्री शुक्ल का जीवन अधिकारियों के हितों की रक्षा के लिए सतत संघर्षशील रहा है। उनका बैंकिंग सेवा कालीन जीवन 1992 से प्रारंभ हुआ एवं तब से लेकर आज तक वह निरंतर सांगठनिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। इस दौरान वे लखनऊ की क्षेत्रीय इकाई के क्षेत्रीय सचिव, उप्र राज्य के मध्य इकाई के प्रांतीय सचिव, राज्य समन्वयक अखिल भारतीय इकाई में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के गुरतर दायित्व का निर्वहन सफलतापूर्वक करते रहे। उन्होंने बताया कि बाजारवाद में ग्राहकों में अपने विश्वास को बनाए रखना एक महत्वपूर्ण चुनौती है। कई बार जिस के निष्पादन में नीतियां भी आड़े आती हैं उन नीतियों को बैंक नियमानुसार सही करवा कर अपने प्रिय संस्थान को निरंतर सफलता पर पहुंचाना ही हम सभी कार्मिकों का लक्ष्य है। 27 जुलाई को राज्य इकाई की ओर से रामनाथ शुक्ल का अभिनंदन समारोह लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है।

## अभियान में बिना हेलमेट पकड़े गए 102 बाइक सवार

**लखनऊ।** जन जागरूकता अभियान व सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन शहर भर में बिना हेलमेट में बाइक चलाने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज के नेतृत्व में कानपुर रोड, फैजाबाद रोड, हजरतगंज, महानगर में चलाए गए अभियान में 102 बाइक सवार बिना हेल्मेट में पकड़े गए। इनके खिलाफ एक एक हजार रुपये का चालान की कार्रवाई की गई। इसके अलावा गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले और चार पहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट लगाए लोगों की धरपकड़ की गई। इस दौरान वाहन सवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए पैंफलेट हैंडबिल वितरित किए। वहीं परिवहन निगम के अधिकारियों के सहयोग से कल बस स्टेशन पर कोविड से बचाव व सड़क सुरक्षा से संबंधित बस चालकों और यात्रियों को जागरूक किया जाएगा।

# चातुर्मास में शिवमहापुराण का श्रवण सभी के लिए होगा फलदाई: समीर त्रिपाठी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**श्रावणमास** के पावन पर्व पर श्री शिवमहापुराण अर्थ सहित के प्रथम अध्याय के गायन का वीडियो यूट्यूब चैनल मेधज एस्ट्रो पर वर्चुअली रिलीज किया गया। श्री शिवमहापुराण के इस गायन को मेधज टेक्नोकांसेप्ट की सीएमडी डॉ समीर त्रिपाठी ने स्वर प्रदान किया है।

मेधज टावर में पत्रकारों से बात करते हुए समीर त्रिपाठी ने कहा देवादिदेव महादेव की असीम अनुकम्पा से यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि भगवान शिव की महिमा आम जनमानस तक पहुंचा सकूं। चातुर्मास का आरम्भ हो चुका है। हमारे धर्मशास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि इस अवधि में भगवान विष्णु सभी देवी देवताओं के साथ पाताललोक में चार महीने के लिए विश्राम करने चले जाते है। यह समय हमें अपनी आंतरिक शक्तियों को विकसित करने का होता है। उन्होंने कहा भगवान शिव के प्रिय मास श्रावणमास का भी आरम्भ आज से हो रहा है। भगवान शिव सर्वेश्वर हैं, महादेव हैं, आदियोगी हैं, हम सबके कल्याणकर्ता हैं। इस चातुर्मास में हम जो पुण्यफल अर्जित करेंगे वो सामान्य दिनों से हजार गुना ज्यादा होता है। ऐसे में हमे शिव की पूजा अवश्य करनी चाहिए। डॉ त्रिपाठी ने बताया श्री शिवमहापुराण में 466 अध्याय हैं। प्रतिदिन एक अध्याय के गायन का वीडियो हमारे यूट्यूब चैनल मेधज एस्ट्रो पर रिलीज होगा। कोरोना काल में सम्पूर्ण रामचरितमानस का गायन रिकॉर्ड समय में करके आपदा को अवसर में बदलने का काम किया। जिससे हजारों-लाखों लोग प्रेरित हुए।

## रजनीश शाखाध्यक्ष व सुधीर मंत्री बने

**लखनऊ।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से रविवार को कैसरबाग बस स्टेशन पर शाखा का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी रंजीत सुमन व अमरेश पांडे के द्वारा चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। इस चुनाव में शाखाध्यक्ष रजनीश मिश्रा और शाखा मंत्री सुधीर वर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए । चुनाव में क्षेत्रीय प्रतिनिधियों में अनिल अवस्थी, आमिर जावेद व माखनलाल को चुना गया। चुनाव में इसके अलावा वरिष्ठ सहयोगी व सदस्य राजेंद्र यादव, रामरूप, जितेंद्र, जावेद, संजय वर्मा, प्रकाश शुक्ला, अशोक बाबू, उत्तम शर्मा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। चुनाव में क्षेत्र के लिए संविदा कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व मोहम्मद साजिद, संजय वर्मा, मनीष द्विवेदी, अशोक व विनोद बाबू ने किया। इस अवसर पर रजनीश मिश्रा व सुधेंद्र वर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान व उनके हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे।

## क्विक न्यूज

### जानकीपुरम की खराब सड़कें बनीं परेशानी का सबब

**लखनऊ।** जानकीपुरम की खराब सडक लोगों की परेशानी बनीं हुई है। एलडीए द्वारा बिना सडक दुरुस्त कराए पीडब्लूडी को हैंडोवर कर दी गई है, जिसका खामियाजा जनता को भोगना पड रहा है। आलम यह है कि विभागों की लापरवाही में फंसे लोंग स्वयं मलबा डलवा कर बनाने में जुट गए हैं। एलडीए की जानकीपुरम कालोनी में वर्षो से भवानी बाजार से चन्द्रिका टावर के सामने वाली सड़क तालाब का रुप ले चुकी है । सबसे खराब सड़कों में से एक मानीं जा रही है, जिसको देख कर यहां से वाहन रास्ता बदल देते हैं मगर लखनऊ विकास प्राधिकरण का दावा है कि इसी बदहाली की हालत में सड़क को पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर कर दिया है। मजे की बात ये है कि पीडब्ल्यूडी ने सड़क का टेकओवर ले भी लिया है। इसके बाद में अब प्राधिकरण ने जब इस सड़क की मरम्मत करने से मना कर दिया तो लोगों ने खुद मलबा डलवा कर इसको दुरुस्त करने का आगाज किया गया है। रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से जानकारी दी गई है कि जब सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण पवन कुमार गंगवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ये सड़कें पीडब्ल्यूडी को स्थानांतरित कर दी गई हैं। इस पर आये दिन होनी वाली दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में उन्हें अवगत करया गया। कम से कम उस पर वाहनों के चलने लायक करने के अनुरोध किया गया।

### 50 हजार की इनामी कमला बाई गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने बीते 2017 से फरार चल रही 50 हजार रूपए की पुरस्कार घोषित और संत लोक आश्रम रिलेजिक ट्रस्ट सेमरा लालगंज बस्ती के महंत बाबा सच्चिदानन्द उर्फ दयानंद उर्फ परमानन्द की शिष्या कमला बाई को गिरफ्तार किया है। कमला बाई का वास्तविक नाम प्रियंका श्रीवास्तव पुत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश श्रीवास्तव आवास विकास कालोनी कटरा काली मन्दिर बस्ती की रहने वाली है। कमला को आगरा एक्सप्रेस-वे पर काकोरी टोल प्लाजा थाना काकोरी लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है। विगत कुछ दिनों से वॉछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी । इसी दौरान पता चला कि बस्ती में विभिन्न मामलों में फरार चल रही इनामियां अभियुक्ता कमला बाई दिल्ली से लखनऊ होते हुये बस्ती जाने वाली है। इस सूचना पर एसटीएफ की उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये उक्त स्थान से अभियुक्ता कमला बाई को गिरफ्तार कर लिया गया।

### संशोधित ट्रांसफर सूची को लेकर स्वास्थ्य भवन का घेराव आज

**लखनऊ।** स्थानांतरण सूची निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलित यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन सोमवार को संशोधित स्थानांतरण सूची को लेकर स्वास्थ्य भवन का घेराव करेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह के मुताबिक संगठन द्वारा महिला सदस्यों को 1000 किलोमीटर से अधिक दूर किए गए स्थानांतरण के मुद्दे को उठाने के उपरांत कल रात में निदेशक प्रशासन द्वारा लगभग ढाई सौ स्थानांतरण संशोधित करते हुए आसपास के जिलों में महिला कर्मियों को तैनाती दी गई। परंतु दिव्यांगों, युगल दंपत्ति, दो वर्ष से कम सेवानिवृत्त, गंभीर बीमारी पदाधिकारियों आदि पर कोई विचार निदेशक प्रशासन द्वारा नहीं किया गया।

### सपा लोहिया वाहिनी के नवगठित सदस्यों को मिले मनोनयन पत्र

**बख्शी का तालाब।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के बीकेटी विधानसभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनय पत्रो का वितरण किया गया । यह कार्यक्रम विधानसभा के कठवारा गांव के मजरे रमगड़ा में पंकज गोस्वामी द्वारा किया गया । जिसमें पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विदेशपाल यादव, प्रदेश सचिव संजीव यादव, लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष उमाकांत यादव सहित अन्य समाजवादी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मांगों को लेकर एनएचएम कार्यालय का घेराव आज

**लखनऊ।** स्थानांतरण नीति बहाल करने, प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा को समाप्त करने जैसी कई मांगो को लेकर सोमवार को प्रदेश के एक लाख एनएचएम स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी एनएचएम कार्यालय का घेराव करेंगे। उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के मुताबिक घेराव करने को लेकर जिलों से कर्मचारी लखनऊ पहुंच चुके हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह ने बताया की कोविड.19 महामारी में एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जान की बाजी लगा फ्रंट लाइन पर रहकर विभाग को सेवा दी। इसके बावजूद उनकी मांगे नही मानी जा रही है। जबकि इस बाबत कई बार पत्राचार के माध्यम से हम अपनी समस्याएं शासन प्रशासन को पहुंचा चुके हैं।

## अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र को सिल्वर मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-7 के मेधावी छात्र आर्यन शुक्ला ने अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में सिल्वर मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह ओलम्पियाड हिन्दी विकास संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित हुआ। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि ओलम्पियाड में देश भर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर हिन्दी ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीएमएस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने शानदार प्रदर्शन से साबित कर दिया कि आज के युग में सफल होने के लिए देश के प्रत्येक छात्र को अपनी मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा का उत्कृष्ट ज्ञान होना आवश्यक है, साथ ही साथ हिन्दी भाषा का ज्ञान छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास हेतु भी अपरिहार्य है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सीएमएस छात्र के हिन्दी ज्ञान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि सीएमएस के छात्र अंग्रेजी भाषा में तो अपने ज्ञान का परचम लहराते ही हैं, साथ ही मातृभाषा हिन्दी में भी अपना आधिपत्य स्थापित करते हैं। सीएमएस का लक्ष्य बच्चों को वर्ल्ड लीडर के रूप में तैयार करने वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है।

## लेखिका अंजु रंजन की पुस्तक वो कागज की कश्ती एवं विस्थापन और यादें का विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गोमतीनगर** में उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य एकेडमी में मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने लेखिका अंजु रंजन की पुस्तक वो कागज की कश्ती एवं विस्थापन और यादें का विमोचन किया। मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखक जो संस्करण लिखते हैं, उसमें स्मृति का ही विवरण होता है। उन्होंने कहा कि लेखिका अंजु रंजन ने जो भी संस्करण लिखे हैं सारे संस्करण उनकी स्मृति का भाग हैं। इनका लेखन सरल, तरल व विरल है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में भिन्न भिन्न घटनाएं होती हैं लेकिन वो घटनाएं अपनी लगने लगे ऐसा विवरण इनकी पुस्तिका में है। लेखिका ने सहज भाव से जो लिखने का प्रयास किया है वह सफल हुआ है। पुस्तक विमोचन के दौरान लेखिका ने बताया कि वो कागज की कश्ती पुस्तक में मेरे 35 संस्मरणों का गुलदस्ता है। इस पुस्तक में मैंने अपनी बाल्यावस्था से लेकर युवावस्था तक की महत्वपूर्ण घटनाओं व 80, 90 के दशक में गांवों के रहन सहन तथा उस समय की परिस्थितियों व कठिनाइयों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि गांवों में किस प्रकार छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में लोग जीवन जीते हैं इत्यादि स्मरण उल्लेखित किये गये हैं। भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी लेखिका अंजु रंजन भारत के कॉन्सल जनरल में कार्यरत हैं।

# साईं संध्या में भक्तों ने जगाई बाबा की अलख



**लखनऊ।** साईं आश्रम ट्रस्ट लखनऊ के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बाबा का शुक्राना अदा करने के लिए भक्तों की एक संगत जेसी गेस्ट हाउस लखनऊ में एकत्रित हुई, जिसमें शहर के नामी गिरामी व्यक्ति जय शंकर वर्मा, इंद्रेश सिंह, हरीश सनवाल , राजेश पटेल, अजय जयसवाल, प्रदीप श्रीवास्तव ,संजय निगम, अतुल मिश्रा, गायत्री जायसवाल और कई अन्य भक्तों ने बाबा की अलख जगाई। साईं के भजनों से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया । ट्रस्ट के मुखिया संजय मिश्रा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर साईं को हम सबको कोरोना महामारी से बचाए रखने के लिए और अपनी भक्ति में लीन रखने के लिए धन्यवाद दिया गया। भजन संध्या में मीनू सचदेवा द्वारा कई भजन जैसे मेरे साईं बाबा त्रिपुरारी, सबके दुख दर्द मिटाते हैं, लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा गाए गए, जिनसे भक्त गण झूमने को विवश हो गए।।

## सीआरपीएफ ने आयोजित किया मेगा पौध रोपण अभियान



**लखऊ।** पुलिस महानिरीक्षक मध्य सेक्टर सीआरपीएफ लखनऊ के निर्देश पर ग्रुप केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल लखनऊ में मेगा वृक्षारोपण अभियान-2021 का आयोजन किया गया। ग्रुप केन्द्र कैम्प परिसर में राजीव रंजन उप महानिरीक्षक रेंज मुख्यालय लखनऊ ने पौधा लगाते हुये मेगा वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इसके अतिरिक्त लखनऊ के अन्य स्थलों जिनमें न्यू तहसील काम्पलेक्स बिजनौर लखनऊ, उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम माती कैथी तहसील सरोजनी नगर और गोमती रिवर फ्रंन्ट लखनऊ में पौधों का रोपण किया गया। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना, मानव जीवन को सुखी, समृद्धि व संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का अपना विशेष महत्व हैं। इस आयोजन में राकेश कुमार कमान्डेन्ट ग्रुप केन्द्र केरिपुबल लखनऊ, सीएमओ डॉ पुनम चौधरी तथा ग्रुप केन्द्र लखनऊ के अधिकारीगण, कार्मिकों एवं उनके परिजन द्वारा हिस्सा लिया गया

## आईजी ने जनसहभागिता से पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

**मोहनलालगंज।** सशस्त्र सीमा बल के आईजी रत्न संजय ने रविवार को मोहनलालगंज 4 बीएन बटालियन में जनसहभागिता से पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। पौधरोपण करते हुए आईजी ने कहा पर्यावरण संरक्षण के बिना धरती पर मानव जीवन की कल्पना भी मुमकिन नहीं है। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा आज हमारे कार्मिकों के परिजनों ने पूरे सीमांत में 24 हजार पौधे लगाए हैं। आईजी ने कहा जनसहभागिता से पौधरोपण अभियान में साल भर पौधे की देखरेख करने वाले को वृक्ष मित्र करार देकर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। पहचान के लिए पौधे पर लगाने वाले की नाम पट्टिका लगवाई जा रही है। आईजी ने कहा उत्तर प्रदेश में शहीदों के नाम पर विकसित की गईं सात शहीद वाटिकाओं में पौने दो लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 600 वृक्ष मित्र भी बनाए जा चुके हैं।

# दवाएं खत्म होते ही कमजोर पड़ने लगी भारतलाल के सांसों की डोर

### ● सीएम से नहीं हो सकी मुलाकात, मायूस लौटी पत्नी

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**दवाएं** खत्म हुईं तो बिस्तर पर लाचार पड़े मजदूर भारतलाल के सांसों की डोर फिर से कमजोर होने लगी है। पैरों में सूजन आ चुकी है और पीड़ा से कराह रहा मजदूर बिस्तर पर तड़पने को मजबूर है। सिविल अस्पताल ने इलाज में हाथ खड़े कर दिए हैं। तंगहाल परिवार उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाने का खर्चा नहीं जुटा पा रहा है। जनता दर्शन में सीएम से मुलाकात नहीं हो सकी तो बेबस परिवार ने पत्र भेजकर मदद मांगी है।

मोहनलालगंज के दहियर निवासी मजदूर भारतलाल के इलाज में तंगहाली बाधा बनी तो महीनों बिस्तर पर पड़े रहने से वह लाचार हो गया है। एसडीएम डॉ0 शुभी सिंह और सीएचसी अधीक्षिका डॉ0 ज्योति कामले की पहल पर भारतलाल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन सिविल अस्पताल के डाक्टरों ने उसे केजीएमसी अथवा लोहिया अस्पताल ले जाने की सलाह देकर रेफर कर दिया है। घर पर छोटे.छोटे बच्चों की देखरेख और अस्पताल के खर्चे का इंतजाम नहीं होने से बेबस पत्नी रेखा मजदूर पति को दूसरे अस्पताल ले जाने का साहस नहीं जुटा पा रही है। दवाएं खत्म होने से भारतलाल की परेशानी लगातार बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में बिस्तर पर लाचार पड़े मजदूर की तड़प दीवारों को भी झकझोर देने वाली है।

पति के इलाज के लिए रुपयों का इंतजाम नहीं होने से परेशान पत्नी रेखा फरियाद लेकर सीएम जनता दर्शन भी जा चुकी है। लेकिन सीएम से मुलाकात नहीं हो पाने से उसे मायूस होकर वापस लौटना पड़ पड़ गया। लिहाजा उसने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अपने परिवार की परेशानी बताई है। यही नहीं पीएम नरेन्द्र मोदी को भी आनलाइन शिकायत भेजकर मदद की गुहार लगाई गई है।

## सीएम ने अयोध्या मेडिकल कालेज का किया मुआयना

# पौधे रोपे, जाना मरीजों का हाल

**संवाददाता।** अयोध्या

**मुख्यमंत्री** द्वारा इसके पूर्व मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया गया तथा मौलश्री एवं फलदार छायादार वृक्ष भी लगाये गये। मुख्यमंत्री जी के द्वारा विभिन्न वार्डो में जाकर मरीजों से वार्ता भी की गयी तथा ब्लड बैंक को भी देखा गया। मरीजों से वार्ता के समय मुख्यमंत्री जी ने पूछा कि आपको कौन सी बीमारी है। व्यक्ति बच्चों ने बताया कि उनको बुखार है। वहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने कहा इनको वायरल फीबर है तो मुख्यमंत्री जी ने उनको गरम पानी पीने और साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। मुख्यमंत्री जी द्वारा निरीक्षण के बाद मीडिया से वार्ता की गयी तथा कहा गया कि हमारा उद्देश्य है कि अयोध्या एक विश्व स्तरीय पर्यटन केन्द्र के साथ साथ एजुकेशनल एवं मेडिकल फैसिलिटी का भी बड़ा केन्द्र हो। इसके लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया गया।



### योगी ने संतों के साथ ली सेल्फी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री जी द्वारा अगले चरण में पर्यटन विभाग के यात्री निवास नयाघाट पर अयोध्या के संत महात्माओं से मुलाकात की गयी तथा संतो के साथ भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया गया तथा मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी संतों को अंग वस्त्रम् प्रसाद आदि देकर सम्मानित किया गया। इसमें अयोध्या के लगभग सभी संत महंत उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के साथ अयोध्या के संतो ने खिंचवाई सेल्फी।

### महंत नृत्य गोपाल दास से की मुलाकात

अयोध्या। अगले चरण में सीएम ने हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन किया तथा रामलला मंदिर परिसर का निरीक्षण किया एवं पूजन किया तथा चल रहे कार्यो की जानकारी ली एवं संक्षिप्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मणिराम दास छावनी के महंत तथा रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास से भी मुलाकात की एवं प्रसिद्व सुग्रीव किला पीठाधीश्वर जगतगुरू विश्वप्रपन्नाचार्य से भी जाकर उनसे मुलाकात की एवं कुशलक्षेम पूछा।



रविवार को सावन के पहले दिन गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# भाकियू नेता की हत्या से हड़कंप



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

- सड़क पर शव रखकर किसानों ने दिया धरना
- एडीएम व एएसपी के आश्वासन पर माने किसान नेता, प्रशासन को दिया 24 घंटे का समय

**जिले के** बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम बौरब्यास निवासी भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण पाण्डेय की बीती रात/शनिवार की रात मामूली विवाद में गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा धारदार हथियार से गांव के बाहर गला रेत करके हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी एवं 1 करोड़ आर्थिक मदद दिए जाने की मांग को लेकर परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामा किया। किसी तरह से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाया। उसके बाद शव को लेकर रविवार को परिजन खलीलाबाद- मेंहदावल मार्ग पर स्थित जिला अस्पताल गेट के समीप सड़क जाम कर दिया। जिसमें भाकियू के जिले सहित प्रदेश एवं मंडल स्तर के नेता शामिल हुए और लाठी लेकर सड़क पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस से परिजनों एवं भाकियू नेताओं की नोकझोंक भी हुई। काफी मशक्कत के बाद अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नरायण त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र के 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के आश्वासन के बाद परिजन माने और सड़क जाम को खुलवाया गया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को भकियू नेताओं ने मांग पत्र सौंपा और मांगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई न होने की दशा में वृहद आन्दोलन करने की चेतावनी दी। पुलिस सुरक्षा के बीच शव को दाह संस्कार के लिए भेजवाया गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय ने किसान नेता की हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बखिरा पुलिस की संवेदनहीनता की वजह से यह घटना घटित हुई है।

# आजम को इलाज में सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

- खुद के खर्चे पर मेदांता में करा सकेंगे इलाज, हॉस्पिटल में मोबाइल पर बात व मिलने पर रहेगी पाबंदी
- शीर्ष अदाललत ने विचाराधीन बंदी की याचिका पर दिया आदेश

**संवाददाता।** सीतापुर

**सुप्रीम कोर्ट** ने सीतापुर जिला कारागार में निरूद्ध, रामपुर से सपा सांसद आजम खां को इलाज में राहत दी। बीमार आजम अब मेदांता हॉस्पिटल में अपना इलाज करा सकेंगे, बशर्ते, इलाज का सारा खर्च उन्हें खुद उठाना पडेग्गा। यह आदेश विचारधीन बंदी आजम खान की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। इसके लिए बकायदा सीतापुर के जेल अधीक्षक सुरेश सिंह ने मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ राकेश कपूर को पत्र भी भेजा। साथ ही यह भी हिदायत दी कि वे आजम को हॉस्पिटल में किसी से भी मोबाइल पर बातचीत करने व मिलने की कतई इजाजत न दें, हालांकि डॉक्टरों की टीम परिवार के सदस्यों से मिल सकती है और अगर डॉक्टरों को लगता है कि वो स्वस्थ है तो उनकी छुट्टी भी कर सकते है।



सीतापुर जेल अधीक्षक सुरेश सिंह बताते हैं कि आजम खान खुद के खर्च पर इलाज करा रहे हैं। बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की सरकारी अधिवक्ता अजय विक्रम सिंह ने जानकारी दी। अदालत के आदेश को ही मेंदाता अस्पताल को भेजा गया है। आदेश में निजी खर्चे पर इलाज के अलावा मोबाइल से किसी बाहरी व्यक्ति से बात करने पर पाबंदी लगाई है। आपको बता दें कि नौ मई 2021 को आजम खान कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। जिस कारण उन्हें लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, संक्रमण और आक्सीजन लेवल डाउन होने से आजम खान का मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। करीब 2 महीने 3 दिन तक भर्ती रहने के बाद वो तेरह जुलाई को दोबारा सीतापुर जिला कारागार में लाए गए थे। पर अचानक उनकी 19 जुलाई को दोबारा तबियत बिगड़ गई थी, इस पर कारागार प्रशासन ने उन्हें दोबारा मेदांता में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# पीएनबी की टांडा शाखा में लगी आग रिकार्ड रूम और कम्प्यूटर हुए राख

**संवाददाता।** टाण्डा अम्बेडकर नगर

**औधौगिक** बुनकर नगरी टाण्डा के पजाब नेशनल बैंक मे रविवार को सुबह लगभग पौने ग्यारह बजे एकाएक शार्ट सर्किट से आग लग गयी, बैक से पहले हल्का धुआ निकलते स्थानीय लोगो ने देखाधीरे धीरे धुआ बढता गया,बैक के सामने भीड बढती गयी। बैक मैनेजर तथा कोतवाली कोसूचना हुयी। मौके पर बैक मैनेजर केके सिह, कोतवाल सजय पाण्डेय, एसडीएम अभिषेक पाठक, क्षेत्राधिकारी सन्तोष कुमार आये। बैक का मुख्य द्वार खुलवाया गयाऔर अग्निशमन विभाग के जवान आग बुझाने मे जुट गये फायर बिग्रेड की तीन गाडियाआग बझाने मे लगी रही लगभग दो, ढाई घन्टे की जोरदार मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पंजाब नेशनल बैंक शाखा टाण्डा के मैनेजर केके सिह ने बताया किआग सभवता शार्ट सर्किट से लगी है। आग से कुछ कागजात, दो क प्यूटंरदो कुर्सी, दो मेज आदि ही.जले है।बैक लाकर और जनंता



केबाउचर आदि सुरछित है। अग्निशमन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि पजाब नेशनल बैंक मे आग लगने की सूचना एसडीएम टाण्डा से मिली, आग शार्ट सर्किट से लगी है। आग बुझाने हेतु फायर बिग्रेड की तीन गाडिया आयी है अब आग नियन्त्रण मे है। मौके पर एसडीएम टाण्डा अभिषेक पाठक, क्षेत्राधिकारी टाण्डा सन्तोष कुमार, कोतवाल सजय पाण्डेय तथा भारी संख्या मे पुलिस बल उपस्थित रहे।

## 2022 में बसपा को सरकार बनाने से कोई रोक नहीं सकता: सतीश चन्द्र

**अम्बेडकरनगर।** बसपा के प्रबुद्ध स मेलन सतीश चंद्र मिश्रा ने जम कर विरोधी दलों पर हमला बोला और खुद को ब्राह्मणों का रहनुमा बताया। बसपा एक तरफ जहाँ जातीय समीकरण साधने में जुटी है। अपने सम्बोधन में सतीश चंद मिश्रा ने कहा कि मेरे इस कार्यक्रम से प्रदेश की सभी पार्टियां बौखला गई हैं। अयोध्या के बाद अम्बेडकरनगर में लगातार तीन प्रबुद्ध स मेलन करके बसपा अपनी पुरानी जमीन तलाशने की कोशिश कर रही है। अकबरपुर के शिवाय लान में आयोजित प्रबुद्ध स मेलन में सतीश चंद्र मिश्र ने कहा कि बसपा के प्रबुद्ध सम्मेलन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अयोध्या पहुंच गए ,और भाजपा को ब्रा हणो का स मान करने का निर्देश दिया, इतना ही नहीं अब समाजवादी पार्टी ने भी अगस्त महीने से ब्राह्मण स मलेन करने का एलान करके यह साबित कर दिया कि बसपा प्रबुद्ध स मलेन का खौफ सभी दलों पर दिखाई पड़ने लगा है, सतीश चंद्र मिश्र ने प्रबुद्ध स मेलन में आए सभी लोगो से एकजुट होने की अपील की।

# दुनिया को 'सिद्धार्थनगर' से बुद्ध का संदेश देंगे पीएम मोदी

- गुरुपूर्णिमा के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्यालय में 'भारत विश्व और मोदी' विषय पर हुई परिचर्चा

**संवाददाता।** बस्ती

**गुरुपूर्णिमा** के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कालेज में भारत विश्व और मोदी विषय पर परिचर्चा हुई। कबीर पुरस्कार से सम्मानित, साहित्यकार और भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि विश्व में मोदी अपने देश के ऐसे पीएम हैं, जिन्होंने अमेरिका, चीन, जापान, रुस, इग्लैंड और सउदी अरब में जाकर बड़ी-बड़ी सभाएं की। कहा कि भारत से लेकर लैटिन अमेरिका तक किसी जमाने में भारतीयों का कब्जा था, इसी अतीत को फिर से समृद्ध करने के लिए देश की बागडोर देश के एक साधारण स्वंय सेवक मोदी के हाथ में है। कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के क्रम में राष्ट्रीय पुन: जागरण की जो अलख 1925 में आरएसएस ने जलाई थी, आज वह वैचारिक अधिष्ठान वटबृक्ष बनकर करोड़ों लोगों को छाया दे रही है। स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले महाराष्ट्र के कांग्रेस उपाध्यक्ष डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने अतीत को और अधिक समृद्वि करने के लिए संघ की स्थापना की थी, आज वह संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वंय सेवी संगठन बन चुका है। संघ के विचारों को लेकर संघ के स्वयं सेवक विविध



क्षेत्रों में समाज को संघ के आयामों से परिचित कराने के लिए राष्ट्रीय पुन: जागरण यानि अतीत का जो स्वर्णिम युग था। राम, कृष्ण, चाणक्य, तिलक एवं अरविंद जैसे लोगों के विचारों को समाज को देते हुए, यह सिद्ध करना कि भारत अर्थात आर्यावृत कभी विष्व गुरु था।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने सारे मिथक को तोड़कर भगवान बुद्ध के उस संदेश को साकार किया, जिसमें कहा गया कि सब बराबर है। देश की आंतरिक और वाह्य सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बताते हुए कहा कि आज कोई भी देश भारत को आंख दिखाने की स्थित में नहीं है। अभिभाजित बस्ती जनपद विभाजित सिद्धार्थनगर में देश के पीएम मोदी का आगामी 30 जुलाई को बुद्ध की धरती से संबोधित करना, केवल मेडिकल कालेज का उद्घाटन नहीं है। सिद्धार्थ की धरती से पीएम यह संदेश देना चाहते हैं कि भगवान बुद्ध के विचार तब भी प्रासंगिक थे, आज भी है, और कल भी रहेगा। कहा कि बुद्ध ने भारत की संस्कृति को अपने समय में विश्वव्यापी बनाया, उनकी स्मृति कपिलवस्तु, ककरहवा, अलीगढ़वा, कोपिया, कुशीनगर और सारनाथ जैसे स्थानों पर विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने और विदेशी मुद्रा लाने में बौद्ध धर्म का बड़ा योगदान है।

# हनुमान मंदिर की छत तोड़ने का विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

- मौके पर भारी भीड़ जमा, पुलिस और पीएसी मौजूद

**शिवपुर** थाना अंतर्गत गिलट बाजार पुलिस चौकी के समीप नगर निगम के पार्क में स्थित हनुमान जी के मंदिर की छत न्यायालय के आदेश पर रविवार को तोड़ने पहुंची वीडीए और नगर निगम की टीम को क्षेत्रीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। मंदिर के पूजारी और क्षेत्रीय पार्षद पति ने भी इसका विरोध किया है। वहीं सूचना मिलते मौके पर पहुंचे एसीपी कैंट अभिमन्यू मांगलिक व एसीएम चार ने लोगों को समझाया, जिसके बाद मंदिर के आगे लगे टीन शेड को हटाने की सहमती बनी। लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर शिवपुर थाने की फोर्स एहतियातन बुला ली गई। वहीं नगर निगम के जोनल अधिकारी का कहना है कि माननीय न्यायालय में एक याचिका थी, जिस पर न्यायालय ने वर्ष 2013 के बाद मंदिर की जो छत बनी है केवल उसे तोड़ने का आदेश दिया है, जिस के क्रम में टीम यहां पहुंची है। उन्होंने बताया कि मंदिर वर्ष 2005 में स्थापित हुई है।

अत: मंदिर में स्थापित मूर्ति को कतई नहीं छुआ जाएगा बल्कि केवल ऊपर की छत जो अवैध है, उसे तोड़ा जाएगा। वहीं मंदिर के पुजारी का आरोप कि वीडीए की टीम जोर जबरदस्ती करके इसे तोड़ना चाह रही है। आम जनता ने इसका विरोध किया है। मंदिर में शनिवार के दिन ज्यादा संख्या में लोग दर्शन के लिए आते हैं। वहीं शिवपुर वार्ड के भाजपा पार्षद पति रोहित मौर्या ने बताया कि एक ओर जहां हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को छत देने की बात कर रहे हैं, तो वहीं यहां की प्रशासन खुद भगवान के मंदिर की छत हटाने पर उतारू है। रोहित मौर्या ने कहा कि इस संदर्भ में हम लोगो अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं और मंदिर के छत नहीं तोड़ने दी जाएगी। यह कोई नव निर्माण नहीं है। जब वीडीए खुद मान रहा है कि मूर्ति 2005 में स्थापित हुई है तो क्या मूर्ति खुले आसमान के नीचे रहेगी। नगर आयुक्त को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ पीएससी फोर्स भी बुलाई गई। दूसरी ओर वहां मौजूद स्थानीय लोग जय श्री राम के नारे लगाते हुए हनुमान चालीसा का पाठ भी करना शुरु कर दिया। लोगों का कहना है कि मंदिर के छत को कतई तोड़ने नहीं दिया जाएगा। बहरहाल प्रशासन मंदिर के अवैध छत को गिराने का प्रयास कर रहा है, तो लोग भजन कीर्तन प्रारंभ करते हुए वहीं जमे हुए हैं।

**पीएम-कुसुम योजना की विशाल क्षमता सामने आई**

वाराणसी। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने नए वित्तीय वर्ष 2021-22 की जोरदार शुरुआत की है। पहली तिमाही में 92.20 करोड़ की तुलना में, कंपनी ने 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए 156.31 करोड़ पर समेकित शुद्ध राजस्व दर्ज किया जो कि 69.5 प्रतिशत की वृद्धि है।शक्ति पम्पस के शुद्ध लाभ ने भी स्मार्ट लाभ दर्ज किया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में 7.29 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पहली तिमाही में 3.31 करोड़ था।

# एडीजी ने विश्वनाथ मंदिर परिसर का किया मुआयना

- सावन के पहले सोमवार को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- विश्वनाथ मंदिर परिसर सजधज तैयार
- सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सावन** के महीने में शिवभक्तों के लिए काशीपुराधिपति श्री काशी विश्वनाथ का दरबार अपने भक्तों के लिए सजधज कर तैयार हो गया है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व प्रशासन ने मंदिर की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। मंदिर में प्रवेश के लिए स्टील की बैरिकेडिंग का काम शनिवार को देर रात तक पूरा हो गया। श्रद्धालुओं के लिए स्टील की बैरिकेडिंग में ही रेड कार्पेट बिछाया जाएगा। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। कोरोना के सक्रमण से बचाव के लिए सभी श्रद्धालुओं को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि मैदागिन की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को गेट नंबर चार छत्ताद्वार होते हुए मंदिर चौक भेजा जाएगा। श्रद्धालुओं को गेट-ए से प्रवेश करने के बाद गर्भगृह के पूर्वी प्रवेश द्वार पर जल चढ़ाने की व्यवस्था मिलेगी। जो भक्त किसी कारण वश नहीं आ सकते वो बाबा के ऑनलाइन दर्शन भी कर सकते हैं। बांसफाटक से ढुंढिराज गली होकर आने वाले श्रद्धालु मंदिर परिसर के गेट-डी से प्रवेश पाएंगे और गर्भगृह के पश्चिमी द्वार से दर्शन व जलाभिषेक कर सकेंगे। सरस्वती फाटक की ओर से आने वाले श्रद्धालु गर्भगृह के दक्षिणी द्वार और वीआईपी, वीवीआईपी व सुगम दर्शन के टिकटधारी गेट-सी से प्रवेश कर गर्भगृह के उत्तरी द्वार से दर्शन करेंगे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल, पेन, घड़ी, पेन ड्राइव आदि लेकर मंदिर में ना आएं। इससे दर्शन में परेशानी होगी। मंदिर परिसर में किसी विग्रह, दीवार या रेलिंग को स्पर्श करने से बचें। मंदिर परिसर को हर छह घंटे पर सैनिटाइज किया जाएगा। आपात स्थिति के लिए चिकित्सक और एनडीआरएफ की टीम भी तैनात रहेगी। पेयजल से लेकर खोया पाया केंद्र, पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय बनवाया गया है। रविवार को सावन मास लगते ही श्रद्धालुओं ने गोदौलिया से ज्ञानवापी तक लाइन लगाकर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुँचकर दर्शन-पूजन किया।




**मऊ में कोविड नियमों के साथ होगा जलाभिषेक:** मऊ। पवित्र सावन माह की शुरुआत रविवार से हो गया। सोमवार को सावन माह के पहले सोमवार को मंदिरों एवं शिवालयों में कोविड नियमों का पालन करते हुए जलाभिषेक किया जाएगा। किसी भी कीमत पर मंदिरों व शिवालयों में कोविड नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। सावन माह को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने रविवार को सावन माह के पहले दिन घरों में पूजन-अर्चन किया। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में सावन माह को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वैसे तो सावन माह की शुरुआत रविवार को हो गया।

# नेताओं की लफ्फाजी

## न्यायालय द्वारा खिंचाई

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने राजनेताओं से कहा है कि वे अपने द्वारा किए वादों का सम्मान करें। उसने 89 पेज के फैसले में सरकारों में उच्च पदों पर बैठे राजनेताओं से कहा है कि उनको जनता से खोखले वादे करने के बजाय उनका सम्मान करना चाहिए। यह फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा एक मामले में किए वादे से संबंधित है। इससे यह संदेश जाता है कि कानून और नैतिकता के बीच खाई पाटनी जरूरी है तथा सत्ता के उच्च पदों पर बैठे निर्वाचित या अन्य अधिकारियों को समझना चाहिए कि वे 'जनता के प्रति जवाबदेह हैं, खासकर ऐसे मामले में जब वे कोई खास काम करने या न करने पर अपनी सहमति दे देते हैं।' नागरिकों को उम्मीद होती है कि सरकार अपने द्वारा किए वादों का क्रियान्वयन करेगी। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने फैसले में अपनी टिप्पणी से समाज की सोच को अभिव्यक्ति दी है। उन्होंने कहा है, 'यह कहावत सामाजिक संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है कि वादे तोड़ने के लिए किए जाते हैं।' इस निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सरकार या उसके अधिकारियों द्वारा किए वादे पूरे न किए जाने पर 'न्यायिक रूप से लागू करने योग्य' होते हैं। यह निर्णय राजनेताओं को उन चीजों की याद दिलाता है जो प्रशासन के बिजनेस में कही जाती हैं, पर राजनीति के दायरे में भुला दी जाती हैं। इनमें से एक यह है कि सुशासन के लिए शासन करने वालों और शासित लोगों के बीच विश्वास बनाए रखना जरूरी है। यह विश्वास बनाए रखना उन आश्वासनों की वैधानिकता से जुड़ा है जो नागरिकों और सरकार के बीच संबंध मजबूत करते हैं। नागरिक सरकारी पदों पर बैठे लोगों के वादों पर काफी विश्वास



करते हैं और उनके द्वारा दिया गया आश्वासन एक दायित्व की तरह है जो जनता के प्रति उनके सार्वजनिक दायित्व से जुड़ा होता है। इस निर्णय से एक महत्वपूर्ण नतीजा यह निकलता है कि किसी उच्चाधिकारी द्वारा दिया गया प्रतिनिधित्व उसके अधिकार के दायरे में आ जाता है। इस निर्णय का भारतीय राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा जिसमें सत्तारूढ़ राजनेता बिना पहले विचार किए लोकरंजक बातें करने के आदी हो जाते हैं और प्रशासन के दृष्टिकोण से उन पर बाद में सोचते हैं। किसी भी दिन के अखबारों को सरसरी नजर से देखने पर जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किए ऐसे अनेक वादे दिखते हैं जो अधूरे रह जाते हैं। वर्तमान मामले का संबंध कुछ गरीब श्रमिकों द्वारा अदालत में दायर की गई याचिका से है। इसमें केजरीवाल से उनकी ओर से किराया अदा करने की बात कही गई है यदि वे कोविड-19 से आई मुसीबत के कारण उसे अदा करने में विफल रहे। केजरीवाल ने मार्च, 2020 में इसका वादा किया था, पर बाद में इसका पालन नहीं किया। इस मामले के संदर्भ में अदालत का यह कथन बिल्कुल ठीक है कि 'वाणिज्यिक विज्ञापनों में जिस प्रकार के बड़बोलेपन की अनुमति है, उसे प्रशासन में स्वीकार कर उसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है।' यह फैसला उन राजनेताओं के लिए गंभीर चेतावनी है जिनके लिए जनता केवल मतदाता है, नागरिक नहीं। ऐसे लाखों राजनीतिक व चुनावी वादे हैं जो अनदेखे रह जाते हैं क्योंकि उन सत्तारूढ़ राजनेताओं को दंड देने के कोई कानून नहीं हैं जो परंपरागत रूप से वादे करते रहते हैं, पर उनके प्रति जवाबदेही नहीं प्रदर्शित करते हैं। इस फैसले के बाद सत्तारूढ़ लोगों को सोचना होगा कि वे जनता की वैध उम्मीदों से खिलवाड़ न करें।

# मध्यस्थता धनराशि की प्रतीक्षा में केयर्न

ब्रिटिश बिजली व ऊर्जा क्षेत्र की विशाल कंपनी केयर्न इनर्जी ने भारत सरकार को मामला सुलझाने के लिए कई प्रकार के विस्तृत प्रस्ताव दिए हैं।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)




जिस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था, उसी दिन भारत को एक तगड़ा झटका भी लगा था। ब्रिटिश बिजली व ऊर्जा क्षेत्र की विशाल कंपनी केयर्न इनर्जी के साथ पूर्वगामी टैक्स विवाद मामले में फ्रांस की एक अदालत ने पेरिस में भारत सरकार की आवासीय परिसंपत्तियों को फ्रीज कर दिया था। इस फैसले का प्रभाव 20 संपत्तियों पर पड़ेगा जिनका मूल्य 20 मिलियन यूरो या 177 करोड़ रुपये है। इनको कुछ साल पहले केयर्न इनर्जी द्वारा भारत को दिए कर्ज की गारंटी के रूप में रखा गया था। 755 मिलियन पौंड या लगभग 7,800 करोड़ रुपये बाजार पूंजीकरण वाली कंपनी ने अनेक देशों में 1.7 बिलियन डालर या 12,750 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता धनराशि वसूल करने के लिए कई देशों में मुकदमे दायर किए हैं। कंपनी ने न्यूयार्क में भी मुकदमे दायर कर न्यायिक अनुमति मांगी है कि एयर इंडिया को भारतीय राज्य का हिस्सा मानते हुए उसे संयुक्त रूप से मध्यस्थता धनराशि के लिए जिम्मेदार माना जाए। फ्रांसीसी अदालत का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इससे नया राजनयिक टकराव पैदा हो सकता है जिसका प्रभाव देश की संप्रभुता पर भी पड़ेगा। इससे यह छवि भी बनेगी कि एमएनसी व अन्य निजी पार्टियां भारत को हल्के में ले सकती हैं। ठीक यही हुआ। केयर्न जैसा एक मामला देवास मल्टीमीडिया का है जिसे इसरो के पूर्व कार्यकारियों ने शुरू किया था। इसने इसरो के एंट्रिक्स कार्प के साथ समझौता किया था। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने 2005 में कहा था कि स्पेक्ट्रम समझौता धोखाधड़ी है। उसका हिस्सा बाद में ड्यूटुश टेलीकाम ने ले लिया। देवास ने यह कहते हुए मध्यस्थता ट्राइब्यूनल का दरवाजा खटखटाया कि इस प्रकार रद्द किए जाने से उसका कई मिलियन डालर का निवेश नष्ट हुआ है। 2020 में ट्राइब्यूनल ने देवास को 1.2 बिलियन डालर मंजूर कर दिए। अब वह भारत सरकार से भुगतान मांग रहा है जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने स्थगित कर दिया है। न्यूयार्क की एक अदालत ने एयर इंडिया से भुगतान करने को कहा है नहीं तो उसकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी जिसमें विमान, कार्गो हैंडलिंग उपकरण तथा आर्टवर्क शामिल हैं।

दोनों मामलों में भारतीय अधिकारियों ने मामले की पैरवी ठीक से नहीं की। केयर्न और देवास मामले में उन्होंने जर्मनी और हेग अदालतों का दरवाजा खटखटाया, जबकि दो मध्यस्थता मामलों में न्यायक्षेत्र व आपराधिकता पर भारत के तर्क भारत-मारीशस व भारत-जर्मनी के द्विपक्षीय निवेश समझौतों-बीआईटी के अंतर्गत थे। केयर्न व देवास ने दबाव की रणनीति के अंतर्गत एयर इंडिया विमानों पर प्रमुख संपत्ति के रूप में निशाना लगाया ताकि भारत पर भुगतान वार्ता के लिए दबाव डाला जा सके। हालांकि, कर्ज का भुगतान प्राप्त करने के लिए विमान या संपत्तियां जब्त करना अतिवादी रणनीति कही जा सकती है, पर इसके पूर्व-उदाहरण हैं। विमान कीमती व गतिशील संपत्ति होते हैं ओर उनकी बिक्री तुलनात्मक रूप से आसान है। कुछ साल पहले अमेरिका के हेज फंड इलियट कैपिटल मेनेजमेंट ने अर्जेन्टाइना के समुद्री जहाज पर कब्जा कर लिया था ताकि 2001 में दिया कर्ज वसूल किया जा सके। केयर्न मामले का संबंध अनुचित टैक्स व्यवस्था से है। 2014 में पूर्वगामी टैक्स मांग के कारण कंपनी का सरकार के साथ विवाद है। आयकर विभाग ने उन भारतीय कार्रवाइयों में 10 प्रतिशत हिस्सा जब्त किया था जो केयर्न बेचने का प्रयास कर रही थी। लंबे विवाद के बाद केयर्न ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का रास्ता अपनाया और उसे 1.7 बिलियन डालर प्राप्त हुए।

हाल ही में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उच्च कराधान का मामला उठाया। इसके अलावा पूर्वगामी टैक्स तथा पूर्वगामी प्रभाव से टैक्स लागू करने पर जटिलता का समाधान नहीं हुआ है। ओईसीडी ने कार्पोरेट पर न्यूनतम 15 प्रतिशत वैश्विक टैक्स का प्रस्ताव किया है। संप्रग सरकार ने विवादास्पद पूर्वगामी टैक्स की शुरुआत मार्च, 2012 में की थी। राजग-2 से उम्मीद थी कि वह इसे ठीक करेगी, पर 2014 के बाद भी नौकरशाही व्यवस्था उसी रास्ते पर चलती रही। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 20 जनवरी, 2012 को वोडाफोन के पक्ष में फैसला देते हुए 2010 के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को उलट दिया था जिसमें कहा गया था कि वोडाफोन को पूर्वगामी प्रभाव से 2 बिलियन डालर टैक्स देना होगा क्योंकि दो अनिवासी उद्यमों के बीच शेयरों के हस्तांतरण पर भारतीय पूंजी लाभ कर-सीजीटी लागू होता है। लेकिन कर अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से बचने के लिए मार्च, 2012 में पूर्वगामी टैक्स लागू कर सरकार को सीजीटी लागू करने की अनुमति दे दी। यह कदम पूर्व वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी ने 2012 में उठाया था। मार्च, 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने कहा था कि संप्रग द्वारा वोडाफोन पर पूर्वगामी टैक्स लगाना गलत था और 'वर्तमान सरकार उस रास्ते पर नहीं चलेगी।' 18 जुलाई, 2014 को उन्होंने कहा था कि भारत पूर्वगामी प्रभाव से कोई टैक्स नहीं लागू करेगी जो अतिरिक्त बोझ डालता है। लेकिन जेटली ने 2011 का कानून वापस करने के लिए कोई कदम नही उठाए।

जेटली व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्वगामी टैक्स न लगाने के वादों का प्रयोग केयर्न इनर्जी ने 20 दिसंबर, 2020 को हेग में तीन सदस्यों वाले स्थाई मध्यस्थता न्यायाधिकरण में किया गया। इसने फैसला दिया कि 2006 में केयर्न इनर्जी के भारतीय बिजनेस का पुनर्गठन 'अवैध करापवंचन' नही था और उसने कर अधिकारियों को अपनी मांग छोड़ने को कहा। लेकिन नौकरशाही की जिद के कारण ऐसा नहीं हुआ। केयर्न ने मध्यस्थता फैसला लागू करने के लिए विभिन्न महाद्वीपों के न्यायक्षेत्रों में प्रयास किया जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, सिंगापुर, मारीशस, फ्रांस व नीदरलैंड शामिल हैं। कंपनी का इरादा उच्च मूल्य वाली परिसंपत्तियों पर निशाना लगाना है। केयर्न ने मामला सुलझाने के लिए भारत सरकार को अनेक विस्तृत प्रस्ताव दिए हैं। लेकिन अब राजग सरकार संभवत: अधिकारियों के दबाव में अपना दृष्टिकोण बदल रही है। भारत को यह सवाल परेशान कर रहा है कि क्या देश को अपने ध्वजवाहक विमानों तथा अन्य प्रमुख संपत्तियों से हाथ धोना पड़ेगा? तकनीकी रूप से ऐसा हो सकता है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि उनको अभी फ्रांसीसी अदालत या सरकार से कोई नोटिस या संदेश नहीं मिला है और वे मामले का डट कर बचाव करेंगे। इससे वार्ताओं के साथ ही और मुकदमेबाजी संभव है। केयर्न कार्पोरेट कम्युनिकेशन के निदेशक डेविड निस्बत ने कहा था कि कंपनी भारत के साथ समझौता कर अपने शेयरधारकों का विश्वास बनाए रखना चाहती है। उसने 1.7 बिलियन प्राप्त करने के लिए 70 बिलियन डालर की भारतीय परिसंपत्तियों की पहचान की थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कंपनी जानती है कि सरकारों से मुकाबले के साथ ही उसे बिजनेस में उनकी सद्भावना भी चाहिए।

फ्रांसीसी अदालत का वर्तमान आदेश आने से पहले जनवरी, 2021 से ही सरकार बातचीत कर रही है। वह मध्यस्थता भुगतान के बजाय केयर्न इनर्जी को रत्ना-आर सीरीज़ का एक तेल क्षेत्र दे सकती है जिसे अरब सागर में इस्सार-प्रीमियर आयल से 2016 में लिया गया था। केयर्न ने 10247 करोड़ रुपये पूर्वगामी टैक्स की मांग के बाद एनजीआरआई सर्वेक्षण के नतीजे में बाड़मेर में सबसे गहरे तेल कुंए बनाने की इच्छा छोड़ दी थी। शायद सरकार चाहती थी कि सबसे कम आपरेशनल खर्च वाली यह सबसे बड़ी तेल कंपनी भारत आए जिससे उसकी अंतरराष्ट्रीय निवेशकों में अच्छी छवि बने। वह बाड़मेर तेल क्षेत्र के अन्य विकल्प भी खोज रही थी। इस क्षेत्र में काम कर रही वेदन्ता अब तक अनुबंध विस्तार की सरकारी शर्तों पर तैयार नहीं है। वेदान्ता के अंतर्गत राजस्थान तेलक्षेत्रों के उत्पादन में लगातार कमी आई है। केयर्न ने उत्पादित प्रति बैरल तेल पर 9 डालर सेस का विरोध किया था। नौकरशाहों ने पूरे मुद्दे को एक जाल में फंसा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वगामी प्रभाव से टैक्स समाप्त करने का राजनीतिक निर्णय यह सुनिश्चित कर सकता है कि केयर्न, वोडाफोन, देवास या वेदान्ता जैसी घटनायें दुहराई नहीं जाएंगी तथा नौकरशाहों को स्थितियां जटिल बनाने का मौका नहीं मिलेगा।

# सरकार के समक्ष पेगासस की चुनौती



**ज्ञानेश्वर दयाल**
(लेखक डाक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता एवं स्तम्भकार हैं)

सफेद पंखों वाला काल्पनिक लड़ाकू घोड़ा पेगासस आखिरकार भारत में उतरा है। ऐसा लगभग दो साल पहले 2019 चुनाव के पूर्व हुआ। पेगासस संभवत: ऐसा सफेद घोड़ा सिद्ध हुआ जिसकी पीठ पर सवार होकर भाजपा ने विपक्ष को नष्ट कर दिया और अपनी विजय सुनिश्चित की। काल्पनिक पेगासस की तरह इसने विरोधियों को नष्ट कर दिया तथा अपने सवार मालिक की आरामदेह व ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। वास्तव में इसे जनता के पैसे से खरीदा गया था। सभी जानते हैं कि पेगासस वर्तमान समय में एक स्पाईवेयर प्रोग्राम है जिसका प्रयोग किसी फोन को हैक कर इस उपकरण पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए किया जाता है। इस्राइल के एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित यह किसी मोबाइल फोन के कैमरे, माइक्रोफोन, कांटैक्ट लिस्ट, डेटा, आदि तक गोपनीय पहुंच बनाता है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा समस्याओं व आतंकवाद से निपटने हेतु किसी सरकार के लिए उपलब्ध है। निर्माताओं का दावा है कि वे व्यक्तियों, बिजनेसों या संगठनों को यह साफ्टवेयर नहीं बेचते हैं। वे इसे केवल सरकारों को बेचते हैं ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके। 'प्रोजेक्ट पेगासस' फ्रांसीसी संगठन 'फारबिडेन स्टोरीज़' व एमनेस्टी इंटरनेशनल के कठोर परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने पेगासस की बिक्री, दुरुपयोग तथा लक्ष्यों की जांच की। उन्होंने पेगासस की निगरानी वाले लोगों के फोन नंबरों का पता लगाया। उन्होंने अपने काम का साझा मीडिया संगठनों से किया। इस परियोजना में सहयोगियों के रूप में गार्जियन, वाशिंगटन पोस्ट, भारतीय द वायर तथा अनेक अन्य मीडिया संगठन शामिल हैं। इससे एक भयानक प्रकरण सामने आया है। उन्होंने पता लगाया कि दुनिया के अनेक सरकारों ने कैसे इनका प्रयोग ऐसे लोगों के खिलाफ किया जिनको वे सरकारें एक संभावित खतरे की तरह देखती थीं। भारत इसे खरीदने और प्रयोग करने वाले देशों में से एक है जहां इसका प्रयोग आतंकवादियों के बजाय सिविल सोसाइटी के खिलाफ किया गया। राजनेता, पत्रकार, वकील, एक्टिविस्ट तथा उसके अपने मंत्री भी निशाने पर थे। सामने आई खबरों से संकेत मिलता है कि इसका प्रयोग प्रधान न्यायाधीश की एक इंटर्न,




निर्वाचन आयुक्त, विपक्षी नेताओं तथा यहां तक कि सरकार के मंत्रियों के खिलाफ किया गया। वे न आतंकवादी थे और न उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा था। सिद्धान्त रूप से यह साफ्टवेयर आतंकवाद से लड़ने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए है, पर इसका प्रयोग तत्कालीन सत्तारूढ़ सरकार को मजबूत करने के लिए किया गया। यह उसे अपने खिलाफ लोगों के विरुद्ध खड़े होने तथा आतंकवाद के नाम पर भय पैदा करने का अवसर देता था। गृह मंत्री अमित शाह ने वर्तमान प्रकरण पर कहा है कि लोगों को क्रोनोलोजी समझनी चाहिए। हालांकि, जनता इस पूरे मामले पर सवाल उठा रही है तथा जानना चाहती है कि पिछले चार-पांच साल में क्या हुआ। तस्वीर को समग्रता से देखने के लिए इस मामले में भारत में लक्षित लोगों की लंबी सूची में शामिल कुछ नामों पर गौर किया जा सकता है। 2019 के आम चुनाव से पहले और उसके बाद बहुत कुछ हो चुका है। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त अशोक लवासा की आम चुनाव में प्रमुख भूमिका थी। वे एक ऐसी समिति में शामिल थे जो आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शिकायतें सुन रही थी। मोदी व शाह के खिलाफ शिकायतों पर समिति के फैसले से लवासा की सहमति नहीं थी। उनकी पत्नी नोवेल लवासा को दो महीने बाद आयकर का नोटिस दिया गया। पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के खिलाफ इंटर्न ने एक शपथपत्र देकर यौन उन्मुखीकरण के आरोप लगाए थे और उसका नाम भी पेगासस सूची में शामिल था। पेगासस प्रोजेक्ट के अनुसार, उसका तथा उसके परिवार के 10 अन्य सदस्यों के नाम लक्षित सूची में शामिल थे। यह ऐसा समय था जब जस्टिस गोगोई ने अनेक महत्वपूर्ण व संवेदनशील मामलों में फैसले दिए थे जिनमें राम मंदिर व राफेल शामिल हैं। उन्होंने राफेल समझौते के मामले में मोदी सरकार को क्लीन चिट दी थी। उन्होंने अयोध्या फैसला दिया था जिससे केन्द्र सरकार बहुत प्रसन्न थी। उन्होंने सीताराम येचुरी द्वारा मुहम्मद यूसुफ तारीगामी को पेश करने वाली हीबियस कार्पस याचिका पर कठोर दृष्टिकोण नहीं अपनाया था। यह निर्णय मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा कश्मीर में अनिश्चितकालीन लाकडाउन के निर्णय के बाद आया था। जस्टिस गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी हिरासत को अवैध नहीं कहा था। पेगासस का प्रयोग विपक्षी नेता तथा 2019 को मोदी को चुनौती देने वाले प्रमुख नेता राहुल गांधी के खिलाफ भी किया गया था। एक समय भाजपा के रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर का नाम भी लक्षित लोगों की सूची में था। मजेदार बात है कि इस मामले में सरकार का सदन में बचाव आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी जासूसी असंभव है, हालांकि स्वयं उनका फोन भी निगरानी वाली सूची में शामिल था। इस साफ्टवेयर का प्रयोग भीमा कोरेगांव मामले के आरोपियों के खिलाफ भी किया गया था। पश्चिमी मीडिया पहले ही संकेत दे चुका है कि भीमा कोरेगांव मामले में लोगों को गलत तरीके से फंसाया गया था। हनी बाबू, मुसलियावेत्तिल थराइल, उनकी पत्नी जेनी रोवेन्ना, वर्नोन गोन्साल्वेज़, आनन्द टेलटुम्बडे, सुधा भारद्वाज, गौतम नवलखा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर शोमा सेन तथा वकील अरुण फेरेरिया के नाम प्रोजेक्ट पेगासस में सामने आए हैं। आरोपियों में 84 वर्षीय फादर स्टेनस्वामी भी शामिल थे जिनका निधन 5 जुलाई को चिकित्सा आधार पर जमानत की प्रतीक्षा करते हुए हो गया। पेगासस प्रकरण सरकार के लिए चुनौती बन गया है, हालांकि सरकार ने जासूसी में अपनी किसी सहभागिता से इनकार किया है। यदि वह संलिप्त नहीं थी तो इसे यह बात तीसरे पक्ष की जांच से सिद्ध करनी चाहिए जिसकी मांग कपिल सिब्बल ने की है। वर्तमान समय में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं को पाक-साफ सिद्ध करे। इससे जनता का लोकतंत्र पर विश्वास मजबूत होगा। इससे देश की छवि भी मजबूत होगी जिसके लिए वर्तमान सरकार अत्यधिक प्रयासरत है।

## आप की बात

### पेगासस पर दावे-प्रतिदावे

**मानसून** सत्र के लिए पेगासस का जिन्न मुसीबत बन कर आया है। सियासत के कारण सदन की मर्यादा और सदस्यों का व्यवहार खराब हुआ है। विपक्ष कई वरिष्ठ और गणमान्य के फोन टेप किए जाने को लेकर हंगामा कर रहा है तो सरकार दावे को निराधार बता रही है। दोनों के बीच बढ़ती तल्खी से सदन का बहुमूल्य वक्त जाया हो रहा है जो कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर उचित नहीं है। पेगासस को लेकर पक्ष विपक्ष आमने-सामने है। विपक्ष नेताओं, जजों और पत्रकारों के फोन सरकार द्वारा टैप करवाए जाने का आरोप लगा रहा है। जासुसी प्रकरण को लेकर हो रहे हंगामे से लोकसभा की कार्यवाही नहीं चल पा रही है और पूरा सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया है। संसद में इस मुद्दे पर चर्चा और संयुक्त समिति से जांच की मांग को लेकर अड़ा विपक्ष सरकार को रास नहीं आ रहा है। सरकार इस मामले में अपने हस्तक्षेप को नकार रही है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष द्वारा चर्चा की मांग ठुकराई जाने से भी विपक्ष आक्रामक है। हंगामे बाजी से जरूरी मुद्दों पर बहस नहीं हो पा रही है। अगर इसी तरह हो-हल्ला मचता रहा तो कोरोना जेसी महामारी की आशंकित करने वाली तीसरी लहर से बचाव पर चर्चा कब होगी? विपक्ष इस बात पर गौर करें।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### कारगिल विजय दिवस

**भारत** ने हमेशा शांति और समृद्धि के मार्ग में विश्वास किया है। कई देशों ने भारत की नीति को गलत समझा। उन्होंने भारत के भौगोलिक क्षेत्र पर जीत हासिल करने का फायदा उठाना चाहा। लेकिन, वे यह समझना भूल जाते हैं कि भारत शांति, सहयोग, समृद्धि की कामना करता है। लेकिन अगर कोई राष्ट्र प्रादेशिक सत्ता पर कब्जा करने, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ काम करने की दृष्टि से देखता है, तो सख्त रुख अख्तियार किया जाता है।वो चाहे फिर सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में हो या ढोकलाम, भारत जानता है कि कैसे एक ही सिक्के में जवाब देना है। इस बार एक सौ तीस अरब से अधिक लोग कारगिल के बाईसवें विजय वर्ष का जश्न मनाएंगे। वर्ष 1999 में, पाकिस्तान की ओर से लड़ाई शुरू हुआ और युद्ध में परिवर्तित हो गया। इससे दोनों पक्षों के जवानों की क्षति हुई। लेकिन, बावजूद इसके ऐसा लगता है कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश को शांति और समृद्धि की भाषा और भावना समझ में नहीं आती है। यही कारण है कि वे भारत में आतंकवाद, अस्थिरता को पनपाने में लगे हैं। हालांकि, भारत अपने गुमनाम नायकों और असली सेनानियों को नम आखों से हमेशा याद किया जाएगा। भारत मां के शहीदों को हमारी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### कोरोना में धूम्रपान न करें!

**कोरोना** संक्रमण काल मे धूम्रपान नही करना चाहिए।कोरोना संक्रमण की पहचान के लिए नाक, मुंह से रुई लगी काड़ी द्वारा सेम्पल लिए जाते है। इन सब के अलावा एक्सरे, सिटी स्केन से भी संक्रमण होने का पता जांच द्वारा किया जाता है। धूम्रपान से फेफड़े कमजोर हो जाते जिससे वे संक्रमण को रोकने में उतने प्रभावी नही होते जितने स्वस्थ फेफड़े होते है। निकोटिन भी हमारे पर्यावरण को जहरीला बनाता है। महज 8या 10 मिनट तक के परोक्ष धूम्रपान सहन करने से व्यक्ति के रक्तचाप में वृद्धि, ह्रदय की धड़कनों में वृद्धि, खून की नलिकाओं में सिकुड़न, फेफड़ो पर प्रभाव होने से वे कमजोर हो जाते है।साथ ही कोरोना में ये शिघ्र प्रभावित हो जाते है। जिससे संक्रमण का स्तर बढ़ जाता है। धूम्रपान करने से फेफड़ो पर घातक प्रभाव पड़ता है। धूम्रपान का धुंआ पर्यावरण और इंसान की सेहत बिगाड़ रहा है।खुशहाल जिंदगी जीने के लिए उत्पाद पर लिखी चेतावनी को भी गंभीरता से लेना होगा। ताकि स्वच्छ पर्यावरण के साथ फेफड़ों पर संक्रमण हावी ना हो पाए।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** का बयान स्वागतयोग्य था, लेकिन जमीनी स्तर पर कश्मीरी अवाम का दिल जीतने के प्रयास होते नजर नही आ रहे हैं।

– **फारूख अब्दुल्ला**
अध्यक्ष नेकां

**देश** आजादी के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, ऐसे में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन की तर्ज पर प्रत्येक नागरिक को भारत जोड़ो आंदोलन की अगुवाई करनी चाहिए।



– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**प्रधानमंत्री** को पेगासस के आरोपों पर संसद में बयान देकर स्पष्ट करना चाहिए कि जासूसी कराई गई थी या नहीं।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

# महाराष्ट्र के हर जिले में गठित होगा राहत बल



भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कहर के बीच मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि राज्य के सभी जिलों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तर्ज पर एक अलग राहत बल का गठन किया जाएगा और इसके साथ ही राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) को भी मजबूत किया जाएगा।

महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बाढ़, भूस्खलन और वर्षाजनित अन्य घटनाओं में मरने वालों की संख्या रविवार को 113 पहुंच गई। राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक इन घटनाओं में करीब 100 लोगों के लापता होने की आशंका है। इन घटनाओं में अब तक 50 लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को कोंकण क्षेत्र के रत्नागिरी जिले में भीषण बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित चिपलून इलाके का दौरा किया।ठाकरे ने चिपलून में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, लगातार हो रही प्राकृतिक आपदाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी जिलों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तर्ज पर एक अलग राहत बल का गठन किया जाएगा। इसके अलावा बाढ़ प्रबंधन मशीनरी भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन, पानी और दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ठाकरे ने यह भी कहा कि वह 27 जुलाई को अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे। उन्होंने लोगों से होर्डिंग नहीं लगाने अथवा व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलने के लिए नहीं आने की भी अपील की।

## महाराष्ट्र में मॉनसून के कहर से अब तक 113 ने गंवाई जान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बाढ़, भूस्खलन और बारिश से जुड़ी अन्य घटनाओं के कारण बीते 24 घंटे में एक और व्यक्ति की मौत के बाद रविवार को मृतकों की संख्या 113 हो गई, जबकि 100 लोग लापता हैं। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। सरकार ने एक बयान में कहा कि इन घटनाओं में 50 लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को कोंकण क्षेत्र के रत्नागिरी जिले में भीषण बाढ़ से ग्रस्त चिपलून का दौरा किया। स्थानीय लोगों के एक समूह ने मुख्यमंत्री के काफिले को रोका और उन्हें इलाके में बारिश के कहर से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने निवासियों, व्यापारियों और दुकानदारों के साथ बातचीत की और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद का वादा किया। ठाकरे ने कहा कि उन्हें दीर्घकालिक राहत कार्यों के लिए केंद्रीय सहायता की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को पश्चिमी महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और नुकसान की सीमा का एक व्यापक डेटा तैयार किया जाएगा। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने बड़े पैमाने पर भूस्खलन का शिकार हुए रायगढ़ के तालिए गांव का बृहस्पतिवार को दौरा कर कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे बारिश से हुए नुकसान पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। राणे ने कहा कि स्थानीय निवासियों से सुझाव लेने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्षतिग्रस्त घरों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दारेकर राणे के साथ थे। राज्य सरकार ने कहा कि पिछले 24 घंटों में पुणे में एक व्यक्ति की मौत और एक व्यक्ति के लापता होने की खबर है।

● मुख्यमंत्री ने किया चिपलून का दौरा

## राहत अभियान में समन्वय के लिए केंद्रीय युद्ध कक्ष स्थापित

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में बाढ़ राहत अभियान के लिए सशस्त्र बलों के तीनों विंग के बीच करीबी समन्वय के वास्ते रक्षा मंत्रालय मे सैन्य मामलों के विभाग मे एक केंद्रीय युद्ध कक्ष स्थापित किया गया है। भारतीय सेना ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। महाराष्ट्र मे भारी बारिश और इसके परिणामस्वरूप विभिन्न नदियों में उफान के चलते रत्नागिरी, कोल्हापुर और सांगली समेत कई अन्य जिले बुरी तरह प्रभावित हुए है।

## ठाणे के 100 से अधिक कर्मी राहत कार्य के लिए महाड गए

**ठाणे।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में बृहस्पतिवार को हुए भूस्खलन के बाद ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन और जल और अन्य मुद्दो मे मदद करने के लिए ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) के 100 से ज्यादा कर्मचारी वहां गए है। टीएमसी आयुक्त विपिन शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि समूह में स्वास्थ्य कर्मचारी भी शामिल हैं जो कोविड -19, डेंगू, लेप्टोस्पायरोसिस (जीवाणु रोग) बुखार के प्रकोप का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण करेंगे और वे 10,000 रैपिड एंटीजन परीक्षण किट और दवाओं का पर्याप्त स्टॉक ले गए हैं।



राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के श्रीनगर पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

## आंध्र प्रदेश में 2,252 नए मामले, 15 और मरीजों की मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में सुबह नौ बजे तक पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,252 नए मामले सामने आए, 15 और मरीजों की मौत हो गई। इस अवधि के दौरान 2,440 लोग संक्रमण मुक्त भी हुए। स्वास्थ्य विभाग के एक बुलेटिन में कहा गया कि राज्य में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 19,54,765 हो गए हैं। बुलेटिन के अनुसार, अब तक 19,19,354 लोग ठीक हो चुके हैं जबकि महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 13,256 पर पहुंच गई है। राज्य में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 22,155 है।

## टीकाकरण पर जागरूकता पैदा करने को सामुदायिक रेडियो से आग्रह किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड रोधी नियमों के बारे में जानकारी देने और देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वालों के मन में टीकाकरण को लेकर उत्पन्न संशय को दूर करने के उद्देश्य से 16 राज्यों के सामुदायिक रेडियो केंद्रों के प्रतिनिधियों के लिए संचार जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्रालय ने यूनिसेफ के साथ मिलकर इस कार्यशाला का आयोजन किया।

## गोवा मे कर्फ्यू दो तक बढ़ाया गया

**पणजी।** गोवा सरकार ने रविवार को राज्य में कोविड-19 कर्फ्यू दो अगस्त तक बढ़ा दिया। राज्य में सबसे पहले नौ मई को कर्फ्यू लगाया गया था, संक्रमण के मामलों में बढ़ोत्तरी के कारण समय-समय पर इसमें विस्तार किया जाता रहा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने ट्वीट किया।

## केरल के कई इलाकों में भारी बारिश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कई हिस्सों में रविवार सुबह भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानमथिट्टा, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझीकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में मध्यम से भारी बारिश का अनुमान था। इन सभी जिलों में रविवार के लिए एलो अलर्ट जारी किया गया था। अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, कन्नूर और कासरगोड में सोमवार के लिए एलो अलर्ट जारी किया गया है। मन्नार की खाड़ी, बंगाल की खाड़ी, दक्षिण अंडमान सागर और अरब सागर के कुछ हिस्सों में रविवार से 29 जुलाई तक तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है।



पुष्कर में सावित्री माता मंदिर में रोपवे से यात्रा करते पर्यटक

## कोविड-19: बहुत से लोगों में प्रतिरोधक क्षमता लेकिन बचाव उपायों से न करें खिलवाड़ : विशेषज्ञ

भाषा। नई दिल्ली

**विशेषज्ञों** का मानना है कि टीकाकरण और संक्रमित होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों में कोरोना वायरस के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने के साथ ही कोविड की दूसरी लहर को रोकने के लिए लागू पाबंदियों में सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। एम्स नई दिल्ली में कोविड-19 आईसीयू का प्रबंधन देखने वाले डॉ युद्धवीर सिंह ने कहा कि जब संक्रमण के मामले कम हों तब आर्थिक गतिविधियों को बहाल करने के लिए कुछ प्रतिबंधों में ढील देना आवश्यक है। लेकिन लोगों को बचाव के उपाय अपनाना बंद नहीं करना चाहिए। कोविड से बचाव के अनुरूप व्यवहार करते समय और प्रतिबंधों को लागू करने के दौरान सुरक्षात्मक रवैया अपनाना जरूरी है। डॉ सिंह ने कहा कि संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान बड़ी संख्या में मामले सामने आए थे इसलिए ऐसा संभव है कि दिल्ली में सामुदायिक स्तर पर रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो गई हो।

## क्विक न्यूज

### अश्लील फिल्म मामला: अभिनेत्री गहना वशिष्ठ तथा दो अन्य पुलिस के सामने पेश नहीं हुए

**मुंबई।** अश्लील फिल्मों से जुड़े एक मामले में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा अभिनेत्री गहना वशिष्ठ और दो अन्य लोगों को तलब किया गया था लेकिन वे रविवार को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने हाल में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसाई राज कुंद्रा को अश्लील फिल्मों के कथित निर्माण और कुछ ऐप के जरिए उनके प्रदर्शन के मामले के संबंध में गिरफ्तार किया था। कुंद्रा की गिरफ्तारी के बाद, वशिष्ठ ने एक वीडियो में कहा था कि उत्तेजक सामग्री और अश्लीलता में अंतर है। वशिष्ठ, कुंद्रा के ऐप के लिए बनी तीन फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अधिकारी ने कहा कि गहना वशिष्ठ और दो अन्य को अपराध शाखा के संपत्ति प्रकोष्ठ द्वारा हाल में तलब किया गया था लेकिन वे यहां रविवार को पुलिस कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए।

### ब्लिंकन की भारत यात्रा: अफगानिस्तान के हालात और पाकिस्तान के आतंकी वित्त पोषण पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की 27 जुलाई से भारत की दो दिवसीय यात्रा शुरू हो रही है और इस दौरान अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद उपजे हालात तथा आतंक के वित्त पोषण और सुरक्षित पनाहगाहों के लिए पाकिस्तान पर लगातार दबाव बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रक्षा के क्षेत्र में दोनों पक्ष सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीके तलाशेंगे। इसके अलावा, भारत स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्रा को चरणबद्ध तरीके से बहाल करने की मांग करेगा, जिसमें खासतौर पर छात्रों, पेशेवरों और कारोबारियों के लिए यात्रा नियमों में ढील तथा अन्य मानवीय मामलों के अलावा परिवारों को मिलाना सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा।

### सार्वभौमिक हैं मानवाधिकार और लोकतंत्र का सिद्धांत : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि मानवाधिकार और लोकतंत्र सार्वभौमिक हैं और ए किसी एक विशेष राष्ट्रीय अथवा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से परे हैं। भारत का यह बयान अमेरिका के उस बयान का जवाब माना जा रहा है, जिसमें उसने कहा है कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भारत के आगामी दौरे में मानवाधिकार और लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर बात सरकार के सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत दीर्घकाल से ही एक बहुलतावादी समाज रहा है।

भारत उन देशों के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है जो विविधता के मूल्य को अब पहचानने लगे हैं। एक सूत्र के मुताबिक भारत का मानना है कि मानवाधिकार और लोकतंत्र जैसे मुद्दे सार्वभौमिक हैं और किसी एक विशेष राष्ट्रीय अथवा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से परे हैं। भारत को इन दोनों ही क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों पर गर्व है और वह इन क्षेत्रों में अपने अनुभवों को साझा करने के लिए उत्साहित है।

### सहकारी बैंक ऋण की केंद्रीय एजेंसियों से जांच की जरूरत नहीं : केरल के मंत्री

**तिरुवनंपुरम।** केरल के सहकारिता एवं पंजीकरण मंत्री वी एन वासवन ने रविवार को कहा कि त्रिशूर में सत्तारूढ़ माकपा नियंत्रित एक सहकारी बैंक में सामने आए करोड़ों रूपए के ऋण घोटाले की किसी केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके विभाग के सक्षम अधिकारी एवं पुलिस मामले की जांच कर रही है। मंत्री ने संवाददताओं से कहा कि किसी केंद्रीय एजेंसी से जांच की जरूरत तभी होती है जब यहां अधिकारी उपयुक्त ढंग से जांच करने में असमर्थ हों , जबकि ऐसा है नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष हमेशा सीबीआई या किसी अन्य एजेंसी से जांच कराने की ऐसी मांग हमेशा करता है लेकिन वह जांच को उसे (केंद्रीय एजेंसी को) सौंपने का आधार नहीं हो सकता है।

## प्रधानमंत्री को संसद में बयान देना चाहिए, जासूसी हुई या नहीं बताना चाहिए : चिदंबरम

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि सरकार को या तो पेगासस जासूसी के आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति के जरिए जांच करानी चाहिए या उच्चतम न्यायालय से मामले की जांच के लिए किसी मौजूदा न्यायाधीश को नियुक्त करने का अनुरोध करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले को संसद में स्पष्ट करना चाहिए कि लोगों की निगरानी हुई या नहीं। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि कोई इस हद तक कह सकता है कि 2019 के पूरे चुनावी जनादेश को गैरकानूनी जासूसी से प्रभावित किया गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जीत हासिल करने में मदद मिली हो सकती है, जिसको लेकर आरोप लगे थे। चिदंबरम ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा जांच सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थाई समिति की जांच से अधिक प्रभावी हो सकती है। उन्होंने कहा कि जेपीसी को संसद द्वारा अधिक अधिकार मिलता है। संसद की आईटी समिति के प्रमुख शशि थरूर की इस टिप्पणी पर कि यह विषय मेरी समिति के अधीन है और जेपीसी की आवश्यकता नहीं है, के बारे में पूछे जाने पर चिदंबरम ने संदेह व्यक्त किया कि क्या भाजपा के बहुमत वाली आईटी समिति मामले की पूरी जांच होने देगी। उन्होंने कहा, संसदीय समिति के नियम ज्यादा सख्त हैं। उदाहरण के लिए वे खुले तौर पर सबूत नहीं ले सकते हैं लेकिन एक जेपीसी को संसद द्वारा सार्वजनिक रूप से साक्ष्य लेने, गवाहों से पूछताछ करने और दस्तावेजों को तलब करने का अधिकार दिया जा सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि एक जेपीसी के पास संसदीय समिति की तुलना में कहीं अधिक शक्तियां होंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह मामले की जांच की हद को लेकर संसदीय समिति की भूमिका को कमतर नहीं बता रहे हैं। पिछले रविवार को, एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूह ने कहा था कि भारत में पेगासस स्पाईवेयर के जरिए 300 से अधिक मोबाइल नंबरों की संभवत: निगरानी की गई।

## ममता धन की भीख मांगने के लिए प्रधानमंत्री से मिलना चाहती हैं : दिलीप

भाषा। कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने रविवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय संसाधनों का दुरुपयोग किया और अब प्रधानमंत्री से मिलना चाहती हैं ताकि हाथ जोड़कर धन की भीख मांग सकें। उनकी इस टिप्पणी पर राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और कहा कि घोष को पहले संघीय व्यवस्था की समझ होनी चाहिए जिसके तहत राज्य का प्रमुख हमेशा प्रधानमंत्री से मिल सकता है। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए घोष ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने राज्य के खजाने से पैसे निकाले और अब उसे खाली कर दिया है। भाजपा नेता ने ममता बनर्जी के संभावित दिल्ली दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, उन्होंने (बनर्जी ने) केंद्र द्वारा आवंटित धन का दुरुपयोग किया और अब प्रधानमंत्री से मिलना चाहती हैं ताकि हाथ जोड़कर धन मांग सके क्योंकि राज्य एक तरह से दिवालिया हो चुका है। घोष ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए भ्रष्टाचार की वजह से पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, राज्य की खराब होती आर्थिक स्थिति और तृणमूल कांग्रेस में बढ़ती गुटबाजी से दीदी को एहसास हो गया है कि वह 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव तक राज्य को नहीं चला पाएंगी।



गाजियाबाद के एक चौराहे पर भारतीय वायु सेना में 1957 में शामिल एक मिस्टीयर बॉम्बर को स्थापित किया गया जहां पर लोग खड़े होकर पोज दे रहे हैं

## तेलंगाना के रामप्पा मंदिर को यूनेस्को ने माना धरोहर स्थल

● 800 पुराना काकतिय काल का है मंदिर

भाषा। हैदराबाद

**केंद्रीय** मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रविवार को बताया कि यूनेस्को ने तेलंगाना के मुलुगू जिले के पलमपेट में स्थित ऐतिहासिक रुद्रेश्वर मंदिर को विश्व धरोधर की उपाधि प्रदान की है। इस मंदिर को रामप्पा नाम से भी जाना जाता है। रुद्रेश्वर मंदिर का निर्माण 1213 ईस्वी में काकतिय साम्राज्य के शासनकाल के दौरान कराया गया था। यह मंदिर रेचारला रुद्र ने बनवाया था जो काकतिय राजा गणपति देव के एक सेनापति थे।

यह भगवान शिव को समर्पित मंदिर है और मंदिर के अधिष्ठाता देवता रामलिंगेश्वर स्वामी हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, इसे रामप्पा मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इसका नाम इसके शिल्पकार के नाम पर रखा गया था जिन्होंने 40 साल तक मंदिर के लिए काम किया था। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने ट्वीट किया, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि यूनेस्को ने तेलंगाना के वारंगल के पालमपेट में स्थित रामप्पा मंदिर को विश्व धरोहर स्थल के तौर पर मान्यता दी है। राष्ट्र, खासकर, तेलंगाना के लोगों की ओर से, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। किशन रेड्डी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण, संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की विश्व विरासत समिति की बैठक 2020 में आयोजित नहीं की जा सकी थी और 2020 और 2021 के नामांकनों पर ऑनलाइन बैठक की एक श्रृंखला में चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि रामप्पा मंदिर पर रविवार को चर्चा की गई। प्रतिष्ठित रामप्पा मंदिर महान काकतिय वंश के उत्कृष्ट शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है। मैं आप सभी से इस शानदार मंदिर के परिसर में जाने और इसकी भव्यता का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का आग्रह करता हूं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने ऐतिहासिक रामप्पा मंदिर को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता देने के यूनेस्को के फैसले की सराहना की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, राव ने यूनेस्को के सदस्य राष्ट्रों, केंद्र सरकार को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। तेलंगना के पर्यटन मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ ने ट्विटर पर कहा, यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि काकतिय युग के 800 साल पुराने रामप्पा मंदिर को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में अंकित किया गया है। किशन रेड्डी ने एएसआई की पूरी टीम को रामप्पा मंदिर को विश्व धरोहर स्थल बनाने की दिशा में उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई दी और विदेश मंत्रालय का भी उनकी कोशिशों के लिए आभार जताया।



### प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के मशहूर काकतीय रुद्रेश्वर मंदिर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किए जाने पर राज्य की जनता को रविवार को बधाई दी और देशवासियों से निजी अनुभव के लिए वहां का दौरा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, शानदारउ सभी को बहुत-बहुत बधाई, खासकर तेलंगाना की जनता को। प्रतिष्ठित रामप्पा मंदिर महान काकतीय वंश की उत्कृष्ट शिल्प कला को दर्शाता है। मै आप सभी से आग्रह करूंगा कि इस भव्य मंदिर परिसर का जरूर दौरा करें और इसकी भव्यता को खुद अनुभव करें।

# पेगासस जासूसी आरोप हैं बेबुनियाद विपक्ष मुद्दाविहीन रह गया है: नड्डा

**भाषा।** पणजी

**भाजपा** के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को पेगासस जासूसी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया और यह कहते हुए विपक्ष पर निशाना साधा कि उसके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र तो विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व में निराश एवं मुद्दाविहीन विपक्ष संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है।

गोवा की अपनी दो दिवसीय यात्रा के आखिर में वह संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। पेगासस जासूसी विवाद पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा , यह बेबुनियाद है.. यह कोई मुद्दा ही नहीं है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा ही नहीं है जिसे वे लोगों की खातिर उठाना चाहते हैं। इसलिए वे इस प्रकार का मुद्दा उठाते हैं।

पिछले रविवार को एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया गठबंधन ने खबर दी थी कि 300 से अधिक असत्यापित भारतीय मोबाइल फोन नंबरों को इजरायली कंपनी एनएसओ के पेगासस स्पाईवेयर के मार्फत हैकिंग के लिए निशाना बनाया गया, इन नंबरों में दो मंत्रियों, 40 से अधिक पत्रकारों, तीन विपक्षी दलों एवं बहुत सारे उद्योगपतियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के नंबर शामिल हैं। हालांकि, सरकार इस मामले में विपक्ष के सभी आरोपों से इनकार कर रही है।

संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित किए जाने के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए नड्डा ने कहा, हम सभी प्रकार की चर्चाओं के लिए तैयार हैं, लेकिन अन्य विपक्षी पार्टियों के साथ कांग्रेस निराश एवं मुद्दाविहीन हो गई है, इसलिए वह बाधित करने की ऐसी तरकीब अपनाती है ... उसे मालूम ही नहीं है कि क्या किया जाए। वह बस मुद्दाविहीन चीजों को लेकर संसद का कामकाज रोकना चाहती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, लेकिन लोग जानते हैं कि उनके सभी प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद की उत्पादकता ने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। लोकसभा और राज्यसभा में कामकाज ने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं।



उत्तरी गोवा के पोण्डा स्थित मंगेश मंदिर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

# उत्तराखंड को प्रथम स्थान पर लाने के लिए जनता का सहयोग जरूरी : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि 2027 तक प्रदेश को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में पूरे देश में प्रथम स्थान पर लाना है जिसके लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। उधमसिंह नगर जिले के तीन दिवसीय दौरे के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र खटीमा में एक कार्यक्रम में आम जनता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको मिलकर उत्तराखंड को मॉडल राज्य बनाने का सपना साकार करना होगा। उन्होंने कहा, 2027 तक उत्तराखंड को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, परिवहन, उद्योग आदि समस्त क्षेत्रों में पूरे देश में प्रथम स्थान पर लाना है, जिसके लिए आप सबका का सहयोग अनिवार्य है। धामी ने कहा कि हमारी सरकार उत्तराखंड को एक बेहतर राज्य बनाना चाहती है जहां उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार सभी के लिए वातावरण अनुकूल हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सामान्य परिवार के व्यक्ति को मुख्य सेवक बनाया है तो उस दायित्व को सबके सहयोग से पूरा करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा की गई घोषणाओं और



शिलान्यास को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं आपका बेटा, भाई हूं। उत्तराखंड का चहुमुखी विकास करने के लिए प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार नो पेंडेंसी पर कार्य करेगी जिसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जो कार्य जिस स्तर का हो, उसका उसी स्तर पर तत्काल निस्तारण किया जाए और वह किसी भी दशा में लंबित न रहे।

# स्मारक पर जलाए गए दीपक, द्रास में जुटे सैन्य कर्मी और परिजन

**भाषा।** लद्दाख

**कारगिल** विजय दिवस के मौके पर रविवार को तोलोलिंग, टाइगर हिल और अन्य शानदार लड़ाइयों को याद किया गया और लद्दाख के द्रास इलाके में स्थापित कारगिल युद्ध स्मारक पर 559 दीप जलाए गए। इस मौके पर शीर्ष सैन्य अधिकारी, सैन्य कर्मियों के परिवार के सदस्य और अन्य लोग मौजूद रहे। यह कार्यक्रम 22वें कारगिल विजय दिवस के मौके पर आयोजित किया गया था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का भी सोमवार को द्रास आने का कार्यक्रम हैं जहां वह तोलोलिंग पहाड़ी की तलहटी में स्थापित युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

ऑपरेशन विजय के दौरान कई प्रेरणादायक कहानियों को याद करने के लिए विशेष कार्यक्रम सेना ने द्रास के नजदीक लोमोचेन में रविवार सुबह आयोजित किया था जिसमें कारगिल युद्ध के कई वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और उनके परिजनों सहित बड़ी संख्या में सैनिकों ने हिस्सा लिया। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी कर्नल इमरॉन मुसावी ने बताया कि इस दौरान तोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 और अन्य प्रमुख लड़ाई और भारतीय सेना के सैनिकों की बहादुरी का वर्णन इन स्थानों की पृष्ठभूमि में श्रोताओं के सामने किया गया और बाद में उन्हें स्मारक पथ पर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि स्मारक पर देश के लिए प्राणों की आहुतियां देने वाले जवानों की याद में सांकेतिक रूप से 559 दीप जलाए गए। समापन समारोह सैन्य धुन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मौन रहकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कर्नल मुसावी ने बताया कि कैप्टन विक्रम बत्रा की जिंदगी पर बन रही फिल्म शेरशाह का ट्रेलर भी जारी किया गया जिसका निर्माण धर्मा प्रोडक्शन कर रहा है। इस मौके पर मा तेरी कसम गाना भी रिलीज किया गया जिसकी परिकल्पना उत्तरी कमान ने की है।

## सीडीएस ने किया नियंत्रण रेखा का दौरा



**नई दिल्ली ( भाषा )।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) विपिन रावत ने वर्तमान सुरक्षा स्थिति और अभियानगत तैयारी की समीक्षा करने के लिए कारगिल दिवस से एक दिन पहले रविवार को कारगिल जिले के द्रास सेक्टर में नियंत्रण रेखा से सटे क्षेत्रों का दौरा किया। सेना ने ट्वीट किया , सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने द्रास सेक्टर में नियंत्रण रेखा से सटे क्षेत्र का दौरा किया और वर्तमान सुरक्षा स्थिति एवं अभियानगत तैयारी की समीक्षा की। उसने कहा, सीडीएस ने सैनिकों के साथ बातचीत की और उनके ऊंचे मनोबल के लिए उन्हें बधाई दी एवं उन्हें दृढ एवं अटल रहने की प्रेरणा दी।

# लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों को लेकर अपनी उपलब्धियों पर गर्व है: भारत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत को** लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों को कायम रखने में अपनी उपलब्धियों पर गर्व है और यह विविधता को पहचानने वालों के साथ चर्चा करने के लिए खुला हुआ है। यह बात आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां कही। एक दिन पहले ही अमेरिका ने कहा था कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अपनी नई दिल्ली यात्रा के दौरान इन मुद्दों को उठाएंगे।

सूत्रों ने कहा कि मानवाधिकार और लोकतंत्र सार्वभौमिक हैं और ए किसी एक विशेष राष्ट्रीय अथवा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से परे हैं। ब्लिंकन दो दिवसीय यात्रा पर 27 जुलाई को भारत आ रहे हैं। उनका अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के कार्यवाहक सहायक विदेश मंत्री डीन थॉम्प्सन ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा था कि ब्लिंकन अपनी यात्रा के दौरान भारतीय अधिकारियों के समक्ष मानवाधिकारों और लोकतंत्र जैसे मुद्दों को उठाएंगे।

एक सूत्र ने कहा, मानवाधिकार और लोकतंत्र जैसे मुद्दे सार्वभौमिक हैं और एक विशेष राष्ट्रीय या सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से परे हैं। भारत को दोनों क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों पर गर्व है और उसे अनुभव साझा करने में हमेशा खुशी होती है। उसने कहा, एक पुराने बहुलतावादी समाज के रूप में, भारत उन लोगों के साथ चर्चा करने के लिए हमेशा तैयार है जो अब विविधता के मूल्य को पहचानते हैं। थॉम्प्सन ने कहा था कि अमेरिका मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत जारी रखेगा क्योंकि उसका दृढ़ विश्वास है कि दोनों पक्षों के मूल्यों में समानता है।

थॉम्प्सन ने संवाददाताओं से कहा, जहां तक मानवाधिकारों और लोकतंत्र की बात है, मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि हम इन मुद्दों को उठाएंगे। हम इन मुद्दों पर बातचीत को जारी रखना चाहते हैं, क्योंकि हम दृढ़ता से इस बात को मानते हैं कि दोनों देशों के बीच लोकतंत्र और मानवाधिकारों को लेकर साझा मूल्य हैं। थॉम्प्सन ने एक सवाल के जवाब में कहा, हमारा मानना है कि मानवाधिकारों और लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर साझेदारी को लेकर भारत के साथ होने वाली बातचीत काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। सूत्रों ने कहा कि भारत राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्संतुलन जैसे अन्य वैश्विक मुद्दों पर भी अमेरिका के साथ बातचीत करेगा। सूत्र ने कहा, भारत वास्तव में बहुध्रुवीय, लोकतांत्रिक और विविध विश्व व्यवस्था का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि अंतरराष्ट्रीय बातचीत इस विकास को प्रतिबिंबित करेगी।

## क्विक न्यूज

### असम सरकार 2,15,286 करोड़ रुपए की अनियमितताओं के प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाई : सीएजी

**गुवाहाटी।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने कहा कि असम सरकार के विभिन्न विभागों में 1994 से लेकर अगले 25 वर्षों के दौरान हुई 2,15,286 करोड़ रुपए की जिस कथित अनियमितताओं का उसने उजागर किया था, उससे संबंधित प्रश्नों का राज्य सरकार उत्तर नही दे पाई। सीएजी ने असम विधानसभा में पेश की गई एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है। सीएजी ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए सामाजिक, आर्थिक (गैर-पीएसयू) और सामान्य क्षेत्रों पर जारीअपनी रिपोर्ट में कहा कि राज्य सरकार के 55 विभागों की जांच करते हुए 1994-95 और 2018-19 के बीच जारी 2,734 निरीक्षण रिपोर्टों (आईआर) में कथित अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था। असम विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र के दौरान प्रस्तुत की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है दिसंबर 2018 तक जारी किए गए आईआर में से 6,385 आईआर से संबंधित 39,479 मामलों का जून 2019 के अंत तक निपटारा नही हुआ था। सीएजी ने कहा कि यह निरीक्षण रिपोर्टें विभिन्न विभागों जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जल संसाधन, सिंचाई और अंतर्देशीय जल परिवहन अन्य विभागों से संबंधित हैं।

### केरल में कोविड-19 के 17,466 नए मामले, 66 मरीजों की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में रविवार को कोविड-19 के 17,466 नए मामले सामने आने के साथ कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 32,71,530 हो गई, जबकि 66 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की तादाद 16,035 पर पहुंच गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। केरल में कोविड-19 के नए मामलों में इजाफा होने से संक्रमण की दर बढ़कर 12.3 प्रतिशत हो गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, केरल में बीते 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 15,247 मरीज संक्रमण मुक्त भी हुए, जिससे राज्य में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 31,14,716 हो गई। केरल में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या।,40,276 हो गई है। विज्ञप्ति के अनुसार, संक्रमण के नए मामलों में मालापुरम जिले में सर्वाधिक 2684 नए मरीज मिले। इसके बाद कोझिकोड में (2379), त्रिशूर में (2190), एर्नाकुलम में (1687), पलक्कड़ में(1552), कोल्लम में (1263), तिरुवनंतपुरम में (1222) और अलाप्पुझा में कोरोना वायरस संक्रमण के 914 नए मामले सामने आए। केरल में अब तक 2,62,48,280 नमूनों की कोविड-19 जांच की जा चुकी है, जिसमें से।,42,008 नमूनों की जांच बीते 24 घंटे में की ग

### अंतरिक्ष थीम वाले गेम्स, टी-शर्ट, खिलौने लेकर आएगा इसरो

**बेंगलुरु ।** अब कोई भी व्यक्ति भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अभियानों और कार्यों से जुड़े अधिकृत उत्पाद जैसे स्केल मॉडल्स, टी-शर्ट, मग, अंतरिक्ष की थीम वाले शैक्षणिक गेम्स, वैज्ञानिक खिलौने आदि खरीद सकता है। इसरो ने कई कंपनियों के साथ मिलकर अंतरिक्ष की थीम वाले उत्पाद बेचने का कार्यक्रम शुरू किया है। इसरो का मानना है कि यह ब्रांड प्रचार कार्यक्रम छात्रों, बच्चों और जनता के बीच अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता फैलाने और इस क्षेत्र के प्रति उनमें रुचि पैदा करने तथा उसकी उपलब्धियों का प्रचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अंतरिक्ष विभाग के तहत आने वाली अंतरिक्ष एजेंसी के एक अधिकारी ने रविवार को पीटीआई-भाषा से कहा, इसरो के विषयवस्तु वाले सामानामॉडल्स के संबंध में अभी तक आठ कंपनियों ने इसरो में पंजीकरण कराया है सूत्रों ने बताया कि उनमें इंडिक इंस्पीरेशंस (पुणे), 1947आईएनडी (बेंगलुरु) और अंकुर हॉबी सेंटर (अहमदाबाद) आदि कंपनियां शामिल हैं।

### कोरोना वायरस संक्रमण के 1,833 नए मामले सामने आए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में कोरोना वायरस संक्रमण के।,833 नए मामले सामने आए, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 9,67,548 हो गई। इस महामारी से 67 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 5,512 पर पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में अब 18,914 मरीजों का उपचार चल रहा है और अब तक 9,43,069 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। खुर्दा जिले में सबसे ज्यादा 490 मामले सामने आए हैं। राजधानी भुवनेश्वर भी इसी जिले का हिस्सा है। अधिकारी ने बताया कि मृत्यु दर 0.56 प्रतिशत है। राज्य में अब तक टीके की 1,52,75,739 खुराक दी गई है, जिनमें से।,51,313 खुराक शनिवार को दी गई।

### ठाणे में पत्नी की हत्या करने के बाद पति फरार

**ठाणे ।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कलवा में अपनी पत्नी की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के बाद 39 वर्षीय एक व्यक्ति फरार हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक आरोपी संजय पाटिल ने शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि को अपनी पत्नी माधुरी (31) की हथौड़े से पीट-पीट कर हत्या कर दी और फ्लैट को बंद करने के बाद फरार हो गया। हत्या का यह मामला शनिवार को उस समय सामने आया जब पाटिल की तलाश शुरू की गई।



बीकानेर में कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए एक स्वास्थ्य केन्द्र पर अपनी बारी का इंतजार करते लोग

# बंगाल में वाहनों पर नीली-लाल बत्ती का इस्तेमाल करने वालों की सूची से पदाधिकारियों के नाम बाहर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल परिवहन विभाग ने अंत्यत महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों की अपनी नई सूची में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का नाम शामिल नहीं किया है जो अपने वाहनों पर नीली-लाल बत्ती का इस्तेमाल कर सकते हैं। राज्य के परिवहन मंत्री फरहाद हाकिम ने इसे यह कहते हुए तर्कसंगत ठहराया है कि अधिसूचना में इन चार पदाधिकारियों के नाम इसलिए शामिल नहीं किए गए हैं क्योंकि वे ऐसी सूचियों से ऊपर हैं और लाल बत्तियां इस्तेमाल करना जारी रख सकते हैं।

हाकिम ने कहा, अधिसूचना में केवल उन्हीं का जिक्र है जो आपातकालीन या आपदा प्रबंधन दायित्वों से जुड़े हुए हैं। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश लाल बत्तियां इस्तेमाल करना जारी रखेंगे क्योंकि ए वीवीआईपी ऐसी सूचियों से ऊपर हैं। इसे लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में, इन चार पदाधिकारियों को आपातकालीन या आपदा प्रबंधन कर्तव्यों में शामिल लोगों के अलावा किसी अन्य द्वारा इसके उपयोग पर केंद्र के प्रतिबंध के बावजूद लाल बत्ती का उपयोग करने की अनुमति दी गई है।

वरिष्ठ परिवहन अधिकारी ने बताया कि नई सूची छूट पाने एवं लाभ लेने के लिए खुद को वरिष्ठ सरकारी अधिकारी बताने और अपने वाहनों के ऊपर नीली बत्ती लगाकर चलने वाले कई लोगों की गिरफ्तारी के बाद प्रकाशित की गई है। अधिकारी ने कहा, किसी भी विवाद की कोई संभावना नहीं है। हमने यह सूची केवल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रकाशित की है कि अनधिकृत लोग नियमों का उल्लंघन नहीं करें। इसमें आपातकालीन एवं आपदा प्रबंधन कार्यों में शामिल अधिकारियों एवं वीवीआईपी के नाम हैं।

उन्होंने कहा, इसका यह मतलब नहीं है कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को लाल बत्ती के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी। यह कहने की जरूरत ही नहीं है कि निश्चित तौर पर वे इस सूची में शामिल हैं। शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, सभी मंत्री, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रधान सचिव रैंक के अधिकारी आपातकालीन ड्यूटी के दौरान अपने वाहनों के ऊपर नीली-लाल बत्ती का उपयोग करने के पात्र हैं। सभी संभागीय आयुक्त, डीजीपी, एडीजीपी, आईजीपी, अग्निशमन सेवा के डीजी, आबकारी और वाणिज्यिक कर आयुक्त और सभी जिलाधिकारी, एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ और पुलिस गश्त वाहन और दमकल की गाड़ियों पर बत्तियां लगाई जा सकती हैं।

# पाक ड्रोन के जरिए आतंकी समूहों तक आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने की कोशिश कर रहा है: दिलबाग सिंह

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने रविवार को कहा कि भारत-पाक सीमा पर ड्रोन के जरिए गिराया गया आईईडी जम्मू क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले बाजार में विस्फोट करने के लिए था और यह दिखाता है कि पाकिस्तान फरवरी में हुए संघर्षविराम समझौते के बावजूद विभिन्न आतंकी समूहों तक अपनी आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

सिंह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी समूहों के पास हथियारों और गोला-बारूद की कमी हो गई है, क्योंकि पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकवादी समूहों के सक्रिय सदस्यों के मॉड्यूल के कई लोगों को गिरफ्तार कर इसे रोकने में कामयाबी हासिल की है। पिछले साल सितंबर से पाकिस्तान के राज्य प्रायोजित कुछ तत्व हथियार, गोला-बारूद और यहां तक कि नकदी गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि आतंकवादी समूहों की मांगों को पूरा किया जा सके।

जम्मू कश्मीर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू क्षेत्र के कानाचक इलाके में पाकिस्तान से आए एक ड्रोन को 23 जुलाई को मार गिराया था। सिंह ने बताया कि ड्रोन में आईईडी था जिसका वजन पांच किलोग्राम था जो इस्तेमाल करने के लिए लगभग तैयार था। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि जैश-ए-मोहम्मद आतंकी समूह इससे जम्मू में भीड़-भाड़ वाली जगह पर विस्फोट करना चाहता था ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हताहत हो सकें।

पुलिस प्रमुख ने कहा कि नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इस साल फरवरी में लागू हुए संघर्षविराम समझौते के बावजूद, पाकिस्तान के राज्य प्रायोजित कुछ तत्व हथियारों, गोला-बारूद और नकदी की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने की कोशिश कर, जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकवादी समूहों की मदद कर रहे हैं।

सिंह ने कहा कि 23 जुलाई को गिराए गए ड्रोन और एक साल पहले जम्मू क्षेत्र के कठुआ के हीरानगर सेक्टर में गिराए गए अन्य ड्रोन की उड़ान नियंत्रण क्रम संख्या में एकल अंक का अंतर है। पिछले सप्ताह गिराए गए ड्रोन में लगे कुछ उपकरण चीन और ताइवान के थे। ड्रोन की वजह से आतंकी समूहों की ओर से सुरक्षा खतरों में एक नया आयाम जुड़ा है, इसलिए इस नए एवं उभरते खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए और अधिक प्रयासों की जरूरत है। पुलिस प्रमुख ने पूर्व में कहा था कि 27 जून को जम्मू वायुसेना स्टेशन पर ड्रोन के जरिए किए गए हमले में इस्तेमाल हुई विस्फोटक सामग्री पर हस्ताक्षर इसे बनाने में पाकिस्तान के आयुध कारखाने की भूमिका का स्पष्ट संकेत देते हैं।

# निर्माण मलबा यहां-वहां फेंकने पर वसूला जाएगा कम से कम 5,000 रुपए का जुर्माना

**भाषा।** इंदौर

**देश के** सबसे स्वच्छ शहर मध्यप्रदेश के इंदौर में निर्माण से जुड़ा मलबा यहां-वहां फेंकना अब लोगों को महंगा पड़ने वाला है और शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले लोगों से कम से कम 5,000 रुपए का जुर्माना मौके पर ही वसूला जाएगा। इंदौर नगर निगम (आईएमसी) के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आईएमसी प्रशासन ने अपने भवन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अगर कोई व्यक्ति नए निर्माण किए जाने और पुराने निर्माण ढहाए जाने के दौरान निकलने वाले मलबे को खुले मैदानों या अन्य स्थानों पर अनाधिकृत रूप से फेंकता पाया जाता है, तो उससे न्यूनतम 5,000 रुपए का जुर्माना मौके पर ही वसूला जाए।

उन्होंने बताया कि स्थानीय नागरिक निर्माण से जुड़े मलबे के निपटारे के लिए "इंदौर 311" मोबाइल ऐप के माध्यम से आईएमसी प्रशासन को सूचना दे सकते हैं और निर्धारित शुल्क चुकाकर कर इसे उठवा सकते है। इस बीच, केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के लिए आईएमसी के सलाहकार असद वारसी ने बताया कि शहर में निर्माण मलबे के प्रसंस्करण से ईंटें, मेनहोल के ढक्कन, इंटरलॉकिंग टाइल्स और अन्य सामग्री बनाई जा रही है।

वारसी ने बताया, ए सामग्री उस संयंत्र में बनाई जा रही है जो हर रोज 100 टन निर्माण मलबे का प्रसंस्करण कर सकता है। शहर में निर्माण गतिविधियों में तेजी आने के मद्देनजर इस संयंत्र की क्षमता पांच गुना बढ़ाकर 500 टन प्रतिदिन की जा रही है। उनके अनुमान के मुताबिक शहर में औसतन 300 टन निर्माण मलबा हर रोज निकलता है।



बेलगम में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 26 जुलाई, 2021



# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

**भाषा।** नई दिल्ली

**शेयर बाजारों** की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा वैश्विक रुख से तय होगी। इसके अलावा डेरिवेटिव निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार निवेशकों की निगाह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर को लेकर निर्णय पर भी रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, जुलाई माह के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रह सकता है। इसके अलावा तिमाही नतीजों का सीजन भी रफ्तार पकड़ेगा। सप्ताह के दौरान एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, मारुति, कोलगेट, टेक महिंद्रा, भेल,



आईओसी, सन फार्मा तथा इंडिगो जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वैश्विक स्तर पर कोविड-19 के रुख तथा 28 जुलाई को होने वाली अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक के नतीजों से भी बाजार की दिशा तय होगी। सोमवार को शुरुआती कारोबार में बाजार रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक तथा आईटीसी के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का जून तिमाही का शुद्ध लाभ सात प्रतिशत घटा है। कोविड-19 की दूसरी लहर की वजह से कंपनी का खुदरा कारोबार प्रभावित हुआ है, जिससे उसके मुनाफे में कमी आई है। कंपनी का तिमाही परिणाम शुक्रवार को आया था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि इस सप्ताह बाजार शुरुआत में रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी तथा आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। आईसीआईसीआई बैंक का तिमाही नतीजा शनिवार को आया है। बैंक का जून तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 52 प्रतिशत बढकर 4,747.42 करोड़ रुपए रहा है। वहीं एफएमसीजी कंपनी आईटीसी का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत तथा आय 35 प्रतिशत बढ़ी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, इस सप्ताह बाजार का रुख वैश्विक धारणा तथा तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगा।



पटना के दीघा में थोक बाजार की ओर सब्जियां ले जाते बच्चे

## क्विक न्यूज

### ओमेगा सेकी मोबिलिटी की इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में 30 से 60 करोड़ डॉलर निवेश की योजना

**मुंबई।** एगललियां ओमेगा समूह की कंपनी ओमेगा सेकी मोबिल्टी अगले से पांच-सात साल में विद्युतचालित वाहनों के कारोबार में 30 से 60 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन उदय नारंग ने कहा कि कंपनी की यूरोप में एक कारखाना और अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने की योजना है। इसी तरह वह भारत में बिजली से चलने वाले वाहन के अलावा अफ्रीकी बाजार में कदम रखेगी। कंपनी का एक कारखाना फरीदाबाद में है। दूसरा कारखाना भी वहीं बन रहा है तथा कुछ महीने में चालू हो सकता है। कंपनी ने पिछले वर्ष पहला तिपहिया वाहन पेश किया था। नारंग ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, हम 200 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके हैं और विस्तार योजनाओं के लिए।,000 करोड़ रुपए और लगाएंगे। हालांकि, हमारी आक्रमक विस्तार योजनाओं और मांग को देखते हुए, हमें स्पष्ट रूप से और अधिक निवेश करने की आवश्यकता होगी।

### डोमिनोज पेट्रोल मोटरसाइकिलों की जगह इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें लगाएगी, रिवॉल्ट मोटर्स से करार

**मुंबई।** डोमिनोज पिज्जा ने डिलीवरी के काम के लिए पेट्रोल मोटरसाइकिलों के अपने बेड़े को ई-बाइक में बदलने के लिए रत्तनइंडिया द्वारा समर्थित इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता रिवोल्ट मोटर्स के साथ हाथ मिलाया है। कंपनी ने रविवार को एक बयान में कहा कि साझेदारी के तहत डोमिनोज रिवोल्ट की आरवी300 मोटरसाइकिन इस समय पड़ी पूरी इंवेंट्री (तैयार खड़ी मोटरसाइकिलेत) खरीदेगी और उनको पेट्रोल मोटरसाइकिलों की जगह लगाएगी। डोमिनोज पिछले कुछ समय से इसका परीक्षण कर रही थी।इसमें सफलता के बाद, अब उसने पर्यावरण अनुकूल वाहनों के इस्तेमाल के लिए रिवोल्ट के साथ साझेदारी की है। रत्तनइंडिया एंटरप्राइजेज की व्यापार अध्यक्ष अंजलि रत्तन ने कहा, रिवोल्ट इस साझेदारी के लिए डोमिनोज के साथ सहयोग करने को लेकर खुश है, जो न केवल पर्यावरण की दृष्टि से सही है, बल्कि कंपनी (डोमिनोज) को इससे लागत में बड़ी बचत भी हासिल होगी।

### एफपीआई ने जुलाई में भारतीय शेयर बाजारों से 5,689 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 5,689 करोड़ रुपए निकाले है। विभिन्न घरेलू और वैश्विक कारकों की वजह से एफपीआई ने सतर्कता का रुख अपनाया हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने एक से 23 जुलाई के दौरान शेयरों से 5,689.23 करोड़ रुपए की निकासी की। इस दौरान उन्होंने ऋण या बांड बाजार में 3,190.76 करोड़ रुपए डाले। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 2,498.47 करोड़ रुपए रही। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, मूल्यांकन में बढ़ोतरी, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल तथा अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से विदेशी निवेशक निकट भविष्य में जोखिम उठाने से बच रहे है। ग्रो के सह-संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) हर्ष जैन ने कहा कि सेंसेक्स और निफ्टी इस समय सर्वकालिक उच्चस्तर पर है, इस वजह से विदेशी निवेशक निवेश में सतर्कता बरत रहे है।

### भारत में हरित आवास क्षेत्र को प्रोत्साहन को आईएफसी ने एचडीएफसी को 25 करोड़ डॉलर का वित्त दिया

**नई दिल्ली।** विश्वबैंक समूह की निजी क्षेत्र की निवेश इकाई अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने देश में निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओ को सस्ता हरित आवास कर्ज उपलब्ध कराने को एचडीएफसी को 25 करोड़ डॉलर (1,875 करोड़ रुपए) का वित्तपोषण दिया है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि इस नए निवेश से निम्न और मध्यम आय वर्ग के ग्राहक अपना घर खरीद पाएंगे। उनकी वित्त तक पहुंच बढ़ेगी। बयान में कहा गया है कि यह पहल सभी के लिए घर के सरकार लक्ष्य के अनुरूप है। इस वित्तपोषण से रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी। बयान में कहा गया है कि इसमें कम से कम 25 प्रतिशत कर्ज हरित सस्ते मकानों के लिए रखा गया है, जिससे भारत में इस बाजार को प्रोत्साहन मिलेगा। बयान में कहा गया है, हरित आवास को देश में लक्जरी बाजार माना जाता है, लेकिन इसके जलवायु लाभ को देखते हुए आईएफसी इस धारणा को चुनौती देना चाहती है और एचडीएफसी के साथ भागीदारी में सस्ते हरित मकानों के लिए मदद प्रदान करना चाहती है।

### केरल के पशुचिकित्सक ने मुर्गे के अपशिष्ट से बायोडीजल बनाने का पेटेंट हासिल किया

**वायनाड (केरल)।** केरल के पशु चिकित्सक जॉन अब्राहम ने सात साल से ज्यादा लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मुर्गे के अपशिष्ट से बायोडीजल बनाने का पेटेंट हासिल कर लिया। यह ईंधन एक लीटर में 38 किलोमीटर से ज्यादा का औसत देता है और इसकी कीमत डीजल की मौजूदा कीमत का करीब 40 प्रतिशत है और इससे प्रदूषण भी कम होता है। केरल वेटेरिनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी के तहत आने वाले वेटेरिनरी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर अब्राहम ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उन्हें साढ़े सात साल के लंबे इंतजार के बाद सात जुलाई, 2021 को भारतीय पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट दे दिया। अब्राहम ने काटे गए मुर्गों के अपशिष्ट से निकलने वाले तेल से बायो डीजल का अविष्कार किया है। उन्होंने कहा कि 2009-12 के दौरान उन्होंने यह अविष्कार किया। उन्होंने दिवंगत प्रोफेसर रमेश श्रवणकुमार के मार्गदर्शन में अपना शोध पूरा किया। शोध के बाद अब्राहम ने वायनाड के कलपेट्टा के पास स्थित पोकोडे वेटेरिनरी कॉलेज में 2014 में 18 लाख रुपए की लागत के साथ एक प्रयोगात्मक संयंत्र स्थापित किया। इसके लिए उन्हे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से वित्तपोषण मिला है। इसके बाद भारत पेट्रोलियम की कोच्चि स्थित रिफाइनरी ने अप्रैल 2015 में अब्राहम के बायो डीजल को गुणवत्ता प्रमाणपत्र दिया और तब से कॉलेज में एक वाहन इसी ईंधन से चल रहा है।

### सरकारी बैंकों के तीन प्रबंध-निदेशकों, 10 कार्यकारी निदेशकों के सेवा विस्तार की सिफारिश

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सहित सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों के प्रबंध निदेशकों का कार्यकाल बढ़ाने की फाइल पेश की है। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा मंत्रालय ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से विभिन्न सरकारी बैंकों के 10 कार्यकारी निदेशकों (ईडी) के सेवा विस्तार की भी सिफारिश की है। पीएनबी के प्रबंध निदेशक और सीईओ एस एस मल्लिकार्जुन राव का तीन साल का कार्यकाल 18 सितंबर को समाप्त हो रहा है। वित्त मंत्रालय ने उनका कार्यकाल 31 जनवरी, 2022 तक बढ़ाने की सिफारिश की है। राव तब तक 60 वर्ष की अपनी सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त कर लेंगे। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अतुल कुमार गोयल के कार्यकाल में आगामी पहली नवंबर से दो साल का विस्तार करने की सिफारिश की गई है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक और सीईओ ए एस राजीव का कार्यकाल भी एक दिसंबर, 2021 से आगे दो साल के लिए बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने साथ ही इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के तौर पर नियुक्ति के लिए एस एल जैन के नाम की सिफारिश की है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना को नए सिरे से पेश करने की जरूरत, बीमा के प्रावधान को जोड़ा जाए : सीआईआई

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) को नए सिरे से पेश करने की वकालत की है। उद्योग मंडल ने रविवार को कहा कि पीएमएवाई को नए सिरे से पेश कर इसमें अनिवार्य रूप से सभी ऋणदाताओं के लिए ऋण से जुड़े जीवन बीमा के प्रावधान को जोड़ने की जरूरत है। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि प्रमुख कर्जदार की मृत्यु होने या दिव्यांगता की स्थिति में भी सभी को घर प्रदान करने का लक्ष्य भटकेगा नहीं। भारत 2022 में अपनी आजादी के 75 साल पूरे कर रहा है। पीएमएवाई सभी के लिए घर का सरकार का महत्वाकांक्षी मिशन है। उद्योग मंडल ने बयान में कहा कि इस योजना में पहले से बीमा का प्रावधान जोड़ा नहीं गया है। ऐसे में यह योजना कर्ज लेने वाले की मृत्यु या दिव्यांगता के जोखिमों को पूरा नहीं करती है।

## भारत में कार-विद्युतीकरण की यात्रा से उत्साहित हैं ऑडी, मर्सिडीज बेंज

**भाषा।** नई दिल्ली

**लग्जरी कार** विनिर्माता कंपनियां ऑडी और मर्सिडीज-बेंज भारत में यात्री वाहनों के विद्युतीकरण की यात्रा को लेकर काफी उत्साहित हैं। भारत में अब और राज्य ऐसी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीतियां लेकर आ रहे हैं जो इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों को प्रोत्साहन देने वाली हैं। कंपनी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन कंपनियों का कहना है कि केंद्र की फेम-दो योजना के तहत हालांकि व्यक्तिगत यात्री वाहनों को सीधे लाभ की पेशकश नहीं की गई है लेकिन इलेक्ट्रिक कारों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में पांच प्रतिशत के प्रोत्साहन जैसे कदमों से मदद मिलेगी। ऑडी ने भारत में अपनी विद्युतीकरण की यात्रा शुरू कर दी है। कंपनी ने पिछले सप्ताह ई-ट्रॉन ब्रांड के तहत तीन इलेक्ट्रिक एसयूवी उतारी हैं। वहीं मर्सिडीज-बेंज पिछले साल



अक्टूबर से अपनी पूर्ण इलेक्ट्रिक एसयूवी ईक्यूसी की बिक्री कर रही है।

ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि मौजूदा समय में कुल नीति दोपहिया और तिपहिया वाहनों को प्रोत्साहन देने पर केंद्रित है। हालांकि, कई राज्य सरकारें इलेक्ट्रिक कारों पर भी प्रोत्साहन देने के लिए आगे आ रही हैं। ढिल्लों ने कहा, जब राज्यों ने पहले ही यह घोषणा कर दी है कि कारों के पंजीकरण पर कोई लागत नहीं लगेगी। ऐसे में आप जानते हैं कि इलेक्ट्रिक कारों पर जीएसटी पांच प्रतिशत है। ऐसे में सरकार पहले ही कुछ प्रोत्साहन दे चुकी है। इससे लग्जरी कार कंपनियां भी इलेक्ट्रिक खंड में कारें बेचने को लेकर प्रोत्साहित होंगी। ए निश्चित रूप से सकारात्मक कदम हैं। हाल में गुजरात और महाराष्ट्र ने अपनी ईवी नीतियों की घोषणा की है। गुजरात सरकार ने ई दोपहिया, ई-तिपहिया और ई-चारपहिया वाहनों पर केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी के ऊपर 10,000 रुपएाकेडब्ल्यू के मांग प्रोत्साहन की पेशकश की है। इसके तहत इन वाहनों के लिए अधिकतम फैक्टरी मूल्य 1.5 लाख रुपए, पांच लाख रुपए और 15 लाख रुपए तय किया गया है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र सरकार 10,000 इलेक्ट्रिक कारों पर 5,000 रुपएाकेएचडब्ल्यू के मांग प्रोत्साहन की पेशकश कर रही है। पिछले साल दिल्ली सरकार ने अपनी ईवी नीति के तहत कई प्रोत्साहनो की पेशकश की थी। इसके अलावा दिल्ली सरकार ने सभी ई-वाहनों पर पथकर और पंजीकरण शुल्क की छूट देने की भी घोषणा की थी।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 76,640.54 करोड़ घटा

**भाषा।** नई दिल्ली

**सेंसेक्स की** शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 76,640.54 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में एचडीएफसी बैंक रहा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 164.26 अंक या 0.30 प्रतिशत टूट गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., एचडीएफसी, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 43,578.18 करोड़ रुपए घटकर 7,97,422.67 करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 13,004.97 करोड़ रुपए घटकर 5,54,326.75 करोड़ रुपए रह गई। एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 9,543.39 करोड़ रुपए टूटकर 4,48,566.27 करोड़ रुपए पर तथा कोटक महिंद्रा बैंक का 5,392.88 करोड़ रुपए के नुकसान से 3,41,634.86 करोड़ रुपए पर आ गया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 4,184.03 करोड़ रुपए घटकर 13,34,579.57 करोड़ रुपए पर तथा एसबीआई का 937.09 करोड़ रुपए के नुकसान से 3,82,999.70 करोड़ रुपए रह गया। इस रुख के उलट इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 15,055.86 करोड़ रुपए के उछाल से 6,77,343.70 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 11,370.14 करोड़ रुपए बढ़कर 4,68,639.08 करोड़ रुपए पर तथा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की 6,436.35 करोड़ रुपए के लाभ के साथ 11,88,153.80 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 3,190 करोड़ रुपए चढ़कर 3,73,000.18 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

## जलवायु जोखिमों पर खुलासा करने में कपंनियों को आ रही दिक्कतें: रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**कंपनियों को** जलवायु जोखिमों के बारे में रिपोर्ट या खुलासे का प्रबंधन करने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे में उन्हें नियामकों के साथ-साथ निवेशकों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। प्रमुख परामर्शक ईवाई की रिपोर्ट में भारत सहित 42 देशों के।,100 से अधिक संगठनों को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट जलवायु संबंधी वित्तीय खुलासे (टीसीएफडी) को लेकर कार्यबल की सिफारिशों के आधार पर कंपनियों द्वारा अपने जलवायु जोखिमों तथा अवसरों को प्रकाशित करने के प्रयासों पर केंद्रित है। टीसीएफडी की स्थापना जलवायु संबंधी वित्तीय सूचनाओं को लेकर खुलासे में सुधार के उद्देश्य से की गई है। इस बारे में कंपनियों को स्कोर उनके द्वारा सिफारिशों के आधार पर किए गए खुलासे के तहत दिए गए हैं। ईवाई के वैश्विक जलवायु जोखिम खुलासा बैरोमीटर 2021 के अनुसार भारत में जलवायु संबंधी खुलासे वैश्विक औसत से निचले स्तर पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर की 50 प्रतिशत कंपनियों ने ही तय सभी सिफारिशों के आधार पर जलवायु जोखिमों के बारे में खुलासा किया है। वैश्विक स्तर पर कंपनियों ने औसतन 70 प्रतिशत सिफारिशों के आधार पर ही खुलासा किया है। ईवाई की रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की कंपनियों का गुणवत्ता संबंधी खुलासा सिर्फ 28 प्रतिशत रहा। वहीं उनका कवरेज 49 प्रतिशत रहा। समीक्षा में शामिल सिर्फ 49 प्रतिशत कंपनियों ने ही गुणवत्ता के उच्चस्तर को हासिल किया। औसत गुणवत्ता स्कोर 42 प्रतिशत रहा।

## छोटे उद्योगों को समर्थन के लिए विभिन्न शहरों में डिजिटल केंद्र स्थापित करेगी आमेजन इंडिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**ई-वाणिज्य कंपनी** आमेजन इंडिया सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अपने मंच से जोड़ने और ऑनलाइन कारोबार के क्षेत्र में सशक्त बनाने को लेकर विभिन्न शहरों में डिजिटल केंद्र खोलने की योजना बना रही है। ए केंद्र छोटे उद्योगों को ई-वाणिज्य के बारे में जागरूकता तथा संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उनकी डिजिटल कारोबार में मदद करेंगे तथा उनकी वृद्धि को गति देंगे। आमेजन इंडिया के निदेशक (एमएसएमई, बिक्री भागीदार अनुभव) प्रणव भसीन ने यह कहा। कंपनी ने इस महीने की शुरूआत गुजरात के सूरत में एमएसएमई के लिए डिजिटल केंद्र खोला है। ए केंद्र रिसोर्स सेंटर के रूप में काम करेगा और एमएसएमई की हर जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ उनकी समस्याएं दूर करने में मदद करेगा। इन केंद्रों के जरिए कंपनी ई-वाणिज्य को लेकर जागरूकता और समझ, निर्यात बाजार की जानकारी आदि उपलब्ध कराएगी।

भसीन ने कहा, हमने एमएसएमई को डिजिटल कारोबार के क्षेत्र में सशक्त बनाने और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए देश में छोटे उद्योगों के संकुलों के करीब डिजिटल केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि आमेजन इंडिया की किन-किन शहरों में और कबतक ऐसे डिजिटल केंद्र खोलने की योजना है। उल्लेखनीय है कि देश की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 30 प्रतिशत और निर्यात में 48 प्रतिशत का योगदान है। भसीन रविवार को भाषा से बातचीत में ने कहा, हमने हाल में गुजरात के सूरत में पहला आमेजन डिजिटल केंद्र खोला है। यह केंद्र एमएसएमई को डिजिटल उद्यमी बनने में हर जरूरतों को पूरा करेगा। इसमें एमएसएमई को ई-कॉमर्स के लाभ और लॉजिस्टिक समर्थन, डिजिटल विपणन, जीएसटी तथा कराधान के मामले में हर तरह का समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने कहा, इसके जरिए उन सभी सेवाओं को वैसे स्थानों पर ले जाने का प्रयास है जहां एमएसएमई हैं। ए केंद्र उनकी डिजिटल कारोबार में मदद करेंगे और उनकी वृद्धि को गति देंगे। आमेजन डिजिटल केंद्र समेत अन्य माध्यमों से हमने 2025 तक एक करोड़ एमएसएमई को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने का लक्ष्य रखा है।

## बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से ऑनलाइन स्टोर शुरू करेगी यूनिक्लो

**नई दिल्ली।** जापान की परिधान क्षेत्र की खुदरा कंपनी यूनिक्लो भारतीय बाजार में अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए अपने ऑनलाइन स्टोर शुरू करेगी। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने बताया कि कंपनी का लक्ष्य कुल बिक्री में से 15 प्रतिशत ई-कॉमर्स के जरिए हासिल करने का है। यूनिक्लो इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोमोहिको सेई ने कहा कि इसके अलावा कंपनी अपने मौजूदा स्टोर की संख्या भी बढ़ाएगी और अन्य शहरों में उन्हें खोलने के लिए तलाश जारी रखेगी। कंपनी के वर्तमान में दिल्ली-एनसीआर में छह स्टोर हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ग्राहक हमारी उच्च गुणवत्ता के प्रति लगाव रखते हैं। हमें विश्वास है कि हमारा ई-कॉमर्स बिक्री अनुपात आने वाले समय में प्रत्एक स्टोर की औसत बिक्री को आसानी से पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का पहला लक्ष्य ई-कॉमर्स के जरिए 15 प्रतिशत बिक्री हासिल करना है।

## पेज 1 का शेष

### कर्नाटक में...

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर भरोसा है। उनके स्थान पर दलित मुख्यमंत्री लाने के सवाल पर येदियुरप्पा ने कहा कि इस बारे में फैसला करने वाला मैं नहीं यह फैसला हाईकमान करेगा। पहले देखते हैं कि आज वे क्या फैसला करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि लोग उनके कार्य से संतुष्ट होंगे तो यही उनके लिए बहुत है। बहरहाल, उन्होंने संकेत दिया कि सोमवार का दिन मुख्यमंत्री पद पर उनका आखिरी दिन होगा। रिपोर्ट के मुताबिक येदियुरप्पा ने राज्य के गृहमंत्री वोम्मई के रूप एक विकल्प सुझाया है।

### सीमाओं पर...

को भी सीमावर्ती पुलिस थानों में तैनात करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय, खुफिया ब्यूरो (आईबी) और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुख समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से प्रस्तावों को लागू करेंगे। इसके अलावा, प्रभावी सीमा प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग, ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकी, रडार, सेंसर, निगरानी कैमरे और घुसपैठ का पता लगाने वाले सिस्टम को तैनात किया जाएगा।

### केले के...

गया है। इंडिया मार्ट की विभिन्न कम्पनियों ने ग्राम संगठन को लगभग 10 टन मांग की है। बनाना फाइबर की बिक्री लगभग 150 से 200 पर किग्रा की दर से की जा रही है तथा इस मूल्य पर उसे लगभग 50 प्रतिशत मुनाफा प्राप्त हो रहा है। मांग बढ़ने से मुनाफा में भी वृद्धि की सम्भावना है। मां सरस्वती ग्राम संगठन-स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कई महिलाएं पूनम देवी, राधा, सुनीता, रामवती इत्यादि के पास बनाना फाइबर उत्पदन से पूर्व न तो कोई संगठित डगर थी और न ही स्पष्ट मंजिल लेकिन बनाना फाइबर उत्पादन से जुड़ने के बाद यह महिलाऐं प्रतिदिन औसतन 400 रुपये जुटा पाने में सक्षम हुयीं हैं।

## रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड में नौ गैर-सरकारी निदेशकों की कमी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड में नौ गैर-सरकारी निदेशकों की कमी है। इनमें से सात निदेशकों के पद ऐसे हैं, जिनपर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रसिद्ध लोगों का मनोनयन किया जाता है। केंद्रीय बोर्ड रिजर्व बैंक के गवर्नर की अगुवाई वाला निर्णय लेने का शीर्ष निकाय है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रसिद्ध लोग इसमें शामिल हैं। रिजर्व बैंक कानून के तहत सरकार आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड में चार निदेशकों के अलावा (चार स्थानीय बोर्डों में से एक-एक) विभिन्न क्षेत्रों के 10 प्रसिद्ध लोगों की नियुक्ति करती है। सरकार अभी तक इनमें सात की नियुक्ति नहीं कर पाई है। वहीं पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र के स्थानीय बोर्ड से भी प्रतिनिधित्व का अभाव है। अभी सिर्फ चर्चित हस्तियों में...टाटा संस के चेयरमेन नटराजन चंद्रशेखरन, बैंकर एस के मराठे तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विचारक स्वामीनाथन गुरुमूर्ति केंद्रीय बोर्ड में है। रिजर्व बैंक की वेबसाइट के अनुसार उनका मनोनयन रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 8(1) (सी) के तहत किया गया है। स्थानीय बोर्डों से निदेशकों की बात की जाए, तो पूर्वी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सचिन चतुर्वेदी तथा उत्तरी क्षेत्र का रेवती अय्यर के पास है। वहीं दो अन्य निदेशकों के मनोनयन का इंतजार है। इन चार गैर-आधिकारिक निदेशकों की नियुक्ति चार साल के लिए की जाती है। इनकी पुन:नियुक्ति भी हो सकती है। पिछले साल जून में सरकार ने चंद्रशेखरन को तीन मार्च, 2020 से आगे दो साल के लिए फिर से गैर-आधिकारिक निदेशक नियुक्त किया था। इसके अलावा बोर्ड में दो सरकारी अधिकारियों की नियुक्ति का प्रावधान है। इस श्रेणी में आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ तथा वित्तीय सेवा सचिव देवाशीर्ष पांडा को निदेशक नियुक्त किया गया है।

## प्ले का वित्त वर्ष 2022-23 तक 100 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** माइक्रोमैक्स के सह-संस्थापक विकास जैन द्वारा स्थापित प्रौद्योगिकी ब्रांड प्ले का देश के तेजी से बढ़ते उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार के दोहन तथा 2022-23 तक 100 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य है। कंपनी का इरादा वियरेबल और फिटनेस सहित छह-सात श्रेणियों में उत्पाद उतारने का है। इसके अलावा कंपनी का इरादा देश में अपनी खुदरा पहुंच को मजबूत करने का है। प्ले के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक विकास जैन ने पीटीआई-भाषा से कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 तक कम से कम छह-सात श्रेणियों में कंपनी के उत्पाद होंगे। उन्होंने कहा कि कई ऐसी श्रेणियां हैं जिनमें एक ही उत्पाद होगा। ए काफी हाई-एंड उत्पाद होंगे। हम व्यक्तिगत निगरानी, उपभोक्ता होम इलेक्ट्रॉनिक्स तथा फिटनेस जैसी विभिन्न श्रेणियों पर ध्यान दे रहे हैं। जैन ने बताया कि ब्रांड पहले ही ऑडियो, वियरेबल तथा चार्जिंग एक्सेसरीज जैसी श्रेणियों में उत्पादों की पेशकश कर रहा है। इससे पहले इसी महीने प्ले ने अपने वितरण नेटवर्क को मजबूत करने तथा उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार के लिए रिवरसॉन्ग इंडिया के अधिग्रहण की घोषणा की थी।

## एचडीएफसी बैंक के पुरी 2020-21 में रहे सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले बैंक अधिकारी

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक के आदित्य पुरी वित्तीय वर्ष 2020-21 में अपने सेवानिवृत्ति के वर्ष में निजी क्षेत्र के शीर्ष तीन बैंकों के अधिकारियों में सबसे अधिक वेतन-भत्ता कमाने वाले अधिकारी रहे। उनकी कुल कमाई 13.82 करोड़ रुपए थी। पुरी के उत्तराधिकारी शशिधर जगदीशन ने बीते वित्तीय वर्ष में 4.77 करोड़ रुपए का वेतन हासिल किया। जगदीशन 27 अक्टूबर, 2020 को एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक बने थे। इसमें उनकी पदोन्नति तक समूह प्रमुख के रूप में हासिल किया गया भुगतान शामिल है। वर्ष के दौरान पुरी की कमाई में सेवानिवृत्ति लाभ के 3.5 करोड़ रुपए शामिल हैं। कोविड-19 से काफी प्रभावित हुए इस काल में आईसीआईसीआई बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ संदीप बख्शी ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अपने मूल और अनुपूरक भत्तों के अपने तय हिस्से को खुद छोड़ दिया। बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, बख्शी को 38.38 लाख रुपए के भत्ते और अनुलाभ प्राप्त हुए। उन्हें आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से वित्तीय वर्ष 2016-17 और वित्त वर्ष 2017-18 के लिए विलंबित परिवर्तनीय वेतन के रूप में 63.60 लाख रुपए का परफॉर्मेंस बोनस भी मिला। निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक एक्सिस बैंक के प्रमुख अमिताभ चौधरी को वेतन-भत्ते में 6.52 करोड़ रुपए मिले।बैंक ने साथ ही अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि उसके शीर्ष प्रबंधन के परितोषिक में 2020-21 में कोई वेतन वृद्धि नहीं की। जगदीशन को प्राप्त वेतन भत्ता उनके बैंक के कर्मचारियों के औसत वेतन का 139 गुना, चौधरी का 104 गुना और आईसीआईसीआई बैंक के बख्शी का वेतन-भत्ता 96 गुना था।

### एमजे क्षेत्र से उत्पादन अक्टूबर-दिसंबर, 2022 में शुरू करेगी रिलायंस इंडस्ट्रीज

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. एमजे क्षेत्र से प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2022 की अंतिम तिमाही में शुरू करेगी जिससे कुल उत्पादन में करीब दो-तिहाई की बढ़ोतरी होगी। कंपनी पूर्वी अपतटीय केजी-डी6 ब्लॉक में खोजों का विकास कर रही है। एमजे क्षेत्र इसमें से तीसरी और अंतिम खोज है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा के दौरान निवेशकों के लिए प्रस्तुतीकरण में कहा कि उसने पहला अपतटीय स्थापन अभियान पूरा कर लिया है।

# महिला खिलाड़ियों ने जगाई उम्मीद


टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने बाद भारोत्तोलक मीराबाई चानू को बधाई देतीं भारतीय मुक्केबाज मैरी कॉम

## निशानेबाजों और हॉकी टीम ने किया निराश

**भाषा। टोक्यो**

**पी वी सिंधू,** मनिका बत्रा और एमसी मैरीकॉम ने टोक्यो ओलंपिक में अपने मुकाबले जीतकर निशानेबाजों के लगातार दूसरे दिन के खराब प्रदर्शन से निराश भारतीय खेमे में उम्मीद की किरण जगाई लेकिन आखिर में पुरुष हॉकी टीम की आस्ट्रेलिया के हाथों l-7 की शर्मनाक हार असहनीय बन गई।

भारोत्तोलक मीराबाई चानू के प्रतिस्पर्धा के पहले दिन रजत पदक जीतने के बाद सिंधू और मैरीकॉम ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके अगले दौर में जगह बनाई। मनिका को संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह भी टेबल टेनिस के तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। चानू के पदक की बदौलत भारत पदक तालिका में अभी संयुक्त 21वें स्थान पर है। निशानेबाज दूसरे दिन भी पदक से वंचित रहे लेकिन भारत को सबसे अधिक निराशा पुरुष हॉकी टीम से मिली जिसे आस्ट्रेलिया ने पूरे 60 मिनट तक अपने इशारों पर नचाया।

आस्ट्रेलिया की तरफ से डेनियल बील (10वें), जेरेमी हेवार्ड (21वें), फ्लिन ओगलीवी (23वें), जोशुआ बेल्ट्ज (26वें), ब्लैक गोवर्स (40वें और 42वें) और टिम ब्रांड (51वें मिनट) ने गोल किए। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने 34वें मिनट में एकमात्र गोल किया। ग्राहम रीड के कोच बनने के बाद यह भारत की सबसे बुरी हार है।

निशानेबाजी में रियो ओलंपिक से चली आ रही निराशा टोक्यो में लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर और यशस्विनी सिंह देसवाल तथा पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में दीपक कुमार और दिव्यांश सिंह पंवार फाइनल्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। दुनिया की दूसरे नंबर की निशानेबाज 19 वर्ष की मनु ने शुरूआत अच्छी की और लग रहा था कि वह शीर्ष आठ में जगह बना लेंगी लेकिन उनकी पिस्टल में तकनीकी खराबी आने का उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा और आखिर में वह 12वें स्थान पर रही। मनु का स्कोर 575 रहा जबकि कट आफ 577 पर गया। ओलंपिक में पहली बार भाग ले रही एक अन्य निशानेबाज यशस्विनी सिंह देसवाल ने खराब शुरूआत से उबरकर 574 का स्कोर बनाया और 13वें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दीपक कुमार और दिव्यांश सिंह पंवार क्रमश: 26वें और 32वें स्थान पर रहकर क्वालीफिकेशन से ही बाहर हो गए। दीपक ने आखिर में छह सीरिज में 624.7 अंक और दिव्यांश ने 622.8 अंक बनाए। स्कीट में अंगद वीर बाजवा तीन दौर के बाद 73 अंक लेकर 11वें स्थान पर चल रहे हैं और फाइनल्स में जगह बनाने की दौड़ में हैं। एक अन्य स्कीट निशानेबाज मैराज खान 71 का स्कोर बनाकर 25वें स्थान पर हैं। बैडमिंटन में भारत की पदक उम्मीद विश्व चैम्पियन सिंधू ने महिला एकल में इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा पर सीधे गेमों में आसान जीत दर्ज की। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने 58वीं रैंकिंग वाली इस्राइली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 21-7, 21-10 से 28 मिनट में यह मुकाबला अपने नाम किया। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का सामना अब हांगकांग की चियुंग एंगान यि से होगा जो विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर हैं। मुक्केबाजी और टेबल टेनिस में भारत के लिए रविवार का दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। मुक्केबाजी में छह बार की विश्व चैम्पियन मैरीकॉम (51 किग्रा) ने शुरूआती दौर में डोमेनिका गणराज्य की मिगुएलिना हर्नांडिज गार्सिया को हराकर ओलंपिक खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम ने पैन अमेरिकी खेलों की कांस्य पदक विजेता को 4-l से शिकस्त दी, लेकिन पुरुष वर्ग में मनीष कौशिक को ब्रिटेन के ल्यूक मैकोरमैक से इसी अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

टेबल टेनिस में विश्व रैंकिंग में 62वें नंबर की मनिका ने यूक्रेन की 20वीं वीं वरीयता प्राप्त मारग्रेट पेसोत्सका को 57 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में शुरू में पिछड़ने के बाद 4-3 से (4-11, 4-11, 11-7, 12-10, 8-11, 11-5, 11-7) से हराया। तीसरे दौर में उनका मुकाबला सोमवार को आस्ट्रिया की सोफिया पोलकानोवा से होगा। इससे पहले जी साथियान ने पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में हांगकांग के लाम सियू हांग के खिलाफ एक समय 3-l से बढ़त बना रखी थी लेकिन आखिर में वह इस मैच को 3-4 (7-11, 11-7, 11-4, 11-5, 9-11, 10-12, 6-11) से हार गए। टेनिस में सानिया मिर्जा और अंकिता रैना की जोड़ी महिला युगल में यूक्रेन की नादिया और लियुडमाइला किचेनोक बहनों से 6-0, 7-6, 10-8 से हारकर बाहर हो गई। जिम्नास्टिक में भारत की अकेली जिम्नास्ट प्रणति नायक कलात्मक जिम्नास्टिक स्पर्धा के आल राउंड फाइनल्स में जगह बनाने में असफल रही। नौकायन में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने तोक्यो ओलंपिक में पुरूषों की नौकायन लाइटवेट डबलस्कल्स स्पर्धा के रेपेशाज दौर में तीसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेलिंग (पाल नौकायन) में नेत्रा कुमानन दो रेस के बाद 27वें स्थान पर चल रही हैं जबकि विष्णु सरवनन अपनी पहली रेस के बाद 14वें स्थान पर हैं। तैराकी में माना पटेल महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक में श्रीहरि नटराज अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहे और इस तरह से सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे।


भारतीय निशानेबाज मनु भाकर


दीपक कुमार


भारतीय निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार

## सिंधू ने टोक्यो ओलंपिक में जीत के साथ किया आगाज

**भाषा। टोक्यो**

**भारत की** पदक उम्मीद विश्व चैम्पियन पी वी सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक बैडमिंटन महिला एकल वर्ग में इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा पर सीधे गेमों में आसान जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरूआत की। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने 58वीं रैंकिंग वाली इस्राइली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 21-7, 21-10 से 28 मिनट में यह मुकाबला जीता। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का सामना अब हांगकांग की चियुंग एंगान यि से होगा जो विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर हैं। जीत के बाद सिंधू ने कहा, यह मैच आसान था लेकिन मैने इसे हलके में नहीं लिया। हर समय फोकस बनाए रखना और हर मैच में हर अंक हासिल करने की कोशिश अहम होती है। उन्होंने कहा , यह आसान मैच था लेकिन मैने सुनिश्चित किया कि हम कुछ रेलियां लगाए और मुझे कोर्ट पर खुद को ढालने में मदद मिले। सिंधू ने आक्रामक शुरूआत की लेकिन एक समय 3-4 से पीछे चली गई। उन्होंने हालांकि तुरंत वापसी करते हुए सेनिया को गलती करने पर मजबूर किया और ब्रेक तक 11-5 की बढत बना ली। इसके बाद उन्होंने लगातार 13 अंक बनाए। अपने चिर परिचित सीधे और क्रॉसकोर्ट स्मैश का पूरा इस्तेमाल करके उन्होंने सेनिया को दबाव से निकलने का मौका ही नहीं दिया। सेनिया के एक शॉट चूकने के साथ ही सिंधू ने पहला गेम जीत लिया।



## मैरीकॉम आसान जीत से ओलंपिक के प्री क्वार्टर में, मनीष बाहर

**भाषा। टोक्यो**



**छह बार** की विश्व चैम्पियन एम सी मैरीकॉम (51 किग्रा) ने शुरूआती दौर में डोमेनिका गणराज्य की मिगुएलिना हर्नांडिज गार्सिया पर शानदार जीत से ओलंपिक खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन मनीष कौशिक (63 किग्रा) का रविवार को यहां खेलों में पदार्पण निराशाजनक रहा और वह पहले दौर में हार गए। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम ने अपने से 15 साल जूनियर और पैन अमेरिकी खेलों की कांस्य पदक विजेता को 4-l से शिकस्त दी। लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष को ब्रिटेन के ल्यूक मैककोरमैक से रोमांचक मुकाबले में l-4 से हार का सामना करना पड़ा। मैरीकॉम रविवार को रिंग में उतरने वाली पहली भारतीय मुक्केबाज रहीं और यह मुकाबला भी शुरू से काफी रोमांचक रहा जिसमें 38 वर्षीय मणिपुरी मुक्केबाज ने कुछ शानदार तकनीक दिखाई और गार्सिया की कड़ी चुनौती को पस्त किया।

मैरीकॉम ने जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, महामारी के कारण पिछले दो वर्ष काफी दर्दनाक रहे हैं जब सबकुछ बंद था। हम सभी एक ही तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं और प्रत्एक खिलाड़ी को घर पर ट्रेनिंग करने पड़ी लेकिन हम मुक्केबाजों को ट्रेनिंग जोड़ीदार की जरूरत होती है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के बीच खेलों की तैयारियों की चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं उपकरणों के साथ छोटा सा जिम बना सकी लेकिन अभ्यास जोड़ीदार की कमी थी जो आई कांटेक्ट और सब चीज के लिए काफी अहम होता है। पहले राउंड में मैरीकॉम ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को परखने का समय लिया लेकिन इसके बाद अनुभवी मुक्केबाज ने तीसरे राउंड के तीन मिनट में आक्रामकता दिखाई। गार्सिया हालांकि दूसरे राउंड में कुछ दमदार मुक्कों से कुछ अंक जुटाने में सफल रहीं।

## टोक्यो ओलंपिक
## भारत का चौथे दिन का कार्यक्रम

तोक्यो ओलंपिक के चौथे दिन सोमवार को भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है।

**तीरंदाजी:** भारत (प्रवीण जाधव, अतनु दास और तरूणदीप राय) बनाम कजाखस्तान, पुरुष टीम ll8 एलिमिनेशन, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से।

**बैडमिंटन:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्कस गिडियोन फर्नाल्डी और केविन संजया सुकामुल्जो (इंडोनेशिया), पुरुष युगल ग्रुप ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 10 मिनट से।

**मुक्केबाजी:** आशीष कुमार बनाम एरबीके तुओहेता (चीन), पुरुष 75 किग्रा राउंड आफ 32 मुकाबला, भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजकर छह मिनट से।

**तलवारबाजी:** सी भवानी देवी बनाम नादिया बेन अजिजि (ट्यूनीशिया), महिला सेबर व्यक्तिगत टेबल आफ 64 मुकाबला, भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर।

**हॉकी:** भारत बनाम जर्मनी, महिला पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर 45 मिनट पर।

**सेलिंग:** विष्णु सरवनन, पुरुष लेजर रेस, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर।

नेत्रा कुमानन, महिला लेजर रेडियल रेस, भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजकर पांच मिनट पर।

**निशानेबाजी:** मेराज अहमद खान और अंगद वीर सिंह बाजवा, पुरुष स्कीट स्पर्धा दूसरा दिन, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से।

पुरुष स्कीट फाइनल: भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 20 मिनट से

**तैराकी:** साजन प्रकाश: पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई हीट्स, भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजकर 45 मिनट से।

**टेबल टेनिस:** अचंता शरत कम बनाम टियागो अपोलोनिया (पुर्तगाल), पुरुष एकल दूसरा दौर, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से।

मनिका बत्रा बनाम सोफिया पोलकानोवा (आस्ट्रिया), महिला एकल तीसरा दौर, भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से।

**टेनिस:** सुमित नागल बनाम दानिल मेदवेदेव (रूस ओलंपिक समिति), पुरुष एकल दूसरा दौर, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 30 मिनट के बाद तीसरा मुकाबला।

## भारत के अर्जुन और अरविंद नौकायन लाइटवेट डबल स्कल्स के सेमीफाइनल में

**भाषा। टोक्यो**

**भारत** के अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने रविवार को यहां तोक्यो ओलंपिक में पुरूषों की नौकायन लाइटवेट डबल स्कल्स स्पर्धा के रेपेशाज दौर में तीसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने 6 : 51.36 का समय निकाला। सेमीफाइनल्स 28 जुलाई को होंगे।



इस जोड़ी ने कहा, हमने बिलकुल वही किया जो हमारे कोच ने हमें कहा था। कोच ने कहा था कि हमें भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल करने की कोशिश करनी है। उन्होंने कहा, यह (नौकायन) खेल भारत में इतना लोकप्रिय नहीं है। इसलिए हमारे कोचों ने हमें कहा कि सेमीफाइनल्स तक पहुंचना भी हमारे लिए बड़ी प्रेरणा है और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ करना था। रेपेशाज दो में पोलैंड के जर्जी कोवालस्की और आर्टर मिकोलाजसेवस्की 6:43.44 के समय से शीर्ष पर रहे। उनके बाद स्पेन के काएटानो होर्टा पोम्बा और मानेल बालास्टेगुई ने 6:45.71 का समय लिया। अर्जुन बोअर की और अरविंद स्ट्रोकर की भूमिका में थे। दोनों शनिवार को अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहे थे। भारतीय नौकायन महासंघ के अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव ने पीटीआई से कहा, यह भारतीय नौकायन खिलाड़ियों का ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## मनिका शानदार वापसी कर तीसरे दौर में, साथियान बाहर

**भाषा। टोक्यो**

**भारत के** लिए टोक्यो ओलंपिक की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रविवार का दिन मिश्रित सफलता वाला रहा तथा जहां मनिका बत्रा ने पहले दो गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करके महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई वहीं पुरुष एकल में ज्ञानशेखरन साथियान शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रहे और अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ी से हार गए। विश्व रैंकिंग में 62वें नंबर की मनिका ने यूक्रेन की 20वीं वीं वरीयता प्राप्त मारग्रेट पेसोत्सका को 57 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-3 से (4-11, 4-11, 11-7, 12-10, 8-11, 11-5, 11-7) से हराया। तीसरे दौर में उनका मुकाबला सोमवार को आस्ट्रिया की सोफिया पोलकानोवा से होगा। इससे



पहले साथियान ने पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में हांगकांग के लाम सियू हांग के खिलाफ एक समय 3-l से बढ़त बना रखी थी लेकिन आखिर में वह इस मैच को 3-4 से हार गए। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान के लाम ने 38वें नंबर के साथियान को 11-7, 7-11, 4-11, 5-11, 11-9, 12-10, 11-6 से पराजित किया। मनिका जब भी पिछड़ रही थी तब दबाव होने के बावजूद उन्होंने लंबी रैलियां खेली तथा अपने शॉट पर शानदार नियंत्रण बनाए रखा।

## तैराक श्रीहरि और माना सेमीफाइनल में पहुंचने में विफल

**भाषा। टोक्या**

**भारतीय** तैराकों श्रीहरि नटराज और माना पटेल का तोक्यो ओलंपिक में अभियान थम गया जब रविवार को यहां ए दोनों युवा तैराक अपनी अपनी स्पर्धाओं के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। ओलंपिक में पदार्पण कर रहे ए दोनों तैराक 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने में भी नाकाम रहे।



श्रीहरि पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक हीट में 54.31 सेकेंड के साथ छठे स्थान पर रहे। बीस साल के इस तैराक का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.77 सेकेंड है जो उन्होंने जून में इटली में सेते कोली ट्रॉफी के दौरान किया था और तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। श्रीहरि अगर अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते तो सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाते क्योंकि अमेरिका के जोसेफ आर्मस्ट्रांग और यूनान के एपोसटोलस क्रिस्टोयु इतना ही समय निकालकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अंतिम दो तैराक थे। श्रीहरि कुल 40 तैराकों में 27वें स्थान पर रहे। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरी तरफ माना ने महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 5.20 सेकेंड का समय लिया। उनकी हीट में जिंबाब्वे की डोनाटा काताई एक मिनट 2.73 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रही। ग्रेनाडा की किम्बर्ले इन्स एक मिनट 10.24 सेकेंड के समय के साथ हीट एक में तीसरे स्थान पर रही।

## भारतीय हॉकी टीम का शर्मनाक प्रदर्शन, आस्ट्रेलिया ने 7-1 से धोया

**भाषा। टोक्या**

**न्यूजीलैंड** के खिलाफ जीत से आगाज करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बेजान आक्रमण और ढीले रक्षण के कारण तोक्यो ओलंपिक खेलों के ग्रुप ए के दूसरे मैच में रविवार को यहा मजबूत आस्ट्रेलिया से l-7 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पेनल्टी कार्नर में सुधार के संकेत दिए थे लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके ड्रैग फ्लिकर पंगु नजर आए। आस्ट्रेलिया ने पहले हॉफ में ही 4-0 की बढ़त हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित कर ली थी।



भारतीयों ने दूसरे हॉफ के शुरू में कुछ दम दिखाया लेकिन आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ शुरू में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी करना आसान नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने हडबड़ाहट भी दिखाई जिसका फायदा आस्ट्रेलिया को ही मिला। आस्ट्रेलिया की तरफ से डेनियल बील (10वें), जेरेमी हेवार्ड (21वें), फ्लिन ओगलीवी (23वें), जोशुआ बेल्ट्ज (26वें), ब्लैक गोवर्स (40वें और 42वें) और टिम ब्रांड (51वें मिनट) ने गोल किए। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने 34वें मिनट में एकमात्र गोल किया। भारत अपना अगला मैच 27 जुलाई को स्पेन के खिलाफ खेलेगा। आस्ट्रेलिया ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहले हॉफ में ही उसने 11 शॉट गोल पर मारे जिसमें उसने चार को गोल में बदला। भारत इस बीच तीन शॉट ही आस्ट्रेलियाई गोल पर मार पाया लेकिन उसे उसमें कोई सफलता नहीं मिली। इस बीच यदि गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने दो खूबसूरत बचाव नहीं किए होते तो भारत की स्थिति और बदतर होती। वैसे बढ़त बनाने का पहला मौका भारत को मिला था लेकिन पेनल्टी कार्नर पर हरमनप्रीत सिंह का शॉट थोडा ऊंचा रहा और इस तरह से टीम के हाथ से स्वर्णिम अवसर चला गया। इसके बाद भी टीम ने पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन किसी भी समय उन्हें गोल में बदलने की वैसी झलक नहीं दिखी जो न्यूजीलैंड के खिलाफ दिखी थी। उधर आस्ट्रेलिया ने जवाबी हमले में पेनल्टी कार्नर हासिल किया और बील ने जैक वेटन के करारे शॉट को बड़ी चालाकी से गोल में पहुंचाया। आस्ट्रेलिया पहले क्वार्टर के बाद l-0 से आगे था। भारत के पास वापसी का मौका था लेकिन रूपिंदरपाल सिंह पेनल्टी लेते समय लय में नहीं दिखे जबकि ललित उपाध्याय एक अवसर पर अकेले आस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति में सेंध नहीं लगा सके।

## सूर्यकुमार और भुवनेश्वर ने भारत को टी-20 में दिलाई जीत

**भाषा। कोलंबो**

**सूर्यकुमार** यादव के अर्धशतक के बाद भुवनेश्वर कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां श्रीलंका को 38 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला में l-0 की बढ़त बनाई। भारत के 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर (22 रन पर चार विकेट) और दीपक चाहर (24 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 126 रन पर ढेर हो गई।



श्रीलंका ने अंतिम सात विकेट सिर्फ 36 रन पर गंवाए। मेजबान टीम की ओर से चरिथ असालांका ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। युजवेंद्र चहल ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर एक विकेट हासिल किया जबकि वरूण चक्रवर्ती, हार्दिक पंड्या और कृणाल पंड्या ने भी एक-एक विकेट चटकाया। दुष्मंता चमीरा (24 रन पर दो विकेट) और वानिंदु हसारंगा (28 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने भारत भी सूर्यकुमार (50) के अर्धशतक और कप्तान शिखर धवन (46) की उपयोगी पारियों के बावजूद पांच विकेट पर 164 रन ही बना सका था। सूर्यकुमार ने 34 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने धवन के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी भी की। धवन ने संजू सैमसन (27) के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़े। यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में ही 27 जुलाई को दूसरा टी20 मुकाबला खेला जाएगा।श्रीलंका की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। चाहर की गेंद पर मिनोद भानुका को हार्दिक ने जीवनदान दिया। यह सलामी बल्लेबाज हालांकि कृणाल की गेंद पर कवर में सूर्यकुमार को कैच दे बैठा। उन्होंने 10 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो ने चाहर पर दो चौके जड़े जबकि धनंजय डिसिल्वा ने भी कृणाल पर चौका मारा। श्रीलंका ने पावर प्ले में एक विकेट पर 44 रन बनाए। धवन ने सातवें ओवर में गेंद चहल को थमाई और इस लेग स्पिनर ने कप्तान को निराश नहीं करते हुए दूसरी ही गेंद पर डिसिल्वा को बोल्ड कर दिया। उन्होंने नौ रन बनाए। भुवनेश्वर ने इसके बाद फर्नांडो (26) को डीप स्क्वायर लेग पर सैमसन के हाथों कैच कराया जिससे श्रीलंका का स्कोर तीन विकेट पर 50 रन हो गया।

# पीओके में विधानसभा चुनाव में हिंसा, दो लोगों की मौत

**भाषा** । इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विधानसभा के लिए रविवार को मतदान हुआ। इस दौरान चुनाव में गड़बड़ी और हिंसा के आरोप लगे, जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के दो कार्यकर्ताओं की मौत हो गई। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मतदान केंद्रों में शाम पांच बजे तक ही मतदाताओं को प्रवेश की अनुमति दी गई। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ जोकि शाम पांच बजे तक जारी रहा। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना शुरू होगी।

भारत ने इससे पहले गिलगित-बाल्तिस्तान में चुनाव कराने के पाकिस्तान के फैसले का विरोध किया था और कहा था कि सैन्य कब्जे वाले क्षेत्र की स्थिति को बदलने के कार्य का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। पीओके विधानसभा में कुल 53 सदस्य हैं लेकिन इनमें से केवल 45 को सीधे निर्वाचित किया जा सकता है। इनमें पांच सीट महिलाओं के लिए आरक्षित हैं और तीन विज्ञान विशेषज्ञों के लिए हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, कोटली जिले के चारहोई इलाके में एक मतदान केंद्र पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ और पीपीपी के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में पीटीआई के कम से कम दो कार्यकर्ताओं की मौत हो गई।

पुलिस के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि अज्ञात लोगों ने दो कार्यकर्ताओं की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, एक अन्य घटना में झेलम घाटी जिले में एक मतदान केंद्र पर जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ताओं के हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। क्षेत्रीय चुनाव आयुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अब्दुल राशिद सुलेहरिया ने कोटली में हुई हत्या की वारदात की निंदा की और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, कई अन्य विधानसभा सीटों में भी हिंसा के चलते मतदान अस्थाई तौर पर स्थगित करना पड़ा। हिंसा की इन घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं और कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस बीच पीपीपी कार्यकर्ताओं ने पीटीआई कार्यकर्ताओं पर मतदान प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया।

पीएमएल (एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता मजबूती से डटकर वोट के चोरों को बेनकाब कर रहे हैं। वहीं, पीएमएल (एन) की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने ट्वीट कर कई विधानसभा सीटों में मतदान के दौरान गड़बड़ी का आरोप लगाया। पीटीआई ने सभी 45 निर्वाचित क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि पीएमएल-एन और पीपीपी ने 44 सीटों के लिए अपने उम्मीदवार उतारे हैं। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लबैक पाकिस्तान (टीएलपी) जिसे पाकिस्तान सरकार ने उसकी हिंसक गतिविधियों के लिए अप्रैल में प्रतिबंधित कर दिया था, वह 40 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंध के बाद टीएलपी का पंजीकरण रद्द नहीं किया था जिससे वह भी चुनाव में हिस्सा ले पा रही है।

## ब्रिटेन के मंत्री ने ट्वीट को लेकर नाराजगी जताए जाने के बाद माफी मांगी

**एपी** । लंदन

**कोविड**-19 से संक्रमित पाए जाने के बाद पृथकवास में रह रहे ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने खुद के पूरी तरह से ठीक होने की घोषणा करने के लिए ट्विटर पर एक जानकारी पोस्ट की, लेकिन पोस्ट में उनके शब्दों के चयन को लेकर लोग नाराज हो गए। 51 साल के जाविद ने सभी से घातक वायरस से बचने के लिए टीके की खुराक लेने का आग्रह करते हुए कहा कि लोगों को अब कोरोना वायरस से दुबक कर नहीं बैठना चाहिए।

उन्होंने ट्वीट किया कि यदि आपने अभी तक कोविड-19 का अपना टीका नहीं लिया है तो उसे लगवा लें क्योंकि हमें इस वायरस से दुबक कर बैठने के बजाय इसके साथ जीना सीखना है। उन्होंने इस ट्वीट को रविवार को हटा दिया और उन पर आरोप लगने के बाद माफी मांगी। उन पर लॉकडाउन के नियमों का पालन कर रहे लोगों के प्रति असंवेदनशील होने के आरोप लगाए गए।

लेबर पार्टी के छाया न्याय मंत्री डेविड लैमी ने कहा, आपकी सरकार की निगरानी में कोविड से ब्रिटेन के 129,000 लोगों की मौत हुई है। खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख रहे लोगों को बदनाम न करें।



तंजानिया के जूलियस न्येरे हवाई अड्डे पर अमेरिकी राजदूत से कोविड-19 वैक्सीन की पहली खेप प्राप्त करती तंजानिया की स्वास्थ्य मंत्री डा.डोर्थी ग्वाजिमा (बाएं)

## क्रोएशिया में सड़क दुर्घटना में 10 लोगों की मौत

**एपी** । जागरेब ( **क्रोएशिया** )

**क्रोएशिया** में रविवार तड़के एक राजमार्ग पर एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 10 यात्रियों की मौत हो गई और कम से कम 45 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना राजधानी जागरेब और सर्बिया की सीमा को जोड़ने वाले राजमार्ग पर स्लावोन्स्की ब्रोड कस्बे के नजदीक स्थानीय समयनुसार सुबह करीब छह बजे हुई। घटनास्थल की तस्वीरों में दिख रहा है कि दमकल कर्मी और बचाव कर्मी बस के आसपास हैं जबकि राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि बस पर कोसोवो की लाइसेंस प्लेट लगी है और वे जर्मनी से कोसोवो की राजधानी प्रिस्टीना की नियमित यात्रा पर जा रही थी। बस के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण का तत्काल पता नहीं चल सका है।

# पाक में टीके की खुराक नही लेने वालों की घरेलू हवाई यात्रा पर लगा प्रतिबंध

**भाषा** । इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 10 लाख के आंकड़े को पार कर गई और इस बीच सरकार ने कोविड-19 टीके की खुराक नहीं लेने वालों की घरेलू हवाई यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय कमान और संचालन केंद्र (एनसीओसी) द्वारा लागू किया गया यह हवाई यात्रा प्रतिबंध एक अगस्त से प्रभावी होगा, जिसके दायरे में 18 साल से अधिक उम्र वाले यात्री आएंगे।

एनसीओसी दस्तावेज के मुताबिक, प्रतिबंध घरेलू हवाई यात्रा के लिए लागू रहेगा जबकि पाकिस्तान से विदेश जाने वाले यात्रियों और विदेश से पाकिस्तान आने वाले यात्रियों को इस प्रतिबंध से छूट रहेगी। इसमें कहा गया है कि आंशिक रूप से टीका लगवा चुके लोगों, विदेशी नागरिकों, विदेशों में टीकाकरण के दस्तावेजी सबूत पेश करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों और चिकित्सा स्थितियों वाले मरीजों को प्रतिबंध से छूट दी जाएगी।

इस बीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 45 मरीजों की मौत के साथ ही इस घातक वायरस से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 23,016 तक पहुंच गई। मंत्रालय ने कहा कि इसी अवधि में संक्रमण के 2,819 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 10,04,694 हो गई।

## जर्मनी ने टीका नहीं लगवाने वाले लोगों को पाबंदियों का सामना करने की चेतावनी दी

**एपी** । बर्लिन

**जर्मनी** की चांसलर एंजेला मर्केल के चीफ ऑफ स्टाफ हेल्गे ब्राउन ने कहा कि अगर आगामी महीनों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं तो टीका न लगवाने वाले लोगों के लिए पाबंदियां अनिवार्य हो सकती है। ब्राउन ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि जर्मनी में कोरोना वायरस के संबंध में और कोई लॉकडाउन नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि टीका न लगवाने वाले लोगों को रेस्त्रां, सिनेमाघरों और स्टेडियमों में प्रवेश करने से रोका जा सकता है क्योंकि उनके रहने से संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होगा। उन्होंने कहा कि टीका लगवाना गंभीर बीमारी से रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और टीका लगवा चुके लोगों के पास निश्चित तौर पर टीका नहीं लगवाने वाले लोगों के मुकाबले अधिक आजादी होगी। ब्राउन ने कहा कि ऐसी नीतियां कानूनी होगी क्योंकि देश पर अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करने की जिम्मेदारी है। जर्मनी में टीकाकरण की प्रक्रिया हाल के हफ्तों में धीमी हो गई है जिससे यह चर्चा शुरू हो गई है कि उन लोगों को टीका लगवाने के लिए कैसे प्रेरित किया जाए जिन्होंने अभी तक टीके नहीं लगवाए हैं।

## रूस ने नौसेना की 325वीं वर्षगांठ मनाई

**एपी** । मॉस्को (एपी)

**रूस ने** रविवार को प्रमुख बंदरगाहों पर जहाजों की परेड के साथ अपनी नौसेना की स्थापना की 325 वीं वर्षगांठ मनाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग में 50 से अधिक जहाजों की मुख्य परेड में भाग लिया, जिसमें ईरान, पाकिस्तान और भारत की नौसेनाओं के जहाज शामिल थे। परेड के दौरान ईरानी जहाज सहंद और समुद्र-आधारित पोत मकरान ने रूस के लिए अपनी असामान्य रूप से लंबी यात्राओं के कारण नौसैनिक पर्यवेक्षकों का ध्यान आकर्षित किया।



सेंट पीटर्सबर्ग में नेवी डे परेड में शिरकत करते रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन

# यूएन में सदस्यों के बीच के मतभेदों को दूर करने का प्रयास हो रहा: तिरुमूर्ति

**भाषा** । संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र में भारत के राजदूत ने कहा है कि स्वतंत्र विदेश नीति वाले भारत जैसे बड़े देश का सुरक्षा परिषद में प्रवेश स्वागत योग्य रहा है और देश ने संयुक्त राष्ट्र के इस शक्तिशाली निकाय के पांच स्थाई सदस्यों और उनके बीच गतिरोधों के दौरान तुलनात्मक रूप से अत्यंत जरूरी संतुलन प्रदान किया है।

भारत एक अगस्त से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेगा जो 15 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र निकाय के अस्थाई सदस्य के तौर पर 2021-2022 कार्यकाल में उसकी पहली अध्यक्षता होगी। भारत अपने दो वर्ष के कार्यकाल के आखिरी महीने यानी अगले साल दिसंबर में फिर से परिषद की अध्यक्षता करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने पीटीआई-भाषा से विशेष साक्षात्कार में कहा, हम सुरक्षा परिषद में बहुत अहम मोड़ पर हैं जहां हम न सिर्फ अभूतपूर्व कोविड-19 वैश्विक महामारी से जूझ रहे हैं बल्कि सुरक्षा परिषद के भीतर और बाहर गतिरोधों से भी निपट रहे हैं। इसे व्यक्तिगत पहल के बजाय अधिक सामूहिक प्रयासों के जरिए दूर करना होगा।

उनसे पूछा गया कि परिषद अध्यक्ष के तौर पर भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्यों के बीच के मतभेदों से कैसे निपटेगा, जब संयुक्त राष्ट्र निकाय कई मुद्दों पर बंटा हुआ है तो तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत सुरक्षा परिषद में अपने पिछले सात महीनों के कार्यकाल के दौरान कई तरह के मुद्दों पर सैद्धांतिक रुखै लेने में नहीं हिचकिचाया है। उन्होंने कहा, हम जिम्मेदारी लेने से भी पीछे नहीं हटे हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो, भारत जितने बड़े देश का अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के साथ परिषद में प्रवेश स्वागत योग्य रहा है। इसने परिषद के पांच स्थाई सदस्यों और उनके आपस के मतभेदों के दौरान तुलनात्मक रूप से अधिक संतुलन बनाने का काम किया है।

तिरुमूर्ति वीटो शक्ति प्राप्त पांच सदस्यों - चीन, फ्रांस, रूस, अमेरिका और ब्रिटेन का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत वह पुल रहा है जिसने सुनिश्चित किया है कि परिषद का ध्रुवीकरण उसके सुविचारित दृष्टिकोण की क्षमता को प्रभावित न करे। तिरुमूर्ति ने अन्य बातों के साथ-साथ म्यांमा और अफगानिस्तान से संबंधित भारत के पड़ोसियों के मुद्दों का उदाहरण दिया, जहां, समय-समय पर, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि परिषद की चर्चा और परिणाम जमीनी स्थिति पर आधारित, दूरगामी दृष्टिकोण वाला और संवेदनशील हों। उन्होंने कहा कि भारत तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष है और महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत लीबिया प्रतिबंध समिति की भी अध्यक्षता कर रहा है।

## अस्पताल में बिजली गुल होने से कोविड-19 के दो मरीजों की मौत

**अम्मान** । जॉर्डन की राजधानी अम्मान में रविवार को एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में शॉर्ट सर्किट की वजह से बिजली गुल होने के बाद कोविड-19 के दो मरीजों की मौत हो गई। देश के स्वास्थ्य मंत्री ने यह जानकारी दी।

निजी गार्डन अस्पताल में कोविड-19 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री फिरास अल-हवारी ने सरकारी मीडिया को रविवार को बताया कि इस घटना के बाद दो मरीजों की मौत हो गई। इस बात की जांच की जा रही है कि क्या मौतें बिजली गुल होने की वजह से हुई है। इस घटना के बाद लोगों की भीड़ अस्पताल के बाहर एकत्र हो गई। सुरक्षा बलों ने अस्पताल को घेर लिया और मरीजों के परिजनों के प्रवेश पर रोक लगा दी।

जॉर्डन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना वायरस संक्रमण के 7,63,000 मामलों और 9,948 मरीजों की मौत की पुष्टि की है।

# इराक को अब अमेरिकी सेना की जरूरत नहीं है: प्रधानमंत्री

**एपी** । बगदाद

**इराक** के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कादिमी ने कहा कि उनके देश को आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट से लड़ने के लिए अब अमेरिकी सेना की आवश्यकता नहीं है लेकिन उनकी पुन: तैनाती के लिए औपचारिक समय सीमा इस हफ्ते अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत के नतीजे पर निर्भर करेगी।

अल-कादिमी ने कहा कि इराक को फिर भी अमेरिका की प्रशिक्षण और सैन्य खुफिया सेवाओं की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने वाशिंगटन की यात्रा के मद्देनजर एक साक्षात्कार में यह टिप्पणियां की। उनका रणनीतिक वार्ता के चौथे चरण के लिए सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। अल-कादिमी ने कहा कि इराक की सरजमीं पर किसी भी विदेशी सेना की आवश्यकता नहीं है। हालांकि उन्होंने अमेरिकी सेना की वापसी के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि इराकी सुरक्षाबल और सेना अमेरिका के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना के बिना देश की रक्षा करने में समक्ष हैं।

हालांकि उन्होंने कहा कि सेना की वापसी इराकी बलों की आवश्यकता पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, इस्लामिक स्टेट के खिलाफ युद्ध और हमारी सेना की तैयारी को विशेष समयसारिणी की आवश्यकता है और यह वाशिंगटन में होने वाली बातचीत पर निर्भर करेगा।

सोमवार को व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं के बीच मुलाकात में इस समय सीमा को स्पष्ट किए जाने की संभावना है। ऐसी उम्मीद है कि इस साल के अंत तक अमेरिकी सेना की वापसी हो सकती है। इराक में अमेरिका के 2,500 सैनिक मौजूद हैं। पिछले साल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 3,000 सैनिकों को वापस बुलाने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2014 में इराक में सेना भेजने का फैसला किया था। इस्लामिक स्टेट के पश्चिमी और उत्तरी इराक के बड़े हिस्से पर कब्जा जमाने के बाद यह फैसला लिया गया था।

### भारतीय कारोबारी अबू धाबी के शीर्ष सरकारी कारोबारी निकाय का उपाध्यक्ष नियुक्त

**दुबई** । अबू धाबी के वली अहद शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान ने एक प्रमुख भारतीय कारोबारी यूसुफफाली एमए को संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी से संचालित सभी व्यवसायों के लिए शीर्ष सरकारी निकाय का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस 29 सदस्यीय बोर्ड में वह एकमात्र भारतीय हैं।

## भूस्खलन की चपेट में आने से चार की मौत

**कराची** । पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत की एक कोयला खदान में मानसून की भारी बारिश के कारण भूस्खलन हो गया जिसमें कम से कम चार श्रमिकों की मौत हो गई। मजदूर खदान में काफी अंदर जाकर कोयले के लिए खुदाई कर रहे थे तभी शनिवार को भूस्खलन हो गया और वे उसमें फंस गए। यह खदान हरनाई जिले के शाहराग इलाके में स्थित है।

खदान प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वे अंदर फंस गए थे और भूस्खलन के मलबे के कारण उन्हें बचाने के प्रयास कामयाब नहीं हो सके। बलूचिस्तान कोल माइन्स वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष सुल्तान मोहम्मद लाला ने कहा कि गैस रिसाव के कारण कोयला खदानों के अंदर विस्फोट या भूस्खलन आम घटनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी उन खतरनाक स्थितियों की परवाह नहीं करते हैं जिनमें मजदूरों को खदानों में काफी अंदर जाकर काम करना पड़ता है।

## इजराइल की एयरलाइनों ने मोरक्को के लिए पहली सीधी उड़ानों का संचालन किया

**यरुशलम** । इजराइल की दो एयरलाइनों ने रविवार को इज़राइल और मोरक्को के बीच अपनी पहली वाणिज्यिक उड़ानें शुरू की। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच रिश्तों को आधिकारिक रूप से सामान्य करने के एक साल से भी कम समय में हुआ है। इस एयर की उड़ान तेल अवीव से मॅाकश के लिए रवाना हुई। कंपनी ने बताया कि उड़ान में करीब 100 इजराइली सैलानी सवार थे। इससे कुछ घंटे पहले इजराइल की राष्ट्रीय वाहक अल एल ने मॅाकश के लिए अपनी पहली सीधी उड़ान भेजी थी। इजराइल के पर्यटन मंत्री योएल राजवोजोव ने कहा कि सीधी उड़ानें दोनों देशों के बीच पर्यटन, व्यापार और आर्थिक सहयोग और राजनयिक समझौतों को आगे बढ़ाने में मदद करेंगी। इजराइल और मोरक्को 2020 के अंत में अपने रिश्तों को सामान्य करने के लिए राजी हो गए थे। उनके बीच अमेरिका की मध्यस्थता में अब्राहम (इब्राहिम) संधि हुई थी।

# तूफान इन-फा ने चीन के पूर्वी तट पर दस्तक दी हेनान में बाढ़ में मरने वालों की संख्या 63 हुई

**भाषा** । बीजिंग

**चीन के** पूर्वी झेजियांग प्रांत में रविवार को तूफान इन-फा ने दस्तक दी। वहीं, हेनान प्रांत में भारी बारिश की वजह से आई अभूतपूर्व बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गई। स्थानीय आपदा नियंत्रण मुख्यालय ने बताया कि तूफान ने झोउशान शहर के पुतुओ जिले में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दस्तक दी। यह इस साल आने वाला छठा तूफान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने पूर्वानुमान जताया है कि तूफान झेजियांग के जियाशिंग शहर और जियांगसू प्रांत के किडोंग शहर के बीच तटीय इलाकों में रविवार को दोबारा दस्तक देगा। इस बीच, 21 जुलाई को हेनान प्रांत में आई अभूतपूर्व बाढ़ में मरने वालों की संख्या 63 हो गई है और पांच लोग अभी भी लापता है। मृतकों में 12 वे लोग शामिल हैं, जो प्रांतीय राजधानी झेंगझोउ में एक मेट्रो ट्रेन और एक सुरंग में पानी में भरने से उसमें डूब गए थे। चीन की सेना ने हेनान में 1,000 वर्षों में हुई सबसे भारी वर्षा के बाद नदी में बढ़ते पानी का रुख मोड़ने के लिए एक क्षतिग्रस्त बांध को उड़ा दिया। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, हेनान प्रांत में मूसलाधार बारिश से लगभग 30 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और कुल 376,000 स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी है कि आठ हजार से ज्यादा सैन्य कर्मी झेंगझोउ शहर के खतरे वाले 10 विभिन्न स्थानों पर काम कर रहे हैं।

### जंगल में लगी आग से कई घर खाक

**ब्लाय (अमेरिका)** । उत्तरी कैलिफोर्निया में बीहड़ इलाकों से गुजरती आग की लपटों ने शनिवार को कई घरों को नष्ट कर दिया। यहां जंगल में लगी राज्य की सबसे बड़ी आग तेज हो गई है और कई अन्य धधकती आग अमेरिका के पश्चिमी हिस्से को अपना शिकार बना रही हैं।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 14 जुलाई से शुरू हुई डिक्सी आग पहले ही दर्जनों घरों और अन्य ढांचों को जलाकर खाक कर चुकी थी जब यह छोटे से नगर इंडियन फॉल्स से होकर गुजरी थी। उन्होंने बताया कि यह ऐसे दूरस्थ इलाके में धधक रही थी जहां पहुंचना बहुत कठिन था और इसके पूर्व की तरफ बढ़ने के साथ ही दमकलकर्मियों के वहां पहुंचने के प्रयास में बाधा आने लगी। इस आग में प्लमास और ब्यूट काउंटी में 1,81,000 एकड़ से अधिक जमीन जल चुकी है और लेक अल्मानो के पश्चिमी तट पर स्थित कई अन्य छोटे कस्बों को खाली कराने के आदेश देने पड़े हैं।

## उत्तरी सीरिया में तुर्की के दो सैनिक मारे गए

**एपी** । इस्तांबुल

**तुर्की** के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उत्तरी सीरिया में एक हमले में उसके दो सैनिकों की मौत हो गई है। मंत्रालय ने ट्वीट किया कि तुर्की के एक बख्तरबंद वाहन पर हमला किया गया जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह हमला तुर्की सीमा और उत्तरी अलेप्पो शहर के बीच के क्षेत्र में शनिवार को हुआ। मंत्रालय ने बताया कि उसने जवाबी कार्वाई में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

बयान में यह नहीं बताया गया कि सैनिकों पर किसने हमला किया लेकिन हमलावर को आतंकवादी कहा गया है। तुर्की सीरियाई कुर्द मिलिशिया पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स या वाईपीजी से लड़ रहा है। तुर्की उन्हें एक कुर्द समूह का विस्तार मानता है जिसने तुर्की में दशकों से विद्रोह छेड़ रखा है।

# ब्रिटिश सेना में महिलाओं से छेड़खानी और उत्पीड़न की बात सामने आई

रिपोर्ट

**भाषा** । लंदन

**ब्रिटेन** की सेना में अपने करियर के दौरान 64 प्रतिशत पूर्व और 58 प्रतिशत मौजूदा महिला सैनिकों ने छेड़खानी, उत्पीड़न और भेदभाव का अनुभव किया है। पेश की गई एक नई संसदीय रिपोर्ट में यह बात कही गई है। हाउस ऑफ कॉमन्स की सशस्त्र बलों में महिलाओं पर बनाई गई रक्षा उप-समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रोटेक्टिंग दोज हू प्रोटेक्ट अस: वीमेन इन द आर्म्ड फोर्सेज फ्रॉम रिक्रूटमेंट टू सिविलियन लाइफ में कहा कि रक्षा मंत्रालय (एमओडी) और सैन्य सेवाएं महिला कर्मियों की रक्षा करने और पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में उनकी मदद में विफल रही हैं। सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश सेवारत और पूर्व महिला सैनिकों में लगभग 90 प्रतिशत ने सेना में करियर बनाने का सुझाव दिया। वहीं 3,000 से अधिक (लगभग 84 प्रतिशत) ने बताया कि महिला सैनिकों को अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उप-समिति की अध्यक्ष कंजरवेटिव पार्टी की सांसद सारा एथरटन ने कहा, महिलाएं हमारी सेना की सफलता और हमारे देश की सुरक्षा का अभिन्न अंग हैं, फिर भी सशस्त्र बलों में महिलाएं अपने पुरुष सहयोगियों मुकाबले अतिरिक्त बोझ ढोती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पदोन्नति में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। वे परिवारों और बच्चों की देखभाल, छेड़खानी, अनुचित व्यवहार जैसे मुद्दों का सामना करती हैं। आम जनजीवन में लौटने पर पूर्व महिला सैनिकों को विशिष्ट चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और उनकी विशिष्ट ज़रूरतें होती हैं, जो पूर्व पुरुष सैनिकों से अलग होती हैं। खुद पूर्व सैनिक रहीं एथरटन ने कहा कि समिति ने सेना में महिलाओं के चिंताजनक हालात की कहानियां सुनीं। इनमें धमकी, उत्पीड़न, भेदभाव, अभद्र व्यवहार, और कभी-कभी गंभीर यौन उत्पीड़न व बलात्कार की कहानियां शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मौजूदा शिकायत प्रणाली पर्याप्त नहीं है। इससे पीड़ितों को आगे आने में मदद नहीं मिलती। हमने यह भी सुना कि वरिष्ठ अधिकारियों की प्रतिष्ठा और करियर बचाने के लिए उनके खिलाफ शिकायतों पर पर्दा डाल दिया गया। यह स्पष्ट है कि, अक्सर, महिला सैनिकों को कमान ने निराश किया। उप-समिति ने अनुशंसा की कि रक्षा मंत्रालय छेड़खानी, उत्पीड़न और भेदभाव की शिकायतों के निपटान के लिए एक विशेष रक्षा प्राधिकरण बनाए।



## कंटेंट लेखन और मार्केटिंग की नौकरी चलन में हैं। डॉ. राणा सिंह बता रहे हैं कि इस क्षेत्र में व्यक्ति कैसे अपना करियर बना सकता है

# जीने के लिए रचें

इस क्षेत्र में प्रत्येक कंटेंट सर्जक या क्रिएटर के पास शुरूआत करने के लिए एक महत्वपूर्ण करियर है, यह दुनिया भर में सबसे अधिक मांग वाली नौकरियों में से एक है। महामारी की स्थिति से कई नौकरियों का नुकसान हुआ है और उद्योग के लोगों को भारी वित्तीय संकट के साथ-साथ नौकरी के संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। कभी-कभी ऐसा होता है कि हम ऐसी चीजों को कमाने या अच्छी कमाई करने का जरिया कभी नहीं मानते क्योंकि हमने इसके बारे में नहीं सुना होता है। हमें हमेशा अपने माता-पिता, बुजुर्गों या समाज से केवल उन्हीं चीजों पर काम करने की सलाह मिलती है जो पीढ़ी दर पीढ़ी आ रही हैं लेकिन कभी-कभी हम अच्छे अवसरों से चूक जाते हैं।

जनसंचार और पत्रकारिता के स्नातकों को सामग्री लेखन रोजगारों के लिए प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि उन्हें अपने सेमेस्टर में प्रभावी सामग्री रचने के बारे में पढ़ाया जाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि व्याकरण और शब्दावली के बुनियादी ज्ञान वाले व्यक्ति को मौका नहीं मिलेगा। जैसा कि स्कूल द्वारा सभी को बुनियादी व्याकरण पढ़ाया जा रहा है और हम सभी बोर्ड तक अंग्रेजी व्याकरण की परीक्षा देते हैं, और उन अध्ययनों का उपयोग करके हम आधुनिक दुनिया में अच्छी नौकरी पा सकते हैं, जिसमें सामग्री लेखकों या रचनाकारों की भारी मांग है।

कंटेंट मार्केटिंग या कंटेंट राइटिंग में नौकरी चाहने वालों के लिए नए अवसरों व करियर संभावना की सूची इस प्रकार है:

**❑ ई-कॉमर्स कंपनी**

सामग्री लेखन ई-कॉमर्स कंपनियों में अपने वित्त व्यवसाय को उच्च बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि वेबसाइटों पर बढ़ते ट्रैफिक से अंततः व्यवसाय वृद्धि में बढ़ोत्तरी होती है। नए उत्पादों व ब्लॉग पेजों को अपडेट करने के लिए वेबसाइट की सामग्री की आवश्यकता होती है। यह गूगल पर सीईओ और वेबसाइट की ऑर्गेनिक रैंकिंग को बढ़ाता है जो आगंतुकों को खरीदारों में बदलने हेतु उच्च भागीदारी को प्रेरित करता है। ई-कॉमर्स कंपनी में प्रवेश करने से पहले व्यक्ति को बुनियादी सर्च इंजन आप्टिमाइजेशन (एसईओ) ज्ञान, की-वर्ड्स का पता होना चाहिए।

**❑ वीडियो कंटेंट विशेषज्ञ**

प्रोडक्शन हाउस में करियर बनाने की इच्छुक युवा पीढ़ी के लिए यह जॉब प्रोफाइल आकर्षक है।

रचनात्मकता, बाजार-ज्ञान और लक्षित दर्शकों के बुनियादी संयोजन की आवश्यकता है। वे जिम्मेदारी से अपनी रचनात्मकता व कंटेंट निर्माण कौशल का उपयोग कर रहे हैं जिसमें वे वीडियो के माध्यम से कहानियां बता सकते हैं, जिसमें मार्केटिंग वीडियो, सोशल मीडिया अभियान, ब्रांड या विज्ञापन आदि शामिल होते हैं।

इस रोजगार-भूमिका के लिए आवश्यक कौशल में तकनीकी कौशल व फाइनल कट प्रो एक्स, एडोब प्रीमियर और एडोब इफेक्ट्स जैसे साफ्टवेयर को समझना शामिल हो सकता है। लेखन कौशल यानी संचार कौशल के अलावा कुछ और क्षमताओं की आवश्यकता होती है। आजकल डिजिटल व सामाजिक समझ रखने वाली पीढ़ी है जहां हर कोई इंटरनेट पर अपना नाम उजागर करना चाहता है। यह तभी काम करेगा जब आपके पास बाजार की मांग के अनुसार सामग्री बनाने की प्रभावशाली क्षमता होगी; अच्छे कौशल का उपयोग करके अपने वीडियो प्रोडक शन के नाम को ब्रांड के रूप में निर्मित करने की यही एकमात्र कुंजी है।

**❑ ब्लॉग लेखक**

आईटी, एमएनसी, फिन-टेक, सॉफ्टवेयर-आधारित क्षेत्रों की कंपनियां अपने ब्लॉग को नियमित रूप से बनाए रखने के लिए अपनी कंपनी में ब्लॉग लेखकों को नियुक्त करती हैं। बहुत से लोग बाजार में नए सॉफ्टवेयर से अनजान हैं जिसके कारण कंपनियां अपने ब्लॉग को विभिन्न विषयों के साथ अपडेट करती हैं और सर्च बॉक्स में प्रसारित होने के लिए एसईओ का उपयोग करती हैं। यह बी2बी या बी2सी विक्रेताओं को उस कार्य या उत्पाद विवरण को समझने के लिए भी लाभान्वित करता है जो ब्लॉग लेखक आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रस्तुत करते हैं।

आजकल बहुत से लोग ब्लॉग बनाते हैं और अपने विचार व राय लिखते हैं और अगर वे बड़ी संख्या में लोगों व दर्शकों तक पहुँचते हैं तो इससे उन्हें आमदनी होती है। यह छोटे प्रयासों या कौशल के माध्यम से अच्छी आमदनी पैदा करता है जिसे आप डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दिखा सकते हैं।

**❑ स्वतंत्र लेखक**

जिस लेखक को किसी प्रदत्त विषय पर या उनके बीट में सामग्री तैयार करने का अच्छा अनुभव होता है, वह किसी भी कंपनी के विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकता है। बड़ी संख्या में फ्रीलांस लेखक पॉडकास्ट के माध्यम से या किताब लिखकर और अमेज़ोन किंडल पर इसे स्वयं प्रकाशित करके अपनी आय अर्जित करते हैं। यात्रा और पर्यटन जैसे कई अन्य क्षेत्र हैं जहां यात्रा सामग्री के आधार पर फ्रीलांस लेखकों को काम पर रखा जाता है, कभी-कभी कंपनियां पर्यटन स्थलों पर सामग्री को देखने और लिखने का भुगतान करती हैं।

आजकल, अस्पताल या स्वास्थ्य क्षेत्र वेबसाइट पर अपनी आवश्यक सामग्री, जैसे कि नई तकनीकों का उपयोग, स्वस्थ आहार, स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों व कई अन्य परियोजनाओं को अपडेट करने के लिए स्वतंत्र लेखक की तलाश कर रहे हैं।

होटल अब ज्यादा एडवांस हो गए हैं और किसी अन्य उद्योग के मुकाबले कम मांग में नहीं हैं। वे अपनी व्यंजनों की कहानियां बताने व बाजार में अपना नाम कमाने के लिए ब्लॉग लेखकों का उपयोग करते हैं। कभी-कभी सोशल मीडिया मंच को भी अपने सोशल मीडिया पेजों पर आगंतुकों के लिए काफी आकर्षक सामग्री की आवश्यकता होती है, जिसे स्वयं लेखकों द्वारा संभाला जाता है।

**❑ संपादकीय विभाग**

संपादकीय विभाग मीडिया और पीआर उद्योग में पाया जाता है, जहां सामग्री लेखक को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर काम पर रखा जाता है। नियोक्ता पत्रकारिता और जन-संचार के छात्रों को वरीयता देते हैं। मीडिया उद्योग में सामग्री लेखक की भूमिका व जिम्मेदारी को संपादक/ उप-संपादक के रूप में भी जाना जाता है, जहां उन्हें अंग्रेजी के फाइव डब्लू वन एच यानी कब, कहां, कौन, कैसे और क्यों नियम के अनुसार सामग्री को बनाए रखना होता है और अपने अधीनस्थों की देखभाल करनी होती है।

पीआर उद्योग में सामग्री लेखक प्रेस विज्ञप्तियों का मसौदा तैयार करने, ईमेल प्रारूपण, सामग्री-रचना, लेख लिखने, कहानियों आदि के लिए जिम्मेदार होते हैं। यदि व्यक्ति के पास ऐसी कहानियां रचने का कौशल है तो वे पीआर उद्योग की इस नौकरी की भूमिका के लिए उपयुक्त हैं।

**-लेखक संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति हैं।**

# भविष्य हाइब्रिड लर्निंग का है

**डॉ. जितिन चड्ढा** का कहना है कि कोविड-19 महामारी ने देश में अनेक चुनौतियों को जन्म दिया है। साथ ही इसने शिक्षण संस्थानों के लिए अनेक अवसर भी प्रस्तुत किए हैं



डॉ. जितिन चड्ढा
डायरेक्टर-फाउंडर, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस फाइनेंस, नई दिल्ली

**■ क्या आप देखते हैं कि छात्रों की नियमित आकर्षक गंतव्यों के लिए विदेशी उड़ान दुबारा जोर पकड़ रही है?**

भारतीय उच्च शिक्षा क्षेत्र में, प्रवास ज्यादातर बाहर की ओर होता है। भारत से अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधित होने के कारण, छात्रों की विदेशी उड़ान हेतु स्थिति बहुत अनुकूल नहीं है। दूसरी लहर के मनोवैज्ञानिक प्रभाव ने माता-पिता को अपने बच्चों को दूर भेजने के प्रति अनिच्छुक बना दिया है। यह घरेलू स्थानांतरण पर भी लागू होता है। इन कारकों के परिणामस्वरूप, हम यूएस, यूके, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे गंतव्यों हेतु भी छात्रों की किसी भी असाधारण उड़ान की उम्मीद नहीं करते हैं।

**■ महामारी ने आप जैसे, विदेशी उच्च शिक्षा की डिग्री प्रदान करने में सहायक, संस्थानों को कैसे प्रभावित किया है?**

वर्तमान महामारी ने अनेक चुनौतियाँ प्रस्तुत करते हुए निश्चित रूप से हमारी संस्था के लिए अनेक अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। प्रतिबंधित विदेश यात्रा से, अनेक छात्र भारत के अंदर विश्व-स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई), यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन और किंग्स्टन यूनिवर्सिटी जैसे दिग्गज संस्थानों के साथ हमारा सहयोग यह मौका प्रदान करता है। हमारे शिक्षक दुनिया की शीर्ष शिक्षण योग्यता प्राप्त हैं। यह हमें फ़्लिप्ड क्लासरूम, पीयर ट्यूटरिंग और विविध मूल्यांकन जैसी अभियानों के माध्यम से, ऐसे दौर में जल्दी से ढलने में सक्षम बनाता है।

**■ बिजनेस स्कूल शिक्षा का एक हिस्सा निगमों, बाजारों व भौगोलिक क्षेत्रों के संपर्क में है। क्या यह बदल गया है?**

आईएसबीएफ में, एक समर्पित करियर टीम छात्रों को विभिन्न बाजारों से परिचित कराने, उन्हें कौशल प्रदान करने और विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की सुविधा दिलाने के लिए काम करती है। सत्रावधि के दौरान, लाइव प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्री विजिट्स, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के साथ बूट कैंप, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा योग्यता निखार सत्र, और सबसे महत्वपूर्ण है अतिथि शिक्षकों के व्याख्यान सत्रों के जरिए छात्रों को उद्योग की जानकारी प्राप्त होती है।

**■ आज आप गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने में क्या बदलाव देखते हैं?**

मौजूदा महामारी भारतीय उच्च शिक्षा में गेहूं को भूसी से अलग कर देगी। उच्च शिक्षा का भविष्य हाइब्रिड शिक्षण है - सिंक्रोनस, शिक्षण प्रक्रिया के केंद्र में कक्षा शिक्षण, जिसमें प्रौद्योगिकी एक अनिवार्य भूमिका निभा रही है।

**■ आप कॉलेज प्रवेश के समय को समस्त विलंबों और स्थगनों के साथ कैसे देखते हैं?**

हम बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा रद्द करने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हैं। महामारी के कारण पूरा देश जिस मानसिक, भावनात्मक व शारीरिक बेचैनी का सामना कर रहा है, उसे देखते हुए सबसे बुद्धिमान विकल्प को चुना गया है। यह हासिल करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि हम अपनी प्रवेश प्रक्रिया में पहले से ही देख रहे हैं कि इस वर्ष 12वीं कक्षा के स्नातकों के शिक्षण- परिणाम, पिछले साल स्थगित होने और सत्र में कटौती के कारण, आम तौर पर पिछले वर्षों की तुलना में खराब हैं।

**■ क्या आपको और ज्यादा विदेशी विश्वविद्यालय भारत आते दिखाई दे रहे हैं?**

बिल्कुल। विदेशी संस्थान लंबे समय से हरित- चरागाहों की तलाश में हैं, और भारत, अपनी विविधता के मद्देनजर, उनके लिए एक आदर्श बाजार है। इसके अलावा, नई शिक्षा नीति ने अंततः उनके क्रमिक प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है। हम 15 वर्षों से भी अधिक समय से सबसे गहन अंतरराष्ट्रीय सहयोगों में से एक के लाभार्थी रहे हैं, जिसमें विदेशी विश्वविद्यालय के साथियों व हमारे द्वारा, स्थानीय कॉलेज द्वारा किए गए शिक्षण से, पाठ्यक्रम और मूल्यांकन, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आया है।



# कैसे करें क्लैट की तैयारी

## क्या आप 12वीं कक्षा के बाद कानून की पढ़ाई करना चाहते हैं? अभिषेक चक्रवर्ती ऐसे तरीके बता रहे हैं जो उम्मीदवारों को इस सर्वाधिक कठिन परीक्षा को पास करने में मदद कर सकते हैं

हाल ही में, छात्रों में विधि-विषय की ओर मुड़ने का एक प्रमुख बदलाव आया है। जब इस क्षेत्र में करियर बनाने की बात आती है, तो अधिकांश छात्रों का लक्ष्य होता है कि वे देश के शीर्ष लॉ स्कूलों में प्रवेश लें। इन शीर्ष लॉ स्कूलों में प्रवेश के लिए मुख्य प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लेट) है, जो स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित की जाती है।

यह परीक्षा देश के प्रमुख राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश सुरक्षित करने की कुंजी है। अनेक निजी विश्वविद्यालय भी क्लेट स्कोर स्वीकार करते हैं। प्रतियोगिता बहुत उच्चस्तरीय है। इसलिए, न केवल परीक्षा को पास करना महत्वपूर्ण है, बल्कि उच्च रैंक हासिल करना भी महत्वपूर्ण है ताकि शीर्ष रैंकिंग वाले लॉ स्कूलों में प्रवेश लिया जा सके। सवाल यह है कि क्लैट की तैयारी कैसे करें? तो जान लीजिए कि क्या करना है।

**जल्दी शुरुआत करें**

अनेक छात्र करियर विकल्पों के बारे में स्पष्ट होते हैं और अपनी 12वीं की पढ़ाई शुरू करने से पहले ही प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरू कर देते हैं, ऐसे में दूसरों के लिए भी जल्दी शुरुआत करना महत्वपूर्ण हो जाता है। आमतौर पर, 10+2 के साथ दो साल की लंबी तैयारी को प्रवेश परीक्षा पास करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। लेकिन कुछ छात्र ऐसे भी हैं जिन्होंने छह महीने से लेकर एक साल तक की तैयारी के साथ उच्च रैंक हासिल की है। हालांकि, यह सलाह की जाती है कि जल्दी शुरुआत करें और धीरे-धीरे प्रवेश के विभिन्न विषयों की समझ विकसित करें, मूल से शुरू होकर जटिल प्रश्नों की समझ हासिल करें और फिर मॉक टेस्ट तथा नमूना प्रश्न पत्रों को हल करें।

**सिलेबस को समझें**

कई छात्र तैयारी प्रक्रिया के इस सबसे महत्वपूर्ण हिस्से को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसमें सिलेबस, इसके तहत विभिन्न वर्गों व विषयों और प्रश्न शैली का स्पष्ट विचार होता है। सिलेबस और परीक्षा पैटर्न की स्पष्ट समझदारी रणनीति तैयार करने में मदद करती है।

**रणनीति तैयार करें**

सिलेबस के आधार पर, प्रत्येक विषय के लिए समय आवंटित करते हुए सावधानीपूर्वक तैयारी रणनीति की योजना बनाई जानी चाहिए, और इस प्रक्रिया में सभी विषयों संबंधी मजबूतियों व कमजोरियों की पहचान भी करनी चाहिए। विषयों का अनुभाग-वार विश्लेषण सहायक होता है। इसके बाद प्रत्येक अनुभाग को विशिष्ट समय आवंटित करना तथा एक नियमित समय-सारिणी का निर्माण करना चाहिए। यूजी प्रवेश हेतु प्रत्येक अनुभाग को दिया गया वेटेज इस प्रकार है:

अंग्रेजी भाषा: 28-32 प्रश्न, या लगभग 20 फीसदी पेपर

सामान्य ज्ञान सहित सामयिक विषय : 5-39 प्रश्न, या लगभग 25 फीसदी पेपर

कानूनी तर्कबुद्धिएँ 35-39 प्रश्न, या लगभग 25 फीसदी पेपर

तार्किक बुद्धिमत्ता : 28-32 प्रश्न, या लगभग 20 फीसदी पेपर

मात्रात्मक तकनीक : 13-17 प्रश्न, या लगभग 10 फीसदी पेपर

पीजी परीक्षा के लिए, प्रवृत्ति यह रही है कि प्रश्नों का एक बड़ा हिस्सा संविधान, न्यायशास्त्र, कंपनी व आपराधिक कानून से आता है और बाकी प्रश्न प्रशासनिक कानून, संविदा कानून, अपकृत्य, परिवार कानून, संपत्ति कानून, लोक अंतर्राष्ट्रीय कानून, कर कानून, पर्यावरण कानून, और श्रम और औद्योगिक कानून से आते हैं।

**नियमित रिवीजन से समझ को उन्नत बनाते जाना**

किसी विशेष खंड की तैयारी के प्रत्येक दौर के बाद, उस पर नोट्स बनाना और समय-समय पर नोट्स को दोहरा करके खंड विशेष संबंधी अपनी जानकारी को नियमित रूप से संशोधित करना महत्वपूर्ण है। यह जानकारी को ध्यान में बनाए रखने में मदद करता है, और पहले से सीखे गए विषयों को भी सुधारता है।

मॉक टेस्ट का अभ्यास करें: यह परीक्षा के माहौल को समझने, प्रगति की जांच करने, मजबूत व कमजोर पक्षों की पहचान करने और प्रश्न पैटर्न के बारे में स्पष्ट विचार बनाने में मदद करता है। समयबद्ध ढंग से प्रश्न पत्रों को नियमित रूप से हल करने से परीक्षा हॉल की चिंता व भय को दूर करने और समय-प्रबंधन योग्यता में सुधार लाने में मदद मिलती है।

स्वस्थ और सकारात्मक रहना: किसी भी अन्य प्रवेश परीक्षा तैयारी की तरह, इस प्रक्रिया में भी उतार-चढ़ाव होंगे। हालांकि, चिंता व तनाव को दूर रखना तथा परीक्षा के बारे में सकारात्मक व आत्मविश्वासी बने रहने का प्रयास करना बहुत जरूरी है। और तनाव को स्वीकार करके तथा उसके निवारण की दिशा में संतुलित दैनिक दिनचर्या (योग, ध्यान व व्यायाम तथा स्वस्थ सामाजिक जीवन जैसी मानसिक व शारीरिक संबंधी गतिविधियों के साथ) अपना करके इस बेहतर स्थिति को हासिल किया जा सकता है।

**- लेखक साई विश्वविद्यालय में कानून के सहायक प्रोफेसर हैं।**

# बस एक क्लिक दूर है शिक्षा





## रितेश रावल का कहना है कि छोटी उम्र से ही प्रौद्योगिकी के साथ काम करने से बच्चे इस व्यावहारिक प्रशिक्षण से परिचित कराये जाते हैं कि भविष्य में पेशेवर कर्तव्यों हेतु आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल कैसे किया जाता है।

**पिछले एक** दशक से प्रौद्योगिकी ने विश्व-स्तर पर शिक्षा प्रणाली में गहरी पैठ बना रखी है। फिर महामारी ने दस्तक दी। और यह प्रौद्योगिकी स्कूली शिक्षा व यहां तक कि किंडरगार्टन के लिए ज्ञान प्रसार व खरीद का एकमात्र स्रोत बन गई। शिक्षा में प्रौद्योगिकी को शामिल करने के प्रति संदेह करने वालों ने विनम्र टुकड़ें का सेवन किया क्योंकि समूची वास्तविक दुनिया के शिक्षण -वातावरण को आभासी स्थान में बदल दिया गया था। प्रौद्योगिकी निश्चित रूप से शिक्षण को अधिक अनुभवात्मक बनाती है। दूरी कोई मायने नहीं रखती थी, यात्रा के समय को समीकरण से बाहर कर दिया गया था और बच्चों को बाहर एक उग्र महामारी के बीच अपने सुरक्षा स्थानों से बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होगी। यह कहें कि सारा ज्ञान घर आ गया। वर्दी पर पानी की बर्बादी नहीं हुई, नोटबुक में कागज बर्बाद नहीं हुआ, पेंसिल से लकड़ी बर्बाद नहीं हुई।

हालाँकि, स्कूली पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी के एकीकरण का मामला उपरोक्त कारणों से और आगे जाता है। सबसे पहले, इसे पारंपरिक पेपर पेंसिल विधियों के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसे पूरक, एक बलवर्द्धक के रूप में माना जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, कुछ विषयों को अक्सर उबाऊ और नीरस माना जाता है। ये अकसर संख्या व प्राचीन इतिहास से जुड़े होते हैं। उन सभी को एक एकीकृत तरीके से पढ़ाया जा सकता है, जैसे कि पारंपरिक किताबों के साथ ग्राफिक्स, इंटरेक्टिव और कृत्रिम वास्तविकता की खेती करके, जो उन्हें सीखने में खुशी देता है।

दूसरा, तकनीक होमवर्क बनाने, करने और मूल्यांकन करने को सरल बनाती है। साथ ही, असाइनमेंट को प्राकृतिक कालक्रम में दर्ज किया जाता है, जिसे बाद की तारीख में आसानी से पहुँचा जा सकता है। डिजिटल रिकॉर्ड व्यक्तिगत कमजोरियों को दूर करने में मदद कर सकता है।कम उम्र में तकनीक के साथ काम करने से बच्चों को इस बात से परिचित कराता है कि जीवन में बाद में पेशेवर कर्तव्यों के लिए आधुनिक तरीकों का कैसे उपयोग किया जाता है। ये युवाओं को उद्योग के लिए तैयार करते हैं और शिक्षण को भविष्य का प्रमाण बनाते हैं। फिर, खेल आधारित शिक्षा, जो अब एक वास्तविकता है, कक्षा में अध्यायों को मज़ेदार बना सकती है, जिसे विद्यार्थी वास्तव में अधिक से अधिक लेने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि आनंद की मात्रा अधिक है।

क्रिएटिव लर्निंग, जो आफ़लाइन प्रयास करने पर एक कार्य बन सकता है, डिजिटल रूप से एक तल्लीनकारी अनुभव हो सकता है। इनमें कथावाचन, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, वैश्विक सामग्री साझा करने के लिए वीडियो स्ट्रीमिंग का उपयोग करना, डिजिटल संग्रहालयों का दौरा करना, डिजिटल स्केचिंग का प्रदर्शन आदि शामिल हैं। फिर कुछ ऐसे विषय हैं जो वास्तव में ऑनलाइन पढ़ाए जाने से बेहतर हैं। भूगोल विषय के रूप में इस प्रवृत्ति का कुछ भी मिसाल के तौर पर नहीं है। डिजिटल मैप्स, जीपीएस, ऑनलाइन रूटिंग और सैटेलाइट इमेजरी जैसे बदलाव से, डिजिटल माध्यमों से भूगोल सीखना सबसे अच्छा दांव है। इसके बाद, तकनीक का उपयोग करके, छात्र महत्वपूर्ण व्यवहारिक कौशल हासिल करते हैं जो बाद में लागू होते हैं। ये नेट पर शोध कर रहे हैं, कीबोर्डिंग को समझ रहे हैं, क्लिक कर रहे हैं, सर्फिंग कर रहे हैं, नेविगेट कर रहे हैं आदि। छात्रों को अपनी खुद की रिकॉर्डिंग के माध्यम से सामग्री निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो बाद में उनके पॉडकास्ट, व्लॉगिंग करियर की नींव रखता है। इसलिए केवल उपभोक्ता होने के बजाय, उन्हें नेता बनने का आकार दिया गया है।

फिर, अकादमिक शिक्षण के लिए सोशल मीडिया को शामिल करने से बच्चे प्रत्यक्षतया व्यसनी माध्यमों के स्वस्थ उपयोग से परिचित होते हैं। एक अन्य क्षेत्र जहां प्रौद्योगिकी शिक्षा में मदद कर सकती है, वह है उन लोगों तक पहुंचना जो किन्हीं कारणों से स्कूलों में नहीं आ सकते हैं। इसके बावजूद, ऑन-बोर्डिंग तकनीक व शिक्षा में इसके दायरे का विस्तार करने के लिए छात्रों को बेहतर स्मार्टफोन और लैपटॉप की आवश्यकता होगी, जबकि हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी का उल्लेख तो लाजिमी है। साथ ही, डिजिटल शिक्षण व्यावहारिक प्रशिक्षण व शारीरिक गतिविधियों की आवश्यकता वाले विभिन्न विषयों में परिणामों को पूर्ति नहीं कर सकता है। इनमें शारीरिक शिक्षा, खेलकूद, प्रयोगशाला प्रयोग, जैविक पदार्थ को संभालना शामिल है। इसके अलावा, जब कोई छात्र कागज पर कलम रखता है, तो वे वास्तव में अपने हाथ की आंख और हाथ के मस्तिष्क के समन्वय का सम्मान कर रहे होते हैं, व अपने तर्कसंगत दिमाग और बौद्धिक केंद्र को धारदार करते हैं। इसलिए, कम्प्यूटरीकरण इसके लिए एक व्यवहार्य विकल्प की पेशकश नहीं कर सकता है। संक्षेप में, प्रौद्योगिकी शिक्षा को बदल रही है, बच्चे कैसे, कब और कहाँ सीखते हैं इसमें जबरदस्त ढंग से बदलाव ला रही है और बच्चों आज की टेक-टोनिक बदलाव हेतु तैयार करने व अधिक रचनात्मक होने के लिए सशक्त बना रही है जिसकी आज के रोजगार मांग करते हैं।

**- लेखक ड्यूड्स एंड डॉल्स वर्ल्ड, अध्याय स्कूल और रितेश रावल फाउंडेशन के संस्थापक हैं।**

2 | न्यूज-व्यूज
टेस्टिंग की रफ्तार ने थामे कोरोना के कदम

6 | अभिमत
मध्यस्थता धनराशि की प्रतीक्षा में केयर्न

12 | विविध
कैसे करें क्लेट की तैयारी

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 273
लखनऊ, सोमवार, 26 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



महिला खिलाड़ियों ने जगाई उम्मीद
स्पोर्ट्स-11

www.dailypioneer.com

# आज भारत जोड़ो आंदोलन की जरूरत

## मन की बात में बोले प्रधानमंत्री, राष्ट्र सर्वप्रथम, हमेशा सर्वप्रथम के मंत्र के साथ ही हमें आगे बढ़ना है

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्र** सर्वप्रथम, हमेशा सर्वप्रथम के मंत्र पर बल देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आह्वान किया कि ऐसे समय में जब देश आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है, हर भारतीय को महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए भारत छोड़ो आंदोलन की तर्ज पर भारत जोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करना है। उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाया जा रहा अमृत महोत्सव कार्यक्रम ना तो किसी सरकार का या फिर किसी राजनीतिक दल का है बल्कि देश की जनता का है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 79वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आह्वान किया कि जिस प्रकार देश की आजादी के लिए सभी लोग एकजुट हो गए थे उसी प्रकार सभी को देश के विकास के लिए भी एकजुट होना है। उन्होंने कहा कि इस साल 15 अगस्त को देश आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है और जिस आजादी के लिए देश ने सदियों का इंतजार किया, उसके 75 वर्ष होने की आज की पीढ़ी साक्षी बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर देश अमृत महोत्सव मना रहा है जिसकी मूल भावना अपने स्वाधीनता सेनानियों के मार्ग पर चलना और उनके सपनों का देश बनाना है। उन्होंने कहा, अमृत महोत्सव किसी सरकार का कार्यक्रम नहीं, किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं, यह कोटि-कोटि भारतवासियों का कार्यक्रम है। जैसे, देश की आजादी के मतवाले, स्वतंत्रता के लिए एकजुट हो गए थे, वैसे ही हमें देश के विकास के लिए एकजुट होना है। उन्होंने कहा, बापू के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन चला था, वैसे ही आज हर देशवासी को भारत जोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करना है। ए हमारा कर्तव्य है कि हम अपना काम ऐसे करें जो विविधताओं से हमारे भारत को जोड़ने में मददगार हो। उन्होंने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा, तो आइए, हम अमृत महोत्सव को यह अमृत संकल्प लें कि देश ही हमारी सबसे बड़ी आस्था, सबसे बड़ी प्राथमिकता बना रहेगा। राष्ट्र सर्वप्रथम, हमेशा सर्वप्रथम के मंत्र के साथ ही हमें आगे बढ़ना है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर



पर देश भर में मनाए जा रहे कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा ही एक आयोजन 15 अगस्त को राष्ट्रगान को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मंत्रालय की कोशिश है कि इस दिन ज्यादा-से-ज्यादा भारतवासी मिलकर राष्ट्रगान गाएं और इसके लिए राष्ट्रगानडॉटइन नामक एक वेबसाइट भी बनाई गई है। उन्होंने देशवासियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील भी की और कहा कि इसी तरह के बहुत सारे अभियान तथा बहुत सारे प्रयास आने वाले दिनों में और देखने को मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने तोक्यो ओलंपिक का उल्लेख करते हुए कहा कि जब हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय दल को वहां उन्होंने चलते देखा तो पूरा देश गौरवान्वित हो गया। पिछले दिनों खिलाड़ियों से अपने संवाद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने कई चुनौतियों और संकट का सामना करने के बाद ओलंपिक दल में अपनी जगह बनाई। उन्होंने देशवासियों से ओलंपिक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से देश के लिए काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि इसमें छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े नतीजे ला देते हैं। वोकल फॉर लोकल यानी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करने के लिए, उन्होंने कहा, रोज के काम काज करते हुए भी हम राष्ट्र निर्माण कर सकते हैं। हमारे देश के स्थानीय उद्यमियों, कलाकारों, शिल्पकारों, बुनकरों को सहयोग करना हमारे सहज स्वभाव में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर प्रयासपूर्वक भी यह काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के साथ बहुत ऐतिहासिक पृष्ठभूमि जुड़ी हुई है। इसी दिन 1905 में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर खादी का भी उल्लेख किया और कहा कि खादी खरीदना एक तरह से जन-सेवा और देश-सेवा भी है। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ के मद्देनजर देशवासियों से कारगिल की रोमांचक कहानी पढ़ने की अपील करते हुए कहा कि यह युद्ध हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और अनुशासन का ऐसा प्रतीक है जिसे पूरी दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा, इस बार यह गौरवशाली दिवस भी अमृत महोत्सव के बीच में मनाया जाएगा। इसलिए यह और भी खास हो जाता है। मैं चाहूंगा कि आप कारगिल की रोमांचित कर देने वाली गाथा जरुर पढ़ें, कारगिल के वीरों को हम सब नमन करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में संदेश व सुझाव भेजने वालों में 75 प्रतिशत तादाद ऐसे युवाओं की है जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है और यह एक ऐसा माध्यम है जहां सकारात्मकता एवं संवेदनशीलता है तथा जिसका चरित्र सामूहिक है। उन्होंने कहा कि मन की बात के श्रोताओं को लेकर एक अध्ययन किया गया जिसमें यह बात सामने आई कि संदेश व सुझाव भेजने वालों में करीब 75 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है। उन्होंने कहा, यानी, भारत की युवा शक्ति के सुझाव मन की बात को दिशा दे रहे हैं। मैं इसे बहुत अच्छे संकेत के रूप में देखता हूं। मोदी ने कहा, मन की बात एक ऐसा माध्यम है, जहां सकारात्मकता है...संवेदनशीलता है। इसमें हम सकारात्मक बातें करते हैं। इसका चरित्र सामूहिक है। सकारात्मक विचारों और सुझावों के लिए भारत के युवाओं की यह सक्रियता मुझे आनंदित करती है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि मन की बात के माध्यम से मुझे युवाओं के मन को भी जानने का अवसर मिलता है।

# पर्यटन के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का भी केंद्र बनेगी अयोध्या

## अयोध्या पहुंचे सीएम कहा-देश में सबसे ज्यादा मेडिकल कॉलेज यूपी में, हमारा प्रदेश हेल्थ सेंटर में नंबर वन

**कमलेश श्रीवास्तव।** अयोध्या



अयोध्या में मेडिकल कालेज में भर्ती मरीजों का हालचाल लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**श्रीरामनगरी** अयोध्या में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में वैश्विक टूरिज्म हब के साथ एजुकेशन व स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बने। इसके लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आज राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर के प्रशासनिक एवं ओपीडी भवन के निरीक्षण के समय यह बात कही गयी।

देश में सबसे ज्यादा मेडिकल कालेज यूपी के पास में हैं। इस आधार पर हम हेल्थ सेक्टर में नम्बर वन है। 1947 में आजादी के बाद अब तक 69 वर्षो में 12 मेडिकल कालेज यूपी में थे। वर्तमान सरकार के चार से साढ़े चार साल की कार्यकाल के दौरान 32 नये मेडिकल कालेज बनने की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत 2019 में अयोध्या मेडिकल कालेज में 100 छात्रों के साथ यहां प्रवेश हुआ था। प्रदेश सरकार ने 2019-20 में 8 नये मेडिकल कालेज को एमसीआई से अनुमति के बाद प्रारम्भ किया था। जिसमें अयोध्या भी था। मार्च 2020 में जब कोरोना आया तो यह मेडिकल कालेज डेडिकेटेड कोविड हास्पिटल के रूप में प्रयोग किया गया। इस नये मेडिकल कालेज में 3 हजार आरटीपीसीआर टेस्ट करने की क्षमता है। मार्च 2020 में जब कोरोना की आहट हुई थी तो यूपी के पास एक भी टेस्ट करने के लिए लैब नहीं थी। आज हमारे पास तीन लाख से अधिक टेस्ट करने की क्षमता है। जब यूपी में पहला कोविड का मरीज आया तो उसका सैम्पल टेस्ट करने के लिए बाहर भेजना पड़ा था। पेशेन्ट को उपचार के लिए भी बाहर भेजना पड़ा था। तीसरे बेब की तैयारी पूरी हो चुकी है। आज मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया।

आठ नये मेडिकल कालेज बनने के साथ 9 नये मेडिकल कालेज एनएचसी के पास एप्रूवल की प्रक्रिया में है। अयोध्या मेडिकल कालेज दो बैच में 100 छात्र है। नये बैच में 100 छात्रों की तैयारी की जा रही है। जिसकी अक्टूबर में काउंसिलिंग होगी। इस सत्र में 14 नये मेडिकल कालेज भारत सरकार के सहयोग से बनाये जा रहे हैं। 16 जिले ऐसे है जहां एक भी मेडिकल कालेज नहीं है। उनके लिए हम पालिसी लेकर आ रहे है। दिसम्बर तक इसके लिए अपनी स्वीकृति प्रदान कर देगें।

# एदियुरप्पा का भविष्य आज होगा तय

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने पद पर रहने या न रहने का निर्णय शीर्ष नेतृत्व पर छोड़ा

**भाषा।** बेंगलुरु, बेलगावी, पणजी

**कर्नाटक** में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर संशय बरकरार रहने के बीच मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि वह इस पद पर बने रहेंगे या नहीं, कल सोमवार तक पता चल जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह अगले 10 से 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करना जारी रखेंगे।

कर्नाटक के सबसे प्रभावशाली लिंगायत नेता और राज्य में दो दशक से भाजपा का चेहरा रहे 78 वर्षीय एदियुरप्पा ने रविवार शाम को कहा कि उन्हें अब तक केंद्रीय नेतृत्व से संदेश नहीं मिला है कि इस पद पर बने रहना है या हटना है। उन्होंने भरोसा जताया कि आज रात या सोमवार सुबह तक इस संबंध में जानकारी मिल सकती है। एदियुरप्पा ने बताया कि उन्होंने दो



महीने पहले ही इस्तीफे की पेशकश कर दी थी और दोहराया कि अगर पार्टी नेतृत्व की इच्छा रही तो वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे और अगर उन्हें यह पद छोड़ने को कहा गया तो इस्तीफा देंगे और पार्टी का काम करेंगे। उन्होंने कहा, मैं अगले 10 से 15 साल तक दिन-रात पार्टी के लिए काम करूंगा।

इस बारे में कोई आशंका नहीं होनी चाहिए। एदियुरप्पा ने कहा कि वह सोमवार को एक कार्यक्रम में पूर्व की योजना के तहत अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बात करेंगे। एदियुरप्पा ने कहा, उसके बाद अन्य बातें होंगी जिसकी जानकारी दी जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि अगर केंद्रीय नेतृत्व से संदेश आता है तो वह क्या करेंगे, तब एदियुरप्पा ने कहा, मैं उसके बाद फैसला लूंगा।

उधर पणजी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को मुख्यमंत्री एदियुरप्पा की उनके अच्छे काम के लिए प्रशंसा की। नड्डा से संवाददाताओं ने जब एदियुरप्पा सरकार के दो साल पूरे होने और उनके नेतृत्व पर उनकी राय के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, एदियुरप्पा ने अच्छा काम किया है। कर्नाटक अच्छा कर रहा है। एदियुरप्पा अपने तरीके से चीजों का ध्यान रख रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या दक्षिणी राज्य में नेतृत्व का संकट है तो नड्डा ने कहा, आप ऐसा महसूस करते हैं। हमें ऐसा नहीं लगता। इससे पहले बेलगावी के जिला मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में एदियुरप्पा ने कहा कि वह पार्टी नेतृत्व के फैसले का अनुपालन करेंगे। वह सहमत और संतुष्ट हैं और पार्टी के अनुशासन को नहीं तोड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे पार्टी में ज्यादातर पद मिले जो कर्नाटक में किसी और को नहीं मिले। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा का आभार व्यक्त करता हूं।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश, भूस्खलन से मृतक संख्या 113 तक पहुंची

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण हुईं भूस्खलन की घटनाओं के बाद 89 शव बरामद किए गए हैं और 34 लोग लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य में बाढ़, भूस्खलन तथा बारिश से सम्बंधित अन्य घटनाओं में मरने वालों की संख्या रविवार को 113 पर पहुंच गई। राज्य सरकार ने बताया कि पिछले एक दिन में एक और व्यक्ति की मौत हो गई और 100 लोग लापता हैं। इन घटनाओं में अब तक 50 लोग घायल हो चुके हैं। एनडीआरएफ के महानिदेशक एस एन प्रधान ने राज्य के रायगढ़, रत्नागिरी और सतारा जिलों में चलाए जा रहे अपने अभियान पर ताजा आंकड़ों की जानकारी ट्वीट के माध्यम से दी। आंकड़ों के अनुसार, एनडीआरएफ ने इन इलाकों से कुल 89 शव बरामद किए हैं जिनमें से सबसे अधिक 47 शव रायगढ़ की महाड तहसील के सबसे अधिक प्रभावित तालिए गांव से बरामद किए गए हैं। अपराह्न तीन बजकर 15 मिनट पर अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, इन तीन जिलों में 34 लोग लापता हैं। एनडीआरएफ ने महाराष्ट्र के प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए 34 दलों को तैनात किया है।

# हिमाचल में भूस्खलन से नौ पर्यटकों की मौत

## सांगला घाटी में पुल टूटा, दिल दहला देने वाला वीडियो हुआ वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के किन्नौर जिले में बस्तेरी के निकट रविवार को पर्यटकों को लेकर जा रहे एक वाहन पर भूस्खलन के बाद भारी चट्टान गिरने से उसमें सवार नौ लोगों की मौत हो गई। सांगला-छितकुल मार्ग पर बस्तेरी के निकट हाल में हुई भारी बारिश की वजह से अपराह्न एक बजकर 25 मिनट पर भूस्खलन की कई घटनाएं हुईं और इसकी वजह से एक पुल ढह गया और कुछ गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। बस्तेरी में पुल ढहने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो रहा है। वीडियो में चट्टानों को नीचे की तरफ गिरते देखा जा सकता है, जिससे पुल ढह गया। पुलिस ने बताया कि वाहन पर भारी चट्टानों के गिरने की वजह से उसमें सवार 11 लोगों में से नौ की मौत हो गई और दो घायल हो गए। यात्री छितकुल से सांगला जा रहे थे। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिले में



हिमाचल प्रदेश की सांगला घाटी में भूस्खलन से टूटा पुल

भूस्खलन की एक अन्य घटना में एक पैदल यात्री घायल हो गया। मृतकों की पहचान राजस्थान के माया देवी बियानी (55) उनके बेटे अनुराग बियानी (31) और बेटी रिचा बियानी (25), महाराष्ट्र की प्रतीक्षा सुनील पाटिल (27), जयपुर की दीपा शर्मा (34), छत्तीसगढ़ के अमोघ बापट (27), सतीश कटाकबर (34), पश्चिम बंगाल के चालक उमराब सिंह (42) और कुमार उल्हास वेदपाठक के तौर पर हुई है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किन्नौर में भूस्खलन के कारण लोगों की जान जाने पर दुख जताया है। मोदी ने कहा कि घायलों के इलाज के लिए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं और प्रत्एक मृतक के परिजन के लिए 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि तथा घायलों के लिए 50 हजार रुपए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी हादसे में लोगों की जान जाने पर दुख व्यक्त किया और जिला प्रशासन से तत्काल राहत व बचाव अभियान शुरू करने को कहा। पुलिस ने कहा कि हादसे में मरने वाले सभी लोग देश के विभिन्न हिस्सों से आए पर्यटक थे।

# सीमाओं पर सुरक्षा की दूसरी पंक्ति बनेगा बॉर्डर बेल्ट

**राकेश सिंह।** नई दिल्ली

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की अति सक्रियता के बीच केंद्र सरकार देश की विभिन्न सीमाओं से सटे सभी पुलिस थानों को शामिल कर एक सीमा पट्टी (बार्डर बेल्ट) बना रही है, जो सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के बाद सुरक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में काम करेगी। आमतौर पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों बीएसएफ और आईटीबीपी को सीमा सुरक्षा बलों के रूप में भी जाना जाता है जो रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य करते हैं। इनको विभिन्न सीमा सुरक्षा भूमिकाओं के लिए तैनात किया जाता है। सीमा सुरक्षा बलों को उनके संबंधित परिचालन सीमा पर प्रमुख खुफिया एजेंसी के रूप में भी नामित किया गया है। जहां आईटीबीपी चीन से लगी सीमा को सुरक्षित करती है, वहीं बीएसएफ को पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर तैनात किया जाता है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) नेपाल और भूटान से लगी सीमाओं को सुरक्षित करता है। असम राइफल्स को म्यांमार से लगी सीमा पर तैनात किया जाता है। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बॉर्डर बेल्ट के अंतर्गत आने वाले पुलिस स्टेशनों की मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। इससे पुलिस थानों, जिलों, क्षेत्र, उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली सीमा की लंबाई और सीमा पट्टी की आबादी की पहचान करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुखों के साथ समन्वय कर सीमा पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई शुरू करेगा। सीमा पर स्थित पुलिस थानों के बुनियादी ढांचे के विकास करने के लिए केंद्र द्वारा वित्त पोषित सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। विकास कार्यक्रमों की निरंतरता बनाए रखने और जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाने के लिए सीमावर्ती पुलिस थानों के थाना प्रभारियों को भी दो साल का निश्चित कार्यकाल प्रस्तावित है। ऐसे पुलिस थानों के एसएचओ को भी लीड खुफिया एजेंसी की बैठकों में शामिल करने का प्रस्ताव है। अपराध जांच विभाग (सीआईडी)/ राज्य खुफिया विभाग के अधिकारियों को भी सीमावर्ती पुलिस थानों में तैनात करने का प्रस्ताव है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,837 | |
| निफ्टी | 15,824 | |
| सोना | 46,452 | /10g |
| चांदी | 65,484 | /kg |

## क्विक न्यूज

### देश में कोरोना के 39,472 नए मामले, 535 मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में 39,742 नए मामले सामने आने के बाद कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 3,13,71,901 हो गए हैं जबकि 535 और मरीजों की मौत से मृतक संख्या 4,20,551 हो गई है। मृतकों में से सर्वाधिक 224 महाराष्ट्र से और 98 केरल से थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 4,08,212 रह गई है और कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 97.36 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 765 घटी है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

# केले के कचरे से निकाला रोजगार का रास्ता

## लखीमपुर-खीरी की महिलाओं के प्रयासों को प्रधानमंत्री ने सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखीमपुर** जिले में केले के बेकार तनों से फाइबर बनाने के महिलाओं के प्रयास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहा है। रविवार को प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लखीमपुर की महिलाओं की आत्मनिर्भरता की कोशिशों की चर्चा की। उन्होंने कहा मुझे उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किए गए एक प्रयास के बारे में भी पता चला है। कोविड के दौरान ही लखीमपुर खीरी में एक अनोखी पहल हुई है। वहां महिलाओं को केले के बेकार तनों से फाइबर बनाने का प्रशिक्षण देने का काम शुरू किया गया। केले के तने को काटकर मशीन की मदद से बनाना फाइबर तैयार किया जाता है, जो जूट या सन की तरह होता है। इस फाइबर से हैंडबैग, चटाई, दरी कितनी ही चीजें बनाई जाती हैं। इससे एक तो फसल के कचरे का इस्तेमाल शुरू हो गया, वहीं दूसरी तरफ गांव में रहने वाली हमारी बहनों-बेटियों को आय का एक और साधन मिल गया। मन की बात में मोदी से प्रशंसा पाने के बाद महिलाओं के हौसले बुलंद हैं।

जिले के मुख्य विकास अधिकारी अरविंद सिंह बताते हैं कि बनाना फाइबर बनाने का प्रयास एक जिला एक उत्पाद से प्रेरणा लेते हुए एक ब्लाक एक उत्पाद की दिशा में एक कदम है। दरअसल विकास खंड ईसानगर में केले की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। ऐसे में केले से सम्बन्धित उत्पाद से यदि स्वयं सहायता समूह को जोड़ा जाए तो बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकता है। केले का तना किसान काट कर फेंक



प्रतीकात्मक चित्र

देता था, जिससे दोहरा नुकसान हो रहा था। पहला, तने में दीमक लगना तथा दूसरे तने को कटवाने का आर्थिक बोझ। अत: किसानों से जब सम्पर्क किया गया तो वह सहर्ष केले का तना देने को तैयार हो गए। इस सोच के साथ स्वयं सहायता समूह की महिला के साथ कई चरणों (सितम्बर-अक्टूबर 2020) में चर्चा हुई। स्वयं सहायता समूह की 25-30 महिलाओं का चयन करते हुए उनको ट्रेनिंग दी गई। सीडीओ के मुताबिक समूह की महिलाओं को बनाना फाइबर के उत्पादन के लिए प्रेरित तो कर दिया गया लेकिन अब उनके सम्मुख मुख्य चुनौती थी उत्पादन हेतु मशीनरी एवं अन्य सुविधाओ को जुटाने की। अत: स्वयं सहायता समूह-ग्राम संगठन को सीएलएफ से ऋण दिलाया गया तथा विभिन्न विक्रेताओं से बात करने के बाद रिद्धि इंटरप्राइजेज सूरत, गुजरात से मशीनों को मंगवाया गया। मशीन आने से दिसम्बर 2020 में उत्पादन तो शुरू हो गया लेकिन अब चुनौती थी बाजार ढूंढने की। चूंकि बनाना फाइबर का उपयोग अधिकतर कागज व कपड़ा उद्योग में हो रहा है। अत: इसी क्रम में सूरत, अहमदाबाद, कानपुर इत्यादि क्षेत्रो में विक्रय हेतु संपर्क किया गया। इससे सार्थक परिणाम मिले तथा सर्वप्रथम अहमदाबाद की कम्पनी एल्टमट प्रा. लिमिटेड द्वारा ग्राम संगठन को टेस्टिंग हेतु 20 किग्रा बनाना फाइबर का आर्डर दिया गया। कम्पनी द्वारा टेस्टिंग में इसे उच्च गुणवत्ता का बताया गया तथा कम्पनी द्वारा ग्राम संगठन से प्रति माह 400 किग्रा बनाना फाइबर लेने की तैयारी की जा रही है, जिसकी शुरूआत अगस्त 2021 में की जाएगी। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य कम्पनियों द्वारा बनाना फाइबर का क्रय करते हुए 21,000 टोकन मनी के रूप में दिया जा चुका है। यही नहीं, उत्पाद को बेचने के लिए इंडिया मार्ट पर भी पंजीकरण किया गया है।

### क्या है बनाना फाइबर

**बनाना** फाइबर केले के पौधे से छील कर निकाला गया रेशा है जो जूट या सन की तरह होता है। इसका उपयोग पर्यावरण अनुकूल उत्पादों जैसे हैण्डबैग, चटाई, बेल्ट, कपड़े, साड़ी, सोफाकवर, दरी, फैन्सी कोटी इत्यादि बनाने हेतु कच्चे माल की तरह होता है। केले के तने को मशीन द्वारा चार भागों में काट कर अलग-अलग कर लिया जाता है। इसके बाद मशीन में डालकर बनाना फाइबर तैयार किया जाता है तथा इसे धुल कर एवं सुखाकर संरक्षित कर लिया जाता है।

# टेस्टिंग की रफ्तार ने थामे कोरोना के कदम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर को योगी सरकार ने तेजी से नियंत्रित किया है। 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में कम होते संक्रमण के मामलों के बीच टेस्टिंग की रफ्तार को थमने नहीं दिया गया। यूपी के गांवों से लेकर शहरों में जांच की प्रक्रिया तेजी से जारी है। जिसका परिणाम है कि सर्वाधिक आबादी वाले प्रदेश ने सबसे ज्यादा टेस्ट करने का खिताब कम समय में हासिल किया है। अब तक प्रदेश में कुल 6,40,50,235 टेस्ट किए जा चुके हैं वहीं रोजाना 2 लाख 50 हजार से अधिक टेस्ट किए जा रहे हैं।

तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखकर प्रदेश में टीकाकरण की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। अब तक यूपी में चार करोड़ 45 लाख से अधिक टीकाकरण किया जा चुका है। प्रदेश में अलीगढ़, बलरामपुर, बस्ती, एटा, फतेहपुर, हाथरस, महोबा, श्रावस्ती में आज



एक भी कोरोना मरीज नहीं है। ये जनपद आज कोरोना मुक्त हैं। प्रदेश के 43 जिलों में इकाई अंकों में कोविड मरीज की संख्या दर्ज की गई है तो वहीं किसी भी जिले में संक्रमण के मामले दहाई अंकों में दर्ज नहीं किए गए। पिछले 24 घंटे में 2,50,406 सैंपल की जांच हुई जिसमें महज 43 सैम्पल में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई।

एक ओर जहां उत्तर प्रदेश में हर दिन के साथ हालात में बेहतरी के संकेत मिल रहे हैं वहीं महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, केरल, आंध्र प्रदेश और दिल्ली जैसे अपेक्षाकृत कम आबादी वाले राज्यों में संक्रमण का कहर अब भी जारी है। पॉजिटिविटी रेट कम नहीं हो रहा। तीस अप्रैल को 03 लाख 10 हजार 783 कोरोना मरीज के साथ प्रदेश का रिकवरी रेट 74.1 फीसद था। कोरोना काल के इस पीक अवधि से अगर ताजा स्थिति की तुलना करें तो महज ढाई माह में रिकवरी रेट 98.6 प्रतिशत हो गया है। आंकड़ों को देखें तो 30 अप्रैल को हर 100 सैम्पल में से 14.1 प्रतिशत सैम्पल पॉजिटिव पाए गए थे लेकिन अद्यतन स्थिति के मुताबिक पॉजिटिविटी रेट महज 0.02 फीसद रह गई है। पॉजिटिविटी रेट यानी जांच किए गए लोगों में मिले पॉजिटिव लोगों की संख्या यह दिखाने के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक है कि कोरोना लहर की दूसरी लहर अब यूपी में नियंत्रित है।

## प्रदेश में बीते 24 घंटे में मिले मात्र 43 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर मुख्य** सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में संक्रमण कम होने के बावजूद, टेस्टिंग कम नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टें में कोविड के 43 नए केस मिले, जबकि 66 लोग कोविड संक्रमण मुक्त हुए हैं। प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री की अग्रेसिव रणनीति से प्रदेश में कोरोना काबू में है। प्रदेश में महज 868 एक्टिव केस हैं। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक टेस्ट और टीकाकरण करने वाला प्रदेश है। देश में सबसे अधिक छह करोड़ 40 लाख से अधिक नमूनों की जांच करने वाला इकलौता राज्य, उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश, देश में सर्वाधिक 4 करोड़ 43 लाख से अधिक कोविड डोज लगाने वाला पहला राज्य है। 76 प्रतिशत से अधिक हेल्थ केयर वर्कर और 61 प्रतिशत से अधिक फ्रंट लाइन वर्कर को टीके के दोनों डोज लगी है। पिछले 24 घंटे में 2 लाख 50 हजार से अधिक नमूनों की जांच हुई।

## शहीद मेजर के परिवार को 50 लाख और नौकरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हरदोई निवासी सेना के मेजर पंकज कुमार पाण्डेय के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद पंकज कुमार पाण्डेय के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद पंकज कुमार पाण्डेय के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

# चुनावी एजेंडे की डगर पर चल पड़ी सरकार

- वित्त विभाग ने बैठक करके सभी विभागों को समझाया आगे के काम का ब्लूप्रिन्ट
- सरकार की प्राथमिकताओं की योजनाओं को दिसंबर से पहले पूरा करने के निर्देश

कमल दुबे। लखनऊ

**योगी सरकार** पूरी तरह चुनावी मोड पर उतर आयी है। सरकार का संकेत पाकर सरकारी मशीनरी ने रातों-रात अपनी प्राथमिकताओं को बदल लिया है। वित्त विभाग की तरफ से सभी विभागों को निर्देश दे दिये गये हैं कि आगे उन्हीं योजनाओं पर पूरा फोकस किया जाये जो सरकार की प्राथमिकता पर हैं। इन्हें किसी भी दशा में दिसम्बर माह से पहले पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

वित्त विभाग ने पिछले दिनों सभी विभागों की बैठक करके उन्हें सरकार के निर्देशों से अवगत करा दिया है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि विभागीय बजट की धनराशि का उपयोग उन्हीं योजनाओं पर करना है जो सरकार की प्राथमिकता वाली हैं। इनसे कहा गया है कि धन के अभाव में इन योजनाओं का काम नहीं रुकना चाहिए। जिन विभागों के पास बजट में पैसा नहीं है या फिर कम है उनसे प्रस्ताव मांगे गये हैं। दरअसल सीएम योगी आदित्यनाथ अपने धार्मिक एजेंडा के साथ-साथ विभाग के एजेंडा को आगे रखकर विधानसभा चुनाव में जाना चाहते हैं। सरकार चाहती है कि जनता पर सीधा असर डालने और सीएम योगी के एजेंडा में शामिल योजनाओं को चुनाव में जाने से पहले धरातल पर उतारा जाये। अपनी इस मंशा से सीएम ने सरकार के अफसरों को अवगत करा दिया है। जिसके बाद से सरकारी मशीनरी इस काम में जुट गयी है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि सीएम योगी चाहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू होने के साथ ही प्रस्तावित नयी अयोध्या सिटी का चुनाव से पहले शिलान्यास हो। इसके लिये जो भी जरूरी हो किया जाये। सरकार की मंशा को देखते हुये अयोध्या को लेकर मुख्यसचिव की अध्यक्षता में बनी टीम अलग से काम कर रही है। काशी विश्वनाथ मंदिर में चल रहे नये मंदिर के निर्माण कार्य का भी लोकार्पण योगी सरकार चुनाव से पहले कराना चाहती है। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण तथा डिफेन्स कारीडोर बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास कराया जाना भी सरकार के एजेडा में हैं। जिसे लेकर सरकारी मशीनरी रात दिन कवायद कर रही है और सीएम योगी को लगातार ताजा स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। कानपुर मेट्रो रेल की शुरूआत योगी सरकार चुनाव से पहले करना चाहती है। इन प्रमुख योजनाओं के अलावा अनेक विभागों की भी अलग-अलग तमाम योजनाएं हैं जिन्हें चुनाव से पहले पूरा किया जाना है। सरकार की प्राथमिकता वाली उक्त योजनाओं पर फोकस करके आगे का कामकाज करने के निर्देश वित्त विभाग की तरफ से विभागों को दिये गये हैं। अधिकतर योजनाओं को पूरा करने की टाइम लाइन अक्टूबर माह रखी गई है जबकि बची अन्य योजनाओं को दिसम्बर से पहले पूरा किया जाना है। योगी सरकार चुनाव से पहले पूंजी निवेश को लेकर मेगा शो कराना चाहती है लेकिन यह कोरोना संक्रमण की स्थिति पर निर्भर करेगा। विदित हो कि अगले साल मार्च माह से पहले विधानसभा के चुनाव होने हैं। दिसम्बर माह के अंत अथवा जनवरी माह में चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना है। ऐसे में सरकार की कोशिश अपनी प्राथमिकता वाली ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को पूरा करने की हैं।

## क्विक न्यूज

### यूपी में बिजली की नई दरें लागू करने पर हो रहा विचार

- कंपनियों की ओर से दाखिल प्रस्ताव पर आयोग इसी सप्ताह ले सकता है फैसला

**लखनऊ।** बिजली कंपनियों द्वारा दरों को लेकर दाखिल प्रस्ताव पर नियामक आयोग इसी सप्ताह फैसला सुना सकता है। उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों को कम कराने के लिए एक बार फिर से लामबंदी शुरू कर दी है। उपभोक्ता परिषद ने कहा है कि राज्य सरकार घरेलू, ग्रामीण, शहरी व किसानों सहित छोटे वाणिज्यिक संस्थानों की बिजली दरों में कमी के लिए विद्युत नियामक आयोग को जनहित में निर्देश दे जिससे कोरोना संकट में आम जनता को राहत मिल सके। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एक बार फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि आयोग बिजली दरें कभी भी घोषित कर सकता है। सरकार कोरोना संकट में उपभोक्ताओं व किसानों की बिजली दरों में कमी करना चाहती है तो नियामक आयोग को विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 108 के तहत निर्देश देकर कोविड राहत टैरिफ लागू कराए। प्रदेश का उपभोक्ता बिजली दरों में कमी को लेकर काफी उम्मीद लगाए है। सरकार उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर निकल रहे 19537 करोड़ रुपये के एवज में इस बार उपभोक्ताओं को राहत का तोहफा दिलाए। उपभोक्ता परिषद ने कहा है कि पिछले वर्षों पर नजर डालें, तो प्रदेश में घरेलू, ग्रामीण व किसानों की बिजली दरें काफी बढ़ी हैं। महंगी बिजली देने वाले टॉप फाइव प्रदेशों में यूपी भी शामिल है।

### आजमगढ़ के शराब माफिया को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने आजमगढ़ का शराब माफिया, गैंगस्टर तथा पुरस्कार घोषित अपराधी प्रदीप यादव को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार यूपी के रास्ते अन्य राज्यों से अवैध शराब की तस्करी करने वाले शराब माफियाओं के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ ने अभिसूचना सूचना एकत्रित की इस दौरान ज्ञात हुआ कि डी-15 श्रेणी का पंजीकृत गैंगस्टर, 15 हजार का पुरस्कार घोषित अपराधी और विभिन्न मामलों में वांछित प्रदीप यादव लखनऊ से अपने घर आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ एवं स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहुँचकर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए अभियुक्त प्रदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि आजमगढ़ के थाना क्षेत्र बिलरियागंज मे कई वर्षो से वह स्प्रिट से शराब बनाने का कार्य धमेन्द्र मौर्या के साथ मिलकर करता रहा है। इस वजह से कई बार जेल भी जा चुका है। कुछ माह पूर्व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले जेल से रिहा हुआ है। इसकी मॉ विगत दो पंचवर्षी से प्रधान रही है। इसी क्रम में अपनी मॉ के पक्ष मे चुनाव प्रचार करने के दौरान गांव मे अवैध शराब वितरण करने के दौरान स्थानीय पुलिस से विवादए पथराव एवं मारपीट की घटना हुई थी। अधिक पुलिस बल आ जाने के कारण वह अपने सहयोगियों के साथ फरार हो गया था परन्तु इसकी फर्जी नम्बर की स्कार्पियों व फिएट कार जिसमे शराब की पेटियां थी। पुलिस द्वारा सीज कर इनके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया था। पथराव के दौरान फायरिंग की भी घटना हुई थी तभी से पुलिस से बचता हुआ इधर उधर फरारी काट रहा था। अवैध शराब के पैसे से धनार्जन कर कुछ वर्ष पूर्व इसने एक ईट भट्ठा साझे में आजमगढ़ मे खरीदा है ओर इसी भट्ठे पर अब शराब का अवैध निर्माण करने की फिराक मे था परन्तु स्प्रिट की उपलब्धता न होने के कारण काम शुरू नही हो पाया था। प्रदीप के ऊपर आजमगढ़ में विभिन्न थानो में करीब 31 मामले दर्ज हैं।

# प्रदेश में सभी पार्टियों ने प्रजापति समाज के लोगों को उनके हक से वंचित रखा: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के तत्वाधान में रविवार को प्रजापति, कुम्हार, चित्रवंशी सम्मेलन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी पार्टियों ने प्रजापति समाज के लोगों को उनके हक से वंचित रखा है। उनका वोट लेकर सपा बसपा और भाजपा ने सरकार तो जरूर बनायी लेकिन उनको सरकार में भागीदारी और उनकी समस्याओं के निदान में कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। प्रजापति समाज एक आत्मनिर्भर समाज था लेकिन पूंजीवाद और सरकारों की उपेक्षा के कारण आज वह अपने लिए रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए जूझ रहा है। अगर प्रजापति समाज कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ा हो जाए तो कांग्रेस पार्टी वादा करती है कि प्रजापति समाज को संगठन, टिकट और उनके सामाजिक पुनरुत्थान के लिए हर स्तर पर काम करेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो गायत्री प्रजापति के माध्यम से समाजवादी पार्टी में खनन के ठेकों में अपने लोगों को खूब लाभ कमाया लेकिन प्रजापति समाज का बेटा आज जेल में है। मुलायम सिंह यादव के परिवार का एक भी व्यक्ति उनसे मिलने नहीं गया और न ही प्रजापति की रिहाई के लिए कोई आंदोलन किया। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में बहुत से काम अति पिछड़े वर्गों के लिए किये थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने उनके आरक्षण, उनके मुद्दों और उनके संसाधनों को खत्म करने का काम किया है। जिससे यह समाज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। अगर यह समाज कांग्रेस के साथ लामबंद होकर खड़ा हो जाए तो आने वाले दिनों में एक बेहतर सरकार बनेगी जो जनोंउनमुखी होगी और अति पिछड़ों के लिए काम करेगी।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री वंशमणि प्रसाद वर्मा ने कहा कि हमारा समाज इसलिए कमजोर नहीं है कि वह पिछड़ा है बल्कि इसलिए कमजोर है कि वह बिखरा है। आज हमें जरूरत है कि एकजुट होकर इस देश में तानाशाही गरीबों की हक मारी और और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। सम्मेलन में राजस्थान के वरिष्ठ नेता और प्रजापति समाज के लिए लड़ने वाले डूंगर गेदर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़ों और अति पिछड़ों की आबादी सर्वाधिक होने के बावजूद सपा बसपा और भाजपा ने इनको राजनीतिक महत्व नहीं दिया जिसकी वजह से इस समाज की आवाज दब जाती है।

# सरकारी लापरवाही से चौपट हो रहा है मूक-बधिर बच्चों का भविष्य :रालोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना महामारी** से देश के 7 राज्यों के 90 हजार से अधिक मूक .बधिर बच्चों की पढ़ाई के बाधित होने के संबंध में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुपम मिश्रा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कोरोना महामारी से जूझते यह बच्चे पिछले 16 महीनों से पढ़ाई से पूर्णता वंचित हैं। इनके शैक्षणिक संस्थान व छात्रावासों में भी ताले पड़े हैं। सामान्य बच्चों के लिए तो देश भर में ऑनलाइन अध्ययन-अध्यापन का कार्य चल रहा है। किंतु इन मूक बधिर बच्चों के पास ना तो ऐसी कोई सुविधा है और ना ही सरकारों द्वारा ऐसा कोई विकल्प उपलब्ध कराया गया है। ऐसी मुसीबत के समय में मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता ना मिलने के कारण कई राज्यों के मूक-बधिर बच्चों के छात्रावास भी बंद पड़े हैं। अनुपम मिश्रा ने बताया कि पूरे देश में लगभग 2.68 करोड़ मूक बधिर बच्चे हैं। जिनमें से 1.21 करोड़ बच्चे निरक्षर हैं अर्थात 45 प्रतिशत बच्चे निरक्षर हैं। अत: यदि केंद्र सरकार द्वारा समय रहते सभी राज्यों को इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश के साथ ही आर्थिक सहायता व संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कराई गई तो ना केवल इन बच्चों का जीवन अंधकारमय होने का डर है बल्कि इनकी निरक्षरता भी 75 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। मिश्रा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बड़ा ही परेशान करने वाला विषय है क्योंकि सरकारें अपने झूठे प्रचार तंत्र पर हज़ारों करोड़ों रुपये को पानी की तरह बहाती हैं। लेकिन जब बात भारत के भविष्य, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों से जुड़ी हो तो धरातल पर घोर लापरवाही के साम्राज्य के अतिरिक्त कुछ नहीं दिखता। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था की सर्वाधिक नाजुक हालत उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में है ।

## बाढ़ को देखते हुए समुचित कदम उठाए सरकार



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश के अलग अलग हिस्सों खासकर महाराष्ट्र और गोवा में बाढ़ की वजह से हुई जान माल व सम्पत्ति की हानि को लेकर दुख जताया है। साथ ही पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की है। मायावती ने उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में रह रहे लोगों के लिए भी चिंता जाहिर करते हुए सरकार से मांग की है अभी से सजग होकर सावधानी के सभी कदम उठाना चाहिए, लोगों को विपदा से बचाया जा सके। रविवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश के विभिन्न भागों व खासकर महाराष्ट्र व गोवा आदि में बाढ़ की विभीषिका से जान माल व सम्पत्ति की भारी हुई हानि अति.दु:खद। पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। राज्य सरकारों व केन्द्र को भी आपदा के ऐसे मामलों में पूरी संवेदनशीलता से सक्रियता के साथ काम करना जरूरी।

# यूपी में बढ़ा संस्कृत भाषा सीखने का शौक

- जुलाई में 8533 छात्रों व इच्छुक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और नियमित कक्षाएं कर रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी में** संस्कृत भाषा सीखने में युवाओं में तेजी से दिलचस्पी बढ़ी है। संस्कृत संस्थानम की शुरू की गई संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण के जरिए संस्कृत सीखाने की मुहिम काफी कारगर साबित हो रही है। महज एक महीने में 8 हजार से अधिक लोगों ने संस्कृत की वर्चुअल कक्षाओं में अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। संस्थान की ओर से रोजाना एक घंटा संस्कृत की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत बोलने, पढ़ने और सीखने के इच्छुक लोगों के लिए संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण की सुविधा शुरू की है। सबसे खास बात यह है कि छात्र व संस्कृत सीखने के इच्छुक लोग मोबाइल फोन नंबर 9522340003 पर एक मिस काल एलर्ट के जरिए वर्चुअल कक्षा में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस सुविधा से संस्थान को काफी फायदा भी मिला है। बड़ी संख्या में युवा व छात्रों ने मिस काल के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन वर्चुअल कक्षाओं के लिए कराया। जुलाई महीने में 8533 छात्रो व संस्कृत सीखने के इच्छुक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और नियमित कक्षाएं कर रहे हैं।

संस्थान के मुताबिक वर्चुअल माध्यम से संस्कृत सीखने के इच्छुक लोगों के लिए 47 कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसमें शिक्षक ऑनलाइन संस्कृत की पाठशाला लगा रहे हैं। संस्थान के मुताबिक संस्कृत सीखने वालों में युवा वर्ग की संख्या अधिक है। शिक्षक रोजाना 1 घंटे की वर्चुअल कक्षाओं ले रहे हैं, जो पूरी तरह से निशुल्क है। सरकार लगातार देव भाषा संस्कृत के प्रति लगाव पैदा करने और संस्कृत सीखने के इच्छुक लोगों को मौका देने में जुटी है। इसमें उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान बड़ी भूमिका निभा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. वाचस्पति मिश्र के अनुसार बहुत से लोग संस्कृत भाषा को सीखना चाहते हैं। खासकर नौकरी पेशा, डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापारी वर्ग को समय के अभाव के चलते संस्कृत सीखने का समय नहीं मिल पाता है। उनके लिए यह सेवा एक वरदान है। पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों का बस एक गूगल फार्म भरना होगा। फार्म में उनको अपने व्यवसाय, नौकरी व पढ़ाई की जानकारी देना होगी। इसके बाद व्यवसाय के अनुरूप ग्रुपवार इसमें संस्कृत की पढ़ाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्कृत पढने् के इच्छुक छात्रों को संस्कृत के ज्ञान के साथ ही नैतिक संस्कारों के बारे में जानकारी दी जाएगी। हिन्दी और अंग्रेजी के साथ छात्रों को संस्कृत में बोलना भी सिखाया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 43.50 लाख को लाभान्वित करने का लक्ष्य

- करीब 40.60 लाख गर्भवती व धात्री को योजना का मिल चुका है लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गर्भवती महिलाओं** के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और सही पोषण के लिए शुरू की गयी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत इस माह तक सूबे की करीब 43.50 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लाकडाउन के बाद भी मध्य जुलाई तक करीब 93.34 फीसद लक्ष्य पूरा करते हुए करीब 40.60 लाख को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। जबकि इस माह मध्य जुलाई तक करीब 25 हजार महिलाओं का योजना के तहत रजिस्ट्रेशन किया गया है। जनवरी 2017 में पूरे देश में शुरू की गयी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने वाली व धात्री महिला को तीन किश्तों में 5000 रूपये प्रदान किये जाते हैं। योजना के राज्य नोडल अधिकारी राजेश बांगिया का कहना है कि विभाग का पूरा प्रयास है कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए गर्भवती व धात्री महिलाओं के बैंक खाते में राशि का अंतरण कर दिया जाए। यही कारण है कि कोरोना काल में जहाँ बहुत सी योजनाएं प्रभावित हुईं थीं वहीं इस योजना के तहत महिलाओं का बराबर पंजीकरण हो रहा था और उनके खाते में बराबर धनराशि भी पहुँच रही थी। बांगिया का कहना है कि इस कार्य में प्रदेश के लगभग सभी जिलों ने पूरी दिलचस्पी दिखाई, जिससे यह कार्य संभव हो पाया। आशा कार्यकर्ताओं की भी इसमें अहम् भूमिका रही, समुदाय तक योजना के प्रचार प्रसार और लाभार्थी को चिन्हित कर योजना के तहत पंजीकरण कराने में उन्होंने भरपूर प्रयास किया। इस तरह सभी के सम्मिलित प्रयास से वह इस लक्ष्य को भी पूरा कर लेंगे। उनका कहना है कि वर्ष 2017 से 2021 के मध्य जुलाई तक प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत करीब 1.07 करोड़ रजिस्ट्रेशन किये जा चुके हैं।

**तीन किश्तों में मिलते हैं 5000 रुपये:** पहली बार गर्भवती होने पर योजना के तहत पंजीकरण के लिए गर्भवती और उसके पति का कोई पहचान पत्र या आधार कार्ड, मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकापी जरूरी है। बैंक अकाउंट ज्वाइंट नहीं होना चाहिए, निजी अकाउंट ही मान्य होगा । पंजीकरण कराने के साथ ही गर्भवती को प्रथम किश्त के रूप में 1000 रुपये दिए जाते हैं। प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने और गर्भावस्था के छह माह बाद दूसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर धात्री महिला को तीसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये दिए जाते हैं। यह सभी भुगतान गर्भवती के बैंक खाते में ही किये जाते हैं।

# ब्राह्मण वोट बैंक को रिझाने में सपा भी जुटी

- पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के ब्राह्मण नेता के साथ बैठक कर तैयार की रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में 2022 में होने वाले विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ब्राह्मण वोट बैंक को लेकर फ्रंटफुट पर आ गई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के ब्राह्मण नेताओं की कमेटी बनाकर कार्यक्रमों के आयोजन व आंदोलन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख द्वारा गठित इस कमेटी में प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय व सनातन पाण्डेय के साथ विधायक तेज



नारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय को रखा गया है।

विधानसभा 2022 के चुनाव को लेकर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरम हो गया है। राजनीतिक दलों ने जातिगत वोट को रिझाने के लिए अपनी अपनी गोट बिछाने शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को सपा मुख्यालय में सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी के पांच वरिष्ठ ब्राह्मण नेताओं के साथ बैठक हुई। बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। फिलहाल उक्त बैठक के उपरांत सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बैठक की फोटो ट्वीट कर राजनीतिक गलियारों में ब्राह्मण वोट की राजनीति को लेकर हलचल मचा दी। पिछले दिनों ही बहुजन समाज पार्टी ने ब्राह्मणों को फोकस में रखकर अयोध्या में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया। बसपा सम्मेलन के बाद सपा का ब्राह्मण वोटों को लेकर हरकत में आना स्वभाविक था। समाजवादी पार्टी ने इस मामले में तेजी दिखाते हुए ब्राह्मण नेताओं के साथ बैठक कर राजनीतिक गलियारों में यह संदेश भेज दिया कि समाजवादी पार्टी भी ब्राह्मण वोट पर काफी गंभीर है। अब समाजवादी पार्टी 15 अगस्त को बलिया में ब्राह्मण सम्मेलन करेगी। वैसे भी समाजवादी पार्टी पूर्व में ब्राह्मण वोट को लेकर प्रबुद्ध सम्मेलन के नाम से कार्यक्रम करती आई है। समाजवादी पार्टी के कार्यालय में पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के साथ पूर्व मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय व अभिषेक मिश्रा और पूर्व विधायक संतोष कुमार पाण्डेय तथा बलिया से पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सनातन पाण्डेय ने गहन मंथन के बाद ब्राह्मण सम्मेलन की रूप रेखा तैयार की। बैठक में यह ही तय किया गया कि पार्टी में जहां भी ब्राह्मणों के साथ कोई अत्याचार होगा वहां पर समाजवादी पार्टी के नेताओं को प्रतिनिधिमंडल जाकर उनके पक्ष में खड़ा होगा। यह लोग ब्राह्मण समाज के उत्पीड़न पर पार्टी की कार्ययोजना तैयार करेंगे।

# भाजपा सरकार की गिनाने लायक एक भी उपलब्धि नहीं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा खेल तमाशों वाली अजीब पार्टी है। साढ़े चार वर्ष भाजपा सरकार ने समाजवादी विकासकार्यों के सहारे ही बिता दिए। कोई काम न धाम बस सत्ता की मदहोशी में पड़े रहे। अब जनता में अपनी कारगुजारियों के प्रति व्यापक आक्रोश को देखते हुए भाजपा सरकार बदहवाशी में ऊटपटांग घोषणाएं करके जनता को भ्रमित करने का तानाबाना बुन रही है लेकिन भाजपा को इस सबसे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि सच तो यह है कि प्रदेश में भाजपा सरकार की गिनाने लायक एक भी उपलब्ध्धि नहीं है। विकास अवरुद्ध है पर समाजवादी सरकार के कामों को ही अपना बताकर भाजपा सरकार झांसा दर झांसा जारी है।

भाजपा की यह धोखेबाजी भारतीय राजनीति को शर्मिन्दा करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के चलते कोरोना महामारी के दौरान हजारों जाने चली गई। लोगों को न बेड मिले, न ऑक्सीजन, दवाओं की कालाबाजारी होती रही। प्रशासन पंगु बना रहा। समाजवादी सरकार में रायबरेली और गोरखपुर में एम्स की स्थापना के लिए मुफ्त जमीन दी गई थी, जिसे भाजपा सरकार ढंग से चालू नहीं कर सकी। लखनऊ में कैंसर अस्पताल समाजवादी पार्टी ने बनवाया, भाजपा राज में उसकी उपेक्षा हुई। समाजवादी सरकार के समय उरई, कन्नौज, आजमगढ़, सहारनपुर, बदायूं, बांदा, शाहजहांपुर, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद, फैजाबाद आदि जनपदों में एक दर्जन से ज्यादा मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हुई थी। मुख्यमंत्री जी का 32 मेडिकल कॉलेज देने का दावा पूरी तरह सत्य से परे है।

# एडीजी ने विश्वनाथ मंदिर परिसर का किया मुआयना

● सावन के पहले सोमवार को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

● विश्वनाथ मंदिर परिसर सजधज तैयार

● सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सावन** के महीने में शिवभक्तों के लिए काशीपुराधिपति श्री काशी विश्वनाथ का दरबार अपने भक्तों के लिए सजधज कर तैयार हो गया है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व प्रशासन ने मंदिर की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। मंदिर में प्रवेश के लिए स्टील की बैरिकेडिंग का काम शनिवार को देर रात तक पूरा हो गया। श्रद्धालुओं के लिए स्टील की बैरिकेडिंग में ही रेड कार्पेट बिछाया जाएगा। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। कोरोना के सक्रमण से बचाव के लिए सभी श्रद्धालुओं को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि मैदागिन की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को गेट नंबर चार छत्ताद्वार होते हुए मंदिर चौक भेजा जाएगा। श्रद्धालुओं को गेट-ए से प्रवेश करने के बाद गर्भगृह के पूर्वी प्रवेश द्वार पर जल चढ़ाने की व्यवस्था मिलेगी। जो भक्त किसी कारण वश नहीं आ सकते वो बाबा के ऑनलाइन दर्शन भी कर सकते हैं। बांसफाटक से ढुंढिराज गली होकर आने वाले श्रद्धालु मंदिर परिसर के गेट-डी से प्रवेश पाएंगे और गर्भगृह के पश्चिमी द्वार से दर्शन व जलाभिषेक कर सकेंगे। सरस्वती फाटक की ओर से आने वाले श्रद्धालु गर्भगृह के दक्षिणी द्वार और वीआईपी, वीवीआईपी व सुगम दर्शन के टिकटधारी गेट-सी से प्रवेश कर गर्भगृह के उत्तरी द्वार से दर्शन करेंगे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल, पेन, घड़ी, पेन ड्राइव आदि लेकर मंदिर में ना आएं। इससे दर्शन में परेशानी होगी। मंदिर परिसर में किसी विग्रह, दीवार या रेलिंग को स्पर्श करने से बचें। मंदिर परिसर को हर छह घंटे पर सैनिटाइज किया जाएगा। आपात स्थिति के लिए चिकित्सक और एनडीआरएफ की टीम भी तैनात रहेगी। पेयजल से लेकर खोया पाया केंद्र, पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय बनवाया गया है। रविवार को सावन मास लगते ही श्रद्धालुओं ने गोदौलिया से ज्ञानवापी तक लाइन लगाकर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुॅचकर दर्शन-पूजन किया।

## सावन के प्रथम दिन केदार घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**शिव** के प्रिय सावन मास के प्रथम दिन नमामि गंगे ने केदार घाट पर गंगा किनारे स्थित शिवलिंगों की गंगा जल से साफ-सफाई की। केदार घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर सावन माह पर्यंत घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। शिव के मनभावन सावन के पहले दिन गौरी केदारेश्वर की आरती उतारकर कोरोना दमन की कामना की गई। आत्मनिर्भर, खुशहाल और आरोग्य भारत हेतु भगवान केदारनाथ का जलाभिषेक किया गया ।

सयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि सावन शिव को प्यारा है और शिव हम सभी के प्यारे हैं । भगवान शिव हमें वसुधैव कुटुंबकम की परिकल्पना समझाते हैं । सावन के प्रथम दिन शिवलिंगों और घाट की साफ सफाई हम सभी को स्वच्छता की प्रेरणा देती है । उन्होने कहा कि बाबा का जलाभिषेक कर हमने कोरोना मुक्त, खुशहाल और आत्मनिर्भर भारत की कामना की है।

# मऊ में कोविड नियमों के साथ होगा जलाभिषेक

● सावन के प्रथम दिन लोगों ने किया पूजन-अर्चन

**संवाददाता**। मऊ

**पवित्र** सावन माह की शुरुआत रविवार से हो गया। सोमवार को सावन माह के पहले सोमवार को मंदिरों एवं शिवालयों में कोविड नियमों का पालन करते हुए जलाभिषेक किया जाएगा। किसी भी कीमत पर मंदिरों व शिवालयों में कोविड नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा।

सावन माह को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने रविवार को सावन माह के पहले दिन घरों में पूजन-अर्चन किया।

नगर समेत ग्रामीण अंचलों में सावन माह को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वैसे तो सावन माह की शुरुआत रविवार को हो गया। लेकिन सावन माह के पहले सोमवार को जिले के सभी शिव मंदिरों व शिवालयों में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए जलाभिषेक किया जाएगा। रविवार को सौभाग्य और आयुष्मान योग में शुरू महीना शिवभक्तों के लिए विशेष फलदायी माना गया है। सावन माह के पहले सोमवार को जलाभिषेक व पूजन-अर्चन को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर लिया गया है। इस बार कोरोना काल के चलते कांवड़ यात्रा पर रोक लगने से मंदिरों में सोशल डिस्टेंस का पालन कर जलाभिषेक किया जाएगा।

सनातन धर्म में सावन का विशेष महत्व होता है। यह पावन महीना भगवान शिव को समर्पित है। इस माह में शिवभक्त जलए दूध और गंगाजल आदि से महादेव का जलाभिषेक करते हैं।

कोरोना संक्रमण के चलते शिवभक्तों को इस बार भी कोविड-19 गाइड लाइन का पालन कर जलाभिषेक करना होगा। श्रावण मास पूरी तरह से देवी.देवताओं के लिए समर्पित माह होता है। इस माह सभी देवी देवी-देवताओं का विशेष पूजन-अर्चन होता है। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय होता है। घोसी क्षेत्र अंतर्गत मादी-सिपाह स्थित प्राचीन मां कोयल मर्याद भवानी मंदिर परिसर स्थित शिवमंदिरए रामपुर खजुरही स्थित शिवमंदिर के साथ ही अमिलाए चिरैयाडांड़, सोनाडीह, सबरहद विरैचा, कटिहारी, टकटेऊवा रामपुर, पीवाताल, टेघना आदि शिवालयों पर सावन के पहले सोमवार को पूजन-अर्चन व जलाभिषेक को लेकर पूरी तैयारी कर लिया गया है। वहीं कोपागंज में भी सावन माह को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित नजर आए। स्थानीय गौरीशंकर मंदिर में पूजन-अर्चन करने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर काफी मुकम्मल इंतजाम किया गया है।

### किस सोमवार को भगवान शिव को क्या चढ़ाएं

0 प्रथम सोमवार: 26 जुलाई- धनिष्ठा नक्षत्र। शक्कर युक्त दूध से प्रात: काल शिव जी का अभिषेक करें। सायंकाल शिव-पार्वती का पूजन करें।

0 द्वितीय सोमवार: 2 अगस्त- कृत्तिका नक्षत्र। अनार के रस से शिव जी का अभिषेक करें।

0 तृतीय सोमवार: 9 अगस्त- आश्लेषा नक्षत्र। शिवजी का दूध से अभिषेक कर चंदन का लेप करें और शेष चंदन को माथे पर लगाएं।

0 चतुर्थ सोमवार: 16 अगस्त- अनुराधा नक्षत्र। दूध में शहद मिला कर पीपल के पत्ते का चम्मच बना कर उससे शहद मिश्रित दूध का अभिषेक करें।

**ऊं साई बाबा के स्थापना दिवस पर हुआ विहंगम श्रृंगार**

वाराणसी। गायघाट स्थित ऊं साईनाथ बाबा का 14वॉ स्थापना दिवस शनिवार को सायंकाल धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को अशोक की पत्ती, गौना की पत्ती, करौना की पत्ती, गुलाब का माला, बेला, चमेली, नीलकंठ, गेंदा, केवड़ा, टेंगरी आदि सुगन्धित माला से सजाया व झालरों आदि से सजाया गया था तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों मिष्ठान, फल-फूल, मेवा आदि से भोग चढ़ाया गया था, तूलिका बैजनाथ आर्ट गैलरी के संस्थापक एवं मंदिर के सेवईत सिन्धु वर्मा ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के दिन इस साई बाबा मंदिर का स्थापना किया गया था ।

# हनुमान मंदिर की छत तोड़ने का कड़ा विरोध

● मौके पर भारी भीड़ जमा, पुलिस और पीएसी मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**शिवपुर** थाना अंतर्गत गिलट बाजार पुलिस चौकी के समीप नगर निगम के पार्क में स्थित हनुमान जी के मंदिर की छत न्यायालय के आदेश पर रविवार को तोड़ने पहुंची वीडीए और नगर निगम की टीम को क्षेत्रीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। मंदिर के पूजारी और क्षेत्रीय पार्षद पति ने भी इसका विरोध किया है। वहीं सूचना मिलते मौके पर पहुंचे एसीपी कैंट अभिमन्यू मांगलिक व एसीएम चार ने लोगों को समझाया, जिसके बाद मंदिर के आगे लगे टीन शेड को हटाने की सहमती बनी। लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर शिवपुर थाने की फोर्स एहतियातन बुला ली गई। वहीं नगर निगम के जोनल अधिकारी का कहना है कि माननीय न्यायालय में एक याचिका थी, जिस पर न्यायालय ने वर्ष 2013 के बाद मंदिर की जो छत बनी है केवल उसे तोड़ने का आदेश दिया है, जिस के क्रम में टीम यहां पहुंची है। उन्होंने बताया कि मंदिर वर्ष 2005 में स्थापित हुई है।

अत: मंदिर में स्थापित मूर्ति को कतई नहीं छुआ जाएगा बल्कि केवल ऊपर की छत जो अवैध है, उसे तोड़ा जाएगा। वहीं मंदिर के पुजारी का आरोप कि वीडीए की टीम जोर जबरदस्ती करके इसे तोड़ना चाह रही है। आम जनता ने इसका विरोध किया है। मंदिर में शनिवार के दिन ज्यादा संख्या में लोग दर्शन के लिए आते हैं। वहीं शिवपुर वार्ड के भाजपा पार्षद पति रोहित मौर्या ने बताया कि एक ओर जहां हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को छत देने की बात कर रहे हैं, तो वहीं यहां की प्रशासन खुद भगवान के मंदिर की छत हटाने पर उतारू है। रोहित मौर्या ने कहा कि इस संदर्भ में हम लोगो अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं और मंदिर के छत नहीं तोड़ने दी जाएगी। यह कोई नव निर्माण नहीं है। जब वीडीए खुद मान रहा है कि मूर्ति 2005 में स्थापित हुई है तो क्या मूर्ति खुले आसमान के नीचे रहेगी। नगर आयुक्त को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ पीएससी फोर्स भी बुलाई गई। दूसरी ओर वहां मौजूद स्थानीय लोग जय श्री राम के नारे लगाते हुए हनुमान चालीसा का पाठ भी करना शुरु कर दिया। लोगों का कहना है कि मंदिर के छत को कतई तोड़ने नहीं दिया जाएगा। बहरहाल प्रशासन मंदिर के अवैध छत को गिराने का प्रयास कर रहा है, तो लोग भजन कीर्तन प्रारंभ करते हुए वहीं जमे हुए हैं।

**पीएम-कुसुम योजना की विशाल क्षमता सामने आई**

वाराणसी। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने नए वित्तीय वर्ष 2021-22 की जोरदार शुरुआत की है। पहली तिमाही में 92.20 करोड़ की तुलना में, कंपनी ने 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए 156.31 करोड़ पर समेकित शुद्ध राजस्व दर्ज किया जो कि 69.5 प्रतिशत की वृद्धि है।शक्ति पम्पस के शुद्ध लाभ ने भी स्मार्ट लाभ दर्ज किया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में 7.29 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पहली तिमाही में 3.31 करोड़ था।

## पीएम की मन की बात में कारगिल में युद्ध के दौरान सैनिकों की प्रशंसा

**वाराणसी**। भाजपा स्वच्छता प्रकल्प काशी क्षेत्र संयोजक अनुप जायसवाल द्वारा मोदी द्वारा सम्बोधित आकाशवाणी से प्रसारित मोदी द्वारा सम्बोधित ( मन की बात) कार्यक्रम का 79वां संस्करण का आयोजन नईसडक स्थित गीता मंदिर पर किया गया। कार्यक्रम में मोदी ने देश के अनेक क्षेत्रों के सराहनीय कार्य करने वाले महानुभाव की चर्चा के साथ कारगिल दिवस के पुर्व दिवस पर कारगिल युद्ध में उनके शौर्य और पराक्रम की गाथा देश को बताते हुए देश के सैनिकों की प्रशंसा करते हुए उनका मान बढाया तथा जलसंचय के विषय में भी अनेक जानकारी देते हुए कोरोना महामारी के लिए भी जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वच्छता संयोजक अनुप जायसवाल, क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री श्रीप्रकाश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# तीखी धूप व उमस से बेहाल रहे लोग

● अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा

**संवाददाता**। मऊ

**जुलाई** माह के अंतिम सप्ताह के दौरान रविवार को पूरे दिन तीखी धूपए उमस व गर्मी से लोग काफी बेहाल नजर आए। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्यिस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी व उमस के कारण सबसे ज्यादा बुरा हाल रोज कमान-खाने वालों का रहा। आसमान से बरस रही आग के कारण रिक्शा चालक, ठेला व खोमचा वाले सबसे ज्यादा परेशान नजर आए।

नगर समेत ग्रामीण अंचलों में वर्तमान समय में मौसम के मिजाज में आए दिन परिवर्तन के साथ जन.जीवन काफी प्रभावित है। इधर पिछले तीन-चार दिनों से तीखी धूप व उमस के कारण लोग काफी परेशान नजर आए। रविवार को सुबह से ही मौसम के मिजाज तल्ख नजर आए। चिलचिलाती धूप सुबह से ही शरीर में चुभने लगी। दिन चढ़ने के साथ ही धूप तीखी होती रही। पंखे व कूलर तक गर्मी से राहत दिलाने में नाकाम साबित हुए। सड़क पर राहगीरों का काफी बुरा हाल रहा। कुछ दूर चलते ही पसीने में तरबतर होकर राहगीर छांव तलाशते नजर आए। तेज धूप से बचने के लिए लोग कपड़े से सिर व चेहरा ढके रहे। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहा। उमस व गर्मी के कारण नगर क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों बाल निकेतन रेलवे क्रासिंग, सिंधी कालोनी, रौजा बाजार, सदर चौक, संस्कृत पाठशाला, मिर्जाहादीपुरा, सहादतपुरा, मुंशीपुरा आदि स्थानों पर सन्नाटा ही पसरा रहा।

रोज कमान-खाने वालों के लिए नित्य की मौसम का बदलता मिजाज काफी परेशानी का सबब बना हुआ है। हालांकि देर शाम को सूरज ढलने के बाद तपिश से राहत मिल गई लेकिन उमस के तेवर बरकरार रहे।

## एसके गौतम बने समन्वय समिति के राष्ट्रीय संयोजक

**सोनभद्र**। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के देश के विभिन्न रेलवे जोनों के सदस्यों की राष्ट्रीय समन्वय बैठक महामना मालवीय स्मृति भवन में आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से समन्वय समिति का गठन कर उर्जान्चल से जुड़े एसके गौतम को राष्ट्रीय संयोजक का दायित्व सौंपा गया। श्री गौतम क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जोन के सदस्य हैं। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवँ अन्य पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से चयन किया गया। और रेल यात्रियों की बेहतर सुविधाओं आधारभूत संरचनाओं के विकास नई रेल गाडियों का संचालन स्टेशनों पर रेल गाड़ियों के ठहराव आदि कार्यों हेतु आपसी तालमेल एवँ समन्वय से कार्य करने का निर्णय लिया गया। अन्य पदाधिकारियों में पंकज कुमार श्रीवास्तव पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर, डीएल शाह, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, अमित जैन, उत्तर मध्य रेलवे तेज सिंह, वरूण एडवोकेट, डॉ. सुमन कौशिक, स्वाती पटेल, उत्तर रेलवे आदि मौजूद रहे।

# अपना दल एस का लक्ष्य मिशन 2022

● सांगठनिक कार्यो की हुयी समीक्षा

**संवाददाता**। मीरजापुर

**मिशन** 2022 के मद्देनजर अपना दल एस ने संगठन की कमियों को ठीक करने का काम शुरू कर दिया है। पार्टी का लक्ष्य है कि हर बूथ पर कम से कम 10 सक्रिय कार्यकर्ता तैयार किया जाएं। इसके लिए रविवार को पूर्वी जोन के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में पथरहिया स्थित सांसद जनसम्पर्क कार्यालय में मैराथन समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले भर से जोन स्तर तक के पदाधिकारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सचिव राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव बिल्कुल करीब है।

इसकी तैयारी में हम सभी को अभी से जुट जाना है। उन्होंने जिलाए विधानसभा और जोन के पदाधिकारियों से कहा कि 15 अगस्त तक बूथ स्तर तक की कमेटियों का गठन जरूरी है। क्योंकि चुनाव जीतने के लिए बूथ जीतना आवश्यक है।

सह प्रभारी राजेश पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव में मिली सफलता से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इसे बरकरार रखने की जरूरत है। उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यों के प्रचार प्रसार पर जोर दिया।

सह प्रभारी राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य राजेश पटेल ने कहा कि जब तक बूथ स्तर पर हम मजबूत नहीं होंगेए चुनाव में सफलता नहीं मिलेगी। लिहाजा तय समय में बूथ स्तर तक के संगठन तैयार कर लें।

सह प्रभारी युवा मंच के राष्ट्रीय महासचिव विजय चौरसिया ने कहा कि हर जिले में संगठन की समीक्षा का कार्य चल रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सांगठनिक कमियों के सुधार करना है। अभी समय है।

जो कमियां हैं, उनको तय समय 15 अगस्त तक दूर कर लें। सरदार पटेल, बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर तथा पार्टी के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू बैठक का समापन प्रतापगढ़ में निर्मित राजकीय मेडिकल कॉलेज का नामकरण पिछड़ों कमेरों के मसीहा सोनेलाल के नाम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार ज्ञापन के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंजीनियर रामलोटन बिंद ने की। संचालन युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय पटेल ने किया।

बैठक में युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल, राष्ट्रीय सचिव रामाशंकर सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह पटेल, चिकित्सा मंच प्रदेश सचिव डॉ आरके पटेल प्रदेश महासचिव शिक्षक मंच लाल बहादुर सिंह प्रदेश सचिव किसान मंच सत्यनारायण सिंह पटेल सहकारिता मंच प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुमार पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष चिकित्सा मंच डॉ एसपी पटेल, अनुसूचित जनजाति मंच प्रदेश सचिव प्रकाश खरवार आदि मौजूद रहे।

# ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन के लिए हस्ताक्षर अभियान का द्वितीय चरण आज से चलेगा

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**केंद्रीय** ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री पं दिनेश कुमार तिवारी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश के लगभग पांच करोड़ ब्राह्मण समुदाय के आर्थिक, शैक्षिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विगत तीन जनवरी 2021 को उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन हेतु केंद्रीय ब्राह्मण महासभा ने पूरे प्रदेश में एक साथ धरना करके राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा था।

देश के विभिन्न प्रांतों तेलंगाना प्रदेश, आंध्र प्रदेश ,कर्नाटक प्रदेश एवं पंजाब प्रदेश की लोक कल्याणकारी सरकारों द्वारा ब्राह्मण वेलफेयर कॉरपोरेशन का विधिवत गठन कर राजाज्ञायें भी जारी कर दी गई लेकिन अफसोस है की उत्तर प्रदेश की सरकार ने ब्राह्मण समाज के इस लोक हितकारी मांग को अब तक उपेक्षित ही किया है। राष्ट्रीय महामंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में 17 जनवरी से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक साथ ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन हेतु हस्ताक्षर अभियान भी लगातार दो माह तक चलाया गया जिसमें भारी मात्रा में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

जिसमें प्रमुख रुप से काशी विद्वत परिषद के सम्मानित अध्यक्ष महामहोपाध्याय पंडित राम यत्न शुक्ल, राम जन्मभूमि न्यास परिषद के वरिष्ठ सदस्य वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज, वाराणसी के पूर्व सांसद महासभा के संरक्षक डॉ राजेश मिश्र, महामहोपाध्याय पंडित नीलकंठ शास्त्री के सुपुत्र, काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चक पंडित श्रीकांत मिश्र, काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत परिवार के सदस्य, काल भैरव मंदिर महंत परिवार के सदस्यगण का आशीर्वाद एवं व्यापक समर्थन मिला।

## देश की जनता पूरी तरह बेहाल: बाबूलाल

मुगलसराय (चन्दौली) । विकासखण्ड के बिलारीडीह गांव में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव सहित अन्य ग्रामीणों का भी सम्मान किया गया। वहीं दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि इस समय देश व प्रदेश की जनता पूरी तरह बेहाल है। सरकार अनावश्यक कानूनों को लागू करके पूरी तरह तानाशाही कर रही है। सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन भी विपक्षी पार्टी के नेताओं के साथ ज्यादती कर रहा है। एक तरफ विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धारा 144 का हवाला देकर उनके लोकतांत्रिक ढंग से किए जा रहे प्रदर्शन को रोका जा रहा है। वहीं सत्तारूढ़ दल के लोगों को मनमानी करने की पूरी छूट दी जा रही है। कहा कि भाजपा सरकार ने सिर्फ जुमलेबाजी ही की है। देश के लोगों की मूल समस्याओं से ध्यान हटाकर सिर्फ अस्थिरता पैदा की जा रही है। इतना ही नहीं नोटबन्दी व जीएसटी से तो हर व्यक्ति बेहाल है। सरकार किसानों के हित में कार्य करने की बात करती है। लेकिन अनाज का दाम के अनुपात में खाद का दाम बहुत अधिक बढ़ा रही है। इससे किसानों को काफी। परेशानी उठानी पड़ रही है। जिले के प्रतिनिधि समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

# वैश्य समाज ने राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर बनाई रणनीति



● आजमगढ़ मंडल के पदाधिकारियों की हुई बैठक

**संवाददाता**। मऊ

**वैश्य** समाज के आजमगढ़ मण्डल के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष रमेश जायसवाल की अध्यक्षता में बहादुरगंज रोड स्थित एक प्लाजा में हुई। बैठक में अजय साहू जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल को बसपा का आजमगढ़ मण्डल का प्रमुख सेक्टर प्रभारी बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। इस मौके पर प्रदेशमंत्री एवं प्रवक्ता गोपाल कृष्ण बरनवाल ने कहा कि वैश्य समाज का नौजवान अब व्यापार के साथ ही राजनीतिक भागीदारी के लिए लामबन्द हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में अब प्रत्येक जनपद से एक जनप्रतिनिधि निश्चित रूप से चुनना ही हैए तभी समाज का उत्पीड़न रूकेगा तथा देश एवं प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। जिलाध्यक्ष बलिया रविन्द्र गुप्ता ने कहा कि शीघ्र ही मऊ जनपद मुख्यालय पर आजमगढ़ मण्डल के तीनों जनपदों के वैश्य समाज के पंचायत चुनाव में चुने गये जनप्रतिनिधियों एवं समाज में विभिन्न स्तरों पर उल्लेखनीय कार्य करनें वाले वैश्य जनों का सम्मान समारोह रखा जायेगा एवं उन्हे सम्मानित किया जायेगा।

# इकलौते बेटे ने जहर खाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

● लाकडाउन के बाद एक साल से गांव में ही रहकर दिहाड़ी मजदूरी का काम कर रहा था

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**चोलापुर** थाना क्षेत्र के रौना खुर्द गांव निवासी दिनेश उर्फबुद्धू राजभर उम्र 19 वर्ष की शनिवार देर रात में जहर खाने से मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार दिनेश उर्फ बुद्धू राजभर बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। लॉकडाउन के बाद लगभग एक साल से वह अपने गांव पर रह कर दिहाड़ी मजदूर का काम कर रहा था। शनिवार को वह अपने पिता शंभू राजभर से दवा लेने की बात कहकर घर से पैसा लेकर बाजार गया। वहां से वह कीटनाशक दवा खा कर घर पहुंचा, जहां उसकी हालत बिगड़ने लगी।

इसे देख घबराए परिजनों ने उसे आनन-फानन में वाराणसी के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण देर रात इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। तीन बहनों के बीच एकलौता बेटा होने से परिवार में कोहराम मच गया है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (सिंचाई विभाग) उत्तराखण्ड
जमरानी बाँध निर्माण खण्ड-2, हल्द्वानी
दमुवाढुंगा, हल्द्वानी, नैनीताल 263139 ई-मेल: eejdcd3@gmail.com
पत्रांक : 590/जमरानी-2/कार्य प्रभारित अधिष्ठान/ दिनांक : 24/07/2021

विज्ञप्ति/अन्तिम सूचना का प्रकाशन

निम्नलिखित कर्मचारी जो पूर्व में कार्यप्रभारित अधिष्ठान में कार्यरत रहे हैं को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि एस०एल०पी० संख्या 4371/2011 प्रेम सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित निर्णय दिनांक 02.09.2019 के अनुपालन में उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग के शासनादेश संख्या 182/II(1)/2020-06(47)/2016 सिंचाई अनुभाग-1 देहरादून दिनांक 04.02.2020 द्वारा सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड के अन्तर्गत कार्यरत/सेवानिवृत्त वर्कचार्ज कर्मचारियों की वर्कचार्ज सेवा अवधि को सम्मलित करते हुए पेंशन आदि का लाभ अनुमन्य किये जाने सम्बन्धी आदेश निर्गत किये गये है। उक्त के क्रम में निम्न कार्मिकों से पत्राचार के बावजूद अभी तक सम्पर्क नहीं हो पाया है। अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से अन्तिम बार निम्नलिखित कार्मिको/उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि आवश्यक अभिलेखों सहित जहां कहीं भी हो 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में उपस्थित होने का कष्ट करें जिससे अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सके। अन्यथा विपरीत परिस्थितियों हेतु कार्मिक स्वयं उत्तरदायी होंगें।

01. श्री मानबहादुर कार्यप्रभारित चौकीदार ग्राम व पो० लक्ष्मीपुर जिला सलियन, नेपाल।
02. श्री नत्थू लाल कार्यप्रभारित चौकीदार ग्राम नरखेड़ा पो० इमलिया गंगी जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश।
03. श्री दृगपाल कार्यप्रभारित रनर ग्राम नकरोड़ा पो० बालावाला देहरादून।
04. श्री उम्मेद सिंह कार्यप्रभारित बेलदार थाना मठेना, अल्मोडा।
05. श्री चन्द्रमान कार्यप्रभारित स्टोर कीपर, रवासगुसाई पो०आ० थान्हारवास, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश।
06. श्री इन्डल कार्यप्रभारित हैल्पर, मोहल्ला शेर मोहम्मद डाकखाना व्यास, पीलीभीत उत्तरप्रदेश।
07. श्री गंगा राम कार्यप्रभारित चौकीदार ग्राम अहमद नगर पो० ढकिया जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश।
08. श्री नारायण सिंह कार्यप्रभारित मास्टर आपरेटर ग्राम औरछी 370 सिसिरका जिला बदायूँ, उत्तर प्रदेश।
09. श्री बिशन सिंह चालक पुत्र श्री उत्तम सिंह ग्राम सेनोली पो0 रज्यूड़ा, पट्टी तल्ली सालूक जिला अल्मोड़ा।
10. श्री गंगा दत्त कार्यप्रभारित हैल्पर ग्राम धूरा संगरोली पटवारी क्षेत्र कनरा चौखुटिया तहसील व जिला अल्मोड़ा।
11. श्री रामसमुझ पुत्र श्री मुनेश्वर सेवानिवृत्त चालक ग्राम व पोस्ट सूरजभान पट्टी जिला सुल्तानपुर, उत्तरप्रदेश।
12. श्री गंगा राम पुत्र श्री जोगा राम सेवानिवृत्त चालक ग्राम गेठिया पो० गेठिया जिला नैनीताल।
13. श्री मोती राम पुत्र स्व0 नरी राम ग्रा0- मोहरपाली पो0- बैजनाथ जिला -अल्मोडा।

उक्त के सम्बन्ध में किसी जानकारी प्राप्त करने हेतु निम्न दूरभाष पर सम्पर्क करें।
कार्यालय दूरभाष नं0 -05946-298698, प्रशासनिक अधिकारी -9411317062, सम्बन्धित सहायक -7409766177
अधिशासी अभियन्ता

# पौराणिक, ऐतिहासिक धरोहर संजोए है कालेश्वर मंदिर

## अमरौधा के कालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुके हैं रानी लक्ष्मीबाई के सैनिक

**● सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में होता है भव्य मेले का आयोजन**

संवाददाता। पुखरायां





**कानपुर** देहात की भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में कालिंदी तट पर स्थापित प्रसिद्ध कालेश्वर मंदिर अपने में कई ऐतिहासिक एवं पौराणिक धरोहर संजाए है। यहां पर हर साल महाशिवरात्र और सावन मास के प्रत्येक सोमवार को विशाल मेले आयोजित होते हैं। जानकर लोगों का कहना है मंदिर में स्थापित शिवलिंग का स्वत: प्रादुर्भाव हुआ था। जिसे बाद में मेहरोत्रा वंश के पूर्वजों ने स्थापित कराया था। 1858 में अंग्रेजों से लड़ाई के दौरान कालपी से यमुना पार करके जान बचाकर भागे महारानी लक्ष्मीबाई की सेना में शामिल क्रांतिकारी एवं सैनिक भी इस मंदिर में शरणार्थी बनकर पूजा अर्चना कर चुके हैं।

भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के भू-अभिलेख नक्शों में दर्ज जानकारी के अनुसार कसबा अमरौधा के दक्षिणी छोर स्थित यमुना नदी के किनारे मुगलकालीन शाहपुर और महमूदपुर नामक दो कस्बे आवाद थे। अंग्रेजी हुकुमत के दौरान शाहपुर तहसील परगना का मुख्यालय था। उन दिनों नदियों के जरिए नावों से माल ढोया जाता था। इस जिहाज से यह व्यापारिक .ष्टि से महत्वपूर्ण स्थान थे। जल प्रलय के दौरान यमुना नदी की बाढ़ और फि़र संक्रामक बीमारियों की चपेट में दोनों ही कस्बे उजड़ गए थे। दोनों ही कस्बे उजड़ने से कस्बा अमरौधा समेत कई गांव आवाद हुए थे। अर्से बाद महमूदपुर और शाहपुर उक्त दोनों कस्बों की उजड़ी बस्ती के निकट काले रंग का शिवलिंग दबा मिला। मेहरोत्रा वंशज के पूर्वजों ने मंदिर का निर्माण करके शिवलिंग स्थापित कराया। मिले काले रंग के शिवलिंग के कारण ही शायद नामकरण भी कालेश्वर मंदिर के नाम से किया गया। किवंदति है कि मिट्टी के नीचे दबे शिवलिंग के ऊपर एक गाय का दूध अपने से ही निकलने लगता था। चरवाहे ने यह देखकर लोगों को बताया तो खोदाई करायी गई। संस्..त के महान कवि भारवि ने शायद अपनी एक रचना में इसी कालेश्वर का बखान किया है। उदासी अखाड़े के महंत की देखरेख में मेहरोत्रा वंश के पूर्वजों ने इसे स्थापित कराकर मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर में चहल पहल बनीं रहे इसलिए पास में एक संस्..त पाठशाला भी निर्मित कराई। मंदिर में स्व. बजरंग दास, सहजा नंद, हरिहरदास देखरेख करते रहे हैं। अब हरिहरदास के गुरूभाई कल्याणदास देखरेख कर रहे हैं।

# लचर नौकरशाही के चलते पीड़ितों को अभी नहीं मिल पा रहा है न्याय

**● अकबरपुर तहसील क्षेत्र के चैनपुर व गैजूमऊ गॉवों में पीडित न्याय पाने को रहे भटक, डेरापुर तहसील के टिढवा में पैमायश के बावजूद तहसीलदार की हीलाहवाली**

रविकान्त दुबे। कानपुर देहात

**नौकरशाही** की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते वर्षों से पीडित न्याय के लिये दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे है। मामले की जॉच के बाद पीडितों के पक्ष में मामला पाये जाने के बाद भी लचर कार्यप्रणाली के चलते शासन की मॅशा के बावजूद स्थानीय नौकरशाही निरॅकुश हो कार्य कर रही है। डेरापुर तहसील क्षेत्र के टिढवा गॉव के अजय सिंह ने बताया कि विपक्षियों ने चक मार्ग पर अवैध कब्जा जमा लिया है पिछले वर्षों से वह राजस्व व उच्चाधिकारियों से अवैध कब्जा हटाने की मॉग कर रहा है। राजस्व अधिकारी जमीन की पैमायश तो कई बार कर चुके है परन्तु कब्जा अभी तक नहीं हटा है। डेरापुर तहसीलदार की विपक्षियों से सॉठगॉठ व भ्रष्ट आचारण के चलते ही मुझे अभी तक न्याय सुलभ नहीं हो पाया है। अकबरपुर तहसील क्षेत्र के बैजूपुरवा गैजूमऊ के रामकिशोर ने बताया कि विपक्षियों ने आम रास्ते को अवरूद्ध कर दिया है जिसकी शिकायत पर मौके पर पहुॅची पुलिस व लेखपाल के साथ भी विपक्षियों ने अभद्रता की। लगातार शिकायतों के बाद भी आम रास्ता अभी तक खुलवाया नहीं जा सका है। अकबरपुर तहसील के ही चैनपुर भॅवरपुर गॉव के कुॅवरलाल ने बताया कि विपक्षी मेरी जमीन पर कब्जा करना चाहते है, एसडीएम से शिकायत के छह महीने के बाद भी आदेश होने के बावजूद क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस मामले की जॉच व पैमायश नहीं कर रही है।

यह तीन मामले तो बानगी मात्र है जनपद में ऐसे कई मामले है जिस पर लचर कार्यप्रणाली के चलते पीडितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीडित पक्ष सत्ता व शासन पक्ष को ही दोषी मानने लगे है। बीते दिनों माननीय मुख्यमंत्री ने शिकायत के पॉच दिन के भीतर निस्तारण के आदेश के बावजूद निचले स्तर के कर्मचारियों की तन्द्रा अभी तक नहीं टूटी है। निरॅकुशता व भ्रष्टता का आचरण करने वाले कर्मचारी शासन की मॅशा को खुलेआम चुनौती देते नजर आ रहे है। अगर शीघ्र ही इन लापरवाह कर्मचारियों पर लगाम नहीं लगी तो इसके दुष्परिणाम भविष्य में सत्ताधारी पार्टी को भुगतने पड सकते है।

# प्रेमी ने शादी से किया इंकार तो प्रेमिका के पिता ने की आत्महत्या

**● पुत्री ने लगाया पिता की हत्या का आरोप**

**●दरोगा पर भी लग रहे हैं आरोप**

संवाददाता घाटमपुर

**कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव प्रेमी के शादी करने से इनकार करने तथा पुलिस अधिकारियों कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद न्याय न मिलने पर पिता ने जान दे दी, जबकि पीड़िता ने प्रेमी और उसके परिजनों पर शराब में जहर मिला कर पिलने का आरोप लगाते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मॉग की है। प्रेमिका का आरोप है कि आरोपी उससे शादी का बादा कर घर में आना जाना शुरु किये था इसी बीच पिता ने उससे कई बार शादी करने की बात कही तो वह लगातर कोई न कोई बहाना बनाकर टालता रहा तो पिता ने मामले कि शिकायत कोतवाली में कई बार की लेकिन पुलिस ने कोई मदद नही की, इसके बाद पिता ने सीओ से शिकायत की लेकिन न्याय नही मिला, मुहल्ले वालों ने बताया कि बीती शाम रिस्तेदारों और गांव के चंद लोगों के बीच पंचायत हुई लेकिन बात नही बनी बतौर पीड़िता आज सबेर वो शौंच के बाद घर आये तथा बताया कि पेट में दर्द हो रहा है, इसके बाद उन्हें .इलाज के लिये क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहॉ हालत सुधार नही हुआ तो घाटमपुर सीएचसी ले गये।

सीएचसी के डाक्टर संदीप गुप्ता ने बताया कि अधेड़ को उसके परिजन मृत अवस्था में सीएचसी लाये थे। कोतवाली प्रभारी धनेश प्रसाद ने बताया कि लड़की नाबालिक थी इसी बात से आरोपी के परिजन शादी टाल रहे थे।

# दुष्कर्म मामले में पुलिस ने दो माह बाद छेड़छाड़ का मुकदमा किया दर्ज

**● समझौता न करने पर पीड़ित को पुलिस ने जेल भेजने की दी धमकी**

**●डीएमए-एसपी से लेकर मुख्यमंत्री तक की शिकायत, एसओ बोले आरोपी दौरा पड़ने के दौरान पीड़िता के ऊपर गिर गया था**

संवाददाता। नवाबगंज फर्रूखाबाद

**बालिका** के साथ हुई दुष्कर्म की घटना में पुलिस पीड़ित पर समझौते का दबाव बनाने के साथ जेल भेजने की धमकी देने का पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया हैए लेकिन पीड़ित द्वारा लगातार उच्चाधिकारियों व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगायी गई। तब जाकर दो माह बाद पुलिस ने दुष्कर्म की घटना को छेड़छाड़ का मामला दिखाकर मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना नवाबगंज के ग्राम बछलैया निवासी पीड़ित बालिका के पिता ने दी गई तहरीर में दर्शाया कि उसकी 9 वर्षीय पुत्री 23 मई 2021 को शौच के लिए खेत पर गई थीए तभी गांव के विपिन पुत्र लालाराम वहां पहुंच गया और मेरी पुत्री को जबिरयन पकड़कर जमीन पर गिरा लिया और उसके कपड़े उतारकर कर उसके साथ छेड़छाड़ की व बुरा काम किया। पुत्री के शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे लोग भागकर पहुंच गये। जिन्होंने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। मौका पाकर वह वहां से भाग निकला। पीड़ित का कहना है कि थाने में तहरीर दी। मुकदमा दर्ज करने की बजाय थानाध्यक्ष पर धमकाने का आरोप लगाया। पीड़िता का कहना है कि लगातार मुझ पर यह दबाव बना रहे है कि समझौता कर लो। आरोपी भी मेरे घर आकर धमकी दे रहा है। आरोपी को पुलिस ने दो बार मेरे सामने थाने में बुलाया और समझौते का दबाव बनाया। न्याय पाने के लिए डीएमए एसपी के अलावा मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। तब जाकर दो माह बाद 23 जुलाई को पुलिस ने मेरे द्वारा दी गई तहरीर पर नहीं बल्कि अपने अनुसार लिखाई गई तहरीर पर छेड़छाड़ कर मुकदमा दर्ज किया ।

## पांच कला गुरुओं का सम्मान किया गया

**फर्रूखाबाद।** संस्कार भारती ने नया कोठा परचा स्थित महालक्ष्मी मंदिर मैं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नटराज पूजन एवं कला साधक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें पांच कला गुरुओं का सम्मान किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल त्रिपाठी ने भगवान नटराज के चित्र के सम्मुख समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया तत्पश्चात नैंसी गुप्ता और शुभी ने संस्कार भारती गीत का गायन किया। नवीन मिश्रा नब्बू भैया ने सभी का स्वागत किया । तत्पश्चात पांच कला गुरुओं-साहित्य विधा में भारती मिश्रा ,संगीत विधा में दयानंद शर्मा ,चित्रकला विधा में सुधीर पाल ,नाट्य विधा में शरद मिश्रा (सोनू ),और नृत्य विधा में प्रशांत मिश्रा (मोहित )का सम्मान संस्कार भारती ने किया । इस अवसर पर अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना कोषाध्यक्ष, अनुभव सारस्वत ,अखिलेश पांडे ,राम अवतार शर्मा इंदु आदि मौजूद रहे।

# फूलन देवी की प्रतिमा को अनावरण से पूर्व ही पुलिस ने कर लिया जब्त

**● बिना अनुमति के कार्यक्रम आयोजन करने पर प्रशासन की हुई कार्रवाई**

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**पूर्व सांसद** स्वर्गीय फूलन देवी के शहादत दिवस पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बदली पुरवा स्थित मिथिलेश कुमारी सत्यनारायण उच्च प्राथमिक विद्यालय में उनकी प्रतिमा का अनावरण रविवार को होना था। लेकिन पुलिस ने एक दिन पूर्व शनिवार को देर रात फूलन देवी की प्रतिमा को कब्जे में ले लिया और प्रतिमा स्थापना के लिए निर्मित चबूतरा भी ढहा दिया। जिला प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था हेतु कार्यक्रम स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सीओ बांगरमऊ आशुतोष ने बताया प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की जानकारी होने पर गांव जाकर आयोजकों से अनुमति पत्र मांगा गयाए जिसपर जानकारी हुई कार्यक्रम की अनुमति प्राप्त किये बिना ही कार्यक्रम कराया जा रहा है। जिसके बाद बिना अनुमति के कार्यक्रम आयोजित करने पर कार्यवाही करते हुवे प्रतिमा को ज़ब्त कर थाने पर ले आया गया है।

जानकारी के अनुसार पूर्व सांसद स्वर्गीय फूलन देवी की प्रतिमा विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री मुकेश साहनी ने उपलब्ध कराई थी। आज रविवार को मूर्ति का अनावरण होना था और कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री श्री साहनी को भी शामिल होना था। लेकिन शनिवार को देर रात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा एवं एसडीएम दिनेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ विद्यालय जा धमके और प्रतिमा को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में तहसील प्रशासन ने प्रतिमा को विद्यालय से उठाकर कोतवाली परिसर में सुरक्षित रखवा दिया। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और आयोजकों को हिदायत दी गई है कि शासन से अनुमति लेने के बाद ही प्रतिमा स्थापित कराई जाए।

उधर विकासशील इंसान पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष साहनी तथा पार्टी के स्थानीय नेता कैलाश नाथ निषाद ने प्रशासन द्वारा उनके समाज की वीरांगना फूलन देवी की प्रतिमा को जबरन उठाने और कार्यक्रम में व्यवधान डालने तथा अनुमति न देने की घोर निंदा की है। पार्टी के नेता द्वय ने यह भी बताया कि प्रशासन ने पिछड़े समाज के मसीहा स्वर्गीय मनोहर लाल की प्रतिमा भी बीते 21 जुलाई को मनोहर लाल इंटर कॉलेज में लगने के दौरान अड़चन पैदा की थी। इसी प्रकार स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रज शहीद गुलाब सिंह लोधी की मूर्ति को उन्नाव हरदोई मार्ग पर स्थित काली मिट्टी चौराहे पर स्थापित किया जाना था। लेकिन विगत 12 वर्षों से शहीद की यह प्रतिमा तहसील सफीपुर में बंद है। इन सभी मुद्दों एवं प्रशासन की हठधर्मिता को लेकर पार्टी द्वारा कल ;आजद्ध सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी नेता श्री निषाद ने प्रदेश की भाजपा सरकार को धमकी भी दी कि अति पिछड़ा समाज प्रशासन की इस बेजा करतूत को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और खासकर लोधीए बिंदए कश्यप व निषाद समाज इसका जवाब आगामी विधानसभा चुनाव में अवश्य देगा।

## नि:शुल्क बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान बताया 26 जुलाई से 9 अगस्त के मध्य अभियान चलाकार आयुष्मान कार्ड विहिन परिवारों के लाभार्थियों को शत.प्रतिशत निशुल्क आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने बताया शासन के स्पष्ट निर्देश है जिन परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनने हैए और अभी तक किन्हीं कारणों से बन नहीं सकें है उनके अभियान चलाकर नि:शुल्क कार्ड बनाये जांय। बताया 26 से 9 अगस्त तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## पारिवारिक कलह में युवक ने फांसी लगाई

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के ग्राम दामपुर में रविवार की सुबह पारिवारिक कलह के चलते लगभग 22 वर्षीय युवक ने घर के अंदर साड़ी से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी के अनुसार दामपुर गांव निवासी शिव मोहन के पुत्र राजकुमार का आज सुबह अपने परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे उसने घर के अंदर अपने कमरे में कुंडी लगा साड़ी से पंखे में फंद्रा बना झूल गया।इसकी भनक जब परिजनों को लगी तो घर में कोहराम मच गया। इसकी भनक जब परिजनों को लगी तो घर में कोहराम मच गया। तभी सूचना पुलिस को दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में ले लिया। उधर घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। कुछ लोग दबी जुबान में कहते सुने गये कि मृतक का अपनी भाभी से अवैध संबंध था।

# बच्चों ने रोपे दर्जनों पौधे

संवाददाता। रूरा कानपुर देहात

**पर्यावरण** संरक्षण हमारे संविधान के अनुच्छेद इक्यावन ए की उपधारा छरू से हम सबका मूल कर्त्तव्य है! अगर हम सब सार्वजनिक भोज कार्यक्रम के साथ साथ फ्लदार पौधों का रोपण करते हैं तो जीव जन्तुओं के लिए आजीवन भण्डारे की व्यवस्था स्वतरू हो जाती हैं उक्त उद्गार केन्द्रीय विद्यालय को अबतक लगभग बाईस सौ से अधिक पौधों से हरा भरा बनाने वाले केन्द्रीय विद्यालय के प्रकिष्ट आचार्य अरविंद कुमार राय ने विद्यालय के छात्र श्रेयश शुक्लाए उत्कर्ष और पार्थ दीक्षित के अनुरोध पर पहुँच कर बच्चों के पौधारोपण कार्यक्रम को बढ़ावा देते हुए बोतल पाम के पन्द्रह पौधो का रोपण करते हुए व्यक्त किए! इस अवसर पर बी एल शुक्ला फर्म के मालिक नीरज शुक्ला ने कहा कि बच्चों की बगिया कार्यक्रम के शुरुआत केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य ए के राय साहब की अभिनव और नवाचारी प्रेरणा का परिणाम है जो बच्चों के साथ साथ हम अभिभावकों के लिए प्रेरणास्पद है पर्यावरण मित्र नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि उद्भट एवं मूर्धन्य विद्वान प्राचार्य ए के राय जी के ऐतिहासिक प्रयास से बच्चों ने अनेक स्पर्धाओं में भारत से भूटान तक विद्यालय को स्वर्णिम गौरवान्वित किया है अब बच्चों की बगिया कार्यक्रम की शुरुआत सराहनीय है कोरोना काल में अपने विद्यालय दर्शन को लालायित बच्चे इस कार्य में शामिल होकर फ्लदार विद्यालय की संकल्पना को साकार कर सकते हैं ।

**विधायक ने दिलायी मदद:** फ्तेहपुर। सदर विधायक विक्रम सिंह ने कैंसर एवं किड़नी रोग से पीड़ित दो लोगों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उपचार हेतु मदद दिलायी। रमेश चन्द्र पुत्र शिवभजन निवासी ग्राम बेंतीसादात, तहसील व जिला फ्तेहपुर को दो लाख रूपये, लतिकेश पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम व पो0 बनरसी परगना अयाहशाह तहसील व जिला फ्तेहपुर को पचास हजार रूपये की मदद।

# सिर्फ ब्राह्मणों को रिझाने का काम कर रही है बसपा: जोशी

संवाददाता। फर्रूखाबाद




**प्रयागराज** से भाजपा की वरिष्ठ महिला संसद सदस्य श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी, ब्राह्मण वोटरों को रिझाने काम कर रही है। श्रीमती जोशी रविवार को फर्रूखाबाद शहर के आवास विकास स्थित भाजपा जिला कार्यालय में अपरान्ह करीब 03:00 बजे पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होने कहा कि ब्राह्मण सदैव से ही भाजपा से जुड़ा चला आ रहा है और आगे भी जुड़ा रहेगा। ऐसे में बहुजन समाज पार्टी, ब्राह्मण वोटरों को रिझाने का काम कर रही है। श्रीमती जोशी ने कहा कि बसपा को अपना 50 प्रतिशत दलित वोट नहीं मिलता क्योंकि यह दलित भाजपा से जुड़ चुके हैं। एक प्रश्न के उत्तर में भाजपा सांसद श्रीमती जोशी ने बताया कि देश में कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर के मामले को लेकर सरकार द्वारा आगामी 30 दिसम्बर 2021 तक 150 करोड़ वैक्सीन तैयार करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के 24 करोड़ जनता को कोविड-19 की तीसरी सम्भावित लहर से निपटने के लिये व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार ने कोविड-19 में निराश्रित हुये बच्चों के लिये अच्छी पढ़ाई-लिखाई तथा अन्य सुविधाओं के साथ ही उनके पालन-पोषण के लिये चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता उनके संरक्षकों को उपलब्ध कराने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, सांसद मुकेश राजपूत, विधायकगणों में मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, अमर सिंह खटिक आदि प्रमुख थे।

# आग से झुलस कर विवाहिता की मौत

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)

**सुल्तानपुर** घोष थाने के गांव तकिया पर मजरे अफ्ेई गांव में विवाहिता महनूर बानो 25 वर्ष की रात करीब तीन बजे आग से झुलसकर मौत हो गई। घटना के बाद ससुरालीजन महिला को प्रेमनगर के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने झुलसी महिला को देखने से मना कर दिया। जिसके उपरांत महिला को जिला अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका के भाई मेराज ने बताया कि अभी दो महीने पहले ही बहन की शादी हुई थी। बीते दो हफ्ते पहले पति पत्नी के बीच आपस में मारपीट हुई थी, जिससे नाराज होकर पत्नी मायके आ गई थी। बदनामी की डर से मायके से दो दिन बाद बहन ससुराल वापस चली गई थी। जिसके बाद पति मोहम्मद रुखसार ने पत्नी को धमकी दी कि तुझे तलाक दे दूंगा। वहीं ससुराल में भाभी और सास दोनों मिलकर मृतका को मारते-पीटते थे। भोर पहर जानकारी मिली कि बहन ने आग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। लड़की के भाई मेराज का आरोप है कि दहेज की खातिर डीजल डालकर बहन को जलाया गया है। ससुराल पक्ष से मायके पक्ष के ऊपर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। मामले में थाना प्रभारी अरविंद गौतम ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। अगर पीड़ित पक्ष से कोई तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक की मौत

**फ्तेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली के मुहल्ला आलमगंज निवासी राम सेवक बाल्मीकि का पुत्र दिनेश कुमार बाल्मीकि दो दिन पूर्व अपनी बहन की ससुराल इसी कोतवाली के गढ़ी गांव आया था। आज सुबह वह खूंटा के समीप स्थित रिंद नदी में नहाने गया था।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की औचक छापेमारी

**कानपुर देहात।** खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग की औचक छापेमारी से मिलावटखोरों में हडकम्प मच गया। शनिवार को खाद्य सुरक्षा अभिहीत अधिकारी मनोज वर्मा के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमॉशु सचान ने रनियॉ के महावीर दाल मिल में छापा मारा यहॉ अपमिश्रण के सन्देह में मसूर की 6 कुन्तल से अधिक दाल सील की सील की गयी दाल की बाजार कीमत साढे चार लाख रूपये के आसपास ऑकी गयी है। मिल परिसर में चना व चना की दाल भी अव्यवस्थित तरीके रक्खी मिली दाल के रखरखाव व साफसफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिये गये। मॅगलपुर में एफ्एसओ विनीता यादव व रसूलाबाद में एफ्एसओ द्वारा अरहर दाल का नमूना सील कर जॉच के लिये भेजा गया।

# प्रदेश उपाध्यक्ष ने भरी हुंकार युवाओं को दिलाएंगे रोजगार

संवाददाता। फतेहपुर

**विभिन्न** विकास खंडों में आयोजित युवा विकास समिति की बैठक में सदस्यता पाने को युवाओं के अंदर ललक दिखाई पड़ी। जनहितकारी कार्यो मे बढ़चढ़कर साथ निभाने को एक सौ छ: युवाओ ने हुंकार भरी। भिटौरा विकास खंड के हुसेनगंज में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे आकर के सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए। युवाओं को भी राजनीति में आना चाहिए। जिससे देश को एक नई ऊर्जा के साथ नया आयाम मिल सके। अब रोजगार के लिये युवाओ की आवाज को बुलंद किया जायेगा। यहां पर उन्होंने 30 युवाओं को सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री ने किया। वहीं मौके पर कुश बाजपेई, विकास सिंह, दीपक मिश्रा, दीपू मिश्रा रहे।

मलवा विकास खंड के कस्बे के शिव मंदिर में आयोजित बैठक में 11 सदस्यों को समिति की सदस्यता दिलाते हुए संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी ने सामाजिक समस्याओं को दूर करने में युवाओं को आगे आने की बात कही। जिला महासचिव प्रेमप्रकाश तिवारी, मुकेश कुमार, रोशन, अजय, अरविंद, एहसान उल हक, मंगल सिंह, साहिल गुप्ता आदि रहे। जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा कि अध्यक्षता में असोथर विकास खंड के मुत्तौर में समिति की बैठक संपन्न हुई। जहां 15 युवाओं को सदस्यता दिलाई गई। जिसमें मुख्य रूप से राहुल तिवारी, विवेक सिंह, दुर्गेश कश्यप, सुशील द्विवेदी, रायबहादुर निषाद आदि मौजूद रहे।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सफलता की मशाल लेकर दौड़े मेधावी, बधाइयों का तांता



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**आईसीएसई** नई दिल्ली बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। शहर के एक मात्र प्रतिष्ठित सी.आई.एस.सी.ई. नई दिल्ली बोर्ड से सम्बद्ध प्रख्यात मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं में इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर अपनी प्रतिभाओं का परचम फर्रूखाबाद जिले में लहराया है। नतीजे घोषित होते ही छात्रों की मेहनत सफ्ल हुई, तो बच्चों में खुशी की लहर दिखी। जिससे सफ्ल बच्चों ने अपने साथियों को गोद में उठाया और विद्यालय में हिप-हिप हुर्रे की गूंज उठी। इण्टरमीडिएट दीक्षा पालीवाल, विशाल कुमार, सिद्धार्थ बाजपेई, आशीष जैन, मुस्कान सिंह, टीशा गंगवानी, चिराग अग्रवाल, कुमारी सिद्धी आकांक्षा, व आंचल शाक्य ने बाजी मारी। हाईस्कूल में अंशुमान शुक्ला, साहब खांन, राधिका मेहरोत्रा, अनामय दुबे, दिव्यांश देव तिवारी, चैतन्या अग्रवाल, श्रीयम पटेल, करन वर्मा, शगुन यादव ने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की इस अभूतपूर्व सफ्लता पर विद्यालय की स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती निमीषा गुप्ता, प्रबंधक-रोहित गुप्ता व प्रधानाचार्य आलोक सक्सेना सहित सभी शिक्षकों ने विद्यालय के शत-प्रतिशत अच्छे परिणाम आने पर सभी को बधाई दी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सीएम ने पौधे रोपे, जाना मरीजों का हाल

## मेडिकल कालेज की व्यवस्थाएं परखीं

**संवाददाता।** अयोध्या

**मुख्यमंत्री** द्वारा इसके पूर्व मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया गया तथा मौलश्री एवं फ्लदार छायादार वृक्ष भी लगाये गये। मुख्यमंत्री जी के द्वारा विभिन्न वार्डो में जाकर मरीजों से वार्ता भी की गयी तथा ब्लड बैंक को भी देखा गया। मरीजों से वार्ता के समय मुख्यमंत्री जी ने पूछा कि आपको कौन सी बीमारी है। व्यक्ति बच्चों ने बताया कि उनको बुखार है। वहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने कहा इनको वायरल फीबर है तो मुख्यमंत्री जी ने उनको गरम पानी पीने और साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। मुख्यमंत्री जी द्वारा निरीक्षण के बाद मीडिया से वार्ता की गयी तथा कहा गया कि हमारा उद्देश्य है कि अयोध्या एक विश्व स्तरीय पर्यटन केन्द्र के साथ साथ एजुकेशनल एवं मेडिकल फैसिलिटी का भी बड़ा केन्द्र हो। इसके लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया गया जिसकी मैं सराहना करता हूं।



### योगी ने महंत नृत्य गोपाल दास से की मुलाकात

अयोध्या। अगले चरण में सीएम ने हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन किया तथा रामलला मंदिर परिसर का निरीक्षण किया एवं पूजन किया तथा चल रहे कार्यो की जानकारी ली एवं संक्षिप्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मणिराम दास छावनी के महंत तथा रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास से भी मुलाकात की एवं प्रसिद्ध सुग्रीव किला पीठाधीश्वर जगतगुरू विश्वप्रपन्नाचार्य से भी जाकर उनसे मुलाकात की एवं कुशलक्षेम पूछा।

### संतो के साथ सेल्फी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री जी द्वारा अगले चरण में पर्यटन विभाग के यात्री निवास नयाघाट पर अयोध्या के संत महात्माओं से मुलाकात की गयी तथा संतो के साथ भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया गया तथा मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी संतों को अंग वस्त्रम् प्रसाद आदि देकर सम्मानित किया गया। इसमें अयोध्या के लगभग सभी संत महंत उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के साथ अयोध्या के संतो ने खिंचवाई सेल्फी।

# पीएनबी की टांडा शाखा में लगी आग, रिकार्ड रूम व कम्प्यूटर हुए राख, भारी नुकसान की आशंका

## ●शार्ट सर्किट से हादसे की आशंका

**संवाददाता।** टाण्डा अम्बेडकर नगर



**औधौगिक** बुनकर नगरी टाण्डा के पजाब नेशनल बैंक मे रविवार को सुबह लगभग पौने ग्यारह बजे एकाएक शार्ट सर्किट से आग लग गयी, बैक से पहले हल्का धुआ निकलते स्थानीय लोगो ने देखाधीरे धीरे धुआ बढता गया,बैक के सामने भीड बढती गयी। बैक मैनेजर तथा कोतवाली कोसूचना हुयी। मौके पर बैक मैनेजर केके सिह, कोतवाल सजय पाण्डेय, एसडीएम अभिषेक पाठक, क्षेत्राधिकारी सन्तोष कुमार आये। बैक का मुख्य द्वार खुलवाया गयाऔर अग्निशमन विभाग के जवान आग बुझाने मे जुट गये फायर बिग्रेड की तीन गाडियाआग बझाने मे लगी रही लगभग दो, ढाई घन्टे की जोरदार मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पंजाब नेशनल बैंक शाखा टाण्डा के मैनेजर केके सिह ने बताया किआग सभवता शार्ट सर्किट से लगी है। आग से कुछ कागजात, दो क प्यूटंरदो कुर्सी, दो मेज आदि ही.जले है।बैक लाकर और जनंता केबाउचर आदि सुरछित है। अग्निशमन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि पजाब नेशनल बैंक मे आग लगने की सूचना एसडीएम टाण्डा से मिली, आग शार्ट सर्किट से लगी है। आग बुझाने हेतु फायर बिग्रेड की तीन गाडिया आयी है अब आग नियन्त्रण मे है। मौके पर एसडीएम टाण्डा अभिषेक पाठक, क्षेत्राधिकारी टाण्डा सन्तोष कुमार, कोतवाल सजय पाण्डेय तथा भारी संख्या मे पुलिस बल उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता हाउस अरेस्ट

**अयोध्या।** ट्विटर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के युवाओं की प्रॉपर्टी जप्त कर लेने विवादित पोस्ट से विवाद गहराता जा रहा है। सीएम योगी के अयोध्या दौरे से पूर्व ही आज प्रशासन ने पुलिसिया घेराबन्दी करके कांग्रेस के युवा नेता शरद शुक्ला को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। कांग्रेस नेता शरद शुक्ला ने प्रदेश में युवाओं की बेरोजगारीए नई भर्तियों की मांग समेत ट्विटर पर योगी के युवाओं की सम्पत्ति जब्त कर लेने की विवादित पोस्ट के विरुद्ध गांधीवादी प्रदर्शन की योजना बनाई थीए लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें व अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। कांग्रेस नेता के आवास को छावनी में तब्दील कर दिया गया। इस अवसर पर शरद शुक्ला ने कहा कि ट्विटर पर युवाओं की संपत्ति जब्त कर लेने की धमकी देने वाले मुख्यमंत्री के अयोध्या दौरे के पूर्व प्रशासन द्वारा हमारे आवास को पुलिस छावनी में तब्दील कर गिरफ्तार करना स्पष्ट करता है कि ये सरकार युवाओं से कितना डरती है।

# अनियमित तरीके से बन रहे मकानों को देख मंत्री ने जताई नाराजगी

## ●काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने निर्माणाधीन ब्लाक भगवतपुर का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह** ने रविवार को निर्माणाधीन ब्लाक भगवतपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य मार्ग से ब्लॉक परिसर तक के मार्ग पर अनियमित तरीके से बन रहे मकानों को देखकर मंत्री ने गहरी नाराजगी जताई। यह गलत है विकास होना चाहिए। मगर एक ले आउट के तहत व्यवस्थित ढंग से सड़क बिजली पानी निकासी की व्यवस्था तथा सीवरेज सहित होना चाहिए। विस शहर पश्चिमी में कोई भी बिना ले आउट और नक्शा के मकान नहीं बनने चाहिए। यह अधिकारियों की जि मेदारी है। निर्माणाधीन ब्लॉक को देख रहे तो सवालों का सही जबाब न देने पर जेई को कड़ी फ्टकार लगाई। ब्लॉक प्रमुख कक्ष भी बनना चाहिए। ब्लॉक तक आने वाले मार्ग पर नाली सहित पहले सड़क बनाना चाहिए। बीडीओ भगवतपुर को कड़ा निर्देश दिया। बक्शी मोढ़ा सैदपुर तथा हरिहरा गौसपुर में चौपाल लगाकर कैबिनेट मंत्री ने जनसुनवाई की। ग्राम प्रधानों को गांव में इंटरलॉकिंग मार्ग नाली सहित बनाने का निर्देश दिया।

काबीना मंत्री कदिलापुर में मु यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। उन्होंने 45 जोड़ों को शादी के बंधन पर बंधने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में बंधने वाले जोड़ो को लगभग 51 हजार रुपए तक सहायता शासन से दी जाती है। जिसमें 35 हजार रुपए सीधे खाते में प्रेषित किया जाता है। 10 हजार की सामग्री तथा 6 हजार पूजा पाठ भोजन आदि में खर्च का प्रावधान है।

# 2022 में बसपा को सरकार बनाने से कोई रोक नहीं सकता: सतीश चन्द्र

## ●पूर्व विधायक पवन पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित हुआ था प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन



प्रबुद्ध वर्ग स मेलन को सम्बोधित करते सतीश चन्द्र मिश्र

**अम्बेडकरनगर।** बसपा के प्रबुद्ध स मेलन सतीश चंद्र मिश्रा ने जम कर विरोधी दलों पर हमला बोला और खुद को ब्राह्मणों का रहनुमा बताया। बसपा एक तरफ जहाँ जातीय समीकरण साधने में जुटी है। अपने सम्बोधन में सतीश चंद मिश्रा ने कहा कि मेरे इस कार्यक्रम से प्रदेश की सभी पार्टियां बौखला गई हैं। अयोध्या के बाद अम्बेडकरनगर में लगातार तीन प्रबुद्ध स मेलन करके बसपा अपनी पुरानी जमीन तलाशने की कोशिश कर रही है। अकबरपुर के शिवाय लान में आयोजित प्रबुद्ध स मेलन में सतीश चंद्र मिश्र ने कहा कि बसपा के प्रबुद्ध सम्मेलन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अयोध्या पहुंच गए ,और भाजपा को ब्रा हणो का स मान करने का निर्देश दिया, इतना ही नहीं अब समाजवादी पार्टी ने भी अगस्त महीने से ब्राह्मण स मलेन करने का एलान करके यह साबित कर दिया कि बसपा प्रबुद्ध स मलेन का खौफसभी दलों पर दिखाई पड़ने लगा है, सतीश चंद्र मिश्र ने प्रबुद्ध स मेलन में आए सभी लोगो से अपील की, कि आने वाले 2022 के चुनाव में प्रबुद्ध वर्ग और दलित समाज एक हो जाय तो प्रदेश में बसपा की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। सतीश चन्द्र ने कानपुर के बिकरू कांड में जेल में बंद खुशी दूबे का जिक्र करते हुए कहा कि आखिर दो दिन पूर्व हुई शादी में खुशी का क्या कसूर था जो उसे जेल में डाल दिया गया। क्या उसका दोष इतना था कि वह ब्राह ण थी। अपने सम्बोधन में उन्होंने इशारों-इशारों में पवन पाण्डेय को अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनने का संकेत दिया।

## क्विक न्यूज

### सट्टा खेलते पांच को किया गिरतार मोबाइल नगदी बरामद

**प्रयागराज।** एसओजी गंगापार की टीम ने शनिवार देरशाम पांच सट्टेबाजों को मोबाइल फ़ोन से सट्टा खेलते हुए संगम पैलेस के पास गिर तार किया है। टीम ने इनके कब्जे से कुल 6920 रुपये और जामातलाशी में 1800 रुपये पांच मोबाइल फ़ोन आठ एटीएम कार्ड बरामद किया है। एसओजी टीम ने एक बाइक भी सीज की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में उदय प्रताप सिंह लूकरगंज अमित कुमार नेवादा कैंट आकाश कुमार सिविल लाइंस निहाल कुमार राजापुर कैंट और सोनू कुमार सिविल लाइंस शामिल हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के पर्यवेक्षण में दरोगा आशुतोष दीक्षित दरोगा समी आलम दरोगा भारत सिंह सिपाही लालबाबू यादव भुवनेश चौबे एसओजी प्रभारी गंगापार नवीन राय धनन्जय राय विनय राय जितेन्द्र सिंह विजय शंकर वर्मा एसओजी गंगापार टीम के साथ अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सुभाष चौराहे पर मौजूद थे। सट्टेबाजों को हिरासत में लिया गया। 641/2021 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम का मामला पंजीकृत किया गया है।

### क्रांतिकारी शक्ति के साथ हो असाधारण प्रदर्शन

**प्रयागराज।** असाधारण प्रदर्शन और क्रांतिकारी शक्ति के साथ आइकू ने आज आइकू सात के नए मॉन्स्टर ऑरेंज कलर वेरिएंट को शुरू करने की घोषणा की। नवीनतम कलर वेरिएंट की बिक्री छब्बीस जुलाई से अमेज़न प्राइम डे शुरू के हिस्से के रूप में शुरू होगी और यह आठ जीबी प्लस एक सौ अट्ठाइस जीबी स्टोरेज वैरिएंट इकतीस हजार नौ सौ नब्बे रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगा। नए वेरिएंट के बैक पैनल में करीब पचास हजार पिक्सल को मिलाकर नया एनर्जेटिक कलर बनाया गया है। लांच पर टिप्पणी करते हुए आइकू के डायरेक्टर मार्केटिंग गगन अरोड़ा ने कहा आइकू सात को युवा और प्रौद्योगिकी प्रेमी उपभोक्ताओं को अनूठा अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है। भारत में मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद हमने अपने लोगों को नए मॉन्स्टर ऑरेंज कलर वेरिएंट के साथ खुश करने का फैसला किया है। संपूर्ण डिजाइन प्रक्रिया उपभोक्ताओं जो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ अद्वितीय डिज़ाइन की इच्छा रखते हैं।

### धोखेबाजी की वास्तविक घटनाओं को लें संज्ञान

**प्रयागराज।** धोखेबाजी की वास्तविक घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए कैम्पेटन को तैयार किया गया है। एडवांस लोन फीस लोन स्कैम संबंधी कॉल सोशल इंजीनियरिंग धोखाधड़ी ऑनलाइन धोखाधड़ी एसएमएस धोखाधड़ी आदि से संबंधित मामले शामिल हैं। बजाज फिनसर्व की लोन और निवेश शाखा बजाज फाइनेंस लि. ने सलाह दी है कि वह किसी भी तरह के अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क एडवांस प्रोसेसिंग फीस का भुगतान करने से बचें। क्योंकि कंपनी या उसके प्रतिनिधि कभी भी लोन की पेशकश करते समय ऐसा कोई भुगतान नहीं मांगेंगे। बजाज फाइनेंस यह भी सलाह देता है कि जिन लोगों को लोन की जरूरत है। उन सभी व्यक्तियों को इसकी निकटतम शाखा से संपर्क करना चाहिए या कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना चाहिए। गैर आधिकारिक अज्ञात बिचौलियों से जुड़ने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। बजाज फाइनेंस ने इस बारे में और अधिक जागरूकता फैलाने के लिए एक रेडियो कैम्पेन सावधान रहें। सेफ रहें शुरू किया है।

### पोल पर चढ़े बंदर की करंट से मौत

**जाना बाजार।** गोठिया गांव में विद्युत पोल पर चढ़े बंदर की करंट की चपेट में आने से मौत होने की सूचना पर पहुंची पीआरवी 0947 पुलिस ने हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कराया । हैदरगंज थाना क्षेत्र के गोठिया निवासी भोला नाथ ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी कि विद्युत पोल पर चढ़े एक बंदर की विद्युत करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई है । वन विभाग को भी इसकी सूचना दे दी और विद्युत विभाग से सप्लाई बंद करा कर मृतक बंदर के शरीर को खंभे से उतरवाया । जिसके बाद पीआरवी पुलिस ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मृतक बंदर का अंतिम संस्कार कराया । वन विभाग की टीम ने भी अंतिम संस्कार में सहयोग किया।

### शशांक शेखर सिंह बने क्षत्रिय महासभा के युवा जिलाध्यक्ष

**अम्बेडकर नगर।** रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की प्रदेश और राष्ट्रीय टीम ने अयोध्या पहुंच कर संरक्षक सदस्य अनुज सिंह और श्वेताभ सिंह 'शेखर' के सुझाव पर शशांक शेखर सिंह पालीवाल को अंबेडकर नगर का युवा जिला अध्यक्ष चुना गया ।

### सामूहिक इज्जत घर की समस्या समाधान दिवस मे उठी

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** त्रिलोकनाथ महाविद्यालय टाण्डा के सेवानिवृत्त प्रोफेसर राम चन्द्र तिवारी ने स पूर्ण समाधानदिवस मे कोतवाली टाण्डा सामूहिक इज्जतघर कीदशाअत्यन्त दयनीय बताते हुये। उसके अनेक प्रखण्डो मे दरवाजे एवँ टोटिया ब्यवस्थित नही है ऐसी दशा मे कोतवाली सामूहिक इज्जतघर स बन्धी समस्याके समाधान की माँग किया है ।

# इस बार प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार : सिद्धार्थ




**अयोध्या।** मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने आज यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी लाख कोशिशें कर ले लेकिन इस बार प्रदेश में सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से वह नहीं रोक पाएगी। प्रदेश में फैली अव्यवस्था को लेकर जनता में गहरा आक्रोश है और लोगों ने इस बार सपा को एक बार फिर प्रदेश की बागडोर सौंपने की ठान ली है। आज मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी में आयोजित युवा फ्रन्टल संगठनों के कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भाजपा ने पिछले साढे चार सालों में उप्र को बदत्तर प्रदेश बना दिया है, यहां नौजवान किसान महिलाएं सभी वर्ग भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व रीतियों से बुरी तरह से परेशान है। धर्म के नाम पर लोगों को एक दूसरे के साथ लड़ाने का भारतीय जनता पार्टी ने जो एजेंडा बना रखा है वह अब पूरा होने वाला नहीं है। सिंह का कहना है कि समाजवादी पार्टी की ओर प्रदेश की जनता आशा भरी निगाहों से देख रही है और 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव ने कहा कि सपा जिले की पांचों सीटें जीत कर सपा सुप्रीमो को कार्यकर्ताओं की ओर से यह तोहफा देगी। चुनाव के लिए तैयारियों में कार्यकर्ता जुट गए हैं और पांचों विधानसभाओं में समाजवादी पार्टी की विजय होना तय है। सभी कार्यकर्ता अपने बूथों पर वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का कार्य जरूर देख लें। पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी का आज कोई भी विकल्प नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों से आक्रोशित होकर अब प्रदेश की बागडोर अखिलेश यादव के हाथों में सौंपने को तैयार है।

## आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना जरूरी

**प्रयागराज।** उप्र में एएलएस एम्बुलेंस सेवा प्रदान करने का ठेका इस वर्ष एशिया की सबसे बड़ी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड को दिया गया है। जिसके लिए कर्मचारियों की भर्ती की प्रक्रिया हो रही है। कंपनी द्वारा पूर्व में एएलएस एम्बुलेंस में काम कर चुके अनुभवी ड्राइवर तथा ईएमटी को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जा रही है। सभी पूर्व कर्मचारियों का स्वागत किया जा रहा है। कंपनी द्वारा इसकी सूचना एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन तथा सरकारी विभाग को भी दी जा चुकी है। साथ ही कंपनी द्वारा विभिन्न माध्यमों से अनुभवी कर्चारियों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। चिकित्सा हेल्थकेयर लिमिटेड के गवर्मेंट बिज़नेस हेड चंदन दत्ता के अनुसार कंपनी द्वारा विज्ञापन विज्ञप्ति एसएमएस और फ़ोन कॉल के माध्यम से पूर्व में एएलएस एम्बुलेंस में काम कर चुके कर्मचारियों को रिक्त पदों के लिए आवेदन देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

# सड़क न बनने से लोगों में आक्रोश

**भीटी अंबेडकरनगर।** पांच वर्ष पूर्व स्वीकृत सड़क निर्माण का कार्य पूरा न होने को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। अगर सड़क निर्माण को लेकर शासन प्रशासन द्वारा संज्ञान नहीं लिया जाता है तो एक सप्ताह के बाद डीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई जाएगी। मामला महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डारीडीहा भीटी सेहरा जलालपुर मार्ग से मातादीन के घर से डढियवा, डारीडीहा से होते हुए अतरौरा (राम बाबा) मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य का है। जिसके लिए शासन से एक करोड़ 46 लाख 62 हजार रुपया स्वीकृत हुआ था। पूर्वांचल विकास निधि से 2015-2016 में सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ था।

सड़क निर्माण के लिये मिट्टी का कार्य धनराशि स्वीकृत होने के बाद ही करा दिया गया। लेकिन इसके बाद आज तक उस सड़क पर कोई कार्य नहीं हो सका है। तभी से ही ग्रामीण को बारिश के समय में कीचड़ नुमे रास्ते से आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत काफी दिन पहले पूर्व सांसद हरिओम पांडेय से किया था। जिनके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि सड़क जल्द ही बन जाएगी। उसके बावजूद भी सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। बारिश के समय में हो रही परेशानी के चलते ग्रामीण काफी आक्रोश हो चुके हैं।

ग्राम प्रधान परागदीन चौधरी, सेवानिवृत्त एडीओ शिव पूजन तिवारी, फौजी राजेंद्र प्रसाद तिवारी, इंद्र प्रताप सिंह, धनंजय तिवारी, अरुण तिवारी, डॉक्टर ओम प्रकाश प्रजापति, किशन लाल प्रजापति, मनोज यादव, खुशीलाल अग्रहरी, रामजियावन, राम लुटावन, अशोक कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, सुमित तिवारी आदि ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि अगर एक सप्ताह के अंदर सड़क का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो डीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने के लिए रणनीति बनाएंगे। संस्था के द्वारा निर्माण कार्य को लेकर 15 लाख 40 हजार रुपए भी निकाल लिए गए हैं।

## पीस पार्टी सत्ता में आई तो 320 यूनिट बिजली मुफ्त: डा. जफर

**प्रयागराज।** पीस पार्टी की बैठक करामत की चौकी स्थित प्रदेश महासचिव डा जफर रईस अंसारी के आवास पर रविवार को हुई। बैठक में इलाहाबाद का जिलाध्यक्ष अतीक इब्राहिम महानगर अध्यक्ष बद्री चौरसिया को बनाया गया है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महासचिव डा ज़फ़र रईस अंसारी ने कहा कि पीस पार्टी एक ऐसी पार्टी है। जिसका नारा है एकता का राज चलेगा हिंद मुस्लिम साथ चलेगा। पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा अयूब सर्जन के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। राष्ट्रीय महासचिव अफरोज बादल ने कहा कि पीस पार्टी मोहम्मद जौहर अली यूनिवर्सिटी के चांसलर आजम खान की रिहाई की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा अब्दुल रशीद ने कहा कि जिस तरह से महंगाई अपने चरम सीमा पर पहुंच रही है।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनकर लाभ प्राप्त करें देशवासी: मिथलेश

**अंबेडकरनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक माह की तरह जुलाई माह में भी भारत के विभिन्न हिस्सों के लोगों की उपलब्धियों को सराह कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए अपने 79 मन की बात में कहा कि ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की जीत से उत्साहित मन को गर्व महसूस होता है। 26 जुलाई को कारगिल विजय मनाए जाने की भी चर्चा से अपील किया कि 15 अगस्त को अधिक से अधिक लोग राष्ट्र गान गाएं। हमें देश के लिए समर्पित होकर एक जुट होना चाहिए। उन्होंने 7 अगस्त को राष्ट्रीय हैंड लूम दिवस मनाया जाना भारत जोड़ो आंदोलन का हिस्सा है।नेशन फर्स्ट आल वेज फर्स्ट युवाओं का आभार व्यक्त किया। लोकल फॉर ओकल को अपनाना देश भक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। प्रधान मंत्री ने उत्तर प्रदेश के लखीमपर खीरी के एक ग्रामीण परिवार द्वारा केले की खेती से फाइबर उत्पादन की भी चर्चा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत महोत्सव में देश वीरों को याद कर रहा है। छोटे छोटे प्रयास से बड़े काम हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनकर उस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात से देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की प्रतिभाओं को स मान मिलता है। जिनके कार्यों की चर्चा प्रधानमन्त्री जी द्वारा मन की बात में करते हुए प्रशंसा किया जाता है। डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि देश वासियों को प्रधान मंत्री जी के मन की बात को सुनकर उसका लाभ प्राप्त करना चाहिए। पूरी दुनियां में भारत एक ऐसा अकेला देश है। जिसके पीएम लोगों के अनूठे उत्पाद और अच्छे कार्यों की चर्चा मन की बात में करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 79वें मन की बात को प्रमुख रूप से भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा उर्फसाधू वर्मा, पूर्व सांसद हरिओम पांडेय, पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद, विधायक संजू देवी, अनीता कमल, चेयरमैन सरिता गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमाशंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, निर्मला सिंह,अनिल वर्मा मौसम, गौरव सिंह, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा, रमेश चंद्र गुप्त,रफ्त एजाज़, संतोष कुशवाहा, मनोज मिश्र, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,सुमन पाण्डेय, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, अमरेंद्र कांत सिंह, सुरेश कन्नौजिया, दिलीप पटेल, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री दीपक तिवारी,चंद्रिका प्रसाद, संजय सिंह, रमेश यादव सहित कई बूथ अध्यक्ष ने सुना।

# वृक्षारोपण को लेकर हो जन आंदोलन: डॉ. रीता बहुगुणा

## ●जागृति विहार अपार्टमेंट कालिंदीपुरम के बैडमिंटन पार्क में चौथे चरण का हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



पौधरोपण करतीं सांसद रीता और कालिंदीपुरम में पौधरोपण करता बच्चा।

**प्रयागराज।** भाजपा सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी ने प्रकृति के बिगड़ते संतुलन और प्रदूषित पर्यावरण को लेकर चिंता जताई है। स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए लोगों को वृक्षारोपण को लेकर जनांदोलन करना होगा। राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी पौधे लगाना बहुत जरूरी है। सांसद डा जोशी मेजा रोड के डीजीएस गेस्ट हाउस में आयोजित 51 हजार वृक्षारोपण मुहिम का हिस्सा बनीं। उन्होंने आयोजक इन्द्रदेव शुक्ल के महीने भर से चल रहे अभियान को प्रोत्साहित किया।

राष्ट्र विकास और आम जीवन की बेहतरी के लिए यह कारगर अभियान है। डा जोशी ने कहा जिसने समाज सेवा नही की वह कभी भी सफल राजनीतिक नही हो सकता। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने गेस्ट हाउस के मुख्य द्वार पर पौधरोपण भी किया। भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ल का जनसेवा अभियान पूरे कोरोना काल से चल रहा है। राशन वितरण मास्क और सेनेटाइजर वितरण कम्बल वितरण कोरोना शांति के लिए माँ शीतला की चुनरी और माँ का चित्र और प्रसाद वितरण के साथ जीवन बचाओ अभियान के तहत विधान सभा के प्रत्येक बूथ तक 51 हजार वृक्षारोपण अभियान का लक्ष्य है। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिलाध्यक्ष यमुनापार ने कहा कि यह अभियान क्षेत्र की तस्ववीर बदलने वाला साबित होगा। जय शंकर पांडेय मुन्नन शुक्ल अमरेश तिवारी सुभाष पयासी राम शिरोमणि तिवारी बाबा ओझा तपस्वी तिवारी आशुतोष तिवारी अजय तिवारी ओपी मिश्र सुधाकर शुक्ल रूप नारायण मिश्र आदि रहे। संचालन मांडवीशरण दुबे ने किया।

रविवार को जागृति विहार अपार्टमेंट कालिंदीपुरम के बैडमिंटन पार्क में चौथे चरण का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। पार्क में पौधारोपण करने के साथ ही स्थानीय लोगों ने गुरु पूर्णिमा पर्व भी मनाया। महिला पुरुष बच्चे और बुजुर्गों ने पूरे जोश और उल्लास के साथ पार्क में पुष्प वाले पौधे रोपे। लोगों ने ए टू ब्लॉक के पार्क में घास पतवार काटकर साफ सफाई की। सफाई के बाद वहां पुष्प वाले पौधों का रोपण किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता और बार के पूर्व कार्यवाहक महासचिव राजेश खरे ने बताया कि जागृति विहार कॉलोनी में छोटे बड़े चार पार्क हैं। साज सज्जा रखरखाव का कार्य तीन साल तक विकास प्राधिकरण को करना है लेकिन डेढ़ साल हो गए विकास प्राधिकरण ने पार्कों में कोई सुंदरीकरण नहीं कराया। पार्कों के रखरखाव के लिए माली भी नियुक्त नहीं किया गया। इस वजह से यहाँ के लोगों ने पार्क की साज सज्जा का बीड़ा उठाया है। इंदू कुमार सिंह, वी के सिंह, मृत्युंजय मिश्र, अशोक मिश्र, राजेश खरे, संजय श्रीवास्तव, गजेंद्र सिंह राठौर, आदित्य राणा, सुभाष चंद्र वर्मा, राममिलन मिश्र, सुधाकर सिंह, आशुतोष पांडेय, जगदीप वर्मा, जय सिंह, संतोष मिश्र, मनीष तिवारी आदि रहे।

# नेताओं की लफ्फाजी

## न्यायालय द्वारा खिंचाई

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने राजनेताओं से कहा है कि वे अपने द्वारा किए वादों का सम्मान करें। उसने 89 पेज के फैसले में सरकारों में उच्च पदों पर बैठे राजनेताओं से कहा है कि उनको जनता से खोखले वादे करने के बजाय उनका सम्मान करना चाहिए। यह फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा एक मामले में किए वादे से संबंधित है। इससे यह संदेश जाता है कि कानून और नैतिकता के बीच खाई पाटनी जरूरी है तथा सत्ता के उच्च पदों पर बैठे निर्वाचित या अन्य अधिकारियों को समझना चाहिए कि वे 'जनता के प्रति जवाबदेह हैं, खासकर ऐसे मामले में जब वे कोई खास काम करने या न करने पर अपनी सहमति दे देते हैं।' नागरिकों को उम्मीद होती है कि सरकार अपने द्वारा किए वादों का क्रियान्वयन करेगी। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने फैसले में अपनी टिप्पणी से समाज की सोच को अभिव्यक्ति दी है। उन्होंने कहा है, 'यह कहावत सामाजिक संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है कि वादे तोड़ने के लिए किए जाते हैं।' इस निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सरकार या उसके अधिकारियों द्वारा किए वादे पूरे न किए जाने पर 'न्यायिक रूप से लागू करने योग्य' होते हैं। यह निर्णय राजनेताओं को उन चीजों की याद दिलाता है जो प्रशासन के बिजनेस में कही जाती हैं, पर राजनीति के दायरे में भुला दी जाती हैं। इनमें से एक यह है कि सुशासन के लिए शासन करने वालों और शासित लोगों के बीच विश्वास बनाए रखना जरूरी है। यह विश्वास बनाए रखना उन आश्वासनों की वैधानिकता से जुड़ा है जो नागरिकों और सरकार के बीच संबंध मजबूत करते हैं। नागरिक सरकारी पदों पर बैठे लोगों के वादों पर काफी विश्वास



करते हैं और उनके द्वारा दिया गया आश्वासन एक दायित्व की तरह है जो जनता के प्रति उनके सार्वजनिक दायित्व से जुड़ा होता है। इस निर्णय से एक महत्वपूर्ण नतीजा यह निकलता है कि किसी उच्चाधिकारी द्वारा दिया गया प्रतिनिधित्व उसके अधिकार के दायरे में आ जाता है। इस निर्णय का भारतीय राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा जिसमें सत्तारूढ़ राजनेता बिना पहले विचार किए लोकरंजक बातें करने के आदी हो जाते हैं और प्रशासन के दृष्टिकोण से उन पर बाद में सोचते हैं। किसी भी दिन के अखबारों को सरसरी नजर से देखने पर जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किए ऐसे अनेक वादे दिखते हैं जो अधूरे रह जाते हैं। वर्तमान मामले का संबंध कुछ गरीब श्रमिकों द्वारा अदालत में दायर की गई याचिका से है। इसमें केजरीवाल से उनकी ओर से किराया अदा करने की बात कही गई है यदि वे कोविड-19 से आई मुसीबत के कारण उसे अदा करने में विफल रहे। केजरीवाल ने मार्च, 2020 में इसका वादा किया था, पर बाद में इसका पालन नहीं किया। इस मामले के संदर्भ में अदालत का यह कथन बिल्कुल ठीक है कि 'वाणिज्यिक विज्ञापनों में जिस प्रकार के बड़बोलेपन की अनुमति है, उसे प्रशासन में स्वीकार कर उसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है।' यह फैसला उन राजनेताओं के लिए गंभीर चेतावनी है जिनके लिए जनता केवल मतदाता है, नागरिक नहीं। ऐसे लाखों राजनीतिक व चुनावी वादे हैं जो अनदेखे रह जाते हैं क्योंकि उन सत्तारूढ़ राजनेताओं को दंड देने के कोई कानून नहीं हैं जो परंपरागत रूप से वादे करते रहते हैं, पर उनके प्रति जवाबदेही नहीं प्रदर्शित करते हैं। इस फैसले के बाद सत्तारूढ़ लोगों को सोचना होगा कि वे जनता की वैध उम्मीदों से खिलवाड़ न करें।

# मध्यस्थता धनराशि की प्रतीक्षा में केयर्न

ब्रिटिश बिजली व ऊर्जा क्षेत्र की विशाल कंपनी केयर्न इनर्जी ने भारत सरकार को मामला सुलझाने के लिए कई प्रकार के विस्तृत प्रस्ताव दिए हैं।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)




जिस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था, उसी दिन भारत को एक तगड़ा झटका भी लगा था। ब्रिटिश बिजली व ऊर्जा क्षेत्र की विशाल कंपनी केयर्न इनर्जी के साथ पूर्वगामी टैक्स विवाद मामले में फ्रांस की एक अदालत ने पेरिस में भारत सरकार की आवासीय परिसंपत्तियों को फ्रीज कर दिया था। इस फैसले का प्रभाव 20 संपत्तियों पर पड़ेगा जिनका मूल्य 20 मिलियन यूरो या 177 करोड़ रुपये है। इनको कुछ साल पहले केयर्न इनर्जी द्वारा भारत को दिए कर्ज की गारंटी के रूप में रखा गया था। 755 मिलियन पौंड या लगभग 7,800 करोड़ रुपये बाजार पूंजीकरण वाली कंपनी ने अनेक देशों में 1.7 बिलियन डालर या 12,750 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता धनराशि वसूल करने के लिए कई देशों में मुकदमे दायर किए हैं। कंपनी ने न्यूयार्क में भी मुकदमे दायर कर न्यायिक अनुमति मांगी है कि एयर इंडिया को भारतीय राज्य का हिस्सा मानते हुए उसे संयुक्त रूप से मध्यस्थता धनराशि के लिए जिम्मेदार माना जाए। फ्रांसीसी अदालत का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इससे नया राजनयिक टकराव पैदा हो सकता है जिसका प्रभाव देश की संप्रभुता पर भी पड़ेगा। इससे यह छवि भी बनेगी कि एमएनसी व अन्य निजी पार्टियां भारत को हल्के में ले सकती हैं। ठीक यही हुआ। केयर्न जैसा एक मामला देवास मल्टीमीडिया का है जिसे इसरो के पूर्व कार्यकारियों ने शुरू किया था। इसने इसरो के एंट्रिक्स कार्प के साथ समझौता किया था। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने 2005 में कहा था कि स्पेक्ट्रम समझौता धोखाधड़ी है। उसका हिस्सा बाद में ड्यूटुश टेलीकाम ने ले लिया। देवास ने यह कहते हुए मध्यस्थता ट्राइब्यूनल का दरवाजा खटखटाया कि इस प्रकार रद्द किए जाने से उसका कई मिलियन डालर का निवेश नष्ट हुआ है। 2020 में ट्राइब्यूनल ने देवास को 1.2 बिलियन डालर मंजूर कर दिए। अब वह भारत सरकार से भुगतान मांग रहा है जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने स्थगित कर दिया है। न्यूयार्क की एक अदालत ने एयर इंडिया से भुगतान करने को कहा है नहीं तो उसकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी जिसमें विमान, कार्गो हैंडलिंग उपकरण तथा आर्टवर्क शामिल हैं।

दोनों मामलों में भारतीय अधिकारियों ने मामले की पैरवी ठीक से नहीं की। केयर्न और देवास मामले में उन्होंने जर्मनी और हेग अदालतों का दरवाजा खटखटाया, जबकि दो मध्यस्थता मामलों में न्यायक्षेत्र व आपराधिकता पर भारत के तर्क भारत-मारीशस व भारत-जर्मनी के द्विपक्षीय निवेश समझौतों-बीआईटी के अंतर्गत थे। केयर्न व देवास ने दबाव की रणनीति के अंतर्गत एयर इंडिया विमानों पर प्रमुख संपत्ति के रूप में निशाना लगाया ताकि भारत पर भुगतान वार्ता के लिए दबाव डाला जा सके। हालांकि, कर्ज का भुगतान प्राप्त करने के लिए विमान या संपत्तियां जब्त करना अतिवादी रणनीति कही जा सकती है, पर इसके पूर्व-उदाहरण हैं। विमान कीमती व गतिशील संपत्ति होते हैं ओर उनकी बिक्री तुलनात्मक रूप से आसान है। कुछ साल पहले अमेरिका के हेज फंड इलियट कैपिटल मेनेजमेंट ने अर्जेन्टाइना के समुद्री जहाज पर कब्जा कर लिया था ताकि 2001 में दिया कर्ज वसूल किया जा सके। केयर्न मामले का संबंध अनुचित टैक्स व्यवस्था से है। 2014 में पूर्वगामी टैक्स मांग के कारण कंपनी का सरकार के साथ विवाद है। आयकर विभाग ने उन भारतीय कार्रवाइयों में 10 प्रतिशत हिस्सा जब्त किया था जो केयर्न बेचने का प्रयास कर रही थी। लंबे विवाद के बाद केयर्न ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का रास्ता अपनाया और उसे 1.7 बिलियन डालर प्राप्त हुए।

हाल ही में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उच्च कराधान का मामला उठाया। इसके अलावा पूर्वगामी टैक्स तथा पूर्वगामी प्रभाव से टैक्स लागू करने पर जटिलता का समाधान नहीं हुआ है। ओईसीडी ने कार्पोरेट पर न्यूनतम 15 प्रतिशत वैश्विक टैक्स का प्रस्ताव किया है। संप्रग सरकार ने विवादास्पद पूर्वगामी टैक्स की शुरुआत मार्च, 2012 में की थी। राजग-2 से उम्मीद थी कि वह इसे ठीक करेगी, पर 2014 के बाद भी नौकरशाही व्यवस्था उसी रास्ते पर चलती रही। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 20 जनवरी, 2012 को वोडाफोन के पक्ष में फैसला देते हुए 2010 के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को उलट दिया था जिसमें कहा गया था कि वोडाफोन को पूर्वगामी प्रभाव से 2 बिलियन डालर टैक्स देना होगा क्योंकि दो अनिवासी उद्यमों के बीच शेयरों के हस्तांतरण पर भारतीय पूंजी लाभ कर-सीजीटी लागू होता है। लेकिन कर अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से बचने के लिए मार्च, 2012 में पूर्वगामी टैक्स लागू कर सरकार को सीजीटी लागू करने की अनुमति दे दी। यह कदम पूर्व वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी ने 2012 में उठाया था। मार्च, 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने कहा था कि संप्रग द्वारा वोडाफोन पर पूर्वगामी टैक्स लगाना गलत था और 'वर्तमान सरकार उस रास्ते पर नहीं चलेगी।' 18 जुलाई, 2014 को उन्होंने कहा था कि भारत पूर्वगामी प्रभाव से कोई टैक्स नहीं लागू करेगी जो अतिरिक्त बोझ डालता है। लेकिन जेटली ने 2011 का कानून वापस करने के लिए कोई कदम नही उठाए।

जेटली व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्वगामी टैक्स न लगाने के वादों का प्रयोग केयर्न इनर्जी ने 20 दिसंबर, 2020 को हेग में तीन सदस्यों वाले स्थाई मध्यस्थता न्यायाधिकरण में किया गया। इसने फैसला दिया कि 2006 में केयर्न इनर्जी के भारतीय बिजनेस का पुनर्गठन 'अवैध करापवंचन' नही था और उसने कर अधिकारियों को अपनी मांग छोड़ने को कहा। लेकिन नौकरशाही की जिद के कारण ऐसा नहीं हुआ। केयर्न ने मध्यस्थता फैसला लागू करने के लिए विभिन्न महाद्वीपों के न्यायक्षेत्रों में प्रयास किया जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, सिंगापुर, मारीशस, फ्रांस व नीदरलैंड शामिल हैं। कंपनी का इरादा उच्च मूल्य वाली परिसंपत्तियों पर निशाना लगाना है। केयर्न ने मामला सुलझाने के लिए भारत सरकार को अनेक विस्तृत प्रस्ताव दिए हैं। लेकिन अब राजग सरकार संभवत: अधिकारियों के दबाव में अपना दृष्टिकोण बदल रही है। भारत को यह सवाल परेशान कर रहा है कि क्या देश को अपने ध्वजवाहक विमानों तथा अन्य प्रमुख संपत्तियों से हाथ धोना पड़ेगा? तकनीकी रूप से ऐसा हो सकता है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि उनको अभी फ्रांसीसी अदालत या सरकार से कोई नोटिस या संदेश नहीं मिला है और वे मामले का डट कर बचाव करेंगे। इससे वार्ताओं के साथ ही और मुकदमेबाजी संभव है। केयर्न कार्पोरेट कम्युनिकेशन के निदेशक डेविड निस्बत ने कहा था कि कंपनी भारत के साथ समझौता कर अपने शेयरधारकों का विश्वास बनाए रखना चाहती है। उसने 1.7 बिलियन प्राप्त करने के लिए 70 बिलियन डालर की भारतीय परिसंपत्तियों की पहचान की थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कंपनी जानती है कि सरकारों से मुकाबले के साथ ही उसे बिजनेस में उनकी सद्भावना भी चाहिए।

फ्रांसीसी अदालत का वर्तमान आदेश आने से पहले जनवरी, 2021 से ही सरकार बातचीत कर रही है। वह मध्यस्थता भुगतान के बजाय केयर्न इनर्जी को रत्ना-आर सीरीज़ का एक तेल क्षेत्र दे सकती है जिसे अरब सागर में इस्सार-प्रीमियर आयल से 2016 में लिया गया था। केयर्न ने 10247 करोड़ रुपये पूर्वगामी टैक्स की मांग के बाद एनजीआरआई सर्वेक्षण के नतीजे में बाड़मेर में सबसे गहरे तेल कुंए बनाने की इच्छा छोड़ दी थी। शायद सरकार चाहती थी कि सबसे कम आपरेशनल खर्च वाली यह सबसे बड़ी तेल कंपनी भारत आए जिससे उसकी अंतरराष्ट्रीय निवेशकों में अच्छी छवि बने। वह बाड़मेर तेल क्षेत्र के अन्य विकल्प भी खोज रही थी। इस क्षेत्र में काम कर रही वेदन्ता अब तक अनुबंध विस्तार की सरकारी शर्तों पर तैयार नहीं है। वेदान्ता के अंतर्गत राजस्थान तेलक्षेत्रों के उत्पादन में लगातार कमी आई है। केयर्न ने उत्पादित प्रति बैरल तेल पर 9 डालर सेस का विरोध किया था। नौकरशाहों ने पूरे मुद्दे को एक जाल में फंसा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वगामी प्रभाव से टैक्स समाप्त करने का राजनीतिक निर्णय यह सुनिश्चित कर सकता है कि केयर्न, वोडाफोन, देवास या वेदान्ता जैसी घटनायें दुहराई नहीं जाएंगी तथा नौकरशाहों को स्थितियां जटिल बनाने का मौका नहीं मिलेगा।

# सरकार के समक्ष पेगासस की चुनौती

**ज्ञानेश्वर दयाल**
(लेखक डाक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता एवं स्तम्भकार हैं)



सफेद पंखों वाला काल्पनिक लड़ाकू घोड़ा पेगासस आखिरकार भारत में उतरा है। ऐसा लगभग दो साल पहले 2019 चुनाव के पूर्व हुआ। पेगासस संभवत: ऐसा सफेद घोड़ा सिद्ध हुआ जिसकी पीठ पर सवार होकर भाजपा ने विपक्ष को नष्ट कर दिया और अपनी विजय सुनिश्चित की। काल्पनिक पेगासस की तरह इसने विरोधियों को नष्ट कर दिया तथा अपने सवार मालिक की आरामदेह व ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। वास्तव में इसे जनता के पैसे से खरीदा गया था। सभी जानते हैं कि पेगासस वर्तमान समय में एक स्पाईवेयर प्रोग्राम है जिसका प्रयोग किसी फोन को हैक कर इस उपकरण पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए किया जाता है। इस्राइल के एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित यह किसी मोबाइल फोन के कैमरे, माइक्रोफोन, कांटैक्ट लिस्ट, डेटा, आदि तक गोपनीय पहुंच बनाता है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा समस्याओं व आतंकवाद से निपटने हेतु किसी सरकार के लिए उपलब्ध है। निर्माताओं का दावा है कि वे व्यक्तियों, बिजनेसों या संगठनों को यह साफ्टवेयर नहीं बेचते हैं। वे इसे केवल सरकारों को बेचते हैं ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके। 'प्रोजेक्ट पेगासस' फ्रांसीसी संगठन 'फारबिडेन स्टोरीज़' व एमनेस्टी इंटरनेशनल के कठोर परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने पेगासस की बिक्री, दुरुपयोग तथा लक्ष्यों की जांच की। उन्होंने पेगासस की निगरानी वाले लोगों के फोन नंबरों का पता लगाया। उन्होंने अपने काम का साझा मीडिया संगठनों से किया। इस परियोजना में सहयोगियों के रूप में गार्जियन, वाशिंगटन पोस्ट, भारतीय द वायर तथा अनेक अन्य मीडिया संगठन शामिल हैं। इससे एक भयानक प्रकरण सामने आया है। उन्होंने पता लगाया कि दुनिया के अनेक सरकारों ने कैसे इनका प्रयोग ऐसे लोगों के खिलाफ किया जिनको वे सरकारें एक संभावित खतरे की तरह देखती थीं। भारत इसे खरीदने और प्रयोग करने वाले देशों में से एक है जहां इसका प्रयोग आतंकवादियों के बजाय सिविल सोसाइटी के खिलाफ किया गया। राजनेता, पत्रकार, वकील, एक्टिविस्ट तथा उसके अपने मंत्री भी निशाने पर थे। सामने आई खबरों से संकेत मिलता है कि इसका प्रयोग प्रधान न्यायाधीश की एक इंटर्न,




निर्वाचन आयुक्त, विपक्षी नेताओं तथा यहां तक कि सरकार के मंत्रियों के खिलाफ किया गया। वे न आतंकवादी थे और न उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा था। सिद्धान्त रूप से यह साफ्टवेयर आतंकवाद से लड़ने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए है, पर इसका प्रयोग तत्कालीन सत्तारूढ़ सरकार को मजबूत करने के लिए किया गया। यह उसे अपने खिलाफ लोगों के विरुद्ध खड़े होने तथा आतंकवाद के नाम पर भय पैदा करने का अवसर देता था। गृह मंत्री अमित शाह ने वर्तमान प्रकरण पर कहा है कि लोगों को क्रोनोलोजी समझनी चाहिए। हालांकि, जनता इस पूरे मामले पर सवाल उठा रही है तथा जानना चाहती है कि पिछले चार-पांच साल में क्या हुआ। तस्वीर को समग्रता से देखने के लिए इस मामले में भारत में लक्षित लोगों की लंबी सूची में शामिल कुछ नामों पर गौर किया जा सकता है। 2019 के आम चुनाव से पहले और उसके बाद बहुत कुछ हो चुका है। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त अशोक लवासा की आम चुनाव में प्रमुख भूमिका थी। वे एक ऐसी समिति में शामिल थे जो आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शिकायतें सुन रही थी। मोदी व शाह के खिलाफ शिकायतों पर समिति के फैसले से लवासा की सहमति नहीं थी। उनकी पत्नी नोवेल लवासा को दो महीने बाद आयकर का नोटिस दिया गया। पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के खिलाफ इंटर्न ने एक शपथपत्र देकर यौन उन्मुखीकरण के आरोप लगाए थे और उसका नाम भी पेगासस सूची में शामिल था। पेगासस प्रोजेक्ट के अनुसार, उसका तथा उसके परिवार के 10 अन्य सदस्यों के नाम लक्षित सूची में शामिल थे। यह ऐसा समय था जब जस्टिस गोगोई ने अनेक महत्वपूर्ण व संवेदनशील मामलों में फैसले दिए थे जिनमें राम मंदिर व राफेल शामिल हैं। उन्होंने राफेल समझौते के मामले में मोदी सरकार को क्लीन चिट दी थी। उन्होंने अयोध्या फैसला दिया था जिससे केन्द्र सरकार बहुत प्रसन्न थी। उन्होंने सीताराम येचुरी द्वारा मुहम्मद यूसुफ तारीगामी को पेश करने वाली हीबियस कार्पस याचिका पर कठोर दृष्टिकोण नहीं अपनाया था। यह निर्णय मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा कश्मीर में अनिश्चितकालीन लाकडाउन के निर्णय के बाद आया था। जस्टिस गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी हिरासत को अवैध नहीं कहा था। पेगासस का प्रयोग विपक्षी नेता तथा 2019 को मोदी को चुनौती देने वाले प्रमुख नेता राहुल गांधी के खिलाफ भी किया गया था। एक समय भाजपा के रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर का नाम भी लक्षित लोगों की सूची में था। मजेदार बात है कि इस मामले में सरकार का सदन में बचाव आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी जासूसी असंभव है, हालांकि स्वयं उनका फोन भी निगरानी वाली सूची में शामिल था। इस साफ्टवेयर का प्रयोग भीमा कोरेगांव मामले के आरोपियों के खिलाफ भी किया गया था। पश्चिमी मीडिया पहले ही संकेत दे चुका है कि भीमा कोरेगांव मामले में लोगों को गलत तरीके से फंसाया गया था। हनी बाबू, मुसलियावेत्तिल थराइल, उनकी पत्नी जेनी रोवेना, वर्नोन गोन्साल्वेज़, आनन्द टेलटुम्बडे, सुधा भारद्वाज, गौतम नवलखा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर शोमा सेन तथा वकील अरुण फेरेरिया के नाम प्रोजेक्ट पेगासस में सामने आए हैं। आरोपियों में 84 वर्षीय फादर स्टेनस्वामी भी शामिल थे जिनका निधन 5 जुलाई को चिकित्सा आधार पर जमानत की प्रतीक्षा करते हुए हो गया। पेगासस प्रकरण सरकार के लिए चुनौती बन गया है, हालांकि सरकार ने जासूसी में अपनी किसी सहभागिता से इनकार किया है। यदि वह संलिप्त नहीं थी तो इसे यह बात तीसरे पक्ष की जांच से सिद्ध करनी चाहिए जिसकी मांग कपिल सिब्बल ने की है। वर्तमान समय में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं को पाक-साफ सिद्ध करे। इससे जनता का लोकतंत्र पर विश्वास मजबूत होगा। इससे देश की छवि भी मजबूत होगी जिसके लिए वर्तमान सरकार अत्यधिक प्रयासरत है।

## आप की बात

### पेगासस पर दावे-प्रतिदावे

**मानसून** सत्र के लिए पेगासस का जिन्न मुसीबत बन कर आया है। सियासत के कारण सदन की मर्यादा और सदस्यों का व्यवहार खराब हुआ है। विपक्ष कई वरिष्ठ और गणमान्य के फोन टेप किए जाने को लेकर हंगामा कर रहा है तो सरकार दावे को निराधार बता रही है। दोनों के बीच बढ़ती तल्खी से सदन का बहुमूल्य वक्त जाया हो रहा है जो कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर उचित नहीं है। पेगासस को लेकर पक्ष विपक्ष आमने-सामने है। विपक्ष नेताओं, जजों और पत्रकारों के फोन सरकार द्वारा टैप करवाए जाने का आरोप लगा रहा है। जासूसी प्रकरण को लेकर हो रहे हंगामे से लोकसभा की कार्यवाही नहीं चल पा रही है और पूरा सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया है। संसद में इस मुद्दे पर चर्चा और संयुक्त समिति से जांच की मांग को लेकर अड़ा विपक्ष सरकार को रास नहीं आ रहा है। सरकार इस मामले में अपने हस्तक्षेप को नकार रही है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष द्वारा चर्चा की मांग ठुकराई जाने से भी विपक्ष आक्रामक है। हंगामे बाजी से जरूरी मुद्दों पर बहस नहीं हो पा रही है। अगर इसी तरह हो-हल्ला मचता रहा तो कोरोना जेसी महामारी की आशंकित करने वाली तीसरी लहर से बचाव पर चर्चा कब होगी? विपक्ष इस बात पर गौर करें।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### कारगिल विजय दिवस

**भारत** ने हमेशा शांति और समृद्धि के मार्ग में विश्वास किया है। कई देशों ने भारत की नीति को गलत समझा। उन्होंने भारत के भौगोलिक क्षेत्र पर जीत हासिल करने का फायदा उठाना चाहा। लेकिन, वे यह समझना भूल जाते हैं कि भारत शांति, सहयोग, समृद्धि की कामना करता है। लेकिन अगर कोई राष्ट्र प्रादेशिक सत्ता पर कब्जा करने, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ काम करने की दृष्टि से देखता है, तो सख्त रुख अख्तियार किया जाता है।वो चाहे फिर सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में हो या ढोकलाम, भारत जानता है कि कैसे एक ही सिक्के में जवाब देना है। इस बार एक सौ तीस अरब से अधिक लोग कारगिल के बाईसवें विजय वर्ष का जश्न मनाएंगे। वर्ष 1999 में, पाकिस्तान की ओर से लड़ाई शुरू हुआ और युद्ध में परिवर्तित हो गया। इससे दोनों पक्षों के जवानों की क्षति हुई। लेकिन, बावजूद इसके ऐसा लगता है कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश को शांति और समृद्धि की भाषा और भावना समझ में नहीं आती है। यही कारण है कि वे भारत में आतंकवाद, अस्थिरता को पनपाने में लगे हैं। हालांकि, भारत अपने गुमनाम नायकों और असली सेनानियों को नम आखों से हमेशा याद किया जाएगा। भारत मां के शहीदों को हमारी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### कोरोना में धूम्रपान न करें!

**कोरोना** संक्रमण काल मे धूम्रपान नही करना चाहिए।कोरोना संक्रमण की पहचान के लिए नाक, मुंह से रुई लगी काड़ी द्वारा सेम्पल लिए जाते है। इन सब के अलावा एक्सरे, सिटी स्केन से भी संक्रमण होने का पता जांच द्वारा किया जाता है। धूम्रपान से फेफड़े कमजोर हो जाते जिससे वे संक्रमण को रोकने में उतने प्रभावी नही होते जितने स्वस्थ फेफड़े होते है। निकोटिन भी हमारे पर्यावरण को जहरीला बनाता है। महज 8या 10 मिनट तक के परोक्ष धूम्रपान सहन करने से व्यक्ति के रक्तचाप में वृद्धि, हृदय की धड़कनों में वृद्धि, खून की नलिकाओं में सिकुड़न, फेफड़ो पर प्रभाव होने से वे कमजोर हो जाते है।साथ ही कोरोना में ये शिघ्र प्रभावित हो जाते है। जिससे संक्रमण का स्तर बढ़ जाता है। धूम्रपान करने से फेफड़ो पर घातक प्रभाव पड़ता है। धूम्रपान का धुंआ पर्यावरण और इंसान की सेहत बिगाड़ रहा है।खुशहाल जिंदगी जीने के लिए उत्पाद पर लिखी चेतावनी को भी गंभीरता से लेना होगा। ताकि स्वच्छ पर्यावरण के साथ फेफड़ों पर संक्रमण हावी ना हो पाए।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** का बयान स्वागतयोग्य था, लेकिन जमीनी स्तर पर कश्मीरी अवाम का दिल जीतने के प्रयास होते नजर नही आ रहे हैं।

– **फारूख अब्दुल्ला**
अध्यक्ष नेकां



**देश** आजादी के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, ऐसे में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन की तर्ज पर प्रत्येक नागरिक को भारत जोड़ो आंदोलन की अगुवाई करनी चाहिए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**प्रधानमंत्री** को पेगासस के आरोपों पर संसद में बयान देकर स्पष्ट करना चाहिए कि जासूसी कराई गई थी या नहीं।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

# बसपा के बाद सपा भी थामेगी ब्राह्मणों का हाथ

**संवाददाता।** सीतापुर

- अगस्त महीने में सपा के होंगे सम्मेलन
- हर जिले में भगवान परशुराम की लगेगी मूर्ति
- 22 को सिद्धार्थनगर से सपा के ब्राह्मण सम्मेलन का आगाज



**बहुजन समाज** पार्टी के बाद अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी भी ब्राम्हण सम्मेलन का श्रीगणेश करेगी। ये ब्राम्हण सम्मेलन अगस्त महीने से शुरू होंगे। पूर्वांचल के सिद्धार्थ नगर से सपा के ब्राम्हण सम्मेलन का आगाज होगा। ये सम्मेलन आयोजित करने के पीछे जिलों में ब्राम्हण समाज को पार्टी से जोड़ना असल मकसद है। समाजवादी पार्टी के वरिश्ठ नेता, पूर्व मंत्री डॉ मनोज कुमार पांडेय कहते हैं कि सूबे में बाम्हण समाज को जोड़ने की शुरूआत 22 अगस्त को सिद्धार्थ नगर से की जाएगी। 23 अगस्त को बलिया, 24 अगस्त को मऊ में सम्मेलन होगा। लखनऊ में भी ब्राह्मण समाज का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में भगवान परशुराम की मूर्तियां भी लगेंगी। इन मूर्तियों के लगाने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अब तक उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में भगवान परशुराम की मूर्तियां लगाई जा चुकी हैं। पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में ब्राह्मणों को सबसे ज्यादा सम्मान मिला है। विकास के एजेंडे के संग अगले बरस यानी 2022 में समाजवादी पार्टी जनता की अदालत में जाएगी और उसी पर उनसे वोट भी मांगेगी। उनका यह भी कहना है कि पिछले छह महीनों में वो 57 जिलों का दौरा कर चुके हैं।

# आजम को इलाज में सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

**संवाददाता।** सीतापुर

- खुद के खर्चे पर मेदांता में करा सकेंगे इलाज, हॉस्पिटल में मोबाइल पर बात व मिलने पर रहेगी पाबंदी
- सुप्रीम कोर्ट ने विचाराधीन बंदी की याचिका पर दिया आदेश



**सुप्रीम कोर्ट** ने सीतापुर जिला कारागार में निरूद्ध, रामपुर से सपा सांसद आजम खां को इलाज में राहत दी। बीमार आजम अब मेदांता हॉस्पिटल में अपना इलाज करा सकेंगे, बशर्ते, इलाज का सारा खर्च उन्हें खुद उठाना पडेग्गा। यह आदेश विचाराधीन बंदी आजम खान की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। इसके लिए बकायदा सीतापुर के जेल अधीक्षक सुरेश सिंह ने मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ राकेश कपूर को पत्र भी भेजा। साथ ही यह भी हिदायत दी कि वे आजम को हॉस्पिटल में किसी से भी मोबाइल पर बातचीत करने व मिलने की कतई इजाजत न दें, हालांकि डॉक्टरों की टीम परिवार के सदस्यों से मिल सकती है और अगर डॉक्टरों को लगता है कि वो स्वस्थ है तो उनकी छुटटी भी कर सकते है। सीतापुर जेल अधीक्षक सुरेश सिंह बताते हैं कि आजम खान खुद के खर्च पर इलाज करा रहे हैं। बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की सरकारी अधिवक्ता अजय विक्रम सिंह ने जानकारी दी। अदालत के आदेश को ही मेंदाता अस्पताल को भेजा गया है। आदेश में निजी खर्चे पर इलाज के अलावा मोबाइल से किसी बाहरी व्यक्ति से बात करने पर पाबंदी लगाई है। आपको बता दें कि नौ मई 2021 को आजम खान कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। जिस कारण उन्हें लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, संक्रमण और आक्सीजन लेवल डाउन होने से आजम खान का मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। करीब 2 महीने 3 दिन तक भर्ती रहने के बाद वो तेरह जुलाई को दोबारा सीतापुर जिला कारागार में लाए गए थे। पर अचानक उनकी 19 जुलाई को दोबारा तबियत बिगड़ गई थी, इस पर कारागार प्रशासन ने उन्हें दोबारा मेदांता में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

## क्विक न्यूज

### जान पर खेलकर महिला ने चोर को दबोचा

**तालगांव सीतापुर।** थाना तालगांव इलाके में चोरों के दुस्साहस पर देवरानी-जेठानी का साहस भारी पड़ गया। जान गंवाने के बाद भी पकड़े चोर को नहीं छोड़ा। घर में चोरी करने घुसे चोर को देवरानी-जेठानी ने पकड़ लिया जिसे छुड़ाने के लिए साथी चोरों ने फायर झोंक दी मगर चोर जा नहीं सके। चोरों की गोली से देवरानी-विनीता की मौत हो गई जेठानी अनीता, सर्वेश और लालता घायल हो गए। तीनों का इलाज चल रहा है। पकड़े गए चोर का नाम देशराज होना बताया जा रहा है जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए। थाना तालगांव इलाके के अग्गरपुर मजरा बामनहापुर गांव की घटना पुलिस ने चोरों को पकड़ने और चोरी की माल बरामदगी के लिए 2 सीओ 11 थाना अध्यक्षों की टीमें गठित की है। थाना तालगांव इलाके के अगरपुर गांव में बीती रात एक घर में चोरी करने के बाद चोर रामहेत के घर में घुसकर चोरी कर रहे थे तभी घर वाले जग गए देवरानी विनीता और जेठानी अनीता ने एक चोर को पकड़ लिया असलहों से लैस चोरों ने साथ ही चोर को छुड़ाने के लिए फायर झोंक दी जिससे देवरानी विनीता की मौत हो गई जेठानी अनीता और उसके पति रामहेत व देवर संतोष घायल हो गया। इस बीच अन्य साथी चोरी के माल समेत फरार हो गए। पकड़े गए चोर का नाम देशराज होना बताया जा रहा है घटना की पूरी जानकारी मृतका विनीता के पति और बदमाशों की गोली से घायल हुए संतोष ने दी।

### वर्करों को गुरुमंत्र दे गए चंपत

**नैमिषारण्य सीतापुर।** विश्व हिंदू परिषद की दो दिनी प्रांत योजना बैठक में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवध, श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने वर्करों को कई गुरमंत्र दिए। उन्होंने वर्करों के संग आध्यामिक, सामाजिक, आर्थिक समेत राजनीतिक मसले पर वर्करों से गुफ्तगू की, साथ ही संगठन को ताकतवर बनाने के साथ ही उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से दोबारा हिंदुत्व की सरकार बनाने का प्लान भी बताया, हालांकि अवध प्रांत योजना बैठक के इर्दगिर्द मीडिया को फटकने तक नहीं दिया और खुद भी श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर लगे आरोपों से बचते रहे। धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य के बलराम धर्मशाला में आयोजित प्रांत योजना बैठक में मुख्य वक्ता चंपत रॉय ने 88 हजार ऋषियों की तपस्थली नैमिषारण्य को सामाजिक चिंतन की भूमि बताया। देश भर के संगठन कार्यकर्ता डेढ़ साल यहां इकट्ठा हुए है। हिंदुत्व की विरासत को सहेजना और बढ़ाना है।

### छह अगस्त को होगी बीएड परीक्षा, बने 13 परीक्षा केंद्र

**सीतापुर।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021 होगी छह अगस्त को, दो पालियों में सीतापुर के 13 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा, परीक्षा की तैयारी अंतिम चरण में। नोडल अधिकारी सीतापुर प्रो रवीन्द्र कुमार व नोडल समन्वयक डॉ राजीव द्विवेदी ने बताया कि सीतापुर जनपद में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इन केन्द्रों को सूचना भेजी जा रही है। इन केन्द्रों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा कर दी गई है। आरएसबीएस इण्टर कालेज, कमलापुर में सबसे ज्यादा परीक्षार्थी आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आरएमपी पीजी कालेज, हिन्दू कन्या महाविद्यालय, आरएमपी इण्टर कालेज, राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आरआरडी इण्टर कालेज, केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, जेएलएमडी इण्टर कालेज, म्युनिसिपल इण्टर कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### लाखों की स्मैक बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**बरेली ।** गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली स तो कार से 30 लाख रुपए की चरस बरामद हुई । पुलिस ने कार सवार दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया ।कैंट थाना क्षेत्र में बीती रात गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बदायूं की तरफ से आ रही एक स्लेटी रंग की कार में लाखों की चरस मौजूद है । सूचना मिलते ही पुलिस ने वाहन चेकिंग शुरू कर दी स इसी दौरान बदायूं की तरफसे आ रही की कार को पुलिस ने रोक लिया । पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो कार से चरस के 7 पैकेट बरामद किए । जिनमें कुल 3 किलो 506 ग्राम चरस पाई गई । जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई जाती है । पुलिस ने कार में सवार तस्कर मेरठ जिले के ब्रह्मपुरी थाने के माधवपुर सेक्टर 3 निवासी संदीप पुत्र विनोद और उसके साथी यहीं के रहने वाले आशीष सैनी पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया और गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों को जेल भेजा ।

# रेलवे अंडरपास में भरे पानी में डूबकर मजदूर की मौत

- दो दिन से लापता था युवक, बिसवां कोतवाली के राजाकरनाई के अंडरपास का मामला

**संवाददाता।** बिसवां सीतापुर

**जनता के** सुरक्षित सफर के लिए रेल क्रॉसिंगों पर रेलवे अंडर पास बनाए हैं, लेकिन ये अंडर पास जनता के लिए परेशानी का सबब बने हुए है, क्योंकि मामूली बरसाती में इन अंडरपास में बरसाती पानी भर जाता है। इससे स्थानीय लोगों को वहां से निकलना मुश्किल जाता है मगर अंडर पास में भरे पानी में डूबकर एक मजदूर की जान चली गई। मृतक युवक दो दिन से लापता था। रविवार की सुबह शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के पीछे प्रेस प्रसंग होना भी बताया जा रहा है। परिवारीजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

बिसवां कोतवाली इलाके के सुखराम का पुत्र अरविंद कुमार बिसवां के मंशाराम मंदिर के समीप एक दरी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। दो दिन पहले वो घर से काम पर निकला था, लेकिन शाम तक वापस घर नहीं लौटा, इस पर परिजनों ने उसकी तलाश की मगर उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार की सुबह उसका शव राजा करनाई के समीप अंडर पास में भरे पानी में उतराता मिला। शव मिलने की सूचना से इलाके में खलबली मच गई। देखते ही देखते आसपास के गांवों के लोगों का मजमा लग गया। जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे मृतक के परिवारीजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद मृतक की चाची सपना देवी ने मामले की जानकारी दी।

# फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रकम वसूलने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**बरेली ।** एक महिला के साथ मिलकर ग्रामीण को को बंधक बनाने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के बाद लाखों की रकम वसूलने वाले गैंग के तीन बदमाशों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र में बसंत बिहार चौराहा पर आज दोपहर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार को रोक लिया । तलाशी के दौरान पुलिस ने इज्जत नगर थाने में दर्ज मुकदमे के फरार अभियुक्त शीशगढ़ थाने के गांव बल्ली निवासी राजेश सक्सेना पुत्र जगदीश सक्सेना, फतेहगंज पश्चिमी के गांव आगरास निवासी श्री पाल पुत्र सुखराम और मीरगंज थाने के गांव जाम निवासी सुनील कुमार पुत्र रोहित को गिरफ्तार कर लिया । उनके विरुद्ध इज्जत नगर थाने में एक महिला शहनाज के साथ मिलकर इज्जत नगर निवासी एक ग्रामीण को कमरे में बंद करने के बाद एक महिला के साथ रेप के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर गाली गलौज और मारपीट करने के बाद 3 लाख रुपए वसूलने का मुकदमा कई दिन पहले दर्ज कराया गया था । तब से पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी । दोपहर जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन अभियुक्त एक कार में बैठकर बसंत विहार चौराहा से गुजरने वाले हैं । तब पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार को रोककर उसमें बैठे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा । उनकी साथी महिला की तलाश शुरू कर दी ।

भाजपा विधायक कोतवाली पहुंचकर हुए आग-बबूला

# सिफारिश के बाद भी पुलिस ने कार्यकर्ता को डाल दिया लॉकअप में

**संवाददाता।** सीतापुर

- हस्तक्षेप के बाद बंद कार्यकर्ता को छोड़ा, छूटे कार्यकर्ता ने पुलिस की ज्यादती बताई

**सीतापुर में** पुलिस की मनमानी और उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के विरोध में सत्तासीन एक विधायक को कोतवाली पहुंचकर आग बबूला होना पड़ा, तब जाकर कार्यकर्ता को लाकअप से रिहा किया जा सका। लॉकअप से छूटे कार्यकर्ता ने आपबीती बताई, कि किस तरह पुलिस ने उनकी खातिरदारी पांच पटटे मारकर की है और यह सब तब हुआ, जब मामले की सुलह के लिए विधायक की सिफारिश पर वह कोतवाली पहुंचा था, दूसरी पार्टी को पुलिस ने जाने दिया, और भाजपा कार्यकर्ता को लाकअप में डाल दिया। कोतवाली देहात इलाके के लालपुर मजरा गौरियाकलां के रहने वाले उदय भान आदि का गांव के ही रमेश आदि से विवाद हो जाता है। जिसको लेकर झरेखापुर मंडल के महामंत्री रामकुमार राजपूत मामले में सुलह के लिए हरगांव से भाजपा विधायक सुरेश राही से सिफारिश कराते है। विधायक सुरेश राही पुलिस को फोन से सुलह कराने की सिफारिश करते हैं, जब रामकुमार राजपूत और उनके पक्ष के लोग कोतवाली देहात पहुंचते हैं तो दूसरे पक्ष के लोग भी वहां पहुंच जाते है। आरोप है कि बड़ागांव चौकी इंचार्ज राकेश कुमार सिंह, सिपाही संदीप व अन्य पुलिस कर्मी दूसरे पक्ष को गाली देते हैं, भाजपा कार्यकर्ता रामकुमार राजपूत पक्ष के लोगों को लाकअप में डाल देते हैं, सिफारिश से आग बबूला पुलिस कर्मी सभी को पांच-पांच पटटे भी लगाते हैं। भाजपा विधायक सुरेश राही को जब इसकी जानकारी होती हैं तो वह कोतवाली पहुंचते हैं और वहां पर पुलिस को खरी-खोटी सुनाते हैं, इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता और उनके पक्ष को पुलिस छोड़ देती है।

# एसएसबी सेक्टर मुख्यालय और तृतीय वाहिनी ने चलाया वृहद पौधारोपण अभियान

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**जितेंदर देव** वशिष्ठ डीआईजी एसएसबी सेक्टर मुख्यालय लखीमपुर खीरी के निर्देशन में 25 जुलाई को प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक एसएसबी क्षेत्रक परिसर तथा नये भर्ती रंगरूटों की प्रशिक्षणशाला में पौधारोपण किया गया। इसमें सभी कार्मिकों ने अपना बहुमूल्य समय निकालकर प्रतिभाग किया।

जैसा कि ज्ञात है कि वृक्षारोपण के बुनियादी लाभों में से एक यह है कि वे जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। मानवों व जानवरों द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाई आक्साइड को अवशोषित करते हैं। हालांकि पेड़ न सिर्फ हमें ऑक्सीजन देते हैं बल्कि फल, लकड़ी, फाइबर व रबड़ आदि और भी बहुत कुछ प्रदान करते हैं। पेड़ पशुओं और पक्षियों के लिए आश्रय का भी काम करते हैं। पर्यावरण का संतुलन बनाने में भी पौधे अहम भूमिका निभाते हैं। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कुल 1500 लगवाये गये जिसमें जिसमें मुख्यत: सागौन, अमरूद व गुलमोहर इत्यादि थे। इस अवसर पर जितेंदर देव वशिष्ठ डीआईजी, दामोदर प्रसाद मीणा द्वितीय कमान अधिकारी, शशि शेखर सिंह उप कमांडेंट, रविंद्र कुमार उप कमांडेंट, नवरतन आजाद यादव उप कमांडेंट/संचार, आनंद प्रकाश यादव सहायक कमांडेंट, मोहिंदर सिंह सहायक कमांडेंट/मंत्रालयिक, कुमुद शैकिया सहायक कमांडेंट/अभियंता व अन्य अधीनस्थ अधिकारी जवान तथा संदीक्षा सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# एक दर्जन से अधिक पौधे रोपे



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** भारत विकास परिषद के तत्वाधान सावन माह के प्रथम दिवस थाना हैदराबाद परिसर में मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के द्वारा औषधि तथा छायादार फलदार लगभग एक दर्जन से अधिक पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद का कार्य अत्यंत सराहनीय है। यह पौधे बड़े होकर थाने में आने वाले फरियादियों को छाया प्रदान करेंगे। इसी के साथ ही औषधि पौधे व फलदार पौधों से थाने का वातावरण प्राकृतिक एवं शुद्ध बना रहेगा। संस्था अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा ने बताया कि आज थाने पर सावन माह के प्रथम दिन भगवान भोलेनाथ का नाम लेते हुए जामुन आंवला गोल्ड मोहर आदि के लगभग 14 पौधे रोपित किए गए हैं। कार्यक्रम के अंत में संरक्षक डा. सौरभ दीक्षित संस्था अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा महामंत्री सुयश त्रिवेद मीडिया प्रभारी डा. वीरेश बाजपेई ने संस्था की ओर से थानाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सह सचिव अतुल त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष राम सागर वर्मा, डा. आदर्श दीक्षित, परविजय सिंह, सुनील मिश्रा, संजय त्रिवेदी, श्री कृष्ण शर्मा, करन सिंह व सचिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राज राजेश्वर सिंह बने प्रदेश संयोजक



**निघासन-खीरी।** वरिष्ठ भाजपा नेता राजा राज राजेश्वर सिंह को प्रदेश भाजपा विदेश संपर्क विभाग का प्रदेश संयोजक बनाया गया। कल देर रात भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने प्रदेश के विभागों की सूचर जारी की। इस पद पर राजा साहब के नाम की मुहर लगाई जो कि खीरी जनपद से यह एकमात्र नाम है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राजेश्वर सिंह इसी विभाग में प्रदेश के सह संयोजक रह चुके हैं। सूची प्रकाशित होते ही जिले व प्रदेश पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फोन से बधाई दी।

# सत्तर लोगों को लगाई वैक्सीन



**निघासन खीरी।** समुदायिक स्वथ्य केन्द्र द्वारा आज ग्राम पंचायत बरोठा के ग्राम देवीदीन पुरवा कोविड वैक्सीन अधीक्षक लालजी पासी के निर्देशन में एएनएम मीरा राजपूत, आशा मीना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उमा मौर्या टीम ने सत्तर लोगों को वैक्सीन लगाई। एएनएम मीरा राजपूत ने कहा कि इस वैक्सीन से किसी भी प्रकार की शरीर में कोई दिक्कत नही होगी कुछ लोगों को हल्का बुखार मालूम होगा। वैक्सीन लगने से शरीर में किसी भी प्रकार का वायरस व रोग शरीर पर असर नही कर सकेगा। किसी भी प्रकार की बीमारी इतनी जल्दी शरीर पर असर नही डाल सकेंगी। शरीर में इम्यूनिटी पावर की क्षमता भी बढ़ जाएगी। कुछ लोगों ने लगवाया फिर काफी देर तक कोई नहीं लगवाने आया परन्तु बाहरी गांवों के लोगों को पता चला तो उन्होंने लगवाना शुरू किया। उनको देख कर कुछ समय बाद ग्रामीणों ने लगवाना शुरू कर दिया। तब तक वैक्सीन ही खत्म हो चुकी थी। गांव के काफी लोग वैक्सीन लगवाने से वंचित रह गए।

# प्रोटोकाल के तहत मनाएं त्यौहार

**संवाददाता ।** मैलानी-खीरी



**आगामी त्यौहार** जैसे श्रावण मास जोकि भगवान शिव का मास माना जाता है जिसमे लोग जलाभिषेक करने के लिए कांवड यात्रा लेकर जल भरने के हरिद्वार घटिया घाट सहित अनेक गंगा तटों पर जाते हैं। इसी के साथ नाग पंचमी, जन्माष्टमी, रक्षा बंधन, चेहलुल्लम व दुर्गा पूजा सहित समस्त धार्मिक त्यौहार आने वाले है।

इसको लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्र भान यादव की अध्यक्षता में एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रभारी निरिक्षक ने कोविड 19 गाइड लाइन का पालन करते हुए सोशल डिस्टेन्स का ख्याल रखनते हुए त्यौहार मनाने की अपील की। सभी त्यौहार शांति व श्रद्धा पूर्वक मनाएं। प्रभारी निरिक्षक चन्द्र भान यादव ने बताया कि इस बीच कोई भी अराजकता फैलाने का काम करता है तो आप लोग तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि अराजकता फैलाने वाले के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाए। इस मौके पर उप निरिक्षक अनुज शर्मा, आरक्षी जितेन्द्र कुमार चौरसिया, अरूण कुमार तथा सुआबोझ ग्राम प्रधान शंकर लाल खरेटा ग्राम प्रधान कलामुददीन पूर्व प्रधान अरविन्द यादव हरि प्रकाश मिश्र सुरेन्द्र मिश्र डीके यादव पीयूष अवस्थी राधेश्याम ग्राम प्रधान सलावत नगर मनोज कुमार सहित तमाम पुलिस कर्मी व नगर के व्यापारी गण व नगर के तमाम नागरिक मौजूद रहे।

## अपहरण की घटना में वांछित गिरफ्तार

**मैलानी-खीरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना मैलानी प्रभारी निरिक्षक की अध्यक्षता में उप निरिक्षक राम बक्स व आरक्षी राकेश कुमार ने मुखबिर की सूचना टेडवा पिकेट से भारत पुत्र चन्द्रिका प्रसाद थाना गोला जिला खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश कर जेल दिया गया। पुलिस ने बताया कि उक्त अभियुक्त पर दिनांक 21 जून को अपहृत का अभियोग धारा 363, 366 में दर्ज था। जबकि मुकदमा में उपरोक्त संबंधित अपहृता को 01 जुलाई को बरामद किया जा चुका है।

# ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वालों पर कार्रवाई



**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिव उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला खीरी में 28 जुलाई तक प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा। रविवार को सप्ताह के चतुर्थ दिवस को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत परिवहन विभाग के गठित प्रवर्तन दलों ने ज़िले के विभिन्न मार्गो पर संचालित वाहनों के चालकों द्वारा सीटबेल्ट, मोबाइल उपयोग व ड्रंकन ड्राइविंग आदि जैसे उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सड़क सुरक्षा सम्बन्धी वीडियो क्लिप भी मोबाइल फोन से दिखाई। वहीं कोविड-19 से बचाव हेतु जागरूक किया। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनमानस में पम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किये।

## भाजपा कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला

**ढखेरवा-खीरी।** निघासन कोतवाली के बढ़हिनपुरवा मजरा दुलही निवासी बलराम जायसवाल भाजपा कार्यकर्ता हैं। इनकी ढखेरवा चौराहे पर पुलिस चौकी के सामने कांपी किताबों की दुकान है। शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे बलराम जायसवाल जब दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी में थे। तभी बाइक सवार तीन लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले वायर बिजली केबिल से कई वार किये। इसके बाद एक हमलावर ने फायर झोंक दिया। गनीमत रही फायर किसी को नहीं लगा। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

# चुनावी मुद्दा बनाने के लिए लाएं आंदोलन में और गति




**लखीमपुर-खीरी।** अटेवा की एक बैठक जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य की अध्यक्षता में स्थानीय स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज में हुई। मुख्य अथिति के रूप में नव नियुक्त प्रदेश संगठन मंत्री सन्दीप वर्मा रहे। बैठक में ब्लाकवार व विभागवार सदस्यता एवं संगठन की स्थिति एवं मजबूती पर चर्चा हुई। आगामी रणनीति पर विचार विमर्श हुआ। सभी पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रत्येक पेंशन विहीन साथी को जागरूक करते हुए आंदोलन से जोड़ने पर जोर दिया। जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने कहा कि कोरोना मानव समाज के लिये बहुत ही कष्टकारी रहा और संक्रमण काल में लाखों लोगों की जान चली गयी। इसमें बहुत से पेंशनविहीन साथी भी हैं। अटेवा ने उनके लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष है इसलिए पेंशन बहाली संघर्ष को और तेज करना है। ताकि यह चुनाव का मुख्य मुद्दा बन सके। आंदोलन की सफलता के लिए एकजुट होना पड़ेगा। इसके लिए अटेवा प्रतिनिधियों के द्वार कार्यक्रम चलाएगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट भी बार बार कह रहा कि कर्मचारी को बुढ़ापे में सम्मानपूर्वक जीने के लिए पेंशन जरूरी है। इसलिए सरकार को तत्काल पुरानी पेंशन बहाल करनी चाहिए। प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा ने कहा कि अटेवा पेंशन बहाली के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार आंदोलन कर रहा है। संघर्ष की बदौलत नई पेंशन स्कीम में कई संशोधन सरकार को करने पड़े हैं। परन्तु संघर्ष पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा। बैठक को जिला कोषाध्यक्ष राजेश पांडे, जिला सहसंयोजक सुरेंद्र मौर्य, जिला सह संयोजक ओम प्रकाश, जिला सह संयोजक एवं सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष सतीश वर्मा, जिला मंत्री लक्ष्मी नारायण दीक्षित, जिला सह संयोजिका नीलम राज सहित सभी ब्लाक अध्यक्षों ने सम्बोधित किया। संगठन को मजबूत करने के लिए जनपदीय एवं ब्लॉकों की कार्यकारिणी भी गठित की गई। वरुण श्रीवास्तव को महामंत्री ब्लॉक मितौली, विकास मिश्र को मंत्री ब्लॉक मितौली, अखिलेश पांडेय को संगठन मंत्री ब्लॉक मितौली, देवेंद्र वर्मा को संगठन मंत्री ब्लॉक मितौली, राजीव वर्मा को अध्यक्ष ब्लॉक कुम्भी, हरकेश बहादुर शर्मा को महामंत्री ब्लॉक कुम्भी, सुरेंद्र कनौजिया को सह संयोजक ब्लॉक कुम्भी, राम सरन को सह संयोजक ब्लॉक कुम्भी व दीपक कुमार को सह सयोंजक ब्लॉक नकहा मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन डा. कमल किशोर मौर्य ने किया।

# भाजपाइयों ने किया साधुओं का सम्मान

संवाददाता। चित्रकूट

**गुरुपूर्णिमा** पर्व पर भाजपाइयों ने तकरीबन दो सौ साधु-संतों के मठ-मन्दिरों में जाकर सम्मान किया। प्रधानमंत्री मन की बात में 886 बूथ में प्रधानमंत्री के विचारों को भाजपाइयों ने सुना। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने संतोषी अखाडा के महंत रामजी दास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर कहा कि शिष्य के दिल में गुरु के लिए सर्वोच्च स्थान होना चाहिए। साधु-संतों के साथ बड़ों का सम्मान कर भाजपाइयों ने पार्टी व प्रदेश की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने धारकुण्डी आश्रम में साधु-संतों का सम्मान किया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कामदगिरि के जगद्गुरु रामस्वरुपाचार्य से आशीर्वाद लेकर कहा कि सेवा और समाज हमारे लिए मूल आधार हैं। समाज व राष्ट्र को दिशा देने वाले गुरु व साधु-संतों के प्रति आदर भाव भारतीय संस्कृति की परम्परा रही है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, रामरतन प्रजापति, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, आलोक पाण्डेय, अश्वनी अवस्थी, दिनेश तिवारी, रघुनाथ जायसवाल, जगदीश गौतम, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, रामेन्द्र गौतम, राजेश्वरी द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


साधु से आशीर्वाद लेते सांसद आरके सिंह पटेल।

## जिला पंचायत अध्यक्ष अनुरागी को कोरी समाज ने किया सम्मानित

संवाददाता। उरई (जालौन)



**जिला कोरी** समाज कल्याण समिति कोरी कुटिया के तत्वावधान में रविवार को पूर्व सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन डा. घनश्याम अनुरागी का सिक्कों से तुलादान कर पगड़ी बांधकर 101 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कोरी समाज व कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा ने की। सम्मान के क्रम में कोंच ब्लाक प्रमुख रानी देवी वर्मा का ममता वर्मा सूचना मंत्री, सुमन वर्मा, सुनीता वर्मा, रेखा वर्मा आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी की इच्छा अनुसार समारोह में आये समाज के सभी वरिष्ठजनों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसीक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह बना, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक नरेंद्रपाल सिंह जादौन, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, पूर्व विधायक दयाशंकर वर्मा आदि को भी सम्मानित किया गया।

### प्रदेश सरकार सबको छलने के काम में जुटीः जाटव

**जालौन ( उरई )।** वर्तमान सरकार ने सबका साथ सबका विकास को नारे दरकिनार कर सबको छलने का काम लिया और नौकरी रोजगार देने की बजाय छीनने का काम किया है। इसलिए प्रदेश की जनता बहुत दुखी है सरकार को बदलने का संकल्प ले चुकी है। अब पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मजबूती से पार्टी की नीतियों को बताकर सर्व समाज को जोड़ना है। उक्त बात ग्राम खकसीस में बूथ कमेटियों के गठन की बैठक को सम्बोधित करते हुए झांसी मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी डॉ. ब्रजेश जाटव ने कही। ग्राम खकसीस में भगवान दास जाटव के आवास पर बहुजन समाज पार्टी की बैठक सर्व प्रथम बाबा साहब डॉ. आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि झांसी मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी डॉ. बृजेश जाटव एवं पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति जिला अध्यक्ष रहे।

## दस्यु गौरी गैंग की धर-पकड़ को पुलिस ने की काम्बिंग

संवाददता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर रैपुरा व मारकुण्डी थाना पुलिस की टीम ने साढ़े पांच लाख रुपये के ईनामी दस्यु सरगना गौरी यादव की धर-पकड को जंगलों में अभियान चलाया। अभियान दौरान पुलिस को दस्यु गौरी का कोई सुराग नहीं लगा। अलबत्ता दस्यु गौरी के बारे में अहम जानकारी अवश्य मिली है। रविवार को दस्यु गौरी गैंग की धर-पकड को पुलिस का जंगलों में लगातार अभियान चल रहा है। काम्बिंग दौरान रैपुरा थानाध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद गुप्ता की अगुवाई में पुलिस टीमों ने गौरिया, देसाह, कमरौंवा के जंगलों में तथा मारकुण्डी थानाध्यक्ष रमेशचन्द्र की अगुवाई पुलिस व पीएसी टीम ने बंगलिहाई, पापडचुआ के जंगलों में दस्यु गौरी यादव की तलाश में छापेमारी की। छापेमारी दौरान पुलिस को दस्यु गौरी गैंग का कोई सुराग नहीं मिला। इसी क्रम में चौकी प्रभारी सरैंया संदीप कुमार पटेल की टीम ने ननकू पुत्र भोला प्रसाद निवासी सिकरी थाना राजापुर के कब्जे से ढाई किलो गांजा पकड़ा।

## क्विक न्यूज

### फूलन देवी के पैतृक गांव पहुंचे सपा सांसद

**कालपी ( जालौन )।** प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सांसद ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ कालपी से 11 किलो मीटर दूर ग्राम शेखपुर गुढ़ा गांव में जन्मी फूलन देवी का जन्म 10 अगस्त सन् 1963 में हुआ था। बतौर सांसद 25 जुलाई 2001 को मृत्यु हुई थी। जिसका शहादत दिवस के रूप में उनके पैतृक गांव मे बनी प्रतिमा पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सांसद विशम्भर प्रसाद निषाद, महा मण्डेश्वर बाल योगी आचार्य श्री स्वामी सत्यात्मानन्द गिरि जी महाराज, राम कुमार पूर्व विधायक उन्नाव, ने पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि दी व वीरांगना फूलन देवी की मां मुला देवी से मुलाकत की।

### बिना हेल्मेट वाहन चालकों के पुलिस ने काटे चालान

**माधौगढ़ ( जालौन )।** रविवार को पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान जिसमें पुलिस नें बिना हेल्टमेट व सीट निकलने वाले वाहन चालकों के चालन काट दिये प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने कड़े दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बाहन चालक नियमानुसार यातायात नियमों का पालन करें व हेल्टमेट व सीट बेल्ट पहनकर ही बाहन चलाये अन्यथा जुर्माना भरने के लिये तैयार रहे बिना हेल्मेट चल रहे बाहन चालक अधिकांश तौर पर सड़को दुर्घटनाओं में कारगर साबित होते है दुर्घटनाओं के बचाव में हेल्मेट अवश्य पहने इस दौरान प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव, उपनिरीक्षक जितेन्द्र, धीरेन्द्र पटैरेया, पुह्लन पाल, सिपाही पंकज यादव, राहुल यादव, अन्य पुलिस स्टाफमौजूद रहा।

### भाजपा की साजिश का सपाई देंगे जवाबः अनुज



**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मानिकपुर व चित्रकूट विधानसभाओं की संयुक्त बैठक में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि पार्टी की पैनी नजर 2022 के विधानसभा चुनाव पर है। भाजपा की किसी भी साजिश का जवाब सपा सैनिक बखूबी देंगे। रविवार को मऊ-मानिकपुर व कर्वी विधानसभा की संयुक्त बैठक में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि दोनों विधानसभा के पदाधिकारियों को विधानसभा चुनाव 2022 की तैयारी में जुट जायें। चुनाव किस तरह फ्तह किया जायेगा। बूथ स्तर की तैयारियों का जायजा लेते हुए जिलाध्यक्ष ने कुछ खास निर्देश दिये। कहा कि भाजपा सरकार को भ्रम फैलाने में महारथ हासिल है। मोदी व योगी सरकार विकास, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और बिगडी कानून व्यवस्था के मुद्दे से लोगों को भटकाना चाहते हैं।

### दैवीय आपदा में 235.90 लाख का बजट आवंटन

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में दैवीय आपदा राहत कोष में शासन ने दो करोड़ 35 लाख 90 हजार रुपये की धनराशि आवंटित की है। इस मद में पहली बार शासन ने कुआं, नदी, झील में डूबने से मृतक के आश्रित को चार लाख रुपये दिये जायेंगे। जानकारी के मुताबिक दैवीय आपदा राहत में पहले से ही दस लाख रुपये का बजट मौजूद था,शासन ने हाल ही में 235.90 लाख का बजट आवंटित किया गया है। इसमे आकाशीय बिजली, सर्पदंश, सीवरगैस मौत, बोरबेल,जंगली जानवर हिंसा में मृत व्यक्ति को अलग अलग धनराशि दिये जाने का प्राविधान किया गया है, इसी प्रकार शासन ने पहली मर्तवा दैवीय आपदा राहत कोष से ही नदी,तालाब, झील में डूबकर मृत व्यक्ति को चार लाख रुपये की धनराशि दी जायेगी।

### कृषि वैज्ञानिक ने कल्पवृक्ष का पौधरोपण कर स्वामीजी की तपोभूमि की सराहना की



**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बा स्थित स्वामी रोटीराम महाराज की तपोभूमि मे आज कपिला पशु आहार के मालिक द्वारा कल्प वृक्ष का पौधरोपण किया गया। इस मौके पर संस्था के मालिक सुरेंद्र कुमार व अवध बिहारी मिश्रा ने रोटीराम महाराज की कर्मस्थली को जमकर सराहना की। नगर के संभ्रान्त नागरिकों ने दोनो लोगों का फूल मालाओं से स्वागत किया, वह स्वामी जी की तपोभूमि को कभी भूल नहीं पायेंगे समय समय पर इसका विकास कराते रहेंगे। कृषि विकास संस्थान बांदा के अध्यक्ष आशुतोष कुमार , सचिव अरविंद कुमार चतुर्वेदी , जिला कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह , केवीके कृषि वैज्ञानिक डॉ एस पी सोनकर ,जिला विज्ञान क्लब के कोऑर्डिनेटर डॉ जीके द्विवेदी ने मिलकर सुरेंद्र शिवहरे का माल्यार्पण किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने वाले हरित सैनिकों के सुनियोजित हरीतिमा विकास नियोजन 2021 वर्षाकाल के क्रियान्वयन में प्रथम चरण में 1 सप्ताह पहले चंपा की पौध रोपण कि हरित मुस्कान देखकर सभी लोग गदगद हो गए।

### पुरानी दीवारों में ही ईंटे लगाकर खड़ा कर दिया पंचायत भवन, उपनिदेशक ने निरीक्षण कर जतायी नाराजगी



**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा ब्लाक के ईचौली, गुसियारी व टिकरी में निर्मित पंचायत भवनों का निरीक्षण उपनिदेशक पंचायत ने किया। पंचायत भवनों की हालत देख नाराजगी जताते हुए उन्हें मानक के अनुसार बनवाने के निर्देश दिये, इसके अलावा इन गांवों में बन रहे सुलभ शौचालय जल्द ही संचालित न होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई करने की चेतावनी दी। उपनिदेशक पंचायत दिनेश सिंह ने खंड विकास क्षेत्र टिकरी, गुसियारी व इचौली गांव में बन रहे पंचायत भवनों का निरीक्षण किया जिसमें ग्राम टिकरी में पुराने जीर्ण शीर्ण भवन की छत व दीवारों को गिरा कर पुरानी दीवारों के ऊपर ही दीवार खड़ी कर दी गयी यह देख उपनिदेशक ने नाराजगी जताते हुये कहा कि पंचायत भवन की बिल्डिंग में पिलर बनाकर ही भवन बनाना चाहिये। उन्होंने मानक के अनुरूप कार्य होता ना देख नाराजगी जताते हुये संबंधित अधिकारियों को मानक के अनुरूप पंचायत भवन का निर्माण कराने के निर्देश दिये। वहीं ग्राम गुसियारी के पंचायत भवन के परिसर पर इंटरलॉकिंग ना होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फ्टकार लगाते हुए अविलंब इंटरलॉकिंग करवाने के निर्देश दिये।

### सट्टा कारोबार बेखौफ जारी, कमीशन एजेंट को पकड़ पुलिस करती है खानापूर्ति

**जालौन ( उरई )।** नगर में सट्टा का कारोबार बंद होने का नाम नहीं ले रहा हैं। नगर में सट्टा का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इस कारोबार से जुड़ी मछलियां पुलिस की पकड़ से दूर रहती है तथा इस कारोबार को अनवरत जारी रखती है। पुलिस कमीशन एजेंट को पकड़ कर खानापूर्ति कर देती है। पुलिस ने शनिवार की रात को सट्टा पर्ची लिख रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नगर में सट्टा का कारोबार लम्बे समय से चल रहा है। पुलिस चौकी के नीचे समेत तकिया मस्जिद, बस स्टैंड, कोंच चौराहा, हरीपुरा स्कूल के पास, झंडा चौराहा समेत कई स्थानों पर कमीशन एजेंट यहां पर्ची लिखने के लिए टहलते रहते हैं। इस कारोबार से जुड़ी बड़ी मछलियों के खिलाफपुलिस कार्रवाई नहीं कर पाती है सिर्फकमीशन एजेंट पकड़ कर खाना पूर्ति कर लेती है। बड़ी मछलियों के खिलाफकार्रवाई न होने के कारण यह कारोबार बंद नहीं हो पा रहा है। शनिवार को उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने छत्रसाल मोड़ से तोपखाना निवासी नेहाल अहमद को गिरफ्तार किया है। जिस पर आरोप है कि वह सट्टा लिख रहा था जिसके पास से 450 रूपए, पेन, डायरी व सट्टा पर्ची बरामद हुई है।

### जहरीले कीड़े के काटने से मासूम की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** विवार क्षेत्र के ग्राम कमोखर में जहरीले कीड़े के काटने से एक बालक की मौत हो गयी। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम कमोखर निवासी संतू (10) पुत्र कामता प्रसाद कल रात अपने हम उम्र बच्चों के साथ खेल रहा था तभी किसी जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया जिस पर उसकी हालत बिगड़ने पर जब उसके परिजन उसे सरकारी अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में संतू ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो महिलाओं समेत तीन घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायल दो महिलाओं समेत युवक को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवक की हालत नाजुक होने के चलते उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र सुमेरपुर के ग्राम बिदोखर निवासी दिग्विजय सिंह बीती शाम बाइक द्वारा इंगहोटा से अपने गांव जा रहा था तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### सांप के काटने से हालत खराब, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर में रिश्तेदारी में आयी एक महिला की सांप के काटने से हालत बिगड़ गयी जिसे सरकारी अस्पताल से मुख्यालय रेफ र कर दिया गया। सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम पचखुरा निवासी रामकली 35 वर्ष पत्नी फूलचंद नगर में अपनी रिश्तेदारी में आयी हुई थी जहां शनिवार की शाम सांप ने उसके पैर में काट लिया जिस पर उसकी हालत बिगड़ते देख उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने ईलाज के बाद उसकी हालत में सुधार होते ना देख उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

### छत से गिरकर अधेड़ की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** विकास खंड सुमेरपुर अंतर्गत ग्राम कल्ला में नव निर्मित छत की तराई करते समय संतुलन बिगड़ जाने से एक व्यक्ति छत के नीचे आ गिरा तो उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गांव का राम किशोर प्रजापति (45) अपने मकान की नव निर्मित छत में रविवार की सुबह पानी डाल रहा था तभी शरीर का संतुलन बिगड जाने से वह नीचे आ गिरा तो सिर में गंभीर चोट लग जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जानकारी होने पर थाना बिवाँर की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### चार उपद्रवियों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरों लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। रविवार को कोतवाली पुलिस ने बिरिया खुर्द निवासी संजू, नारोभास्कर निवासी नाजिम, रोहित व जगतपुरा निवासी विकास को गिरफ्तार किया जो गाली-गलौज करने के मामले में गिरफ्तार किये गये हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है ।

### बन्दी के दिन वी-मार्ट खोलना पड़ा महंगा

**चित्रकूट।** शनिवार-रविवार बन्दी के दिन जिला मुख्यालय के वी-मार्ट को खोलना वी-मार्ट के प्रबंधक समेत पांच लोगों को भारी पड़ा। पुलिस ने वी-मार्ट के प्रबंधक समेत पांच लोगों पर एक हजार रुपये के हिसाब से जुर्माना वसूला। रविवार को अक्सर बंदी के दिन भी शनिवार-रविवार को वी-मार्ट खुला रहता है।

## समर्पित कार्यकर्ता होते हैं सम्मान के असली हकदार : गौरीशंकर

संवाददाता। जालौन (उरई)



**बूथ** कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। समर्पित कार्यकर्ता वास्तव में सम्मान के हकदार होते हैं। इनके मजबूत इरादों व समर्पण से ही कोई राजनीतिक पार्टी चुनावी वैतरणी पार कर पाती है यह बात सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने अक्षदा गार्डन में आयोजित सम्मान समारोह में कहीं। अक्षदा गार्डन में आयोजित कार्यकारणी, सेक्टर व बूथ अध्यक्षों के सम्मान समारोह में बोलते हुए सदर विधायक गौरीशंकर गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार जनता के चहुंमुखी विकास व देश हित के लिये काम कर रही है। उन्होंने सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए जमकर तारीफ की तथा सपा मुखिया अखिलेश यादव व बसपा मुखिया मायावती की नीतियों की आलोचना की। जिला प्रभारी संजीव श्रृंगीऋषि ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा तथा कहा कि बगैर कार्यकर्ताओं के सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जा सकता है और न ही पार्टी को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकारिणी, सेक्टर व बूथ के 120 पदाधिकारियों को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पं0 दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी का चित्र व बैग देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष गिरीश गुप्ता, नगर अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह राजावत, संजू खत्री, लक्ष्मीकांत शाक्य, निशा माहेश्वरी, रामू गुप्ता, दिनेश लोहिया, कुवंर सिंह यादव, नीरज सक्सेना, मृत्युंजय श्रीवास्तव, डा. ब्रजेन्द्र दुबे, नीलम गुप्ता, धीरज प्रजापति, आशीष सोनी, शिवराम जाटव, रिषी श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।

## दस लाख की चोरी का खुलासा कर माल समेत चोर को दबोचा

संवाददाता। चित्रकूट





**पुलिस** अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने भरतपुरी मोहल्ले के वकील कृष्ण कुमार तिवारी पुत्र रघुनाथ के घर में हुई दस लाख रुपये की चोरी का खुलासाकर आरोपी राजेश जमादार पुत्र पुन्ना निवासी चिल्ली कोतवाली देहात बांदा को चोरी के माल समेत दबोचा है। ज्ञात है कि नौ जुलाई को कोतवाली कर्वी के अधिवक्ता कृष्ण कुमार तिवारी के घर में तकरीबन दस लाख रुपये की चोरी हुई थी। कोतवाल वीरेन्द्र त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस ने चोर राजेश जमादार को दबोचकर उसके कब्जे से तीन लाख 85 हजार रुपये नकद व सोने-चांदी के तमाम जेवर बरामद किये। पुलिस ने चोर को उचित धाराओं में जेल भेजा है। टीम में कोतवाल वीरेन्द्र त्रिपाठी, दरोगा शिवकुमार यादव, दरोगा आनन्द मिश्रा, सिपाही प्रवीण राय व विपिन प्रताप सिंह शामिल रहे। इसी क्रम में कोतवाल कर्वी ने 25 हजार रुपये के ईनामी 21 सल से फ्ररार वांछित गुलाबचन्द्र साहू पुत्र भैरों प्रसाद निवासी उटारखाना को गिरफ्तार किया है। वह वर्ष 2000 से अपनी पत्नी को आत्महत्या करने को प्रेरित मामले में फ्ररार चल रहा था। पूंछताछ में गुलाब साहू ने बताया कि पत्नी की मृत्यु के बाद वह दिल्ली, हरियाणा, नोएडा, गाजियाबाद, बांदा, अतर्रा, बदौसा में लुक-छिपकर रह रहा था। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।

### कालीजी मंदिर का दानपात्र तोड़ रुपए चुराए

**जालौन ( उरई )।** लहचूरा में स्थित कालीजी के मंदिर के बाहर दान पात्र का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लगभग 3 हजार रुपये उड़ाए। पुजारी ने दान पात्र से चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। जालौन से कोंच मार्ग पर लहचूरा गांव के पास मुख्य सड़क के किनारे कालीमाता का मंदिर स्थित है। मंदिर का खर्च श्रृद्धालुओं द्वारा दान पात्र में डाली गई धनराशि से चलता है। इसके लिए मंदिर के गेट पर दान पात्र लगा हुआ है। मंदिर की देखरेख का कार्य पुजारी संतराम करते हैं। जो सुबह मंदिर में आकर पूजा पाठ करते हैं एवं संध्या आरती के बाद घर चले जाते हैं। नित्य की भांति वह शनिवार की रात करीब 8 बजे मंदिर से घर चले गए। तभी रात में अज्ञात चोरों ने मंदिर के गेट पर टंगे दान पात्र का ताला तोड़ दिया। पुजारी ने बताया कि दान पात्र में करीब 3 हजार रुपये थे। जिसे चोर चोरी कर ले गए हैं। सुबह जब मंदिर पहुंचे पुजारी ने दान पात्र का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना डायल 112 को दी।

## कायस्थ समाज एकजुट हो अपनी ताकत का कराये एहसासः विनय

● समाज राजनीति में करे सक्रिय भागीदारी



**जालौन ( उरई )।** कायस्थ समाज राजनीति में जागरूक नहीं है। यही कारण है कि कायस्थ समाज को उतनी तबज्जो नहीं दी जाती है। यदि पूरा समाज एकजुट हो तो हम अपनी ताकत का अहसास करा सकते हैं। यह बात कायस्थ समाज के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने कही। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का मनोनयन समारोह एवं परिचय बैठक स्थानीय गेस्ट हाउस में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एवं सुरेंद्र श्रीवास्तव कुसमरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कायस्थ समाज राजनीति में रुचि नहीं लेता है और न ही इसके प्रति जागरूक है। यदि कारण है कि राजनीति में कायस्थ समाज आज हाशिए पर खड़ा नजर आता है। यदि कोई कायस्थ समाज का उम्मीदवार बनकर आता है तो उसे हार का सामना करना पड़ता है। यदि समाज का कोई व्यक्ति उम्मीदवार है तो आपसी मतभेद भुलाकर उसे जीत दिलाने का प्रयास करें। यदि राजनीति में भागीदारी होगी तो समाज के हित की बात होगी। राजू श्रीवास्तव कुसमरा ने कहा कि कायस्थ समाज आज हर ओर से पिछड़ा हुआ नजर आता है। इसकी वजह है कि हमने अपनी उपयोगिता खो दी है। अहसास कराना होगा कि कायस्थ समाज एकजुट है। सुरेंद्र श्रीवास्तव कुसमरा ने कहा कि कायस्थ समाज को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। समाज के कार्यों में आपसी मतभेदों को भुलाकर काम करना होगा तब बात बनेगी। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासभा के जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष नीतेश शेखर श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, डॉ. श्याम प्रकाश श्रीवास्तव, रामेश्वर दयाल निगम, सागर श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, डा. सोमेंद्र श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### एक पखवाड़े में बनेंगे पात्रों के आयुष्मान कार्ड : डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने आयुष्मान पखवाडा अभियान तैयारी बाबत बैठक में कहा कि जिले में 26 जुलाई से नौ अगस्त तक पखवाडा चलेगा। जिन परिवारों का नाम 2011 की आर्थिक जनगणना की सूची में है। उन पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड कामन सर्विस सेंटर, जनसेवा केन्द्र, सरकारी अस्पताल में आयुष्मान मित्र तथा बीएलई बनायेंगे, आधारकार्ड व राशनकार्ड लाना अनिवार्य है। रविवार को आयुष्मान पखवाडा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टेऊ्ट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना से आच्छादित परिवारों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार को पांच लाख रुपये के नि:शुल्क इलाज की सुविधा है। योजना का लाभ लेने को प्रत्येक पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड होना अनिवार्य है। 26 जुलाई से नौ अगस्त तक विशेष अभियान में पात्र लाभार्थियों को जागरूक करें।

## पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट में तीन गिरफ्तार



संवाददाता। उरई (जालौन)

**पांच जुलाई** को जालौन कोतवाली क्षेत्र में भाजपा नेता के पेट्रोल पंप मैनेजर से बाइक सवार तीन लुटेरे 3 लाख 36 हजार रुपये लूटकर भाग निकले थे। तभी से पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक कार, 34 हजार 800 रुपये नकद व 1 तमंचा व तीन जिंदा कारतूस बरामद किये। लूटकांड का खुलासा करते हुये एसपी रवि कुमार ने बताया कि पकड़े गये लुटेरे विनोद राठौर पुत्र रामजी लाल निवासी मोहल्ला गांधी नगर माधौगढ़, आकाश शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी इस्लामपुर कोतवाली मुरैना मप्र व राहुल पांडेय पुत्र स्व. रविन्द्र पांडेय निवासी कस्बा व थाना वाह जनपद आगरा उप्र के निवासी है। उनके कब्जे से एक स्विफ्ट डिजायर नंबर डीएल आईआरटीसी 2567 के साथ ही 34 हजार 800 रुपए नकद, एक तमंचा व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुये। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में वादी मेहेर बहादुर पुत्र भैयालाल मैनेजर सुषमा एचपी सेंटर उरई रोड जालौन की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 246/21 धारा 392 भादवि बनाम अज्ञात में दर्ज किया था। छिरिया सलेमपुर स्थित पंडित बाबू चंद्रशेखर रामभरोसे तिवारी महाविद्यालय के समीप से गिरफ्तार लुटेरों ने बताया कि साथी सर्वेश अग्निहोत्री पुत्र प्रेमनारायण निवासी देवनपुरवा थाना कुठौंद, भारत सिंह उर्फ ढोलू पुत्र रामचरन लाल निवासी ग्राम उत्तमपुरा कोतवाली मुरैना मप्र व अविनाश उर्फ अन्ना शर्मा पुत्र मुरारीलाल निवासी महावीरपुरा मैन रोड मुरैना मप्र भी शामिल है। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## मजदूरी मांगने पर दबंगों ने घर में घुसकर मारा-पीटा

संवाददाता। हमीरपुर

**सुमेरपुर** कस्बे में मजदूरी मांगने गये दबंगो ने नशे में घर में घुसकर दंपत्ति के साथ जमकर मारपीट की, पीड़ितों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर चेतावनी दी है कि यदि दबंगों के खिलाफकार्यवाही नही हुई तो कलक्ट्रेट प्रांगण में आमरण अनशन पर बैठ जायेगे इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जानकारी के मुताबिक चांद थोक मोहाल निवासी माया पत्नी अजीत कपाड़िया ने डीएम को बताया कि बीती रात कस्वे के सुखदेव, सुमित, संजय, अजय, विजय, अंकित व पांच अन्य लोग शराब के नशे में धुत होकर घर में घुसकर जमकर मारापीटा। जिससे उसके पति को भी गंभीर चोटे आयी है। यही नहीं दूसरे दिन सभी लोग दरवाजा तोड़कर घर में घुस कर कुल्हाडी लाठी डंडो से मारापीटा।

### हत्यारोपी सगे भाइयों को भेजा जेल

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कुरारा थाना क्षेत्र के बिलौटा गाँव मे बीती रात बीच बचाव करने गये युवक कीहत्या में आरोपी नामजद दोनो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की देर रात गांव का रामप्रसाद(40) अपने चचेरे भाई उमेश धोबी द्वारा पत्नी नेहा के झगड़े को शांत कराने गया था तभी उमेश व उसका भाई प्रदीप को यह बात नागवार गुजरी और दोनो ने उसे दौडा लिया हालाकि रामप्रसाद ने अपने बचावा में अपने पास रखे तमंचे से फायर किया।

# आज से 9 अगस्त तक चलेगा आयुष्मान पखवाड़ा

संवाददाता। अमेठी



मीडिया को जानकारी देते हुए सीएमओ

**प्रधानमंत्री** जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के आयुष्मान कार्ड विहीन लाभार्थी परिवारों को आयुष्मान कार्ड गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा । इसके अन्तर्गत 26 जुलाई से 9 अगस्त तक विशेष आयुष्मान पखवारा् चलाया जाएगा। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् आशुतोष दुबे ने मीडिया से मुखातिब होते हुए दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सामाजिक जातिय एवं आर्थिक जनगणना के अनुसार चिन्हत आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को रुपये 500000 तक प्रतिवर्ष प्रति परिवार का स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत 1500 से अधिक बीमारी एवं 2700 अस्पताल चिन्हित हैंए जिसमें श्वास रोग हृदय रोग गुर्दा रोग पेट रोग अस्थि रोग मस्तिष्क सामान्य जटिल सर्जरी एवं मेडिसिन के केसेज इत्यादि को कवर किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना से आच्छादित लाभार्थी परिवारों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराकर लाभार्थी परिवार के पंजीकृत सदस्यों के बीमार होने की स्थिति में इस योजना के अंतर्गत इंपैनल्ड राजकीय तथा प्राइवेट चिकित्सालयों में निशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में लाभार्थी परिवारों की संख्या 132856 है तथा कुल लाभार्थियों की संख्या 664280 है जिनमें से अब तक 132856 लाभार्थी परिवारों के सापेक्ष 68996 परिवारों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड तैयार कर उपलब्ध कराया जा चुका है तथा अब तक जनपद में कुल 188454 आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समस्त ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा कॉमन सर्विस सेंटर पर प्रतिदिन निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अवशेष लाभार्थी परिवारों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 26 जुलाई से 9 अगस्त तक आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है जिसमें गांव स्तर पर टीमें भेजकर निशुल्क आयुष्मान कार्ड तैयार कराकर लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर के सहयोग से गांव गांव में वृहद कैंप लगाए जाएंगे जिसमें आशाए एएनएम व अन्य लोगों के द्वारा लाभार्थी परिवारों को प्रेरित करके कैंप स्थल पर पहुंचाया जाएगा आशा एवं आरोग्य मित्र के द्वारा एक परिवार के एक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाने पर रुपए 5 तथा एक परिवार में एक से अधिक परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवाने पर रु 10 प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कैम्प में आने वाले लाभार्थियों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे प्रधानमंत्री जी का पत्र मुख्यमंत्री जी का पत्र राशन कार्ड आधार कार्डए मोबाइल नंबर को लेकर आना होगा। उन्होंने बताया कि जनपद में आयुष्मान कार्ड धारकों को 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों वीएचईएल हॉस्पिटल व 6 निजी चिकित्सालय जिनमें संजय गांधी हॉस्पिटल मुंशीगंज सूर्या हॉस्पिटल औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर राधेश्याम सत्य प्रकाश हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर जगदीशपुरए सिंह आई केयर हॉस्पिटल हरीमऊ शिव शक्ति हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा जगदीशपुर अमेठी आई हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है इसके अतिरिक्त प्रदेश के समस्त इंपैनल्ड चिकित्सालयों में निशुल्क उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जनपद के 4912 लाभार्थियों का उपचार किया गया है जिसमें कुल रूपए लगभग तीन करोड़ छप्पन लाख का निशुल्क उपचार प्रदान किया गया है जिसमें कूल्हा प्रत्यारोपण हर्निया दूरबीन विधि से पित्त की थैली का ऑपरेशन कान के पर्दे का ऑपरेशन मोतियाबिंद गर्भाशय बच्चेदानी का ऑपरेशन आदि महत्वपूर्ण उपचार शामिल हैं।

# सरकार का 72 घंटे का दावा धरातल पर फेल



संवाददाता। बछरावां रायबरेली

## ऑनलाइन खरीद के 41 दिन बाद भी नहीं खाते में पहुंचा पैसा

**जहां एक** तरफ केंद्र व राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफ किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाएं अधिकारियों की लापरवाही से धरातल पर दम तोड़ रही हैं। मामला सरकारी गेहूं खरीद का है बछरावां में उत्तर प्रदेश राज्य आवश्यक खाद्य एवं वस्तु निगम लिमिटेड पर 14 जून को हुई आनलाइन खरीद का पैसा आज तक किसानों के खाते में नहीं आया है। जिससे उनकी धान की फसल लगवाने में बहुत ही विलंब हो रहा है। इस संबंध में जब खरीद सेंटर पर किसान जानकारी करने पहुंचते हैं तो वहां पर बताया जाता है कि पैसा ऑनलाइन आएगा। किसान लगातार गणेश परिक्रमा कर रहे हैं कभी बैंक जा रहे हैं तो कभी सरकारी खरीद सेंटर जा रहे हैं। लेकिन उनकी उपज का मूल्य आज तक नहीं प्राप्त हुआ है वही संवाददाता ने जब आवश्यक खाद्य एवं वस्तु निगम लिमिटेड के जिला प्रबंधक विनोद कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा पैसा भेज दिया गया है पोर्टल पर रुका हुआ है पता नहीं किसानों का पैसा किस पोर्टल पर रुका हुआ है कब आएगा किसानों के खातों में उनके द्वारा बेची गई उपज का मूल्य क्षेत्र में यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर हजारों का माल चुराया

**जगदीशपुर अमेठी ।** बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर उसमे रखा नगदी समेत हजारो का सामान चोर चुरा ले जाने में सफल रहे भुक्तभोगी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी ।जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चौकी वारिसगंज स्थित फ्लाई ओवर ब्रिज के बगल जमील मार्केट में टांडा निवासी विनय वर्मा ने मोबाइल की दुकान खोल रखी है जिसमे बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने शटर का तोड़कर अंदर रखे पन्द्रह सौ रुपए नगदी कम्प्यूटर लीड साउंड प्रिंटर इन्वर्टर बैट्री डाटा केबल मोबाइल आदि हजारो का माल चुरा ले जाने में सफल रहे। सुबह अगल बगल के लोगो ने दुकान का शटर टूटा देख दुकान मालिक को सूचना दी मौके पर पहुचे दुकान मालिक ने अंदर का सारा सामान बिखरा देख दंग रह रह गया ।घटना की सूचना पर पहुचे चौकी इंचार्ज वारिसगंज अखिलेश गुप्ता ने बताया कि घटना की सूचना मिली है जांच कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### मामूली बात पर किशोरी को पीटा

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बग्घा मजरे रामचंद्रपुर गांव में एक किशोरी पर गिलास चोरी करने का आरोप लगाकर दबंगों ने मां बेटी को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। रिश्तेदारों की मदद से घायल मां बेटी को इलाज के लिए सीएचसी मे भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। रविवार की सुबह गांव निवासी शीला देवी पत्नी गंगा बक्श 35 वर्ष की बेटी शालिनी 11 वर्ष दरवाजे पर खेल रही थी। तभी पडोसी ने उस पर गिलास चोरी करने का आरोप लगाते हुए गिलास वापस करने की बात कही। जब शीला ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने माँ बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्हें लाठी डंडों से पीट पीट कर घायल कर दिया। रिश्तेदारों ने दोनों घायलों को सीएचसी मे भर्ती कराया। वहीं मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर कलावती, संग्राम सिंह, भूपेंद्र, राजू के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### महिला ने लगाया तोड़फोड़ का आरोप

**ऊंचाहार,रायबरेली।** क्षेत्र के पूरे चौहान मजरे ऊंचाहार देहात निवासी महिला ने अपने घर के पड़ोसी पर हैंडपंप की दीवाल तोड़ने व गाली गलौज कर जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।उक्त गांव निवासी बरसाती की पत्नी सोमवती का आरोप है कि शनिवार की देर रात वह घर में खाना खाकर सोने जा रही थी। तभी उसके पड़ोसी ने नशे की हालत में परिवार समेत उसके घर पर हमला बोल दिया। तथा दरवाजे पर बनी हैंडपंप की चहारदीवारी को भी तोड़ दिया। मना करने पर गाली गलौज करते हुए जानमाल की धमकी देकर चले गए। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महिला द्वारा प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### विवाहिता ने लगाया पति पर आरोप

**ऊंचाहार,रायबरेली।** क्षेत्र के पूरे गोसाई मजरे शुकरूल्ला गांव निवासी महिला ने पति पर मारपीट करने, सामान बेचने तथपेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।उक्त गांव निवासी राजकुमारी का आरोप है कि उसका पति राकेश कुमार नशे की हालत में आए दिन उसके साथ गाली गलौज व मारपीट किया करता है। घर में रखे सामान को बेचकर शराब पीता है। मना करने पर तोड़फोड़ करता है। तथा पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की धमकी देता है। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महिला द्वारा प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रैक्टर ट्राली ने किशोरी को रौंदा, मोके पर हुई मौत

**श्रावस्ती। इकौना .** थाना इकौना अंतर्गत ग्राम सेमगढ़ा के मजरा चौघड़वा में ईंट से लदी तेज र तार ट्रैक्टर ट्राली ने घर के बाहर खेल रही किशोरी को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना इकौना क्षेत्र के चौघड़वा निवासिनी तेरह वर्षीय मुस्कान पुत्री मुजमिल अपने घर के बाहर बच्चो के साथ खेल रही थी । तभी ईंट लादकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली ने मुस्कान को रौंद दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी दुर्घटना होते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बालिका की मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया स ने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाले से युवक का शव बरामद

**श्रावस्ती।** सोनवा . थाना सोनवा अंतर्गत ग्राम लालपुर के पूरब दिशा में एक नाले में शनिवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव नाले में उतराता देख ग्रामीणों ने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना सोनवा के ग्राम पंचायत प्रहलादा के मजरा लालपुर निवासी दीपक मिश्रा कुछ मंदबुद्धि युवक था। शुक्रवार को वह घर से कही जाने के लिए निकला लेकिन वापस अपने घर नही लौटा। शनिवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों उसका शव गांव के पूर्व में एक नाले में उतारता दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची मृतक की मां जदुरानी से अपने बेटे के रूप में पहचान की। सूचना मिलते ही मौके पर लक्ष्मननगर चौकी प्रभारी विद्यासागर पांडेय पहुँच गए उन्होंने शव को नाले से बाहर निकलवाया। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की माँ ने तहरीर दी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे के की कार्यवाही की जाएगी

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जगदीशपुर अमेठी ।** नवविवाहिता ने कमरे में छत के कुंडा से दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू की । कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनभरिया गांव निवासी अजय कुमार की शादी पूरे तिवारी थाना शिवरतनगंज निवासी रेखा उम्र 26 वर्ष से हुई थी जो शनिवार को दिन में किसी बात से नाराज होकर अपने कमरे में जाकर छत में लगे कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली घर वालो ने बताया कि दरवाजा अंदर से बंद होने के चलते हम लोग आवाज ही लगा सके ।मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि मेरे पहुचने पर कमरे का दरवाजा खुला था लाश कुंडे से लटकी हुई थी जिसे नीचे उतारकर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्यवाही शुरू की ।

# मिठाई की दुकान पर छापा 52 अवैध सिलेण्डर बरामद



**रायबरेली।** स्वीट्स की दुकान में अवैध तरीके से रखे 52 कामर्शियल सिलेण्डर का जखीरा एसडीएम सदर ने छापेमारी कर बरामद किये। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्दिरा नगर चौकी प्रभारी द्वारा सूचना दी गयी कि सौरभ स्वीट्स में गैस सिलेण्डरों का जखीरा है। जिसकी सूचना पर एसडीएम सदर अंशिका दीक्षित ने कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में छापेमारी कर 52 कामर्शियल सिलेण्डर बरामद किये है। एसडीएम ने बरामद किये गये सिलेण्डरों को सीज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। इस बावत एसडीएम सदर ने बताया कि सूचना के आधार पर यह जानकारी मिली की साप्ताहिक लाकडाउन में भी सौरभ स्वीट्स में अवैध सिलेण्डरों का जमावड़ा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से छापे मारी में सूचना सत्य पायी गयी है। 52 सिलेण्डर मिले है और सिलेण्डारों का कोई दस्तावेज नही मिला है। उन्होने बताया कि सिलेण्डरों को जब्त कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# गुरु पूर्णिमा पर इनर व्हील क्लब ने चलाया पौधरोपण अभियान

संवाददाता। रायबरेली



**शाखा में** वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। छोटे बच्चों को ध्यान में रखते हुए यहां पर छायादार वृक्ष लगाये गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती राणा सिद्धू एवं विशिष्ट अतिथि प्रशासक श्रीमती प्रेरणा श्रीवास्तव रही। मुख्य अतिथि श्रीमती सिद्धू ने सभी सदस्यों को वृक्षारोपण कार्यक्रम में पधारने के लिए धन्यवाद दिया, और कहा आपने विद्यालय के बच्चों के लिए अत्यंत परोपकारी कार्य किया है जिसे हमेशा याद रखेंगे। क्लब अध्यक्षा श्रीमती सुजाता भाटिया ने कहा वृक्ष ही हमारा जीवन है और हमें अपने बच्चों की तरह ही इनकी सेवा करनी चाहिए। कोरोना महामारी में हम सब ने प्रदूषण से खिलवाड़ का नतीजा देख लिया है, ऑक्सीजन के लिए तड़पते लोगों को देखा है, इस कारण हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं जिसे पर्यावरण शुद्ध हो सके। स्कूल की अध्यापकों एवं इनर व्हील सदस्यों के द्वारा दर्जनों पौधे लगाए गए, जिसमें मुख्य रुप से छाया धार दक्ष लगाए गए।सचिव शेफाली टंडन ने सभी को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। कार्यकम को सफल बनाने में डॉ शैलजा गुप्ता प्रियंका अग्रवाल अल्पना पीयूष आदि उपस्थित रहे।

# एमसीएफमजदूर संघ ने मनाया बीएमएस का स्थापना दिवस

**लालगंज रायबरेली ।** मार्डर्न रेलकोच फैक्ट्री, रायबरेली में भारतीय मजदूर संघ का 67वां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यकारी अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ,अकबाल बहादुर महामंत्री ने दीप प्रज्वलित किया। उसके बाद संघ के महामंत्री सुशील गुप्ता ने बताया कि बीएमएस की स्थापना श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी ने 23 जुलाई 1955 को भोपाल में की थी, उन्होंने बताया कि बीएमएस ही एक मात्र ऐसा संगठन है जो अपने स्थापना काल से लेकर आज तक 66 साल का कार्यकाल निर्विवाद अबाध गति से विकास करते हुए देश का सबसे बड़ा श्रम संगठन बन कर भारत के श्रमिको का प्रतिनिधित्व विश्व स्तर आईएलओ जेनेवा पर कर रहा है। आदर्श बघेल ने बताया कि बीएमएस की स्थापना मात्र 15 लोगो को लेकर हुई थी और आज यह अब भारत ही नही विश्व का सबसे बड़ा मजदूर संगठन बनकर संगठित व असंगठित मजदूरो के हितों के लिये अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में रामबरन वर्मा, राजेन्द्र यादव, शिवमूर्ति सिंह, जितेंद सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, राहुल गहलोत, उमाशंकर शर्मा, रजनीश कौशल, अकबाल बहादुर, गिरिराज सैनी, राकेश, कुणाल, बलवंत यादव, अमित साहनी, सचिन साहू, अरुण पाल, प्रदीप, ओपी पांडेय जी सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में पीएसी के सिपाही की जान गई

**लालगंज रायबरेली ।** शनिवार की रात दस बजे के करीब लालगंज गेगासो मार्ग पर बुलेरो जीप व फार्चुनर कार की आमने सामने भिडंत हो गयी जिससे बुलेरो के चालक की मौत हो गयी और फार्चुनर सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये ।घटना स्थल से मिली जानकारी के अनुसार 12 बटालियन पीएसी फतेहपुर मे चालक पद पर कार्यरत सिपाही धर्मेन्द्र सिंह पुत्र भगौती प्रसाद निवासी बादपुर थाना मांडा प्रयागराज लखनऊ बुलेरो ठीक कराने गया था ।वापस रात नौ दस बजे के करीब फतेहपुर जा रहा था तभी सामने से आ रही फार्चुनर कार से टक्कर हो गयी,जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गया ।सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया,जहां डाक्टरों ने सिपाही धर्मेन्द्र को मृतक घोषित कर दिया ।वहीं फार्चुनर सवार जबरौली मोहनलालगंज निवासी रोहित और हरिस्चन्द्र भी घायल हुये है ।मामले मे लालगंज पुलिस ने कानूनी कार्यवाही की है।

# महंत व्यास को किया सम्मानित



**लालगंज रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के बाल्हेमऊ स्थित आदर्स ऋषि आश्रम के महंत श्री सर्वेस्वर दास व्यास को श्रद्धालुओं के द्वारा माल्यार्पण व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।यह कार्यक्रम गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुगण अनुज अवस्थी, संजय मिश्रा,कृपा शंकर, सुरेन्द्र सिंह,हनुमान सिंह,राम कुमार,सूर्य प्रसाद मिश्र,कीति मनोहर शुक्ला, झिलमिल जी महराज के द्वारा बडे ही श्रद्धापूर्वक किया गया ।इस अवसर पर समाजसेवी अनुज अवस्थी ने कहा कि अपने राष्ट्र और समाज जीवन मे गुरू पूर्णिमा अत्यंत महत्वपूर्ण उत्सव है। उन्होने कहा कि गुरू व्यक्ति नही परमात्मा से बढकर होता है ।हिन्दू समाज मे गुरू पूजा का विषेष महत्व है। गुरू ही अंधकार से प्रकास की ओर जाने का रास्ता दिखाता है। गुरू की पूजा करना उपकार नही मानव का परम कर्तव्य है ।समर्पण मे ही जीवन की सार्थकता है ।समर्पण भाव से ही समाज मे एकात्म भाव जाग्रत होता है ।गुरू पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के मन्दिर मे पूजन अर्चन भी किया।

# एसडीएम ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ ब्लाक सभागार में की बैठक

संवाददाता। श्रावस्ती

**इकौना एसडीएम** इकौना आर पी चौधरी ने ब्लाक सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक कर कोरोना की संभावित तीसरी लहर प्रति को लेकर आगह किया है। इस बैठक मे व्यापारियों को हर हाल मे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिये गये है। बैठक को स बोधित करते हुए एसडीएम आर पी् चौधरी ने कहा कि कोविड संक्रमण की र तार घट रही है लेकिन इसका खतरा अभी टला नही है। कोविड प्रोटोकॉल पालन मे लोगों की बढ़ रही लापरवाही से संक्रमण को बढ़ावा मिलेगा उन्होंने दुकानदारों को नियमित मास्क लगाने सैनिटाइजर इस्तेमाल करने सहित कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि लापरवाही हुई तो कोरोना की तीसरी संभावित लहर का कहर झेलना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए दोगज दूरी मास्क है जरूरी जैसे नियम को व्यवहार मे शामिल करना पड़ेगा। बैठक में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मिथलेश शुक्ल ने बेचूबाबा चौराहे पर लेबर अडडे से व्यापारियों को होने वाली समस्या का जिक्र किया एसडीएम ने लेबर अडडा संजय पार्क से संचालित करने का निर्देश दिया जिला महामंत्री अनिल नय्यर नगर महामंत्री एहसान चौधरी ने मेन बाजार मे स्थित सब्जी मंडी व जलभराव से होने वाली परेशानी का जिक्र करते हुए मंडी नगर के बाहर स्थापित करने व जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। एसडीएम ने व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया बैठक मे युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष आलमगीर नगर अध्यक्ष कन्हैया कसौधन अनिल कसौधन राम सिंह अरुण गुप्त किराना कमेटी के अध्यक्ष इंद्रसेन जायसवाल महामंत्री सुरेश गुप्ता ओम प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# आवारा पशुओं के लिए आरामगाह बनीं सड़कें

संवाददाता। तिलोई अमेठी



**बरसात के** मौसम ने सरकार के द्वारा खोले गए पशुशालयों की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है ।बारिश के कारण जमीन भीगने के बाद पशुओं ने सड़कों को अपना आश्रय स्थल बना लिया है ।जिसका परिणाम यह हुआ कि दिनभर तो आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं तो वहीं शाम होते ही सड़कों पर अपना डेरा जमा लेते हैं जिससे आने जाने वाले राहगीरों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है और सफर करना जान जोखिम में डालने के समान होता है ।प्रदेश सरकार ने गौ संरक्षण को लेकर जितने भी दावे किए हकीकत में वो सभी कागजी साबित हुए ।सरकार द्वारा निर्मित पशु आश्रय स्थल खाली पड़े हैं और आवारा पशुओं से क्षेत्र की सड़कें आबाद हैं ।खास बात तो यह है कि जिन पशु आश्रय स्थल पर पशु हैं भी तो उनका भी हाल ज्यादा अच्छा नही है ।दूसरी ओर पशुशाला के संचालकों की बात करें तो उनकी अलग ही पीड़ा है ।उनकी माने तो पशुशाला में जो जानवर हैं उनकी देखरेख का पैसा भी समय से नही मिल पाता।

## आये दिन होती रहती हैं दुर्घटनाएं

इस बरसात के मौसम में लोगों द्वारा छोड़े गए जानवर शाम को सड़कों को अपना ठिकाना बनाते हैं और राहगीरों और दुकानदारों के लिए मुसीबत का कारण बनते हैं ।सेमरौता कस्बे के दवा व्यवसायी जितेंद्र मिश्र बताते हैं कि सरकार के आदेशानुसार शाम को दुकान बंद करने के बाद जब सुबह दुकान खोलने पहुंचता हूँ तो दुकान का शटर उठाने से पहले गोबर साफ करवाना पड़ता है यही हाल लगभग सभी दुकानदारों का है ।दूसरी ओर सड़कों पर आपस मे जानवरों के लड़ने से राहगीर भी आये दिन चोटिल होते रहते हैं।

## जिला प्रशासन के जारी नंबरों से भी नहीं होता है समाधान

जिला प्रशासन अमेठी द्वारा आवारा पशुओं को नजदीकी गौशालाओं तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक विकास खण्ड के लिए मोबाइल नम्बर जारी किये गये है जिन पर आम जनमानस फोन करके समस्या से छुटकारा पा सकें ।लेकिन ये नम्बर किसी काम के नही साबित हुए इन नम्बरों पर फोन करने पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है कि कल आपके क्षेत्र के आवारा जानवरों को गौशालाओं में पहुंचाने का कार्य किया जायेगा ।लेकिन ये बातें केवल फोन तक ही सीमित रहती हैं ।तिलोई ब्लॉक के लिए दिए गए नम्बर 9565249832 पर फोन करने पर केवल आश्वासन ही मिलता है कोई भी सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचने की जहमत नही उठाता है।

### दस किलो गांजा और चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार

**तिलोई अमेठी ।** नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत चलाये गए अभियान में अवैध गांजे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को उ0नि0 तनुज कुमार पाल चौकी प्रभारी इन्हौना थाना शिवरतनगंज मय हमराह व उ0नि0 विनोद यादव प्रभारी एसओजी जनपद अमेठी मय हमराह द्वारा रात्रि गश्त देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे से कोटवा मोड़ के पास से रविवार को सुबह करीब 03.45 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक बोरी में 05.100 किग्रा0 व एक बोरी में 04.950 किग्रा0 कुल 10.050 किग्रा0 अवैध गांजा व एक मोटरसाइकिल बजाज सीटी 110 बिना नंबर के बरामद हुई।पकड़े गए लोगों की पहचान अनुज पाठक पुत्र श्रीजग पाठक नि0 सोनीपुर थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकीए व अमन दीक्षित पुत्र बिपिन बिहारी दीक्षित नि0 दोस्तपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष शिवरतनगंज धीरेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए गांजा कारोबारियों को सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत जेल भेज दिया गया है।

### तमंचे के साथ अभियुक्त दबोचा

**जामों अमेठी ।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक बृजभूषण पाठक थाना जामो मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राजकुमार पुत्र श्याम सुन्दर निवासी पूरे दिरगज मजरे सम्भई थाना जामो जनपद अमेठी को कादूनाला नईया पुल के पास से समय करीब 09. 30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । थाना जामो द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है

### जल्द ही इन्हौना चौकी को मिलेगा थाना का दर्जा

**.अमेठी जिले का सत्रहवाँ थाना होगा इन्हौना**

तिलोई अमेठी। क्षेत्र के कस्बा इन्हौना स्थित पुलिस चौकी जल्द ही थाने में तब्दील हो सकती है।पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने इन्हौना चौकी को थाना बनाये जाने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय को भेजा है।वर्तमान में यह शिवरतनगंज थाने की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी है।शासन की स्वीकृति मिलने के बाद इन्हौना पुलिस चौकी जनपद के सत्रहवें थाने के रुप में स्थान पायेगा।कस्बा इन्हौना लखनऊ वाराणसी राष्टीय राजमार्ग पर स्थित है।हाइबे के साथ ही रेलवे स्टेशन आदि भी यहां पर मौजूद हैं जिसके चलते सुरक्षा के दृष्टिकोण से कस्बा इन्हौना महत्वपूर्ण स्थान है।पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा पुलिस मुख्यालय को भेजे गये प्रस्ताव के मुताबिक इस नये थाना क्षेत्र में सत्ताइस गांव होंगे जिसमें थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के बाइस और थाना मोहनगंज के पांच गांवों को शामिल किया जायेगा।इन्हौना में आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं व अपराध के साथ बाराबंकी जनपद की सीमा होने के चलते यह स्थान अतिमहत्वपूर्ण हो जाता है जिसके कारण इन्हौना पुलिस चौकी को थाना बनाये जाने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजा गया है।पुलिस चौकी इन्हौना के प्रभारी तनुज कुमार पाल ने बताया कि थाना भवन निर्माण के लिये राजस्व विभाग के सहयोग से भूमि चिन्हित कर ली गयी उन्होने बताया कि थाना शिवरतनगंज के बाइस गांवों के साथ ही थाना मोहनगंज के पांच गांवों को जोड़कर थाना बनाने की प्रक्रिया चल रही है। चौकी प्रभारी तनुज कुमार पाल ने बताया कि जिसमे ग्राम पंचायत फतेपुर राजापुर भीखीपुर यूसुफनगर व करनगांव को इन्हौना थाने में शामिल किया जायेगा।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 26 जुलाई 2021



# ‘साहब’ से अधिक सैलरी पा रहे ‘सफाईकर्मी’!

संवाददाता। बस्ती

● यह अधिकारी सफाईकर्मियों की जांच और कार्रवाई की संस्तुति करते हैं ● जिले को खुले में शौच से मुक्त कराने वाले अधिकारी कुंठा का हो रहे शिकार ● चार साल में भी नहीं बढ़ा मानदेय, जबकि मुख्यालय के लोगों का हर साल बढ़ रहा दस फीसद मानदेय

**...सुनने** में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है कि जिले को खुले में शौच से मुक्त कराने के काम में जुटे भारत स्वच्छ अभियान ‘ग्रामीण’ के जिला कंसलटेंट सहित अन्य का मानदेय एक सफाई कर्मी से भी कम है। कहने को तो इन्हें ‘साहब’ कहा जाता है, मगर वास्तविक रुप से इनकी आर्थिक स्थिति एक सफाईकर्मी से भी अधिक खराब होती है, अपनी इज्जत बचाने के लिए साहब सूट-बूट में तो रहते हैं, मगर अंदर से बहुत दुखी रहते हैं। ‘साहब’ होते हुए भी यह घर से आफिस पैदल आते हैं, और सफाई कर्मी चार पहिया और मोटरसाइकिल से घूमता है। इन अधिकारियों से इनके काम के अतिरिक्त अन्य ऐसे भी कार्य लिए जाते हैं, जिनको करने में इनके रातों की नींद हराम हो जाती है। अब जरा अंदाजा लगाइए, यही अधिकारी जब गांव में किसी सफाईकर्मी की जांच करने जाते होंगे, तो वह सफाई कर्मी इनकी कितनी इज्जत करता होगा। कई स्थानों पर तो सफाई कर्मी ने कह भी दिया कि ‘साहब’ आप मेरी क्या जांच करोगे, आप का वेतन तो हमसे भी कम है। इन्हें तो वह भी सुविधा नहीं मिलती, जो सुविधा निदेशक के यहां कार्य करने वाले कंसलटेंट को मिलती है। यानि एक ही पद पर रहते हुए मुख्यालय के कंसलटेंट का मानदेय हर साल दस फीसद बढ़ता रहता है, और जिले पर कार्य करने वाले जिला कंसलटेंट का मानदेय पिछले चार साल से नहीं बढ़ा। जबकि इस बीच महंगाई दिन-प्रति दिन बढ़ती जा रही है। जिला मुख्यालय और ब्लॉक के कर्मियों ने स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक को सामूहिक पत्र भेजकर उनसे चार साल के बढ़ोत्तरी का 40 फीसद मानदेय बढ़ाने की मांग की है। इनकी परेशानियों को देखते हुए डीपीआरओ ने निदेशक को पत्र लिखकर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की है। देखा जाए तो जिला कंसलटेंट, सहायक लेखाकार,/योजना सहायक, खंड प्रेरक और कम्प्यूटर आपरेटर के मानदेय में वर्ष 2015 से कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई, जबकि हर साल दस फीसद बढ़ोत्तरी करने का प्राविधान है। इसका सबूत है राज्य स्तर के कंसलटेंट का हर साल दस फीसद मानदेय का बढ़ना। सवाल उठ रहा है कि जब एक ही काम और पद एक ही है, तो मानदेय बढ़ोत्तरी में पक्षपात क्यों? श्रभ्टोन इंडिया के तहत रखे गए डीपीएम/एडीपीएम के मानदेय में भी प्रतिवर्ष बढ़ोत्तरी की जाती है। इतना ही नहीं विभाग सर्विस टैक्स और सर्विस चार्ज का भी भुगतान करता है। 2006 से कार्यरत जिला कंसलटेंट को मात्र 35 हजार और 2013 से काम करने वाले डीपीएम को 45 हजार मानदेय मिल रहा है। पत्र में जिला कंसलटेंट का मानदेय 49 हजार करने की मांग की गई है। इसी तरह अन्य के मानदेय में भी पिछले चार साल का दस फीसद के दर से 40 फीसद की बढ़ोत्तरी करने का अनुरोध किया गया है।

## विधायक हर्रैया ने आईटी के छापे में क्लीनचिट मिलने का किया दावा

**बस्ती।** हर्रैया से भाजपा विधायक अजय सिंह ने आईटी के छापे में क्लीन चिट मिलने का दावा किया है। कहा कि तीन दिन तक उनके लखनऊ कार्यालय, आवास पर छापामारी की कार्रवाई होती रही, सम्पत्तियों की जांच की गई, आयकर रिर्टन देखा गया, लेकिन जांच के दौरान आईटी टीम को ऐसा कुछ नहीं मिला जो उनकी इमानदारी पर उंगली उठा सके। आईटी टीम को उनके यहां से खाली हाथ जाना पड़ा। कहा कि यह सही है कि उनके परिवार में रियल स्टेट, ट्रांसपोर्ट का कारोबार होता है, लेकिन उनका परिवार ईमानदारी से टैक्स भरता है। विधायक ने आईटी की छापामारी को रूटीन जांच बताया। कहा कि मेरा व्यक्तिगत और राजनैतिक जीवन बेदाग रहा है।

# दुनिया को ‘सिद्धार्थनगर’ से बुद्ध का संदेश देंगे पीएम मोदी:तिवारी

● गुरुपूर्णिमा के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्यालय में ‘भारत विश्व और मोदी’ विषय पर हुई परिचर्चा



संवाददाता। बस्ती

**गुरुपूर्णिमा** के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कालेज में भारत विश्व और मोदी विषय पर परिचर्चा हुई। कबीर पुरस्कार से सम्मानित, साहित्यकार और भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि विश्व में मोदी अपने देश के ऐसे पीएम हैं, जिन्होंने अमेरिका, चीन, जापान, रुस, इग्लैंड और सउदी अरब में जाकर बड़ी-बड़ी सभाएं की। कहा कि भारत से लेकर लैटिन अमेरिका तक किसी जमाने में भारतीयों का कब्जा था, इसी अतीत को फिर से समृद्ध करने के लिए देश की बागडोर देश के एक साधारण स्वंय सेवक मोदी के हाथ में है। कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के क्रम में राष्ट्रीय पुन: जागरण की जो अलख 1925 में आरएसएस ने जलाई थी, आज वह वैचारिक अधिष्ठान वटबृक्ष बनकर करोड़ों लोगों को छाया दे रही है। स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले महाराष्ट्र के कांग्रेस उपाध्यक्ष डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने अतीत को और अधिक समृद्धि करने के लिए संघ की स्थापना की थी, आज वह संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वंय सेवी संगठन बन चुका है। संघ के विचारों को लेकर संघ के स्वंय सेवक विविध क्षेत्रों में समाज को संघ के आयामों से परिचित कराने के लिए राष्ट्रीय पुन: जागरण यानि अतीत का जो स्वर्णिम युग था। राम, कृष्ण, चाणक्य, तिलक एवं अरविंद जैसे लोगों के विचारों को समाज को देते हुए, यह सिद्ध करना कि भारत अर्थात आर्यावृत कभी विष्व गुरु था।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने सारे मिथक को तोड़कर भगवान बुद्ध के उस संदेश को साकार किया, जिसमें कहा गया कि सब बराबर है। देश की आंतरिक और वाह्य सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बताते हुए कहा कि आज कोई भी देश भारत को आंख दिखाने की स्थित में नहीं है। अभिभाजित बस्ती जनपद विभाजित सिद्धार्थनगर में देश के पीएम मोदी का आगामी 30 जुलाई को बुद्ध की धरती से संबोधित करना, केवल मेडिकल कालेज का उद्घाटन नहीं है। सिद्धार्थ की धरती से पीएम यह संदेश देना चाहते हैं कि भगवान बुद्ध के विचार तब भी प्रासंगिक थे, आज भी है, और कल भी रहेगा। कहा कि बुद्ध ने भारत की संस्कृति को अपने समय में विश्वव्यापी बनाया, उनकी स्मृति कपिलवस्तु, ककरहवा, अलीगढ़वा, कोपिया, कुशीनगर और सारनाथ जैसे स्थानों पर विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने और विदेशी मुद्रा लाने में बौद्ध धर्म का बड़ा योगदान है। पीएम बुद्ध को बुद्ध के माध्यम से यह कहना चाहते हैं कि जब आपको कोई गुरु या रास्ता न मिले तो बुद्ध के सिद्धांत को अपनाए, यानि आत्मा के प्रकाश से आगे बढ़े। कहा कि राम, कृष्ण, बुद्ध यह सब उ.प्र. के भगवान के अवतार है। सनातन परम्परा ने बुद्ध को भगवान माना है, जो हमारे दशावतार की कल्पना है। उसमें भगवान बुद्ध के बाद किसी अवतार का पदार्पण नहीं हुआ। इस मौके पर विजय कुमार द्विवेदी, अरविंद श्रीवास्तव, रामाशीष सिंह, ओमप्रकाश शास्त्री, सुजीत कुमार, रामसागर यादव, विजय भट्ट, सिद्धार्थ मिश्र, राम प्रसाद त्रिपाठी, रामचंद्र शुक्ल और संतोष भारती सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## क्विक न्यूज

### अधिवक्ता न्यायिक व्यवस्था की रीढ़: जिला जज

**गोंडा।** लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिवक्ता न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। अधिवक्ता के माध्यम से ही पीड़ित को सही न्याय प्राप्त होने में सहायता मिलती है। यह बातें अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जज मयंक कुमार जैन ने कही। सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जज श्री जैन ने दीप प्रज्वलन व मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। अधिवक्ता परिषद के संरक्षक घनश्याम पांडेय ने अधिवक्ता परिषद की स्थापना व उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कार्यकारी प्रदेश महामंत्री अश्विनी त्रिपाठी ने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को उसके अधिकारों को दिलाना और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से बचाने के लिए अधिवक्ता समाज के सैनिक के रूप में कार्य करता है। कार्यक्रम को अधिवक्ता परिषद के प्रदेश कोषाध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के अपर शासकीय अधिवक्ता अजय पांडेय, सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रदीप पांडे, बार एसोसिएशन के महामंत्री मनोज सिंह, केके श्रीवास्तव, श्रीमान सिंह, केके मिश्रा, रितेश यादव, बसंत शुक्ला, राजेंद्र सिंह खुराना व बृज लाल तिवारी सहित कई अन्य अधिवक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री धनलाल तिवारी ने किया।

### पत्रकारों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज के पत्रकारों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी हीरालाल को सौंपा तथा तहसील में आयकर विभाग के विरुद्ध नारेबाजी किया। ज्ञापन मे कहा गया है कि चौथे स्तम्भ मीडिया को निष्पक्ष कार्य करने की हमेशा आजादी रही है। मगर इनकम टैक्स विभाग ने मीडिया जगत के इलेक्ट्रॉनिक चौनल/प्रतिष्ठित संस्थान भारत समाचार एवं दैनिक भाष्कर समाचार पत्र के हेड ऑफिस कार्यालय सहित दोनो प्रतिष्ठानों के जिम्मेदार पदाधिकारियों, अधिकारियों व कार्यकर्ताओं के घर छापेमारी करके चौथे स्तम्भ की छवि खराब करने का कार्य किया है। जिससे निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित होगी। मांग पत्र में संस्थानों पर बिना किसी कारण के छापेमारी करने वाले विभाग के अधिकारियोंफ/कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई करने, बिना किसी सबूत के चौथे स्तम्भ से जुड़े किसी भी संस्थान/कार्यालय व उनके पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों के यहां छापेमारी पर हमेशा के लिये रोक लगाने, चौथे स्तम्भ से जुड़े कार्यकर्ताआ/पत्रकारों के उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाते हुये उनके सुरक्षा जैसे विषय पर विचार करने की मांग की है। इस दौरान अशोक शुक्ला, शिवानन्द जायसवाल, अजीत प्रताप दीक्षित, राजेश सोनी, धर्मराज गोस्वामी, ज्ञानप्रकाश मिश्रा, विशाल मिश्रा, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, शिवा गुप्ता, गुलरेज खां, रितेश गुप्ता सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

### एसपी की कार्रवाई पर राजपूत करणी सेना ने उठाए सवाल

**बस्ती।** श्रीराजपूत करणी सेना के मंडल प्रवक्ता चंद्रेश प्रताप सिंह ने एसपी के उस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पीएम, सीएम, डीजीपी, आईजी और डीएम को पत्र लिखकर निलंबित पुलिस कर्मियों को बहाल करने की मांग है, जिसमें गौर ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख के पर्चा दाखिला के समय हुए विवाद में एसओ को लाइन हाजिर करने के साथ 15 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। कहा कि अगर घटना के समय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सूझबूझ से काम नहीं लिया होता तो महिला प्रत्याशी सहित और उनके समर्थकों के साथ कुछ भी हो सकता था। कहा कि पुलिस के लाठी चार्ज का ही परिणाम रहा कि पर्चा दाखिला सकुशल संपन्न हो सका। क्षेत्र की जनता ने पुलिस की कार्रवाई का स्वागत करते हुए उनका मान बढ़ाया। कहा कि ऐसे बहादुर पुलिस वालों को पुरस्कृत करने के बजाए उन्हें दंडित कर दिया गया। अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा गया कि जो भी कार्रवाई पुलिस वालों के खिलाफकी गई, वह राजनीति के दबाव में की गई, जिसकी जांच समिति से कराए जाने की आवश्यकता है। क्यों कि कार्रवाई को लेकर क्षेत्र की जनता में आक्रोश है।

### शारीरिक शोषण का शिकार दलित युवती को गर्भ ठहरा तो कर लिया अगवा

**बस्ती।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय दलित युवती के साथ दुष्कर्म और गर्भ ठहर जाने के बाद उसे अगवा करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सहित उसके परिवार के अन्य सदस्यों के विरूद्ध अपहरण, रेप, धमकी, एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित युवती का आरोप है कि परसरामपुर थाना क्षेत्र के श्रंगीनारी गांव निवासी अनूप यादव ने उसे प्यार का झांसा दिया, उसे विष्वास में लेने के बाद उसका शारीरिक शोषण किया। जब उसने अपने गर्भ ठहरने की जानकारी दी तो उसे जबरिया अपने साथ भगा ले गया। इस बात की जानकारी उसने अपने परिजनों को दी। युवती के परिजनों ने इस बारे में आरोपी के परिवार वालों से बात की तो बात सुनने की जगह उल्टा उन्हे धमकी दी गई। 20 जनवरी 21 से शारीरिक शोषण की शिकार युवती की तहरीर पर आरोपी युवक समेत उसके दो भाई, मां और बहन के खिलाफअपहरण, दुष्कर्म, धमकी, साजिश , एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पैकोलिया पुलिस सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### सिरफिरे ने फोन कर युवती की होने वाली ससुराल में दी धमकी

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी तय होने के बाद लड़के वालों को फोन और वाट्सएप से जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। लालगंज थाना क्षेत्र निवासी युवती के भाई का कहना है कि उसकी बहन की शादी तय हो गई है। बरक्षा और तिलक की रस्म भी पूरी हो चुकी है। बरक्षा और तिलक की रस्म पूरी होने के बाद से ही किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी बहन के ससुराल के फोन नम्बर और वाट्सएप पर उसकी बहन के होने वाले पति को धमकी दी जा रही है कि यदि शादी करोगे तो तुम्हे और तुम्हारे परिवार वालों को जान से मार देंगे। उसकी बहन के ससुराल वालों द्वारा जिस नम्बर से काल और वाट्सएप किया गया उसका नम्बर दिया गया है। भाई का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति के इस हरकत से न केवल उसकी बहन का रिष्ता टूट सकता है बल्कि उसकी बदनामी भी हो रही है। मामले में लालगंज पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धमकी देने और आईटी एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज एसओ रोहित कुमार उपाध्याय का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति के सवाल पर मेधा चलाएगी जनमत संग्रह अभियान

**बस्ती ।** श्रावण मास के प्रथम दिन मेधा पार्टी की बैठक भद्रेश्वरनाथ मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में एकल पद आरक्षण की समाप्ति, एससीएसटी एक्ट के तहत दर्ज फर्जी मुकदमों की वापसी, दशमोत्तर छात्र वृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति शत प्रतिशत लागू किए जाने के सवालों को लेकर जनमत संग्रह अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। यह अभियान चरणबद्ध रूप में 28 अगस्त तक चलेगा। मेधा प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी ने बताया कि मेधा का जनमत संग्रह अभियान बस्ती मण्डल के ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत स्तर पर चलाया जाएगा। ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, जन प्रतिनिधियों को मांग पत्र देकर समर्थन का आग्रह किया जाएगा। कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रणाली में एकल पदों का चक्रानुक्रम आरक्षण संविधान की मंशा के विरूद्ध है, इसे समाप्त किया जाय या राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल आदि एकल पदों पर इसे लागू किया जाय। बैठक में गिरीश चन्द्र गिरी, राहुल तिवारी, पुजारी गिरी, मुन्ना पाण्डेय, हरिओम तिवारी, रमेश गिरी, जय प्रकाश गोस्वामी व अन्य शामिल रहे।

# 40 करोड़ की योजना पर लगा ग्रहण, बिचौलियों खा रहे अनाज

संवाददाता। बस्ती

● जिले के 20 हजार से अधिक गरीब स्कूली बच्चों को नहीं मिल रहा राशन ● अनाज वितरण में खुली कोटेदार, मार्केटिंग गोदाम और विभाग की पोल ● कोटेदार कहता है कि जितना मार्केटिंग वालों ने दिया उतना बांट दिया ●हर पचास किलो की बोरी में पांच से आठ किलो गेहूं और चावल कम मिलता है

**सरकार** ने सरकारी स्कूलों में गरीब बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए एमडीएम योजना चलाई गई। इस योजना पर अकेले जिले में हर साल अनाज और कन्वर्जन कास्ट पर लगभग 36 से 40 करोड़ खर्च होता है, इसमें रसोइयों का मानदेय शामिल नहीं है। मगर सरकार को क्या मालूम था, कि इस योजना का अधिकांश लाभ बिचौलिया उठा ले जाएंगे। इतनी बड़ी योजना की सफलता और असफलता के बारे में पूछा जाए तो योजना का अधिकांश लाभ बीच के लोगों के पास चला जाता है। जिनके जिम्मे योजना है, वही उदासीन है, ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर यह योजना घोटालेबाजों के लिए बनाई गई या फिर गरीब बच्चों के लिए। इस सवाल का जबाव किसी के पास नहीं है। पुस्तक, मोजा, जूता, स्वेटर कम मिलने के बाद अब अनाज कम मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं। अनाज कमी का मामला कभी नहीं सामने आता अगर कोरोना न आया होता। एक तरह से कोरोना ने कोटेदार, मार्केटिंग विभाग, खंड शिक्षा अधिकारियों और बीडीओ की पोल खोलकर रख दी है।

कोरोना आने से पहले यानि मार्च 20 के पहले बच्चों को स्कूलों में ही मीनू के अनुसार पका पकाया भोजन मिलता था। शायद ही कोई बच्चा वंचित रहता था, यह अलग बात है कि उसे भरपेट खाने को नहीं मिलता था, मगर मिलता था। मगर सरकार ने जब से कोरोना काल में बच्चों को पका पकाया भोजन के स्थान पर गेहूं और चावल देना शुरु कर दिया। साथ ही बच्चों के खातों में कन्वर्जन कास्ट यानि भोजन बनाने में प्रयोग होने वाले मसाला तेल आदि का धन स्कूलों के जरिए भिजवाने लगी। तब से गड़बड़ी शुरु हो गई। प्रति सप्ताह यानि छह दिन का राशन जिसमें चार किलो चावल और दो किलो गेहूं के दर से कोटेदार के यहां से लेने का आदेश पारित हुआ, इसके लिए बच्चों के अभिभावकों को स्कूल के तरफसे अनाज लेने के लिए अधिकार पत्र दिया गया। पिछले एक साल से देखा जा रहा है कि 80 फीसद बच्चों को ही राशन मिल पा रहा है। 20 फीसद न मिलने के पीछे कोटेदार का तर्क है कि जब मार्केटिंग गोदाम वाले ही प्रति बोरी में पांच से छह किलो अनाज कम देते हैं, तो वह कहां से पूरा अनाज देगा। यह बात बीएसए सहित सभी की जानकारी में है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और स्कूलों के प्रधानाचार्यो के द्वारा भी कई बार अवगत कराया जा चुका है। मगर कोई फायदा नहीं हुआ। हालत यह है कि जो अभिभावक या बच्चा पहले अनाज लेने पहुंच जाता है, उसे तो पूरा अनाज मिल जाता है, मगर जो किन्हीं कारण से देर से पहुंचतें हैं, उनका झोला खाली रह जाता है। कई प्रधानाध्यापकों का कहना है कि अनाज तो कोरोना काल से पहले भी कम मिलता था, मगर वह कमी इस लिए छिप जाती थी, कि तब भोजन बनता था, यानि अगर सौ बच्चों का भोजन बना तो उसमें 120 बच्चे आसानी से खा लेते थे। मगर अब तो राशन मिलने लगा, इस लिए चोरी पकड़ी जा रही। हर साल लगभग 2..30 लाख बच्चों के लिए लगभग सात सौ मीट्रिक टन अनाज का आवंटन होता है। एक अपुष्ट आकड़ों के अनुसार हर साल स्कूली बच्चों के भोजन के नाम पर लगभग 15 करोड़ की बंदरबांट होती है। हालांकि कोटेदारों को राशन तौल कर मिले इसके लिए प्रत्येक गोदामों पर पूर्ति निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है, मगर वह भी कागजों में सिमटकर रह गया। अनाज के गुणवत्ता और मात्रा की चेकिंग की भी व्यवस्था बनाई गई, इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी, बीडीओ और पूर्ति निरीक्षकों की टीम बनाई गई है। मगर यह भी बेकार साबित हो रहा हैं। कोई इसलिए नहीं बोलता क्यों कि सभी को अपना हिस्सा मिल जाता है। प्रशासन की भूमिका भी आदेश और निर्देश देने तक ही रह गई है। रही बात जनप्रतिनिधियों की तो इसका उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनके क्षेत्र के गरीब बच्चों को राशन मिल रहा है कि नहीं?

# 26 जुलाई से 9 अगस्त तक मनेगा आयुष्मान पखवाड़ा: जिलाधिकारी

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 26 जुलाई से 9 अगस्त 2021 तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत जनपद में कुल-200559 लाभार्थी परिवार हैं। वर्ष-2018 में आयुष्मान से वंचित लाभार्थी को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत 5176 परिवारों को जोड़ा गया। जिससे जनपद में कुल लाभार्थी 205735 हैं। योजना के अन्तर्गत श्रम विभाग में पंजीकृत अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिकों को योजनान्तर्गत जोड़ा गया है और इनका भी इस अभियान अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनेगा। शासन से प्राप्त श्रम विभाग में पंजीकृत अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिकों की सूची 22,000 है। जनपद में 26 जुलाई से 9 अगस्त, 2021 तक आयोजित आयुष्मान पखवाड़ा में ऐसे लोगों का कार्ड बनाया जायेगा, जिनके एक भी गोल्डेन कार्ड नहीं बना है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने पर कोई भी शुल्क देय नहीं होगा। जनपद में अभी तक 2,26,342 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुके हैं। इस अभियान में लक्ष्य है कि शत-प्रतिशत परिवारों को आच्छदित किया जा सके। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस योजनान्तर्गत अब तक जिले में नि:शुल्क 15225 लाभार्थियों का इलाज किया जा चुका है। जनपद में योजनान्तर्गत कुल 27 चिकित्सालय इम्पैनल है। जिसमें 8 निजी तथा 19 राजकीय चिकित्सालय है। निजी चिकित्सालयों में एस0सी0पी0एम0 चिकित्सालय, आर0एन0 पाण्डेय चिकित्सालय, आशा देव मेमोरियल चिकित्सालय, रेलवे चिकित्सालय, बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय तथा जिला महिला चिकित्सालय सम्मिलित हैं।

# सपा व्यापार सभा का हुआ गठन, 31 पदाधिकारी मनोनीत

● समाजवादी को व्यापारी वर्ग का मिल रहा है पूरा समर्थन-महेश

संवाददाता। संतकबीरनगर



मनोनीत पदाधिकारी
पायनियर

**समाजवादी** व्यापार सभा की मासिक बैठक रविवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पुरानी सब्जी मंडी खलीलाबाद व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष महेश गुप्ता की अध्यक्षता में की गई तथा संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष श्याम जी विश्वकर्मा ने किया। बैठक में व्यापार सभा के सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेश गुप्ता ने कहा कि आगामी विधानसभा 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही हैं और सभी पदाधिकारियों ने माननीय श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। समाजवादी व्यापार सभा में कुल 31 पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। जिसमें सभी प्रतिष्ठित व्यापारी शहर से लेकर गांव तक के शामिल है जिनमें उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार वर्मा, गणेश सैनी, धर्मनाथ विश्वकर्मा, कदीर अहमद, अंसार अहमद, हरिशंकर गुप्ता, महासचिव रामसिंह यादव, कोषाध्यक्ष हेमन्त गुप्ता शाहू, सचिव राज कुमार शर्मा, हरिश्चन्द्र वर्मा, नाजिम मंसूरी, रमेश निषाद, जय प्रकाश पासवान, अनिल वर्मा, गुलाम अशरफ मो0 सलीम, उर्मिला विश्वकर्मा, अरविन्द विश्वकर्मा, अवधेश चौरसिया, सदस्य अजय कसौधन, बब्लू राय, राम मिलन कन्नौजिया, सुनील कुमार गुप्ता, गणेश मौर्या, सदरे आलम, रिजवान अहमद, रमाकान्त शर्मा, रमेश विश्वकर्मा, हीरालाल यादव तथा धर्मेन्द्र शाहू शामिल है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गौहर अली खॉ, सपा वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष के0डी0 यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, अजीम खान, महिला सभा की अध्यक्ष शकुन्तला यादव, प्रतिष्ठित व्यवसायी पवन छापड़िया, जिला पंचायत सदस्य/सपा युवा नेता शैलेन्द्र यादव सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू नेता की हत्या से मचा हड़कंप

● सड़क पर शव रखकर किसानों ने दिया धरना

● एडीएम व एएसपी के आश्वासन पर माने किसान नेता समाजवादी व किसान नेताओं ने प्रशासन को दिया 24 घंटे का समय

संवाददाता। संतकबीरनगर



प्रशासन को ज्ञापन सौपते सपा नेता व किसान संगठन
पायनियर

**जिले के** बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम बौरब्यास निवासी भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण पाण्डेय की बीती रात/शनिवार की रात मामूली विवाद में गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा धारदार हथियार से गांव के बाहर गला रेत करके हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी एवं 1 करोड़ आर्थिक मदद दिए जाने की मांग को लेकर परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामा किया। किसी तरह से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाया। उसके बाद शव को लेकर रविवार को परिजन खलीलाबाद-मेंहदावल मार्ग पर स्थित जिला अस्पताल गेट के समीप सड़क जाम कर दिया। जिसमें भाकियू के जिले सहित प्रदेश एवं मंडल स्तर के नेता शामिल हुए और लाठी लेकर सड़क पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस से परिजनों एवं भाकियू नेताओं की नोकझोंक भी हुई। काफी मशक्कत के बाद अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नरायण त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र के 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के आश्वासन के बाद परिजन माने और सड़क जाम को खुलवाया गया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को भकियू नेताओं ने मांग पत्र सौंपा और मांगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई न होने की दशा में वृहद आन्दोलन करने की चेतावनी दी। पुलिस सुरक्षा के बीच शव को दाह संस्कार के लिए भेजवाया गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय ने किसान नेता की हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बखिरा पुलिस की संवेदनहीनता की वजह से यह घटना घटित हुई है। जिसकी वह घोर निन्दा करते है और पुलिस प्रशासन ने यदि 24 घंटे के अन्दर हत्यारोपी को नही गिरफ्तार किया तो समाजवादी पार्टी आन्दोलन करने का कार्य करेगी।

# एसडीएम ने तिघरा बंधे का जायजा लिया



जायजा लेते अधिकारी
पायनियर

संवाददाता। संतकबीरनगर

**उपजिलाधिकारी** धनघटा योगेश्वर सिंह रविवार को तहसीलदार रत्नेश चतुर्वेदी व राजस्व टीम के साथ धनघटा तहसील क्षेत्र के तिघरा बंधे का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने जॉच की रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित किया है। उपजिलाधिकारी धनघटा योगेश्वर सिंह ने बताया कि धनघटा तहसील के बाढ़ सम्भावित एरिया पर स्थानीय प्रशासन की नजर बनी हुई है। समय-समय पर टीम के साथ जॉच किया जाता है। उन्होंने बताया कि आज के निरीक्षण के दौरान बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रो/नदियों के किनारे रहने वाले ग्रामीणो से भेंट कर उनके समस्याओं को जाना गया तथा नियमानुसार निस्तारण के लिए बताया गया। उन्होनें बताया कि 15 नाव गांव में लगा दिये गये है। नदियों के बहाव खतरे के निशान से कुछ नीचे है।

# महिला खिलाड़ियों ने जगाई उम्मीद



टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने बाद भारोत्तोलक मीराबाई चानू को बधाई देतीं भारतीय मुक्केबाज मैरी कॉम

## निशानेबाजों और हॉका टीम ने किया निराश

भाषा। टोक्यो

**पी वी सिंधू,** मनिका बत्रा और एमसी मैरीकॉम ने टोक्यो ओलंपिक में अपने मुकाबले जीतकर निशानेबाजों के लगातार दूसरे दिन के खराब प्रदर्शन से निराश भारतीय खेमे में उम्मीद की किरण जगाई लेकिन आखिर में पुरुष हॉकी टीम की आस्ट्रेलिया के हाथों ।-7 की शर्मनाक हार असहनीय बन गई।

भारोत्तोलक मीराबाई चानू के प्रतिस्पर्धा के पहले दिन रजत पदक जीतने के बाद सिंधू और मैरीकॉम ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके अगले दौर में जगह बनाई। मनिका को संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह भी टेबल टेनिस के तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। चानू के पदक की बदौलत भारत पदक तालिका में अभी संयुक्त 21वें स्थान पर है। निशानेबाज दूसरे दिन भी पदक से वंचित रहे लेकिन भारत को सबसे अधिक निराशा पुरुष हॉकी टीम से मिली जिसे आस्ट्रेलिया ने पूरे 60 मिनट तक अपने इशारों पर नचाया।

आस्ट्रेलिया की तरफ से डेनियल बील (10वें), जेरेमी हेवार्ड (21वें), फ्लिन ओगलीवी (23वें), जोशुआ बेल्ट्ज (26वें), ब्लैक गोवर्स (40वें और 42वें) और टिम ब्रांड (51वें मिनट) ने गोल किए। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने 34वें मिनट में एकमात्र गोल किया। ग्राहम रीड के कोच बनने के बाद यह भारत की सबसे बुरी हार है। निशानेबाजी में रियो ओलंपिक से चली आ रही निराशा टोक्यो में लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर और यशस्विनी सिंह देसवाल तथा पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में दीपक कुमार और दिव्यांश सिंह पंवार फाइनल्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। दुनिया की दूसरे नंबर की निशानेबाज 19 वर्ष की मनु ने शुरूआत अच्छी की और लग रहा था कि वह शीर्ष आठ में जगह बना लेंगी लेकिन उनकी पिस्टल में तकनीकी खराबी आने का उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा और आखिर में वह 12वें स्थान पर रही। मनु का स्कोर 575 रहा जबकि कट आफ 577 पर गया। ओलंपिक में पहली बार भाग ले रही एक अन्य निशानेबाज यशस्विनी सिंह देसवाल ने खराब शुरूआत से उबरकर 574 का स्कोर बनाया और 13वें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दीपक कुमार और दिव्यांश सिंह पंवार क्रमश: 26वें और 32वें स्थान पर रहकर क्वालीफिकेशन से ही बाहर हो गए। दीपक ने आखिर में छह सीरिज में 624.7 अंक और दिव्यांश ने 622.8 अंक बनाए। स्कीट में अंगद वीर बाजवा तीन दौर के बाद 73 अंक लेकर 11वें स्थान पर चल रहे हैं और फाइनल्स में जगह बनाने की दौड़ में हैं। एक अन्य स्कीट निशानेबाज मैराज खान 71 का स्कोर बनाकर 25वें स्थान पर हैं। बैडमिंटन में भारत की पदक उम्मीद विश्व चैम्पियन सिंधू ने महिला एकल में इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा पर सीधे गेमों में आसान जीत दर्ज की। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने 58वीं रैंकिंग वाली इस्राइली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 21-7, 21-10 से 28 मिनट में यह मुकाबला अपने नाम किया। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का सामना अब हांगकांग की चियुंग एंगान यि से होगा जो विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर हैं। मुक्केबाजी और टेबल टेनिस में भारत के लिए रविवार का दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। मुक्केबाजी में छह बार की विश्व चैम्पियन मैरीकॉम (51 किग्रा) ने शुरूआती दौर में डोमेनिका गणराज्य की मिगुएलिना हर्नांडिज गार्सिया को हराकर ओलंपिक खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम ने पैन अमेरिकी खेलों की कांस्य पदक विजेता को 4-।से शिकस्त दी, लेकिन पुरुष वर्ग में मनीष कौशिक को ब्रिटेन के ल्यूक मैकोरमैक से इसी अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

## सिंधू ने टोक्यो ओलंपिक में जीत के साथ किया आगाज

भाषा। टोक्यो

**भारत की** पदक उम्मीद विश्व चैम्पियन पी वी सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक बैडमिंटन महिला एकल वर्ग में इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा पर सीधे गेमों में आसान जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरूआत की। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने 58वीं रैंकिंग वाली इस्राइली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 21-7, 21-10 से 28 मिनट में यह मुकाबला जीता। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का सामना अब हांगकांग की चियुंग एंगान यि से होगा जो विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर हैं। जीत के बाद सिंधू ने कहा, यह मैच आसान था लेकिन मैने इसे हलके में नहीं लिया। हर समय फोकस बनाए रखना और हर मैच में हर अंक हासिल करने की कोशिश अहम होती है। उन्होंने कहा , यह आसान मैच था लेकिन मैंने सुनिश्चित



किया कि हम कुछ रेलियां लगाए और मुझे कोर्ट पर खुद को ढालने में मदद मिले। सिंधू ने आक्रामक शुरूआत की लेकिन एक समय 3-4 से पीछे चली गई। उन्होंने हालांकि तुरंत वापसी करते हुए सेनिया को गलती करने पर मजबूर किया और ब्रेक तक 11-5 की बढत बना ली। इसके बाद उन्होंने लगातार 13 अंक बनाए। अपने चिर परिचित सीधे और क्रॉसकोर्ट स्मैश का पूरा इस्तेमाल करके उन्होंने सेनिया को दबाव से निकलने का मौका ही नहीं दिया। सेनिया के एक शॉट चूकने के साथ ही सिंधू ने पहला गेम जीत लिया।

## टोक्यो ओलंपिक
## भारत का चौथे दिन का कार्यक्रम

तोक्यो ओलंपिक के चौथे दिन सोमवार को भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है।

**तीरंदाजी:** भारत (प्रवीण जाधव, अतनु दास और तरूणदीप राय) बनाम कजाखस्तान, पुरुष टीम ।।8 एलिमिनेशन, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से।

**बैडमिंटन:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्कस गिडियोन फर्नाल्डी और केविन संजया सुकामुल्जो (इंडोनेशिया), पुरुष युगल ग्रुप ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 10 मिनट से।

**मुक्केबाजी:** आशीष कुमार बनाम एरबीके तुओहेता (चीन), पुरुष 75 किग्रा राउंड आफ 32 मुकाबला, भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजकर छह मिनट से।

**तलवारबाजी:** सी भवानी देवी बनाम नादिया बेन अजिजि (ट्यूनीशिया), महिला सेबर व्यक्तिगत टेबल आफ 64 मुकाबला, भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर।

**हॉकी:** भारत बनाम जर्मनी, महिला पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर 45 मिनट पर।

**सेलिंग:** विष्णु सरवनन, पुरुष लेजर रेस, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर।

नेत्रा कुमानन, महिला लेजर रेडियल रेस, भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजकर पांच मिनट पर।

**निशानेबाजी:** मेराज अहमद खान और अंगद वीर सिंह बाजवा, पुरुष स्कीट स्पर्धा दूसरा दिन, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से।

पुरुष स्कीट फाइनल: भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 20 मिनट से

**तैराकी:** साजन प्रकाश: पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई हीट्स, भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजकर 45 मिनट से।

**टेबल टेनिस:** अचंता शरत कम बनाम टियागो अपोलोनिया (पुर्तगाल), पुरुष एकल दूसरा दौर, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से।

मनिका बत्रा बनाम सोफिया पोलकानोवा (आस्ट्रिया), महिला एकल तीसरा दौर, भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से।

**टेनिस:** सुमित नागल बनाम दानिल मेदवेदेव (रूस ओलंपिक समिति), पुरुष एकल दूसरा दौर, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 30 मिनट के बाद तीसरा मुकाबला।

## मैरीकॉम आसान जीत से ओलंपिक के प्री क्वार्टर में, मनीष बाहर

भाषा। टोक्यो



**छह बार** की विश्व चैम्पियन एम सी मैरीकॉम (51 किग्रा) ने शुरूआती दौर में डोमेनिका गणराज्य की मिगुएलिना हर्नांडिज गार्सिया पर शानदार जीत से ओलंपिक खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन मनीष कौशिक (63 किग्रा) का रविवार को यहां खेलों में पदार्पण निराशाजनक रहा और वह पहले दौर में हार गए। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम ने अपने से 15 साल जूनियर और पैन अमेरिकी खेलों की कांस्य पदक विजेता को 4-। से शिकस्त दी। लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष को ब्रिटेन के ल्यूक मैककोरमैक से रोमांचक मुकाबले में।-4 से हार का सामना करना पड़ा। मैरीकॉम रविवार को रिंग में उतरने वाली पहली भारतीय मुक्केबाज रहीं और यह मुकाबला भी शुरू से काफी रोमांचक रहा जिसमें 38 वर्षीय मणिपुरी मुक्केबाज ने कुछ शानदार तकनीक दिखाई और गार्सिया की कड़ी चुनौती को पस्त किया।

मैरीकॉम ने जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, महामारी के कारण पिछले दो वर्ष काफी दर्दनाक रहे हैं जब सबकुछ बंद था। हम सभी एक ही तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं और प्रत्एक खिलाड़ी को घर पर ट्रेनिंग करने पड़ी लेकिन हम मुक्केबाजों को ट्रेनिंग जोड़ीदार की जरूरत होती है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के बीच खेलों की तैयारियों की चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं उपकरणों के साथ छोटा सा जिम बना सकी लेकिन अभ्यास जोड़ीदार की कमी थी जो आई कांटेक्ट और सब चीज के लिए काफी अहम होता है। पहले राउंड में मैरीकॉम ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को परखने का समय लिया लेकिन इसके बाद अनुभवी मुक्केबाज ने तीसरे राउंड के तीन मिनट में आक्रामकता दिखाई। गार्सिया हालांकि दूसरे राउंड में कुछ दमदार मुक्कों से कुछ अंक जुटाने में सफल रहीं।

## मनु और यशस्विनी 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जगह बनाने से चूकीं

भाषा। टोक्यो

**भारत की** सबसे बड़ी पदक उम्मीद माने जा रहे निशानेबाजों का लगातार दूसरे दिन खराब प्रदर्शन जारी रहा जब मनु भाकर और यशस्विनी सिंह देसवाल तोक्यो ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। दोनों का यह पहला ओलंपिक है और अपेक्षाओं के दबाव का आखिरी क्षणों में दोनों सामना नहीं कर सकी। दुनिया की दूसरे नंबर की निशानेबाज 19 वर्ष की मनु ने शुरूआत अच्छी की और लग रहा था कि वह शीर्ष आठ में जगह



बना लेंगी लेकिन उनकी पिस्टल में तकनीकी खराबी आने का उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा। पहली सीरिज में 98 स्कोर करने के बाद उन्होंने 95,94 और



95 स्कोर किया जिससे शीर्ष दस से बाहर हो गई। राष्ट्रमंडल खेल और युवा ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता मनु ने पांचवीं सीरिज में 98 स्कोर करके वापसी की कोशिश की लेकिन आखिरी सीरिज में शुरू में दो 10 के बाद 8 और तीन 9 स्कोर से वह पीछे रह गई। उनका स्कोर 575 रहा जबकि फ्रांस की सेलाइन गोबरविले उनसे दो अंक आगे रहकर आठवां और आखिरी क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने में कामयाब रही। पिस्टल में खराबी आने से उनके पांच मिनट भी खराब हुए। वह वापसी करने के बाद 95 का स्कोर ही कर सकी। कट आफ 577 था। वहीं नंबर एक निशानेबाज यशस्विनी खराब शुरूआत के बाद दूसरी सीरिज में 98 स्कोर के साथ लौटी थी जिसमें पांच बार उन्होंने 10 स्कोर किया।



भारतीय निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार

## भारत के अर्जुन और अरविंद नौकायन लाइटवेट डबल स्कल्स के सेमीफाइनल में

भाषा। टोक्यो

**भारत** के अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने रविवार को यहां तोक्यो ओलंपिक में पुरूषों की नौकायन लाइटवेट डबल स्कल्स स्पर्धा के रेपेशाज दौर में तीसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने 6 : 51.36 का समय निकाला। सेमीफाइनल्स 28 जुलाई को होंगे।



इस जोड़ी ने कहा, हमने बिलकुल वही किया जो हमारे कोच ने हमें कहा था। कोच ने कहा था कि हमें भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल करने की कोशिश करनी है। उन्होंने कहा, यह (नौकायन) खेल भारत में इतना लोकप्रिय नहीं है। इसलिए हमारे कोचों ने हमें कहा कि सेमीफाइनल्स तक पहुंचना भी हमारे लिए बड़ी प्रेरणा है और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ करना था। रेपेशाज दो में पोलैंड के जर्जी कोवालस्की और आर्टर मिकोलाजसेवस्की 6:43.44 के समय से शीर्ष पर रहे। उनके बाद स्पेन के काएटानो होर्टा पोम्बा और मानेल बालास्टेगुई ने 6:45.71 का समय लिया। अर्जुन बोअर की और अरविंद स्ट्रोकर की भूमिका में थे। दोनों शनिवार को अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहे थे। भारतीय नौकायन महासंघ के अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव ने पीटीआई से कहा, यह भारतीय नौकायन खिलाड़ियों का ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## मनिका ने शानदार वापसी कर तीसरे दौर में, साथियान बाहर

भाषा। टोक्यो

**भारत के** लिए टोक्यो ओलंपिक की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रविवार का दिन मिश्रित सफलता वाला रहा तथा जहां मनिका बत्रा ने पहले दो गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करके महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई वहीं पुरुष एकल में ज्ञानशेखरन साथियान शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रहे और अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ी से हार गए। विश्व रैंकिंग में 62वें नंबर की मनिका ने यूक्रेन की 20वीं वीं वरीयता प्राप्त मारग्रेट पेसोत्सका को 57 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-3 से (4-11, 4-11, 11-7, 12-10, 8-11, 11-5, 11-7) से हराया। तीसरे दौर में उनका मुकाबला सोमवार को आस्ट्रिया की सोफिया पोलकानोवा से होगा। इससे



पहले साथियान ने पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में हांगकांग के लाम सियू हांग के खिलाफ एक समय 3-। से बढ़त बना रखी थी लेकिन आखिर में वह इस मैच को 3-4 से हार गए। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान के लाम ने 38वें नंबर के साथियान को 11-7, 7-11, 4-11, 5-11, 11-9, 12-10, 11-6 से पराजित किया। मनिका जब भी पिछड़ रही थी तब दबाव होने के बावजूद उन्होंने लंबी रैलियां खेली तथा अपने शॉट पर शानदार नियंत्रण बनाए रखा।

## तैराक श्रीहरि और माना सेमीफाइनल में पहुंचने में विफल

भाषा। टोक्या

**भारतीय** तैराकों श्रीहरि नटराज और माना पटेल का तोक्यो ओलंपिक में अभियान थम गया जब रविवार को यहां ए दोनों युवा तैराक अपनी अपनी स्पर्धाओं के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। ओलंपिक में पदार्पण कर रहे ए दोनों तैराक 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने में भी नाकाम रहे।

श्रीहरि पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक हीट में 54.31 सेकेंड के साथ छठे स्थान पर रहे। बीस साल के इस तैराक का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.77 सेकेंड है जो उन्होंने जून में इटली में सेते कोली ट्रॉफी के दौरान किया था और तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। श्रीहरि अगर अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते तो सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर



जाते क्योंकि अमेरिका के जोसेफ आर्मस्ट्रांग और यूनान के एपोसटोलस क्रिस्टोयु इतना ही समय निकालकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अंतिम दो तैराक थे। श्रीहरि कुल 40 तैराकों में 27वें स्थान पर रहे। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरी तरफ माना ने महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 5.20 सेकेंड का समय लिया। उनकी हीट में जिंबाब्वे की डोनाटा काताई एक मिनट 2.73 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रही। ग्रेनाडा की किम्बर्ले इन्स एक मिनट 10.24 सेकेंड के समय के साथ हीट एक में तीसरे स्थान पर रही।

## भारतीय हॉकी टीम का शर्मनाक प्रदर्शन, आस्ट्रेलिया ने 7-1 से धोया

भाषा। टोक्या

**न्यूजीलैंड** के खिलाफ जीत से आगाज करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बेजान आक्रमण और ढीले रक्षण के कारण तोक्यो ओलंपिक खेलों के ग्रुप ए के दूसरे मैच में रविवार को यहा मजबूत आस्ट्रेलिया से।-7 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पेनल्टी कार्नर में सुधार के संकेत दिए थे लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके ड्रैग फ्लिकर पंगु नजर आए। आस्ट्रेलिया ने पहले हॉफ में ही 4-0 की बढ़त हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित कर ली थी।

भारतीयों ने दूसरे हॉफ के शुरू में कुछ दम दिखाया लेकिन आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ शुरू में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी करना आसान नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने हडबड़ाहट भी दिखाई जिसका फायदा आस्ट्रेलिया को ही मिला। आस्ट्रेलिया की तरफ से डेनियल बील (10वें), जेरेमी हेवार्ड (21वें), फ्लिन ओगलीवी (23वें), जोशुआ बेल्ट्ज (26वें), ब्लैक गोवर्स (40वें और 42वें)



और टिम ब्रांड (51वें मिनट) ने गोल किए। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने 34वें मिनट में एकमात्र गोल किया। भारत अपना अगला मैच 27 जुलाई को स्पेन के खिलाफ खेलेगा।

आस्ट्रेलिया ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहले हॉफ में ही उसने 11 शॉट गोल पर मारे जिसमें उसने चार को गोल में बदला। भारत इस बीच तीन शॉट ही आस्ट्रेलियाई गोल पर मार पाया लेकिन उसे उसमें कोई सफलता नहीं मिली। इस बीच यदि गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने दो खूबसूरत बचाव नहीं किए होते तो भारत की स्थिति और बदतर होती। वैसे बढ़त बनाने का पहला मौका भारत को मिला था लेकिन पेनल्टी कार्नर पर हरमनप्रीत सिंह का शॉट थोडा ऊंचा रहा और इस तरह से टीम के हाथ से स्वर्णिम अवसर चला गया। इसके बाद भी टीम ने पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन किसी भी समय उन्हें गोल में बदलने की वैसी झलक नहीं दिखी जो न्यूजीलैंड के खिलाफ दिखी थी। उधर आस्ट्रेलिया ने जवाबी हमले में पेनल्टी कार्नर हासिल किया और बील ने जैक वेटन के करारे शॉट को बड़ी चालाकी से गोल में पहुंचाया। आस्ट्रेलिया पहले क्वार्टर के बाद ।-0 से आगे था। भारत के पास वापसी का मौका था लेकिन रूपिंदरपाल सिंह पेनल्टी लेते समय लय में नहीं दिखे जबकि ललित उपाध्याय एक अवसर पर अकेले आस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति में सेंध नहीं लगा सके। इस दौरान भारतीय स्ट्राइकरों के बीच आपसी तालमेल का अभाव भी देखने को मिला। भारतीय टीम इसके बाद छितरी हुई सी नजर आई तथा मध्यपंक्ति और अग्रिम पंक्ति में तालमेल कतई नहीं दिखा। रक्षापंक्ति में सेंध लगाना आस्ट्रेलिया के लिए आसान रहा और उसने इसका फायदा उठाकर छह मिनट के अंदर तीन गोल कर दिए।

## भारत की अकेली जिम्नास्ट प्रणति फाइनल में जगह बनाने से चूकी

**टोक्यो।** ओलंपिक में भारत की अकेली जिम्नास्ट प्रणति नायक कलात्मक जिम्नास्टिक स्पर्धा के आल राउंड फाइनल्स में जगह बनाने में असफल रही। पश्चिम बंगाल की 26 वर्ष की नायक ने चार वर्गों (फ्लोर एक्सरसाइज, वॉल्ट, अनइवन बार और बैलेंस बीम) में कुल 42 . 565 अंक बनाए। वह दूसरे सब डिविजन के बाद 29वें स्थान पर रही। पांच सब डिविजन से शीर्ष 24 जिम्नास्ट आल राउंड फाइनल में जगह बनाते हैं जो 29 जुलाई को होगा। हर वर्ग के शीर्ष आठ जिम्नास्ट व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में खेलेंगे जो एक से तीन अगस्त तक होगी। नायक सभी में निचले हाफ में रही। उन्होंने फ्लोर में 10 . 633 स्कोर किया जबकि वॉल्ट में उनका स्कोर 13 . 466 रहा। अनइवन बार में 3 . 033 और बैलेंस बीम में स्कोर 9 . 433 रहा।

## सानिया और अंकिता की जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर

भाषा। टोक्यो

**भारत की** सानिया मिर्जा और अंकिता रैना की जोड़ी रविवार को तोक्यो ओलंपिक महिला युगल के पहले दौर में उक्रेन की नादिया और लियुडमाइला किचेनोक बहनों से हारकर बाहर हो गई। सानिया और अंकिता ने पहला सेट 6-0 से जीतकर शानदार शुरूआत की लेकिन अगले दो सेट में लय कायम नहीं रख सकी। भारतीय जोड़ी करीब डेढ घंटे तक चला यह मुकाबला 6-0, 7-6, 10-8 से हार गई। सानिया दूसरे सेट में 5-3 से बढत मिलने के बाद मैच जीतने के लिए निर्णायक सर्विस पर थी लेकिन उन्होंने दबाव में आकर अपनी सर्विस गंवा दी। इसके बाद से उक्रेन की जोड़ी ने भारतीयों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सुपर टाइब्रेकर में सानिया और रैना ।-8 से पीछे थे लेकिन



उन्होंने लगातार सात अंक लेकर 8-8 से बराबरी की। इसके बाद दो अंक गंवाकर ओलंपिक से रवानगी तय कर ली। इससे पहले मैच के दूसरे ही गेम में प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़का सानिया और अंकिता ने बढत बना ली थी। उन्होंने पहला सेट 21 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट के दूसरे गेम में अंकिता का बैकहैंड रिटर्न बेसलाइन के ऊपर से निकल गया जिसके बाद किचेनोक बहनों ने वापसी की।



# जीने के लिए रचें

कंटेंट लेखन और मार्केटिंग की नौकरी चलन में हैं। डॉ. राणा सिंह बता रहे हैं कि इस क्षेत्र में व्यक्ति कैसे अपना करियर बना सकता है

इस क्षेत्र में प्रत्येक कंटेंट सर्जक या क्रिएटर के पास शुरूआत करने के लिए एक महत्वपूर्ण करियर है, यह दुनिया भर में सबसे अधिक मांग वाली नौकरियों में से एक है। महामारी की स्थिति से कई नौकरियों का नुकसान हुआ है और उद्योग के लोगों को भारी वित्तीय संकट के साथ-साथ नौकरी के संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। कभी-कभी ऐसा होता है कि हम ऐसी चीजों को कमाने या अच्छी कमाई करने का जरिया कभी नहीं मानते क्योंकि हमने इसके बारे में नहीं सुना होता है। हमें हमेशा अपने माता-पिता, बुजुर्गों या समाज से केवल उन्हीं चीजों पर काम करने की सलाह मिलती है जो पीढ़ी दर पीढ़ी आ रही हैं लेकिन कभी-कभी हम अच्छे अवसरों से चूक जाते हैं।

जनसंचार और पत्रकारिता के स्नातकों को सामग्री लेखन रोजगारों के लिए प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि उन्हें अपने सेमेस्टर में प्रभावी सामग्री रचने के बारे में पढ़ाया जाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि व्याकरण और शब्दावली के बुनियादी ज्ञान वाले व्यक्ति को मौका नहीं मिलेगा। जैसा कि स्कूल द्वारा सभी को बुनियादी व्याकरण पढ़ाया जा रहा है और हम सभी बोर्ड तक अंग्रेजी व्याकरण की परीक्षा देते हैं, और उन अध्ययनों का उपयोग करके हम आधुनिक दुनिया में अच्छी नौकरी पा सकते हैं, जिसमें सामग्री लेखकों या रचनाकारों की भारी मांग है।

कंटेंट मार्केटिंग या कंटेंट राइटिंग में नौकरी चाहने वालों के लिए नए अवसरों व करियर संभावना की सूची इस प्रकार है:

**❑ ई-कॉमर्स कंपनी**

सामग्री लेखन ई-कॉमर्स कंपनियों में अपने वित्त व्यवसाय को उच्च बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि वेबसाइटों पर बढ़ते ट्रैफ़िक से अंततः व्यवसाय वृद्धि में बढ़ोत्तरी होती है। नए उत्पादों व ब्लॉग पेजों को अपडेट करने के लिए वेबसाइट की सामग्री की आवश्यकता होती है। यह गूगल पर सीईओ और वेबसाइट की ऑर्गेनिक रैंकिंग को बढ़ाता है जो आगंतुकों को खरीदारों में बदलने हेतु उच्च भागीदारी को प्रेरित करता है। ई-कॉमर्स कंपनी में प्रवेश करने से पहले व्यक्ति को बुनियादी सर्च इंजन आप्टिमाइजेशन (एसईओ) ज्ञान, की-वर्ड्स का पता होना चाहिए।

**❑ वीडियो कंटेंट विशेषज्ञ**

प्रोडक्शन हाउस में करियर बनाने की इच्छुक युवा पीढ़ी के लिए यह जॉब प्रोफाइल आकर्षक है।

रचनात्मकता, बाजार-ज्ञान और लक्षित दर्शकों के बुनियादी संयोजन की आवश्यकता है। वे जिम्मेदारी से अपनी रचनात्मकता व कंटेंट निर्माण कौशल का उपयोग कर रहे हैं जिसमें वे वीडियो के माध्यम से कहानियां बता सकते हैं, जिसमें मार्केटिंग वीडियो, सोशल मीडिया अभियान, ब्रांड या विज्ञापन आदि शामिल होते हैं।

इस रोजगार-भूमिका के लिए आवश्यक कौशल में तकनीकी कौशल व फाइनल कट प्रो एक्स, एडोब प्रीमियर और एडोब इफेक्ट्स जैसे साफ्टवेयर को समझना शामिल हो सकता है। लेखन कौशल यानी संचार कौशल के अलावा कुछ और क्षमताओं की आवश्यकता होती है। आजकल डिजिटल व सामाजिक समझ रखने वाली पीढ़ी है जहां हर कोई इंटरनेट पर अपना नाम उजागर करना चाहता है। यह तभी काम करेगा जब आपके पास बाजार की मांग के अनुसार सामग्री बनाने की प्रभावशाली क्षमता होगी; अच्छे कौशल का उपयोग करके अपने वीडियो प्रोडक शन के नाम को ब्रांड के रूप में निर्मित करने की यही एकमात्र कुंजी है।

**❑ ब्लॉग लेखक**

आईटी, एमएनसी, फिन-टेक, सॉफ्टवेयर-आधारित क्षेत्रों की कंपनियां अपने ब्लॉग को नियमित रूप से बनाए रखने के लिए अपनी कंपनी में ब्लॉग लेखकों को नियुक्त करती हैं। बहुत से लोग बाजार में नए सॉफ्टवेयर से अनजान हैं जिसके कारण कंपनियां अपने ब्लॉग को विभिन्न विषयों के साथ अपडेट करती हैं और सर्च बॉक्स में प्रसारित होने के लिए एसईओ का उपयोग करती हैं। यह बी2बी या बी2सी विक्रेताओं को उस कार्य या उत्पाद विवरण को समझने के लिए भी लाभान्वित करता है जो ब्लॉग लेखक आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रस्तुत करते हैं।

आजकल बहुत से लोग ब्लॉग बनाते हैं और अपने विचार व राय लिखते हैं और अगर वे बड़ी संख्या में लोगों व दर्शकों तक पहुँचते हैं तो इससे उन्हें आमदनी होती है। यह छोटे प्रयासों या कौशल के माध्यम से अच्छी आमदनी पैदा करता है जिसे आप डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दिखा सकते हैं।

**❑ स्वतंत्र लेखक**

जिस लेखक को किसी प्रदत्त विषय पर या उनके बीट में सामग्री तैयार करने का अच्छा अनुभव होता है, वह किसी भी कंपनी के विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकता है। बड़ी संख्या में फ्रीलांस लेखक पॉडकास्ट के माध्यम से या किताब लिखकर और अमेज़ोन किंडल पर इसे स्वयं प्रकाशित करके अपनी आय अर्जित करते हैं। यात्रा और पर्यटन जैसे कई अन्य क्षेत्र हैं जहां यात्रा सामग्री के आधार पर फ्रीलांस लेखकों को काम पर रखा जाता है, कभी-कभी कंपनियां पर्यटन स्थलों पर सामग्री को देखने और लिखने का भुगतान करती हैं।

आजकल, अस्पताल या स्वास्थ्य क्षेत्र वेबसाइट पर अपनी आवश्यक सामग्री, जैसे कि नई तकनीकों का उपयोग, स्वस्थ आहार, स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों व कई अन्य परियोजनाओं को अपडेट करने के लिए स्वतंत्र लेखक की तलाश कर रहे हैं।

होटल अब ज्यादा एडवांस हो गए हैं और किसी अन्य उद्योग के मुकाबले कम मांग में नहीं हैं। वे अपनी व्यंजनों की कहानियां बताने व बाजार में अपना नाम कमाने के लिए ब्लॉग लेखकों का उपयोग करते हैं। कभी-कभी सोशल मीडिया मंच को भी अपने सोशल मीडिया पेजों पर आगंतुकों के लिए काफी आकर्षक सामग्री की आवश्यकता होती है, जिसे स्वयं लेखकों द्वारा संभाला जाता है।

**❑ संपादकीय विभाग**

संपादकीय विभाग मीडिया और पीआर उद्योग में पाया जाता है, जहां सामग्री लेखक को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर काम पर रखा जाता है। नियोक्ता पत्रकारिता और जन-संचार के छात्रों को वरीयता देते हैं। मीडिया उद्योग में सामग्री लेखक की भूमिका व जिम्मेदारी को संपादक/ उप-संपादक के रूप में भी जाना जाता है, जहां उन्हें अंग्रेजी के फाइव डब्लू वन एच यानी कब, कहां, कौन, कैसे और क्यों नियम के अनुसार सामग्री को बनाए रखना होता है और अपने अधीनस्थों की देखभाल करनी होती है।

पीआर उद्योग में सामग्री लेखक प्रेस विज्ञप्तियों का मसौदा तैयार करने, ईमेल प्रारूपण, सामग्री-रचना, लेख लिखने, कहानियों आदि के लिए जिम्मेदार होते हैं। यदि व्यक्ति के पास ऐसी कहानियां रचने का कौशल है तो वे पीआर उद्योग की इस नौकरी की भूमिका के लिए उपयुक्त हैं।

**-लेखक संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति हैं।**

# भविष्य हाइब्रिड लर्निंग का है

डॉ. जितिन चड्ढा का कहना है कि कोविड-19 महामारी ने देश में अनेक चुनौतियों को जन्म दिया है। साथ ही इसने शिक्षण संस्थानों के लिए अनेक अवसर भी प्रस्तुत किए हैं



डॉ. जितिन चड्ढा
डायरेक्टर-फाउंडर, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस फाइनेंस, नई दिल्ली

**■ क्या आप देखते हैं कि छात्रों की नियमित आकर्षक गंतव्यों के लिए विदेशी उड़ान दुबारा जोर पकड़ रही है?**

भारतीय उच्च शिक्षा क्षेत्र में, प्रवास ज्यादातर बाहर की ओर होता है। भारत से अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधित होने के कारण, छात्रों की विदेशी उड़ान हेतु स्थिति बहुत अनुकूल नहीं है। दूसरी लहर के मनोवैज्ञानिक प्रभाव ने माता-पिता को अपने बच्चों को दूर भेजने के प्रति अनिच्छुक बना दिया है। यह घरेलू स्थानांतरण पर भी लागू होता है। इन कारकों के परिणामस्वरूप, हम यूएस, यूके, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे गंतव्यों हेतु भी छात्रों की किसी भी असाधारण उड़ान की उम्मीद नहीं करते हैं।

**■ महामारी ने आप जैसे, विदेशी उच्च शिक्षा की डिग्री प्रदान करने में सहायक, संस्थानों को कैसे प्रभावित किया है?**

वर्तमान महामारी ने अनेक चुनौतियाँ प्रस्तुत करते हुए निश्चित रूप से हमारी संस्था के लिए अनेक अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। प्रतिबंधित विदेश यात्रा से, अनेक छात्र भारत के अंदर विश्व-स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई), यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन और किंग्स्टन यूनिवर्सिटी जैसे दिग्गज संस्थानों के साथ हमारा सहयोग यह मौका प्रदान करता है। हमारे शिक्षक दुनिया की शीर्ष शिक्षण योग्यता प्राप्त हैं। यह हमें फ़्लिप्ड क्लासरूम, पीयर ट्यूटरिंग और विविध मूल्यांकन जैसी अभियानों के माध्यम से, ऐसे दौर में जल्दी से ढलने में सक्षम बनाता है।

**■ बिजनेस स्कूल शिक्षा का एक हिस्सा निगमों, बाजारों व भौगोलिक क्षेत्रों के संपर्क में है। क्या यह बदल गया है?**

आईएसबीएफ में, एक समर्पित करियर टीम छात्रों को विभिन्न बाजारों से परिचित कराने, उन्हें कौशल प्रदान करने और विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की सुविधा दिलाने के लिए काम करती है। सत्रावधि के दौरान, लाइव प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्री विजिट्स, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के साथ बूट कैंप, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा योग्यता निखार सत्र, और सबसे महत्वपूर्ण है अतिथि शिक्षकों के व्याख्यान सत्रों के जरिए छात्रों को उद्योग की जानकारी प्राप्त होती है।

**■ आज आप गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने में क्या बदलाव देखते हैं?**

मौजूदा महामारी भारतीय उच्च शिक्षा में गेहूं को भूसी से अलग कर देगी। उच्च शिक्षा का भविष्य हाइब्रिड शिक्षण है – सिंक्रोनस, शिक्षण प्रक्रिया के केंद्र में कक्षा शिक्षण, जिसमें प्रौद्योगिकी एक अनिवार्य भूमिका निभा रही है।

**■ आप कॉलेज प्रवेश के समय को समस्त विलंबों और स्थगनों के साथ कैसे देखते हैं?**

हम बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा रद्द करने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हैं। महामारी के कारण पूरा देश जिस मानसिक, भावनात्मक व शारीरिक बेचैनी का सामना कर रहा है, उसे देखते हुए सबसे बुद्धिमान विकल्प को चुना गया है। यह हासिल करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि हम अपनी प्रवेश प्रक्रिया में पहले से ही देख रहे हैं कि इस वर्ष 12वीं कक्षा के स्नातकों के शिक्षण- परिणाम, पिछले साल स्थगित होने और सत्र में कटौती के कारण, आम तौर पर पिछले वर्षों की तुलना में खराब हैं।

**■ क्या आपको और ज्यादा विदेशी विश्वविद्यालय भारत आते दिखाई दे रहे हैं?**

बिल्कुल। विदेशी संस्थान लंबे समय से हरित- चरागाहों की तलाश में हैं, और भारत, अपनी विविधता के मद्देनजर, उनके लिए एक आदर्श बाजार है। इसके अलावा, नई शिक्षा नीति ने अंततः उनके क्रमिक प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है। हम 15 वर्षों से भी अधिक समय से सबसे गहन अंतरराष्ट्रीय सहयोगों में से एक के लाभार्थी रहे हैं, जिसमें विदेशी विश्वविद्यालय के साथियों व हमारे द्वारा, स्थानीय कॉलेज द्वारा किए गए शिक्षण से, पाठ्यक्रम और मूल्यांकन, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आया है।



# कैसे करें क्लैट की तैयारी

क्या आप 12वीं कक्षा के बाद कानून की पढ़ाई करना चाहते हैं? अभिषेक चक्रवर्ती ऐसे तरीके बता रहे हैं जो उम्मीदवारों को इस सर्वाधिक कठिन परीक्षा को पास करने में मदद कर सकते हैं

हाल ही में, छात्रों में विधि-विषय की ओर मुड़ने का एक प्रमुख बदलाव आया है। जब इस क्षेत्र में करियर बनाने की बात आती है, तो अधिकांश छात्रों का लक्ष्य होता है कि वे देश के शीर्ष लॉ स्कूलों में प्रवेश लें। इन शीर्ष लॉ स्कूलों में प्रवेश के लिए मुख्य प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लेट) है, जो स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित की जाती है।

यह परीक्षा देश के प्रमुख राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश सुरक्षित करने की कुंजी है। अनेक निजी विश्वविद्यालय भी क्लेट स्कोर स्वीकार करते हैं। प्रतियोगिता बहुत उच्चस्तरीय है। इसलिए, न केवल परीक्षा को पास करना महत्वपूर्ण है, बल्कि उच्च रैंक हासिल करना भी महत्वपूर्ण है ताकि शीर्ष रैंकिंग वाले लॉ स्कूलों में प्रवेश लिया जा सके। सवाल यह है कि क्लैट की तैयारी कैसे करें? तो जान लीजिए कि क्या करना है।

**जल्दी शुरुआत करें**

अनेक छात्र करियर विकल्पों के बारे में स्पष्ट होते हैं और अपनी 12वीं की पढ़ाई शुरू करने से पहले ही प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरू कर देते हैं, ऐसे में दूसरों के लिए भी जल्दी शुरुआत करना महत्वपूर्ण हो जाता है। आमतौर पर, 10+2 के साथ दो साल की लंबी तैयारी को प्रवेश परीक्षा पास करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। लेकिन कुछ छात्र ऐसे भी हैं जिन्होंने छह महीने से लेकर एक साल तक की तैयारी के साथ उच्च रैंक हासिल की है। हालांकि, यह सलाह की जाती है कि जल्दी शुरुआत करें और धीरे-धीरे प्रवेश के विभिन्न विषयों की समझ विकसित करें, मूल से शुरू होकर जटिल प्रश्नों की समझ हासिल करें और फिर मॉक टेस्ट तथा नमूना प्रश्न पत्रों को हल करें।

**सिलेबस को समझें**

कई छात्र तैयारी प्रक्रिया के इस सबसे महत्वपूर्ण हिस्से को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसमें सिलेबस, इसके तहत विभिन्न वर्गों व विषयों और प्रश्न शैली का स्पष्ट विचार होता है। सिलेबस और परीक्षा पैटर्न की स्पष्ट समझदारी रणनीति तैयार करने में मदद करती है।

**रणनीति तैयार करें**

सिलेबस के आधार पर, प्रत्येक विषय के लिए समय आवंटित करते हुए सावधानीपूर्वक तैयारी रणनीति की योजना बनाई जानी चाहिए, और इस प्रक्रिया में सभी विषयों संबंधी मजबूतियों व कमजोरियों की पहचान भी करनी चाहिए। विषयों का अनुभाग-वार विश्लेषण सहायक होता है। इसके बाद प्रत्येक अनुभाग को विशिष्ट समय आवंटित करना तथा एक नियमित समय-सारिणी का निर्माण करना चाहिए। यूजी प्रवेश हेतु प्रत्येक अनुभाग को दिया गया वेटेज इस प्रकार है:

अंग्रेजी भाषा: 28-32 प्रश्न, या लगभग 20 फीसदी पेपर

सामान्य ज्ञान सहित सामयिक विषय : 5-39 प्रश्न, या लगभग 25 फीसदी पेपर

कानूनी तर्कबुद्धिएँ 35-39 प्रश्न, या लगभग 25 फीसदी पेपर

तार्किक बुद्धिमत्ता : 28-32 प्रश्न, या लगभग 20 फीसदी पेपर

मात्रात्मक तकनीक : 13-17 प्रश्न, या लगभग 10 फीसदी पेपर

पीजी परीक्षा के लिए, प्रवृत्ति यह रही है कि प्रश्नों का एक बड़ा हिस्सा संविधान, न्यायशास्त्र, कंपनी व आपराधिक कानून से आता है और बाकी प्रश्न प्रशासनिक कानून, संविदा कानून, अपकृत्य, परिवार कानून, संपत्ति कानून, लोक अंतर्राष्ट्रीय कानून, कर कानून, पर्यावरण कानून, और श्रम और औद्योगिक कानून से आते हैं।

**नियमित रिवीजन से समझ को उन्नत बनाते जाना**

किसी विशेष खंड की तैयारी के प्रत्येक दौर के बाद, उस पर नोट्स बनाना और समय-समय पर नोट्स को दोहरा करके खंड विशेष संबंधी अपनी जानकारी को नियमित रूप से संशोधित करना महत्वपूर्ण है। यह जानकारी को ध्यान में बनाए रखने में मदद करता है, और पहले से सीखे गए विषयों को भी सुधारता है।

मॉक टेस्ट का अभ्यास करें: यह परीक्षा के माहौल को समझने, प्रगति की जांच करने, मजबूत व कमजोर पक्षों की पहचान करने और प्रश्न पैटर्न के बारे में स्पष्ट विचार बनाने में मदद करता है। समयबद्ध ढंग से प्रश्न पत्रों को नियमित रूप से हल करने से परीक्षा हॉल की चिंता व भय को दूर करने और समय-प्रबंधन योग्यता में सुधार लाने में मदद मिलती है।

स्वस्थ और सकारात्मक रहना: किसी भी अन्य प्रवेश परीक्षा तैयारी की तरह, इस प्रक्रिया में भी उतार-चढ़ाव होंगे। हालांकि, चिंता व तनाव को दूर रखना तथा परीक्षा के बारे में सकारात्मक व आत्मविश्वासी बने रहने का प्रयास करना बहुत जरूरी है। और तनाव को स्वीकार करके तथा उसके निवारण की दिशा में संतुलित दैनिक दिनचर्या (योग, ध्यान व व्यायाम तथा स्वस्थ सामाजिक जीवन जैसी मानसिक व शारीरिक संबंधी गतिविधियों के साथ) अपना करके इस बेहतर स्थिति को हासिल किया जा सकता है।

**– लेखक साई विश्वविद्यालय में कानून के सहायक प्रोफेसर हैं।**

# बस एक क्लिक दूर है शिक्षा




रितेश रावल का कहना है कि छोटी उम्र से ही प्रौद्योगिकी के साथ काम करने से बच्चे इस व्यावहारिक प्रशिक्षण से परिचित कराये जाते हैं कि भविष्य में पेशेवर कर्तव्यों हेतु आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल कैसे किया जाता है।

**पिछले एक** दशक से प्रौद्योगिकी ने विश्व-स्तर पर शिक्षा प्रणाली में गहरी पैठ बना रखी है। फिर महामारी ने दस्तक दी। और यह प्रौद्योगिकी स्कूली शिक्षा व यहां तक कि किंडरगार्टन के लिए ज्ञान प्रसार व खरीद का एकमात्र स्रोत बन गई। शिक्षा में प्रौद्योगिकी को शामिल करने के प्रति संदेह करने वालों ने विनम्र टुकड़ें का सेवन किया क्योंकि समूची वास्तविक दुनिया के शिक्षण -वातावरण को आभासी स्थान में बदल दिया गया था। प्रौद्योगिकी निश्चित रूप से शिक्षण को अधिक अनुभवात्मक बनाती है। दूरी कोई मायने नहीं रखती थी, यात्रा के समय को समीकरण से बाहर कर दिया गया था और बच्चों को बाहर एक उग्र महामारी के बीच अपने सुरक्षा स्थानों से बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होगी। यह कहें कि सारा ज्ञान घर आ गया। वर्दी पर पानी की बर्बादी नहीं हुई, नोटबुक में कागज बर्बाद नहीं हुआ, पेंसिल से लकड़ी बर्बाद नहीं हुई।

हालाँकि, स्कूली पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी के एकीकरण का मामला उपरोक्त कारणों से और आगे जाता है। सबसे पहले, इसे पारंपरिक पेपर पेंसिल विधियों के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसे पूरक, एक बलवर्द्धक के रूप में माना जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, कुछ विषयों को अक्सर उबाऊ और नीरस माना जाता है। ये अकसर संख्या व प्राचीन इतिहास से जुड़े होते हैं। उन सभी को एक एकीकृत तरीके से पढ़ाया जा सकता है, जैसे कि पारंपरिक किताबों के साथ ग्राफिक्स, इंटरेक्टिव और कृत्रिम वास्तविकता की खेती करके, जो उन्हें सीखने में खुशी देता है।

दूसरा, तकनीक होमवर्क बनाने, करने और मूल्यांकन करने को सरल बनाती है। साथ ही, असाइनमेंट को प्राकृतिक कालक्रम में दर्ज किया जाता है, जिसे बाद की तारीख में आसानी से पहुँचा जा सकता है। डिजिटल रिकॉर्ड व्यक्तिगत कमजोरियों को दूर करने में मदद कर सकता है।कम उम्र में तकनीक के साथ काम करने से बच्चों को इस बात से परिचित कराता है कि जीवन में बाद में पेशेवर कर्तव्यों के लिए आधुनिक तरीकों का कैसे उपयोग किया जाता है। ये युवाओं को उद्योग के लिए तैयार करते हैं और शिक्षण को भविष्य का प्रमाण बनाते हैं। फिर, खेल आधारित शिक्षा, जो अब एक वास्तविकता है, कक्षा में अध्यायों को मज़ेदार बना सकती है, जिसे विद्यार्थी वास्तव में अधिक से अधिक लेने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि आनंद की मात्रा अधिक है।

क्रिएटिव लर्निंग, जो आफ़लाइन प्रयास करने पर एक कार्य बन सकता है, डिजिटल रूप से एक तल्लीनकारी अनुभव हो सकता है। इनमें कथावाचन, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, वैश्विक सामग्री साझा करने के लिए वीडियो स्ट्रीमिंग का उपयोग करना, डिजिटल संग्रहालयों का दौरा करना, डिजिटल स्केचिंग का प्रदर्शन आदि शामिल हैं। फिर कुछ ऐसे विषय हैं जो वास्तव में ऑनलाइन पढ़ाए जाने से बेहतर हैं। भूगोल विषय के रूप में इस प्रवृत्ति का कुछ भी मिसाल के तौर पर नहीं है। डिजिटल मैप्स, जीपीएस, ऑनलाइन रूटिंग और सैटेलाइट इमेजरी जैसे बदलाव से, डिजिटल माध्यमों से भूगोल सीखना सबसे अच्छा दांव है। इसके बाद, तकनीक का उपयोग करके, छात्र महत्वपूर्ण व्यवहारिक कौशल हासिल करते हैं जो बाद में लागू होते हैं। ये नेट पर शोध कर रहे हैं, कीबोर्डिंग को समझ रहे हैं, क्लिक कर रहे हैं, सर्फिंग कर रहे हैं, नेविगेट कर रहे हैं आदि। छात्रों को अपनी खुद की रिकॉर्डिंग के माध्यम से सामग्री निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो बाद में उनके पॉडकास्ट, व्लॉगिंग करियर की नींव रखता है। इसलिए केवल उपभोक्ता होने के बजाय, उन्हें नेता बनने का आकार दिया गया है।

फिर, अकादमिक शिक्षण के लिए सोशल मीडिया को शामिल करने से बच्चे प्रत्यक्षतया व्यसनी माध्यमों के स्वस्थ उपयोग से परिचित होते हैं। एक अन्य क्षेत्र जहां प्रौद्योगिकी शिक्षा में मदद कर सकती है, वह है उन लोगों तक पहुंचना जो किन्हीं कारणों से स्कूलों में नहीं आ सकते हैं। इसके बावजूद, ऑन-बोर्डिंग तकनीक व शिक्षा में इसके दायरे का विस्तार करने के लिए छात्रों को बेहतर स्मार्टफोन और लैपटॉप की आवश्यकता होगी, जबकि हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी का उल्लेख तो लाजिमी है। साथ ही, डिजिटल शिक्षण व्यावहारिक प्रशिक्षण व शारीरिक गतिविधियों की आवश्यकता वाले विभिन्न विषयों में परिणामों को पूर्ति नहीं कर सकता है। इनमें शारीरिक शिक्षा, खेलकूद, प्रयोगशाला प्रयोग, जैविक पदार्थ को संभालना शामिल है। इसके अलावा, जब कोई छात्र कागज पर कलम रखता है, तो वे वास्तव में अपने हाथ की आंख और हाथ के मस्तिष्क के समन्वय का सम्मान कर रहे होते हैं, व अपने तर्कसंगत दिमाग और बौद्धिक केंद्र को धारदार करते हैं। इसलिए, कम्प्यूटरीकरण इसके लिए एक व्यवहार्य विकल्प की पेशकश नहीं कर सकता है। संक्षेप में, प्रौद्योगिकी शिक्षा को बदल रही है, बच्चे कैसे, कब और कहाँ सीखते हैं इसमें जबरदस्त ढंग से बदलाव ला रही है और बच्चों आज की टेक-टोनिक बदलाव हेतु तैयार करने व अधिक रचनात्मक होने के लिए सशक्त बना रही है जिसकी आज के रोजगार मांग करते हैं।

**– लेखक ड्यूड्स एंड डॉल्स वर्ल्ड, अध्याय स्कूल और रितेश रावल फाउंडेशन के संस्थापक हैं।**